14. पाण्डेय, प्रो० रामशकल प्राचीन भारत के शिक्षा मनीषी, शारदा पुस्तक भवन, इलाहाबाद, 2008 पृष्ठ 234
15. वही पृष्ठ 34
16. जैन, प्रदीप कुमार, विद्यामेद्य, विद्या प्रकाशन मन्दिर लि०, प्रेस यूनिट, टी० पी० नगर, मेरठ 2009पृष्ठ 137
17. वहीपृष्ठ 209
18. झा, राकेश कुमार योजना, प्रकाशन विभाग, सूचना और प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली, जनवरी 2010, जनवरी 2013पृष्ठ 132
19. वही पृष्ठ 65
20. स्वामी विवेकानंद का शिकागो में धर्म सम्मलेन भाषण ११ सितम्बर १८६३
21. वही पृष्ठ36
22. शर्मा डॉ० योगेंद्र, भारतीय राजनीतिक चिंतन, डा० सी० एल० बघेल, अलका प्रकाशन, कानपुर 2005 पृष्ठ
23. कलेक्टेड वर्क्स ऑफ महात्मा गांधी, खंड 22, पृष्ठ 291
24. कलेक्टेड वर्क्स ऑफ महात्मा गांधी, खंड 30, पृष्ठ 401

*'Journal of Research & Development'*
*A Multidisciplinary International Level Referred and Peer Reviewed Journal,*
*Impact Factor-7.265, ISSN: 2230-9578, April-2024, Volume-16 Issue-6*

# बंगाल लूट के खिलाफ संन्यासी-फकीर विद्रोह (१७६३ ई.-१८०० ई. तक)

**Ajitabh Chandan**
JRF/SRF, University Dept. of History, Ranchi University
**Corresponding Author- Ajitabh Chandan**
**Email:** ajitabhchandan01@gmail.com

**DOI- 10.5281/zenodo.12264924**

भारत प्राचीन युग से ही एक धर्मभीरू देश रहा है, और यहां सदा से ही धर्म की महत्ता महत्वपूर्ण रही है। धर्म के प्रति यहां के लोगों का आकर्षण स्वाभाविक है। भारत के संपूर्ण इतिहास में धर्म का प्रभाव स्पष्ट देखा जा सकता है, ऐसे में भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन में भी धर्म की महत्ता नकारी नहीं जा सकती। ब्रिटिश राज के खिलाफ हुए प्रारंभिक प्रतिरोधों में स्पष्ट रूप से इसके प्रभाव को महसूस किया जा सकता है। शेखर बंद्धोपाध्याय अपनी पुस्तक "पलासी से विभाजन तक" में लिखते हैं कि ब्रिटिश काल के अनेक किसान आंदोलन में धर्म ने एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और निरूपण का ऐसा ढर्रा सामने रखा, जिसके सहारे किसानों ने ब्रिटिश राज को समझा और प्रतिरोध की धारणा विकसित की।[१] दूसरे शब्दों में कहे तो धर्म ने ही उनके प्रतिरोध की विचारधारा का निरूपण किया। इस कड़ी में सबसे पहला विद्रोह, संन्यासी-फकीर विद्रोह था,[२] जिसने सन १७६३ ई. से १८०० ई. के बीच उत्तरी बंगाल तथा बिहार से लगे कुछ इलाकों में ब्रिटिश राज की जड़े हिला कर रख दी।

संन्यासी-फकीर विद्रोह भारतीय स्वतंत्रता संग्राम का एक प्रेरक अध्याय है जिसमें हिंदू संन्यासियों व मुस्लिम फकीरों ने साथ मिलकर हथियार उठाए और अंग्रेजों के खिलाफ लड़ाई लड़ी। इस विद्रोह में भारतीय संन्यासियों ने प्रत्यक्ष रूप से भाग लिया और ब्रिटिश औपनिवेशिक शोषण के विरुद्ध सशस्त्र संघर्ष किया।[३] वस्तुतः १७५७ ई. की प्लासी युद्ध के बाद बंगाल में एक नए युग का सूत्रपात हुआ था।[४] नवाब सिराजुद्दौला की पराजय के बाद अंग्रेज भारत में सिर्फ व्यापारी नहीं रह गए थे बल्कि एक बड़ी सैन्य शक्ति बनकर उभरे थे। युद्ध के बाद ईस्ट इंडिया कंपनी ने व्यापार के साथ-साथ बंगाल की राजनीति में भी हस्तक्षेप करना प्रारंभ कर दिया था।

भारत के साथ ईस्ट इंडिया कंपनी के व्यापार का मूल लक्ष्य पहले से ही स्पष्ट था, वह भारत के माल और उत्पादन पर एकाधिकार कायम करके मुनाफा कमाना चाहता था। कंपनी का मूल लक्ष्य ब्रिटिश माल के लिए बाजार तलाश करना नहीं था बल्कि उसका उद्देश्य भारत और पूर्वी द्वीप समूह के समान खास तौर पर मसाले और वस्त्र की सप्लाई पर कब्जा करना था[५] क्योंकि इंग्लैंड और यूरोप में इन भारतीय उत्पादों की बड़ी मांग थी और हर बार यह देखा गया था कि पूरब के देशों की सफल यात्रा के बाद काफी लाभ कमाया जा सकता है, परंतु प्रारंभ में समस्या यह थी कि इन उत्पादों के बदले भारत को कुछ दिया जाए, और इंग्लैंड के पास ऐसा कोई उत्पाद नहीं था, जिससे वह सामानों की अदला बदली कर सकते। उनके कई उद्योग विकसित अवस्था में थे, परंतु उनके उत्पाद भारतीयों के लिए किसी मूल्य के नहीं थे उदाहरण स्वरूप ब्रिटेन में ऊन उद्योग काफी विकसित अवस्था में था परंतु यहां की जलवायु के अनुरूप भारत में उनकी मांग नहीं के बराबर थी। परिणाम स्वरुप भारतीय उत्पादों को खरीदने के लिए अंग्रेजों को अपने बहुमूल्य धातुओं के खजाने का एक बड़ा हिस्सा खर्च करना पड़ रहा था।

दरबारों के लिए विलासिता का कुछ सामान छोड़कर चांदी ही एक ऐसी वस्तु थी जिसका निर्यात भारत में हो सकता था। एक अनुमान के अनुसार ईस्ट इंडिया कंपनी ने अपने प्रारंभिक दिनों में लगभग ३०,००० पाउंड प्रतिवर्ष के सोना-चांदी भारतीय उत्पादों के लिए खर्च किए। लेकिन व्यापारिक पूंजीवाद की समूची प्रणाली के लिए यह बहुत दुखद और असंगत बात थी क्योंकि उन दिनों बहुमूल्य धातुओं को ही देश की वास्तविक संपत्ति समझा जाता था। व्यापार का मूल उद्देश्य यह माना जाता था कि देश के बाहर से बहुमूल्य धातुएं आए अर्थात वास्तविक संपत्ति में वृद्धि हो। ईस्ट इंडिया कंपनी प्रारंभ से ही इस समस्या को समझ रही थी परंतु अन्य कंपनियों की उपस्थिति ने उनके लिए स्थिति को प्रतिकूल बनाए रखा। फ्रांस और पुर्तगाल ने भारतीय उत्पादों के लिए प्रतिस्पर्धा बनाए रखा। परंतु पलासी के युद्ध के बाद परिस्थितियों बदल गई और कंपनी ने अपनी प्रादेशिक सत्ता स्थापित करने हेतु प्रयास करना प्रारंभ किया, जिससे कि वे आसानी से भारतीय व्यापार पर एकाधिकार स्थापित कर सके।

प्लासी का युद्ध सैन्य दृष्टिकोण से भले ही एक झड़प से अधिक नहीं था परंतु इसके राजनीतिक प्रभाव बहुत गहरे सिद्ध हुए। बंगाल के तत्कालीन नवाब सिराजुद्दौला को हराने के बाद अंग्रेजों ने बंगाल की गद्दी पर मीर जाफ़र को बैठाया। नया नवाब मीर जाफर अंग्रेजों के हाथों की कठपुतली बन गया। इस तरह पलासी की लड़ाई के बाद बंगाल की सत्ता परोछ रुप से अंग्रेजों के हाथों में आ गई और लूट और शोषण के एक युग का सूत्रपात हुआ।

प्लासी युद्ध के ठीक बाद अंग्रेजों ने जिस तरह का लूट मचाया इतिहास में उसे" पलासी लूट" की संज्ञा दी गई है।[६] कहा जाता है कि युद्ध के तुरंत बाद अंग्रेजी सेना को अपने सदस्यों में बांटने के लिए लगभग २,७५,००० पाउंड की बड़ी रकम मिली। इसके अलावे १७५७ ई. से १७६० के बीच कंपनी ने नए नबाव मीर जाफर से लगभग २ करोड़ २५ लख रुपए वसूल किये। जिससे व्यापारिक ढांचे में भी एक बड़ा परिवर्तन आया। प्लासी के युद्ध से पहले जहां बंगाल में अंग्रेजों को व्यापार के लिए धन इंग्लैंड से आयातित कीमती धातुओं से मिलता था, वहीं अब ये स्वयं राजनीतिक सुरक्षा के बदले धन बंगाल से वसूलने लगे। बंगाल की लूट ने इन्हें इतना सशक्त बना दिया कि अब इंग्लैंड से इन धातुओं का आयात पूरी तरह से रुक गया, यहां तक की अब कंपनी बंगाल से कीमती धातुओं को चीन तथा भारत के दूसरे भागों में जहां कंपनी का शासन था भेजने लगी।

राजनीतिक क्षेत्र में उनके बढे प्रभाव ने बंगाल के अन्य प्रतिस्पर्धियों के साथ उनकी प्रतिस्पर्धा भी समाप्त कर दी, राजनीतिक शक्ति का उपयोग करके उन्होंने अपने यूरोपीय प्रतियोगियों पर श्रेष्ठता प्राप्त की। जिसका दुष्प्रभाव भारतीय किसानों और दस्तकारों पर भी पड़ा। पलासी की जीत ने अंग्रेजो के लिए लूट का एक ऐसा रास्ता खोल दिया था जिसमें वे बल प्रयोग द्वारा अपने व्यापारिक हित साधने लगे। उन्होंने निजी व्यापारों के लिए भी दस्तकों का खुल्लम-खुल्ला दुरुपयोग किया जिसके कारण भारतीय दस्तकारों और व्यापारियों के साथ-साथ सरकार को भी भारी हानि उठानी पड़ी। कंपनी की व्यापारिक मनमानियां और वितिय मांगों को पूरा करना अब मिर जाफर के बूते की बात नहीं थी, विशेषाधिकारों के दुरुपयोग पर प्रश्न पर

जब कंपनी और जाफर के बीच मतभेद उत्पन्न हुआ तो उन्होंने मीर जाफर की जगह उसके दामाद मीर कासिम को नवाब बना दिया। मीर कासिम के लिए भी अंग्रेजों की इस भूख को पूरा करना संभव नहीं था परिणाम स्वरुप उसे भी १७६३ में बंगाल की गद्दी से हटा दिया गया।

बंगाल से बेदखल मीर कासिम ने मुगल बादशाह शाह आलम द्वितीय की शरण ली, उसने अवध के नवाब शुजाउद्दौला और शाह आलम के साथ एक गठबंधन बनाकर अंग्रेजों के खिलाफ कार्यवाही का प्रस्ताव रखा। परंतु दुर्भाग्य से उनकी संयुक्त सेना भी सन १७६४ ई. में बक्सर के लड़ाई में रौंद दी गई।[७] क्योंकि १८वीं सदी की विखंडित भारतीय सेना के लिए यह संभव नहीं था कि वह एकजुट कमान वाली तकनीकी दक्षता से संपन्न अंग्रेजी सेना का मुकाबला कर सके। पराजित शासको के साथ अंग्रेजों ने १७६५ ई. में इलाहाबाद की संधि की और बंगाल बिहार और उड़ीसा का दीवानी अधिकार प्राप्त कर लिया।

अब भारत के सबसे समृद्ध सुबे बंगाल के लाभदायक संसाधनों पर अंग्रेजों का पूरा-पूरा नियंत्रण हो गया।

नवाब की शक्ति समाप्त कर दी गई और वह केवल नाम मात्र का नवाब रह गया। मुगल बादशाह को २६ लख रुपए सालाना देने का वादा करके इस बात के लिए तैयार कर लिया गया कि वह बंगाल बिहार और उड़ीसा की दीवानी ईस्ट इंडिया कंपनी को सौंप दे।

इस संधि के बाद अंग्रेज बंगाल के वास्तविक दीवान बन बैठे। उन्होंने निर्ममता से सरकारी मालगुजारी के पैसे वसूले। उनके लिए अब व्यापार के मुनाफे के अलावा सीधी लुट का ऐसा रास्ता खुल गया जिसका कोई ओर-छोर नहीं था। उन्होंने व्यापक पैमाने पर पूरी बेशर्मी के साथ लूटपाट का जो सिलसिला प्रारंभ किया, उसने कुछ ही वर्षों में बंगाल को पूरी तरह से कंगाल बना दिया।

कंपनी और नवाब का यह द्वैत प्रशासन १७६५ ई. से १७७२ ई. तक चलता रहा। इस बीच बंगाल वासियों का जैसा भीषण शोषण हुआ वैसा संभवत अन्यत्र कभी नहीं हुआ। गौरडन सैण्डरसन कहते हैं कि" अंग्रेजो के आगमन के समय तक बंगाल निश्चित ही संसार का सबसे समृद्ध क्षेत्र था। इस धन संपदा से भरे आबाद क्षेत्र में कभी भी कोई अकल नहीं पड़ा था। सदियों से बंगाल अपनी निरंतर चली आ रही अतुल समृद्धि के लिए प्रसिद्ध था। किंतु ब्रिटिश साम्राज्यवाद ने केवल १३ वर्षों में ही सारे बंगाल प्रांत में तबाही, गरीबी, भुखमरी अकाल और मौत फैला दी।"[८] कहा जाता है कि सन १७६६ ई.-१७७० ई. के भीषण अकाल, जिसमें बंगाल की कुल जनसंख्या की एक तिहाई संख्या समाप्त हो गई थी, में भी कंपनी ने निर्ममता पूर्वक मालगुजारी वसुलना जारी रखा था। एक आंकड़े के अनुसार १७६४ ई.- १७६५ ई. में बंगाल के अंतिम भारतीय शासक के शासनकाल के अंतिम वर्ष में ८,१७,००० पाउंड की मालगुजारी वसूल की गई थी। जो ब्रिटिश शासन के प्रारंभ होने के प्रथम वर्ष में ही अर्थात १७६५ ई. -१७६६ ई. में बढ़ाकर १४,७०००० पोंड वसूल की गई थी। सन १७७१ ई.-१७७२ ई. में यह राशि बढ़कर २३,४१,००० पाउंड और १७७५ ई.-१७७६ ई. तक २८,१८००० पोंड हो गई थी और १७९३ ई. में जब कार्नवालिस ने ईस्तमरारी बंदोबस्त लागू किया तो उसने यह राशि ३४ लाख पह्न्ड निर्धारित कर दी।[९] इस आंकड़े से स्वतः नहीं अंग्रेजों की भूख और लूट को समझा जा सकता है। मालगुजारी इस कठोरता के साथ बढाई और वसूली जाति थी कि किसानों के पास बीज तक नहीं बचते थे।

अंग्रेजों की इसी दमन, शोषण और अन्याय ने बंगाल में विद्रोहों की एक श्रृंखला के लिए पृष्ठभूमि तैयार की जिसमें सन्यासी-फकीर विद्रोह भी सम्मिलित था।

वस्तुतः पूर्व मध्यकाल से ही भारत में धार्मिक प्रवृत्ति के व्यक्तियों के लिए कर मुक्त भूमि अनुदान में देने परंपरा थी। बहुत से मंदिरों मठों और संप्रदायों को प्राचीन युग से ही अनुदान में कर मुक्त भूमि मिला हुआ था। कहा जाता है कि इन नागा संन्यासियों को भी बंगाल के मालदा, दिनाजपुर तथा मेमन सिंह जिलों में कर मुक्त भूमि प्राप्त थी।

इनको भूमि देने से स्थानीय शासको को वस्तुतः दोहरा लाभ होता था। पहला तो इन्हें धार्मिक दान के बदले सामाजिक प्रतिष्ठा प्राप्त होती थी दूसरा कि युद्ध के समय प्रतिद्वंदी शासको से निपटने के लिए इन संन्यासियों का साथ मिलता था। भारत में उसे समय बहुत से सन्यासी समूह हथियारबंद दस्तों के रूप में स्थापित थे। १७६३ ई.-१७६४ ई. में इन नागा संन्यासियों ने पोखरिया परगना के प्राधिकारी राजशाही जिला के राजा के विरुद्ध शेरपुर के जमींदारों की सहायता की थी तथा बदले में चंदन गिरी के २१ कुरेश भूमि अनुदान में प्राप्त की थी। जबकि पहले से भी इनके पास कई क्षेत्रों में कर मुक्त भूमि उपलब्ध थी। इस प्रकार दशनामी संप्रदाय के ये नागा संन्यासी एक तरह के भूस्वामी थे, जिनके पास कई क्षेत्रों में कर मुक्त भूमि उपलब्ध थी।

यह संन्यासी शुद पर भी पैसा चलाते थे साथ ही कच्चे रेशम खुदरा मालों, खुरदरे कपड़ों, तांबे और मसाले का व्यापार भी करते थे।[१०] इन संन्यासियों का जमींदारों तथा रैयतों के साथ लेनदेन अथवा महाजनी के पर्याप्त प्रमाण मिलते हैं। उत्तरी बंगाल के कई जिलों में १२ प्रतिशत तक वार्षिक ब्याज की दर से ये जमीनदारों को कर उपलब्ध कराते थे। १७८९ ई. की एक रिपोर्ट से पता चलता है कि ये नागा संन्यासी शस्त्रों से सुसज्जित होकर अखाड़े में रहते थे तथा कर्ज न चुकाने वाले जमींदारों से बलपूर्वक कर्ज वसूल करते थे। कर्ज न चुका पाने की स्थिति में वे जमींदारों से कुछ भूमि मठ के नाम करवा लेते थे।

जमींदार और आम रैयत दोनों ही आपदा के समय इन मठों से ऋण प्राप्त करते थे। और इस तरह से इनका सामाजिक लेनदेन चलता रहता था।

कृषि और महाजनी के साथ-साथ ये संन्यासी नियमित रूप से धार्मिक यात्राएं भी करते थे, जिस दौरान यह कभी-कभी तीर्थ यात्राओं के लिए कर भी वसूलते थे जिसका अधिकार इन्हें स्थानीय शासको से मिलता था अर्थात तीर्थ यात्रा के दौरान कर वसूलने के लिए इन्हें स्थानीय शासको द्वारा सनद प्रदान की जाती थी।[११] सन्यासियों के इस कार्य को भारतीय शासक वर्ग एवं सामान्य जनता सहिष्णुता पूर्वक स्वीकार करती थी। क्योंकि सामान्य रूप से शासक वर्ग एवं आम जनता के बीच धार्मिक गतिविधियों के कारण इन संन्यासियों का बड़ा आदर था, वह उन्हें स्वेच्छा और आदर सहित कर दिया करते थे।

परंतु ब्रिटिश राज के दौरान उनकी इस प्रकार की गतिविधियों पर रोक लगाने का प्रयास किया गया, उन पर तीर्थ यात्रा कर लगा दिया गया और स्वेच्छाचारिता से यत्र तत्र जाने पर भी प्रतिबंध लगा दिया गया। अब कर मुक्त भूमि का उपभोग भी उनके लिए संभव न था। साथ ही जो सन्यासी समूह व्यापार आदि में सम्मिलित था उन पर भी कंपनी द्वारा कई प्रकार के प्रतिबंध लगा दिए गए। अब पहले सी स्वतंत्रता और सम्मान उनके लिए संभव नहीं थी। कंपनी सरकार इन हथियारबंद सन्यासियों के ऐसे घुमक्कड़ गिरोहों को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त

करने को तैयार नहीं थी जो बंगाल में प्रतिरोध के बिना नियमित रूप से मालगुजारी देने वाले एक बसे बसाए किसान समाज के पसंदीदा आदर्श को चुनौती देते थे।[१२]

संन्यासी होने के बावजूद भी यह समाज से पूरी तरह से कटे नहीं थे और ब्रिटिश राज के शोषण का प्रभाव समान रूप से इनके हितों पर भी पड़ा। इनकी संवेदना अपने राष्ट्र और भारतीय जनमानस के साथ बनी रही। दासता के काल में ये सन्यासी फकीर धीरे-धीरे बंगाल की असंतुष्ट और पीड़ित जनता के साथ घुल मिल गए और ब्रिटिश राज के खिलाफ एक सशक्त और सशस्त्र विद्रोह करने का निर्णय लिया। कहां जाता है कि १७६० ई. में ही इन्होंने अंग्रेजों के खिलाफ वर्धमान के राजा और वीर भूमि के नवाब को सशस्त्र सहायता दी थी।[१३]

इस प्रकार ये संन्यासी उसी समय से अंग्रेजों के निशाने पर आ गए थे। पुनः १७६३ में जब इन्हें बड़ी संख्या में बेकर गंज के इलाके में देखा गया तो इनमें से अनेकों को बिना कारण ही बंदी बना लिया गया। २० अप्रैल १७६७ ई. को पटना स्थित अंग्रेज फैक्ट्री के अधिकारी थहमस रामबोल्ड ने अपने पत्र में पर्वत समिति के अध्यक्ष को यह बताया कि ५००० के करीब सन्यासी सारण जिले में प्रवेश कर चुके थे इन्हें दबाने के लिए सी बुलाई गई थी और सेना के साथ मुठभेड़ में अनेक संन्यासियों की मृत्यु हो गई।[१४]

अंग्रेजों के साथ इस प्रकार के टकराव में ये संन्यासी अकेले नहीं थे बल्कि ब्रिटिश लुट से उत्पन्न अराजकता के शिकार हुए स्थानीय शासको के बेरोजगार और भूख से पीड़ित पदच्यूत सैनिक, दस्तकार और बहुसंख्यक जनसंख्या का प्रतिनिधित्व करने वाले किसान भी इनके साथ थे। इन्होंने सामूहिक रूप से कई जगहों पर अंग्रेजों के साथ हुए मुठभेड़ में इनका साथ दिया था। अंग्रेजों की नजर में भले ही ये सन्यासी अराजकता उत्पन्न करने वाले डाकू थे परंतु भारतीयों के नजर में वे गृह त्यागी ईश्वर भक्त थे। जो अंग्रेजों द्वारा उत्पन्न अराजक स्थिति के निदान हेतु संघर्ष कर रहे थे। इसकी पुष्टि स्वयं अंग्रेज अधिकारियों द्वारा की गई गुप्त पत्राचारों से भी होती है। वस्तुतः १७६९ ई. की अकाल के बाद जब स्थिति बहुत बिगड़ गई और बावजूद इसके अंग्रेजों द्वारा कोई सहायता नहीं की गई तब इस विद्रोह का द्वितीय चरण प्रारंभ हुआ, जिसमें स्पष्ट रूप से कृषक और पदच्युत सैनिक भी शामिल हो गए।

द्वितीय चरण के इस विद्रोह में अंग्रेजों को इन संन्यासी फकीरों का व्यापक विद्रोह झेलना पड़ा। बंगाल की असंख्य जनता जो अकाल के कारण भुखमरी का शिकार हो रही थी, इन विद्रोहियों से जा मिली, जो बड़ी-बड़ी गोदामों पर धावा बोलकर भूख से अपनी रक्षा कर रहे थे।

संन्यासी फकीरों ने भूख से त्रस्त बंगाल की असहाय जनता को विरोध का रास्ता दिखाया और जीवन रक्षा हेतु संघर्ष की प्रेरणा दी। इसी संदर्भ में अंग्रेजी इतिहासकार लेस्टर हचिन्मन लिखते हैं कि" संन्यासियों ने, जो धार्मिक भिक्षु थे, किसानों के आर्थिक विद्रोह को धार्मिक प्रेरणा दी। उन्होंने असहाय जनता को शिक्षा दी कि देश को मुक्त करना सबसे बड़ा धर्म है, पराधीनता से मुक्ति के लिए सर्वस्व त्याग और मातृभूमि के लिए अचल भक्ति ही धर्म है।"[१५]

अयोध्या सिंह कहते हैं कि बंगाल के तत्कालीन गवर्नर वारेन हेस्टिंग्स ने इसे संन्यासी विद्रोह कहकर भारत के यायावरों का लुट, उपद्रव और डकैती बताया था परंतु तथ्यों के अनुशीलन से स्पष्ट होता है कि यह ब्रिटिश पूंजीवादीयों और हिंदुस्तानी बिचौलियों के खिलाफ आम जनता का सामूहिक विद्रोह था,[१६] जिसका नेतृत्व सन्यासी फकीरों ने किया था।

१७७२ ई. में हुई रंगपुर की घटना से इस तथ्य की पुष्टि स्वतः ही हो जाती है। वस्तुत १७७१ ई. में विद्रोहीयों ने जब मदारी संप्रदाय के फकीर मजनू शाह के नेतृत्व में दीनाजपुर के कमांडर जेम्स रिनल को हराकर रंगपुर में प्रवेश किया था। तब रंगपुर के सुपरवाइजर ने इस इलाके में विद्रोहियों के प्रवेश को रोकने के लिए कैप्टन थहमस की अगवाई में बड़ी सेना को बुलायी थी।

३० दिसंबर १७७२ ई. की सुबह रंगपुर शहर के निकट श्यामगंज के मैदान में उसने विद्रोहियों पर आक्रमण किया, विद्रोहियों ने प्रारंभ में हारने का बहाना कर जंगलों की ओर भागना प्रारंभ किया, परंतु एक बार जब ब्रिटिश सेना के जवान जंगलों में फंस गए, तब उन्होंने पलट कर इन पर आक्रमण कर दिया। इस क्षेत्र के लगभग सभी गांवों के किसानों ने विद्रोहियों के साथ मिलकर तीर-धनुष, लाठी, डंडे, भाला आदि लेकर अंग्रेजों पर हमला कर दिया। अंग्रेजी कप्तान थहमस ने जब अपनी टुकड़ी को जवाबी कार्रवाई करने का आदेश दिया, तब टुकड़ी के देसी सिपाहियों ने अपने देश के सिपाहियों पर गोली चलाने से इनकार कर दिया। परिणाम स्वरूप वहां अंग्रेजी सेना पराजित हुई और कुछ ही देर में भाग खड़ी हुई।

बाद में इस घटना पर अफसोस करते हुए रंगपुर के सुपरवाइजर पालिंग ने जब काउंसिल को पत्र लिखा तो उसने स्पष्ट स्वीकार किया कि" किसानों ने हमारी सहायता तो नहीं ही की , साथ ही उन्होंने विद्रोहियों की ओर से लाठी डंडे आदि लेकर हमसे युद्ध भी किया, जो अंग्रेज झाड़ियां के अंदर छुपे हुए थे किसानों ने उन्हें भी ढूंढ कर निकाला और मौत के घाट उतार दिया। उन्होंने उनके हथियारें लूट ली और विद्रोहियों के साथ हो लिए।"[१७] पोलिंग का यह पत्र स्पष्ट करता है की संन्यासी-फकीरों का विद्रोह एक सामूहिक विद्रोह था जिसमें भारतीय जनमानस का समर्थन विद्रोहियों के साथ था।

इस विद्रोह की विशेषता थी कि इसमें हिंदू और मुस्लिम दोनों ही समाज के संन्यासी फकीरों ने मिलकर आम जनता को लामबंद किया था। उन्होंने अंग्रेजों की शोषणकारी नीति से त्रस्त आकाल से पीड़ित जनता को मुक्ति देने हेतु स्वयं ही सहस्त्र संघर्ष का रास्ता तैयार किया था। जिसमें न जाने कितने ही फकीर संन्यासियों ने अपनी शहादत दी थी। इस विद्रोह के शीर्षस्थ नेता भवानी पाठक, देवी चौधरानी, गणेश गिरी, मजनू शाह मूसा साहब, चिराग अली आदि के नाम उनके अविस्मरणीय योगदान के लिए सदा ही याद रखा जाएगा हैं।

१७६३ ई. से १८०० ई. तक चला यह आंदोलन विभिन्न चरणों से गुजरता हुआ ब्रिटिश शोषण का प्रतिरोध करता रहा। यद्यपि यह आंदोलन पूर्णतः सफल नहीं हो सका फिर भी इसने अंग्रेजों को अपनी शोषणकारी नीति पर विचार करने को मजबूर कर दिया साथ ही आने वाले स्वतंत्रता संग्राम के लिए हुए आंदोलनों की पृष्ठभूमि तैयार कर दी।

**संदर्भ सूची :-**

1. शेखर बंद्धोपाध्याय, *पलासी से विभाजन तक,* ओरियंट ब्लैकस्वान, नई दिल्ली, २००९ पृ०-१७६
2. .वही, पृ०-१७६
3. आर. एल. शुक्ल, *आधुनिक भारत का इतिहास,* हिंदी माध्यम कार्यान्वय निदेशालय, दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली, २००१, पृ०-२००७

4. जी .एस.छाबड़ा, *आधुनिक भारत का इतिहास* (भाग -१) स्टार्लिंग पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, नई दिल्ली, १९८४, पृ०-१६६
5. रजनी पाम दत्त, *आज का भारत,* मैकमिलन इंडिया लिमिटेड, नई दिल्ली, १९६६,पृ-१२५
6. शेखर बंदोपाध्याय, पूर्वोद्धृत, पृ०-४८
7. आर एल शुक्ला, पूर्वोद्धृत, पृ०-७१
8. सुभाष कश्यप, *स्वतंत्रता आंदोलन का इतिहास,* हिंदी माध्यम कार्यान्वय निदेशालय ,दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली,१९९७, पृ०-४
9. . शेखर बंदोपाध्याय, पूर्वोद्धृत, पृ०-१७६
10. रजनी पाम दत्त, पृ०-१२८-२६
11. .शेखर बंदोपाध्याय, पूर्वोद्धृत, पृ०-१७६-१७७
12. .ए.एन.चन्द्रा, *द सन्यासी रिबेलीयन,* रत्ना प्रकाशन कलकत्ता, १६७७, पृ०-१७
13. विश्वनाथ मुखर्जी, *वंदे मातरम का इतिहास,* सरस्वती विहार, दिल्ली ,१६८६, पृ०-१६६
14. आर एल शुक्ला, पूर्वोद्धृत, पृ०-२०७
15. .ए.एन.चन्द्रा, पृ०.-३३,३४
16. अयोध्या सिंह, *भारत का मुक्ति संग्राम,* प्रकाशन संस्थान, नई दिल्ली, पृ०-१६
17. विश्वनाथ मुखर्जी, पृ०-१७१

'Journal of Research & Development'
A Multidisciplinary International Level Referred and Peer Reviewed Journal,
Impact Factor-7.265, ISSN: 2230-9578, April-2024, Volume-16 Issue-6

# औपनिवेशिक भारत में समाज सुधार आंदोलन

**Shalini Kumari**
Ph.D. Research Scholar, University Department of History,
Ranchi University, Ranchi
**Corresponding Author- Shalini Kumari**
**Email:** dubeyshalini234@gmail.com
**DOI- 10.5281/zenodo.12266134**

**सारांश :**

प्रस्तुत शोध पत्र में औपनिवेशिक भारत में हुए सामाजिक - धार्मिक सुधार आंदोलनों पर प्रकाश डाला गया है। ब्रिटिश शासन काल में पाश्चात्य शिक्षा प्राप्त लोगों ने सामाजिक रचना, धर्म, रीति-रिवाज व परम्पराओं को तर्क की कसौटी पर कसना प्रारम्भ कर दिया। इससे भारत में सामाजिक व धार्मिक सुधार आंदोलन का जन्म हुआ। भारतीय समाज को पुनर्जीवन प्रदान करने का प्रयत्न प्रबुद्ध भारतीय सामाजिक एवं धार्मिक सुधारकों, सुधारवादी, ब्रिटिश गवर्नर जनरलों एवं आधुनिक शिक्षा के प्रसार ने किया। भारत में समाज और धर्म हमेशा एक दूसरे से जुडे रहे हैं और यहाँ की समाजिक परम्पराएं और रुढियां का आधार धार्मिक व्याख्.या है। अतः सामजिक परिवर्तन अैर सुधार के लिए यह आवश्यक था कि धार्मिक मूल्यों और मान्यताओं की तर्कपूर्ण व्याख्या की जाए ताकि उसके आधार पर समाज में वांछित सुधार दाया जा सके। यही कारण है कि भारत में समाजिक और धार्मिक सुधार आंदोलन एक साथ ही चले। शोध पत्र में इसके विकास, कारणों और स्वरूप के साथ-साथ आलोचनात्मक परीक्षण किया गया है।

**विशिष्ट शब्द :** चार्टर एक्ट, सत्यार्थ प्रकाश, सिंह सभा, वेदांत

**प्रस्तावनाः**

उपनिवेशवाद से तात्पर्य दो राष्ट्रों के मध्य अधिपत्य ओर अधीनता के इस संबंध से है जिसके मूल में आर्थिक शोषण करने का भाव निहित होता है। कालांतर में आर्थिक शोषण को स्थायी और मजबूत बनाने के लिए उपनिवेश पर शैक्षणिक, सांस्कृतिक, धार्मिक और राजनीतिक पकड मजबूत बनाई जाती है तब जाकर उपनिवेशीकरण की यह प्रक्रिया पूर्ण होती है। १८वीं शताब्दी में एक नवीन बौद्धिक लहर चल रही थी, जिसके परिणामस्वरूप एक जाग्रति के युग का सूत्रपात हुआ। तर्कवाद तथा अन्वेषणा की भावना ने यूरोपीय समाज को एक गति प्रदान की विज्ञान तथा वैज्ञानिक दृष्टिकोण ने राजनीतिक, सैनिक, सामाजिक, आर्थिक तथा धार्मिक सभी पक्षों को प्रभावित किया और अब यूरोप सभ्यता एक अग्रणी महाद्वीप था। इसके विपरीत भारत एक निश्चल, निष्प्राण तथा गिरते हए समाज का चित्र प्रस्तुत कर रहा था इस प्रकार अंग्रेजों के रूप में भारत का सामना एक ऐसे समाज से हुआ जो न केवल रंग में श्वेत था बल्कि स्वयं को सामाजिक एवं सांस्कृतिक रूप से श्रेष्ठ मानता था।

प्रारम्भिक दौर में ईस्ट इंडिया कंपनी की नीति भारत के सामाजिक-धार्मिक विषयों में अहस्तक्षेप की थी। उस समय कंपनी के औपनिवेशिक शासक तात्कालिक व्यवस्थाओं को जारी रखने की मांग करने वाली व्यवहारिकता के साथ-साथ परम्परागत भारतीय संस्कृति के प्रति सम्मान का एक भाव भी रखते थे जिसकी झलक हमें वारेन हेस्टिंगज की प्राच्यवाद की नीति में दिखाई देती है इस नीति का अर्थ था संस्कृत और फारसी भाषाओं के अध्ययन के माध्यम से भारतीय संस्कृति के बारे में कुछ सिखाने का प्रयास करना तथा शासन संबंधी विषयों में उस ज्ञान का उपयोग करना था। इन्हीं नीतियों के परिणामस्वरूप द एशियाटिक सोसाइटी ऑफ बंगाल कलकत्ता मदरसा तथा बनारस में संस्कृत कॉलेज की स्थापना हुई। हेस्टिंग्ज की विजित जनता पर उसी के अनुरूप शासन करने और अंग्लीकरण का विरेध करने की नीति प्राच्यवादी वैचारिक प्राथमिकताओं और राजनीतिक व्यावहारिकता को दर्शाती है क्योंकि उस समय स्थानीय समाजिक रीति-रिवाजों और संहिताओं संबंधी ज्ञान को शासन की स्थायी संस्थाओं के विकास की अनिवार्य शर्त माना जाता था। वारेन हेस्टिंग्ज का कार्याकाल समाप्त होने के बाद भारतीय सामाजिक संस्थाओं में सावधनीपूर्वक हस्तक्षेप करने की नीति प्रारम्भ होती है जिसका प्रमुख कारण उस समय ब्रिटेन में उभर रही अनेक विचारधाराएँ थी। इन विचारधाराओं में उपयोगितावाद (न्जपसपजंतपंदपेउ), इंजीलवाद (अंदहमसपबंसपेउ) और मुक्त व्यापार की सोच प्रमुख थी परन्तु कम्पनी सरकार प्रतिकूल भारतीय प्रतिक्रिया की आशंका के कारण अभी भी हस्तक्षेप के लिए पूर्णरूप से तैयार नहीं थी इस प्रकार के हस्तक्षेप के लिए उसे भारतीय समाज के ऐसे समूह की आवश्यकता थी जो भारत में व्यापक सामाजिक सुधारों का समर्थन करे ऐसे ही एक समूह का उदय ईस्ट इंडिया कम्पनी द्वारा भारत में अंग्रेजी शिक्षा के लागू करने के कारण हुआ। इसलिए अंग्रेजी शिक्षा ही भारत में कम्पनी के लिए हस्तक्षेप और प्रवर्तन का पहला और सबसे महत्वपूर्ण क्षेत्र बन गया।

भारत में पश्चिमी शिक्षा का वास्तविक आरम्भ १८१३ ई. के चार्टर को माना जा सकता है जिसमें ईसाई धर्म प्रचारकों को भारत आने की अनुमति दी गई और शिक्षा क लिए एक लाख रूपये वार्षिक आवंटन का प्रावधान भी किया गया। यह उस काल के लिए एक अभूतपूर्वक कदम था जब इंग्लैण्ड में भी उस समय शिक्षा के लिए सार्वजनिक धन देने की परम्परा नहीं थी। ईसाई मिशनरियों और डेविड हेयर जैसे यूरोपीय मूल के व्यक्तयों ने भारत के सभी भागों में विद्यालयों की स्थापना का कार्य आरम्भ किया जहाँ शिक्षा का माध्यम अंग्रेजी था। उसके बाद कलकत्ता स्कूल बुक सोसायटी और १८१६ ई. में कलकत्ता स्कूल सोसायटी की स्थापना की गई जहाँ देशी भाषा में प्राथमिक शिक्षा प्रदान की

जाती थी। जब राजा राममोहन ने कलकत्ता में संस्कृत महाविद्यालय खोलने के विरोध में गवर्नर जनरल को एक ज्ञापन भेजा तो हवा का रुख निर्णायक रूप से आंग्लवादियों के पक्ष में मुड गया। राजा राममोहन राय भारतीयों की उस पीढी का प्रतिनिधित्व करते थे जिनका यह मानना था कि भारत का आधुनिकीकरण अंग्रेजी शिक्षा और पाश्चात्य विज्ञान के द्वारा ही संभव होगा। अंततः जब उपयोगितावादी सुधारक विलियम बैंटिक ने १८२८ ई. में गवर्नर जनरल का पद संभाला और १८३४ ई. में टॉमस बैबिग्टन मैकाले को विधि सदस्य के रूप में उसकी काउन्सिल में शामिल किया गया तब सरकार की शिक्षा पद्धति का रूझान अंग्रेजी शिक्षा की और हो गया। कार्यकारिणी परिषद् का सदस्य होने के अधिकार से २ फरवरी, १८३५ ई. को लार्ड मैकाले ने अपना महत्वपूर्ण स्मरणपत्र (**डपदनजम**) लिखा और उसे परिषद् के समय रख जिसमें अंग्रेजी शिक्षा का पक्ष लिया। लार्ड विलियम बैंटिक ने ७ मार्च, १८३५ ई. के प्रस्ताव द्वारा मैकाले का दृष्टिकोण स्वीकार कर लिया कि भविष्य में कंपनी की सरकार यूरोपीय साहित्य को अंग्रेजी माध्यम द्वारा उन्नत करने का प्रयत्न करे और सभी धन-राशियों इसी निमित्त दी जानी चाहिए इस प्रकार जैसा कि सव्यसाची भट्टाचार्य ने कहा कि भारत में एक एक ऐसी नई शिक्षा व्यवस्था का आरम्भ हुआ जिसमें ज्ञान के सृजन का काम तो मालिक देश को सौंपा गया जबकि उसके पुनरूत्पादन, दोहराव और प्रसार का कार्य उपनिवेश की जनता को सौंप दिया गया यह भारत में आधुनिकीकरण की शुरूआत थी।

**सुधार आन्दोलनों में शिक्षा की भूमिका**

भारत में अंग्रेजी शिक्षा आरम्भ के पीछे कई आशय थे और इन्हीं कारणों से उसके प्रसार को लगातार बढावा दिया गया। ईसाई मिशनरी मानते थे कि शिक्षा से भारतीयों के धर्म परिवर्तन के रास्ते खुलेंगे उपयोगितवादियों के लिए यह ब्रिटिश साम्राज्यवाद के विस्तार करने में अत्यंत सहायक थी। अंग्रेजी शिक्षा एक ऐसा माध्यम बन गई जिसके द्वारा निचले स्तर के प्रशासनिक पदों पर नियुक्त भारतीयों को प्रशिक्षित किया जाने लगा। इस प्रकार साम्राज्यवाद की इस शैक्षणिक परियोजना का उद्देश्य भारतीय प्रजा में उपनिवेशी शासन के लिए निष्ठा की भावना उत्पन्न करना था कि वे उसकी प्रभु द्वारा निर्धारित प्रकृति में और उसके सभ्यता-प्रसार के उद्देश्य में यकिन करें। एक नैतिक शिक्षा के रूप में भारत में इसका कार्यकलाप इतना उपयुक्त न था जितना ब्रिटेन में क्योंकि भारत में उदारवादी शिक्षा का भौतिक पुरस्कार समुचित नहीं था। शिक्षित भारतीयों ने इस ज्ञान को चुनिंदा ढंग से अपनाया और स्वयं उपनिवेशी शासन को चुनौती देने के लिए इसका उपयोग किया।

भारत में अंग्रेजी शिक्षा की और आकर्षित होने वाले मुख्यतः मध्य और निम्न आय-समूह के हिन्दू स्वर्ण पुरूष थे जो तत्कालदीन समय के परिवर्तनों के कारण आर्थिक दृष्टि से पिछडे हुए थे। इनमें से अधिकांश के लिए शिक्षा की एक कार्यकारी उपयोगिता कठिन समय में जीवन-रक्षा का साधन आर्थिक समृद्धि और शक्ति पाने का साधन थी यह केवल बौद्धिक ज्ञान का मार्ग भर नहीं थी। बाद में जब भौतिक आशा पूर्ण न हुई तो इन्हीं लोगों का ज्ञान उपनिवेशी राजसत्ता का सामना करने का सबसे अच्छा हथियार बन गया। अंग्रेजी शिक्षा के प्रमुख समर्थक जैसे बी.टी. मेककली ने बहुत पहले ही तर्क दिया था कि अंग्रेजी शिक्षा ने भारतीय युवकों को ऐसे विचारों से सम्पर्क कराया है जो खुलकरी ऐसी अनेक बुनियादी मान्यताओं को चुनौती देते थे जिन पर परम्परागत जीवनमूल्यों का आधार टिका हुआ था। इन नये विचारों ने शिक्षित भारतीयों के एक ऐसे बुद्धिवादी वर्ग को जन्म दिया जिन्होंने अपने समाज को एक ऐसी विचारधारा के मूल्यों पर परखना शुरू कर दिया जिसका आधार बुद्धि, उपयोगिता, प्रगति और न्याय था। अब भारत में एक ऐसा नागरिक समाज विकसित हो चुका था जो अपनी पहचान को एक भारतीय परम्परा के दायरे में स्थापित करते हुए अपने अधिकारों की रक्षा के लिए बहुत जागरूक था। भारतीय समाज में सुधार की आवश्यकतरा पर अब अधिक जोर दिया जाने लगा क्योंकि इसमें प्रचलित सामाजिक रीति-रिवाज में धार्मिक विचार पतन शील सामंती समाज की पहचान लगते थे। इसलिए इस नवचेतना को भारतीय समाज में फैली सभी कुरीतियों और बुराइयों की समाप्ति के लिए आवश्यक माना गया।

यह नवीन पाश्चात्य शिक्षित वर्ग, तर्कवाद, विज्ञानवाद तथा मानववाद से बहुत प्रभावित था इन्होंने धर्म को तर्क के दण्ड से मापा और प्रयत्न किया कि जो परम्परागत विश्वास है या तो उन्हें बदला जाये या फिर उनके लिए कोई तर्कसंगत कारण खोजा जाये। इन नवीन विचारों के विक्षोभ ने भारतीय संस्कृति में एक प्रसार की भावना उत्पन्न की। संस्कृति के अध्ययन, प्राचीन पुस्तकों के अनुवाद और मुद्राणालयों के विस्तार के कारण लोगों के ज्ञान का विस्तार हुआ जिसके कारण भारत में पुनर्जागरण की भावना आई। भारतीय बुद्धिजीवियों ने देश के अतीत को तर्क के आधार पर परखना प्रारम्भ किया जिसके कारण देश में धार्मिक और सामाजिक सुधार आन्दोलन जिसको भारत का पुनर्जागरण भी कहा जाता है, प्रारम्भ हुआ। इस आन्दोलन ने भारत की तात्कालिक जडता को समाप्त किया। इसने जहॉ एक और धार्मिक तथा सामाजिक सुधारों का आह्वान किया वहीं दूसरी ओर इसने भारत के अतीत को उजागर कर भारतवासियों के मन में आत्मसमान और आत्मगौरव की भावना जगाई।

**प्रमुख आन्दोलनः**

इस प्रकार १६वीं शताब्दी में अंग्रेजी शिक्षा के प्रसार के फलस्वरूप विकसित बुद्धिजीवी वर्ग ने देश में सामाजिक और धार्मिक सुधार आन्दोलन का नेतृत्व किया। इन आंदोलनों के नेतृत्व देने वाले प्रमुख संगठनों का विवरण निम्न प्रकार से है- ब्रह्म समाज (ब्रह्म की सभा)-

पहला सुधार आन्दोलन ब्रह्म समाज था जिस पर पाश्चात्य विचारधारा का प्रभाव था। इसके प्रवर्तक राजा राममोहन राय थे। इसी कारण इन्हें भारत के नवजागरण का अग्रदूत, सुधार आंदोलन का प्रवर्तक एवं आधुनिक भारत का प्रथम महान नेता माना जाता है। एक और उन्होंने ईसाई पादरी प्रचारकों के विरूद्ध

हिन्दू धर्म की रक्षा की वही दूसरी ओर हिन्दू धर्म में आए झूठ व अन्धविश्वासों को दूर करने का भी प्रयत्न किया। उनका मानना था कि अपने पुनरूद्धार के लिए भारतीय पश्चिम के युक्तिसंगत वैज्ञानिक दृष्टिकोण, मानव गरिमा तथा सामाजिक एकता के सिद्धांत को स्वीकार करें। इस प्रकार उन्होंने पश्चिम के आधुनिक ज्ञान, विचार और दृष्टिकोण का समर्थन किया और उन्हें जानने के लिए अंग्रेजी शिक्षा की जबर्दस्त तरफदारी की अपने विशद ज्ञान और वैज्ञानिक व प्रगतिशील दृष्टिकोण की सहायता से उन्होंने हिन्दू धर्म में उत्पन्न कुरीतियों एवं आडम्बरों पर गंभीर प्रहार किये। मूर्तिपूजा की आलोचना करते हुए सप्रमाण यह बताया कि हिन्दुओं के सभी प्राचीन मौलिक धर्मग्रंथों ने एक ब्रह्म का उपदेश दिया है। इसके समर्थन में उन्होंने वेदो और पांच मुख्य उपनिषदों का बंगला भाषा में अनुवाद प्रकाशित किया। उन्होंने निरर्थक धार्मिक अनुष्ठानों का विरोध किया और पंडित पुरोहितों पर तीखा प्रहार किया। उनके अनुसार यदि काई भी दर्शन, परम्परा आदि तर्क पर खरे न उतरे और वे समाज के लिए उपयोगी न हो तो मनुष्य को उन्हें त्याग देना चाहिए। वे संसार के सभी धर्मों की मौलिक एकता को स्वीकार करते थे। उन्होंने हिन्दू धर्म के सिद्धांतों की पुनर्व्याख्या की और अपनी मानव सेवा के लिए उपनिषदों से पर्याप्त मात्रा में आधार खोज निकाले। ईसाई मत को अस्वीकार कर दिया परन्तु यूरोपीय मानववाद को स्वीकार किया। सामाजिक क्षेत्र में हिन्दू समाज की कुरीतियों, सती प्रथा, बहुपत्नी प्रथा, वैश्यागमन, जातिप्रथा, छुआछूत इत्यादि का विरोध किया। उन्होंने स्त्री शिक्षा और विधवा पुनर्विवाह का समर्थन किया इस प्रकार हम देखते हैं कि राजा राममोहन राय ने पूर्व और पश्चिम के मध्य समन्वय स्थापित करने का प्रयास किया।

२० अगस्त, १८२८ ई. में उन्होंने ब्रह्म समाज की स्थापना की। १८३० ई. में लिखे हुए प्रन्यासकरण पत्र (**जतनेज कममक**) में इस समाज का उद्‌देश्य शाश्वत सर्वाधार, अपरिवर्त्य ईश्वर की पूजा है जो सम्पूर्ण विश्व का कर्ता और रक्षक है। इसका उद्‌देश्य राजा राममोहन राय की मान्यताओं के अनुरूप हिन्दू धर्म में सुधार लाना था समाज के सिद्धांतों और दृष्टिकोण के मुख्य आधार मानव विवके, वेद और उपनिषद थे। इकसे कार्यक्रम में हिन्दू, मुस्लिम और ईसाई तीनों धर्मों के गुणों को शामिल किया जाता था।

राजा राममरोहन राय के चिन्तन एवं गतिविधि का क्षेत्र केवल धर्म ही नहीं था उन्होंने सामाजिक क्षेत्र में भी सुधारों की नींव रखी वस्तुतः धार्मिक एवं सामाजिक सुधार एक-दूसरे से जुडे हुए थे। उन्होंने सतप्रथा के विरूद्ध ऐतिहासिक आन्दोलन चलाया और उनके प्रयासों के परिणामस्वरूप ही कम्पनी सरकार ने सती प्रथा को १८२९ ई. में गैरकानूनी घोषित कर दिया। वे स्त्रियों के अधिकार के भी समर्थक थे उन्होंने बहुविवाह का विरोध किया और स्त्रियों के आर्थिक अधिकारें की वकालत की। वे आधुनिक शिक्षा के प्रारम्भिक समर्थक और प्रचारकों में से एक थे उन्होंने कलकत्ता में डेविड हेयर की सहायता से हिन्दू कॉलेज की स्थापना की। १८२५ ई. में उन्होंने वेदांत कॉलेज की स्थापना की जिसमें भारतविधा के अतिरिक्त सामाजिक एवं भौतिक विज्ञानों का भी अध्ययन करवाया जाता था। राजा राममोहन राय भारतीय पत्रकारिता के भी अग्रदूत थे। उन्होंने बंगाली पत्रिका संवाद कौमुदी का प्रकाशन किया। १८३३ ई. में उन्होंने समचार-पत्रां के नियमन के विरूद्ध आंदोलन चलाया। १८३५ ई. में समाचार पत्रों को जो थोडी बहुत स्वतंत्रता मिली वह उनके आन्दोलन का ही परिणाम था।

राजा राममोहन राय उदारवादी राजनीतिक विचारों के पोषक थे। अतः उन्होंने आमूल परिवर्तन के स्थान पर भारतीय प्रशासन में सुधार के लिए आन्दोलन किया। उन्होंने भारतीयों में राजनीतिक जागरण पैदा करने का भी प्रयास किया उन्होंने वरिष्ठ सेवाओं के भारतीयकरण, कार्यपालिका से पृथक करने, जूरी द्वारा न्याय और भारतीयों एवं यूरोपियनों के मध्य न्यायिक समानता की भी मांग की। वे अन्तर्राष्ट्रीयता और विभिन्न राष्ट्रों के मध्य सहयोग की भावना के समर्थक थे। बताया जाता है कि १८२१ ई. में वे नेपल्स में क्रांति की असफलता की खबर से बहुत दुखी हुए थे परन्तु १८२३ ई. में जब स्पेनिश क्रांति सफल हुई तो उन्होंने इस खुशी को एक सार्वजनिक भोज देकर मनाया। १८३३ ई. में उनकी इंग्लैण्ड में अचानक मृत्यु हो जाने के कारण ब्रह्म समाज के संगठन एवं कार्यों में शिथिलता आ गई। महर्षि देवेन्द्र नाथ टैगोर के १८४३ ई. में नेतृत्व संभालने के प्श्चात इसमें नई जान आई। बाद में देवेन्द्र नज्ञथ टैगोर ने केशव चन्द्र सैन को ब्रह्म समाज का आचार्य नियुक्त किया। केशव चन्द्र सैन की शक्ति, वाकपटुता और उदारवादी विचारों ने इस आंदोलन को लोकप्रिय बना दिया और शीघ्र ही इसकी शाखाएं बंगाल से बाहर उत्तरप्रदेश, पंजाब और मद्रास में खोल दी गई। परन्तु उनके उदारवाद के कारण ब्रह्म समाज में फूट पड गई और देवेन्द्र नाथ टैगोर ने १८६५ ई. में केशव चन्द्र सेन को आचार्य पदवी से हटा दिया। केशव चन्द्र सेन ने एक नवीन ब्रह्म समाज का गठन कर लिया जिसे उन्होंने आदि ब्रह्म समाज का नाम दिया। १८७८ ई. में इसमें दुबारा विभाजन हुआ और केशव चन्द्र सेन के अनुयायियों ने उनसे अलग होकर साधारण ब्रह्म समाज की स्थापना कर ली।

ब्रह्म समाज ने भारतीय पुनर्जागरण में बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इन्होंने बहुत से अन्धविश्वासों तथा हठधर्म को अस्वीकार कर दिया। विदेश यात्रा पर समकालीन प्रतिबन्धों को चुनौती दी। बहु विवाह, सती-प्रथा, बाल-विवाह तथा पर्दा-प्रथा को समाप्त करने के लिए तथा विधवा विवाह और स्त्री शिक्षा के लिए प्रयत्न किया। इन्होंने जाति-प्रथा तथा अस्पृश्यता को भी समाप्त करने का प्रयास किया। ब्रह्म समाज ने बहुदेववाद, मूर्तिपूजा, वर्णव्यवस्था, अवतारवाद आदि की जमकर आलोचना की।

**प्रार्थना समाज**

१८६७ ई. में केशव चन्द्र की प्रेरणा से बम्बई में प्रार्थना समाज की स्थापना हुई। इस समाज का उद्‌घाटन डॉ. आत्माराम पांडुरंग के नेतृत्व में हुआ था। दो वर्ष बाद इसमें प्रसिद्ध संस्कृत विद्वान आर.जी.भंडारकर और महादेव गोविन्द

रानाडे सम्मिलित हुए जिससे समाज को नई शक्ति मिली। समाज सुधार में उनके चार प्रमुख उद्देश्य थे- १. जाति-पाती का विरोध २. पुरूषों और महिलाओं की विवाह की आयु बढाना ३. विधवा पुनर्विवाह ४. महिला शिक्षा। अछूतों, दलितों तथा पीडितों की दशा सुधारने के उद्देश्य से इसने कई कल्याणकारी संस्थाओं का गठन किया जैसे- दलित जाति मण्डल, समाज सेवा संघ तथा दक्कन शिक्षा सभा यह समाज साधारण ब्रह्म समाज से प्रभावित था परन्तु प्रार्थना सामाजियों ने स्वयं किसी नवीन धर्म अथवा हिन्दू धर्म के बाहर किसी नवीन समानांतर मत का अनुयायी नहीं माना अपितु उन्होंने समाज को मुख्य हिन्दू धर्म के अन्दर ही रखकर सुधारों के लिए आन्दोलन किया। उनके अनुसार मूल परम्परागत हिन्दू धर्म से पृथक हुए बिना भी सुधार सम्भव है। पंजाब में दयाल सिंह प्रन्यास ने इस समाज के विचारों के प्रसार के लिए १९१० ई. में दयालसिंह कॉलेज खोला। प्रार्थना समाजी आधुनिक विचारों के माध्यम से मात्र सामाजिक कुरीतियों को दूर करना चाहते थे, सामाजिक जीवन का आमूल परिवर्तन नहीं। इसी कारण उनका कट्टरपंथियों से ज्यादा संघर्ष नहीं हुआ और उनके सुधारों को शीघ्र एवं आसानी से स्वीकृति मिली।

**आर्य समाज-**

आर्य समाज आन्दोलन का प्रसार प्रायः पाश्चात्य प्रभावों की प्रतिक्रिया स्वरूप हुआ था। इसकी स्थापना १० अप्रैल, १८७५ ई. को स्वामी दयानन्द सरस्वती ने बम्बई में की थी। निरंतरता और प्रभाव की दृष्टि से यह आन्दोलन अपने समय में और आन्दोलनों की अपेक्षा अधिक लोकप्रिय था। इस आन्दोलन का प्रमुख उद्देश्य प्राचीन वैदिक धर्म की शुद्ध रूप से पुनः स्थापना करना था जो अन्धविश्वास और सामाजिक कुरीतियां कालांतर में हिन्दू समाज में प्रवेश कर गई थी उनको समूल जड से नष्ट करना था। आर्य समाज की स्थापना से पूर्व स्वामी दयानन्द ने १८६३ ई. में झूठे धर्मों का खण्डन करने के लिए पाखंड खंडिनी पताका लहराई १८७७ ई. में लाहौर में आर्य समाज की स्थापना के पश्चात इसका अधिक प्रचार-प्रसार हुआ स्वामी दयानद ने पुनः वेदों की ओर चलो (**ठंबा ज्च जैम टमकें**) का नारा लगाया। इनका उद्देश्य था कि भारत को धार्मिक, सामाजिक तथा राष्ट्रीय रूप से एक कर दिया जाए। प्रारम्भ में इन्होंने शास्त्रार्थ व सामूहिक भोज के माध्यम से अपनी शिक्षाओं का प्रचार किया परन्तु बाद में किताबें लिखकर अपने विचारों का प्रतिपादन किया। सत्यार्थ प्रकाश इनकी सब से महत्वपूर्ण पुस्तक है जिसमें इन्होंने अपने मूल विचारों को व्यक्त किया।

धार्मिक क्षेत्र में स्वामी दयानंद ने बहुदेववाद, मूर्तिवाद, पशुबलि, श्राद्ध, तंत्र-मंत्र तथा झूठे कर्मकांडों का विरोध किया। उनके अनुासर वेद ही हिन्दू धर्म का वास्तविक आधरार, शेष सभी धार्मिक विचार जो वेद संगत नहीं है वे त्याज्य है। उन्होंने अद्वैतवाद दर्शन को शुद्ध वैदिक परंपरा के विपरीत बनाया। उनके अनुसार प्रत्येक व्यक्ति को ऋत (शाश्वत मानव धर्म) के अनुसार ही आचरण करमके मोक्ष की प्राप्ति करनी चाहिये। इस तरह से उन्होंने एकत्ववाद (**डव्छैड**) और नियति (**।त्क्म्ज्न्डप्छ।ज्छ**) दोनों को अस्वीकार कर दिया। उन्होंने मनुष्य को कर्मशील बनाने पर जोर दिया। आर्य समाज सामाजिक सुधार का भी बहुत बडा माध्यम बना। स्वामी दयानंद भारत के सामाजिक इतिहास में वह पहले सुधारक थे जिन्होंने शूद्रों तथा महिलाओं को वेद पढने तथा शिक्षा प्राप्त करने व यज्ञोपवति धारण करने की पैरवी की। उन्होंने जाति प्रथा तथा छूआछूत का विरोध किया और सामाजिक समानता एवं एकता को अपना आदर्श माना। उन्होंने बाल-विवाह शाश्वत वैधव्य, पर्दा-प्रथा, बहु-विवाह, वैश्या-गमन, देवदासी-प्रथा, आदि सामाजिक बुराइयों का प्रबल विरोध किया।

आर्य समाज का सबसे अधिक प्रभावशाली और स्थायी कार्य शिक्षा के क्षेत्र में हुआ। इसने शिक्षा के प्रचार-प्रसार पर सबसे अधिक जोर दिया। १८८६ ई. में लाहोर में दयानंद एंग्लो वैदिक स्कूल की स्थापना हुई थी जो १८८६ ई. मे दयानंद एंग्लों कॉलेज में बदल गया। आर्य समाज की शिक्षा संस्थाओं में प्राच्य तथा पाश्चात्य ज्ञान का सर्वोत्तम समन्वय देखने को मिलता है। १८६२-६३ ई. में पश्चिमी पद्धति को लेकर समाज में दो दल बन गए और परम्परागत पद्धति से शिक्षा देने के लिए १६०२ ई. में हरिद्वार में एक गुरूकुल विश्वविद्यालय की स्थापना की गयी।

इस प्रकार हम देखते है कि आर्य समाज आन्दोलन ने न केवल धार्मिक सुधार आन्दोलन चलाया अपितु सामाजिक एकता, आपसी सहयोग और बहुमुखी जागरण का सन्देश दिया। अतीत में स्वर्ण युग की धारणा ने भारतीयों में आत्मसम्मान और आत्मविश्वास का भाव जाग्रत किया। आर्थिक विचारों में विदेशी का विशेष महत्व था। स्वामी दयानन्द सरस्वती कहते थे कि बुरे से बुरा देशी राज्य अच्छे से अच्छे विदेशी राज्य से अच्छा है अर्थात वे स्वराज के पक्षधर थे।

**रामकृष्ण मिशन-**

रामकृष्ण मिशन की स्थापना स्वामी विवेकानंद ने अपने गुरू रामकृष्ण की स्मृति में १८६७ ई. में की थी। रामकृष्ण परंपरागत तरीके से सन्यास, ध्यान और भक्ति के द्वारा माक्ष प्राप्त करने में विश्वास रखते थे। परन्तु वह चिन्ह और कर्मकाण्ड की अपेक्षा आत्मा पर अधिक बल देते थे। वे सभी धर्मों की मौलिक एकता में विश्वास करते थे और मानव सेवा को ही ईश्वर की सेवा मानते थे। उनकी मृत्यु के पश्चात उनकी शिक्षाओं की व्याख्या को साकार करने का श्रेय स्वामी विवेकानन्द को जाता है। उन्होंने १८६३ ई. में शिकांगों में पार्लियामेंट ऑफ रिलिजन में अपना सुप्रसिद्ध भाषण दिया इस भाषण से उन्होंने विश्व में पहली बार भारतीय संस्कृति की महता को प्रभावी तरीके से प्रस्तुत किया। उनके भाषण का सार यह था कि हमें पश्चिम के भौतिकवाद और पूर्व के अध्यात्मकवाद का सामंजस्यपूर्ण समिश्रण करके एक अदभुद संस्कृति का निर्माण करना चाहिए। स्वामी जी ने हिन्दू धर्म के इस पक्ष कि मुझे मत छेडो की बहुत आलोचना की। उनके अनुसार ईश्वर की पूजा मानवता की सेवा द्वारा ही की जा सकती है इसलिए उन्होंने हिन्दू धर्म को एक नवीन सामाजिक उद्देश्य प्रदान किया। यही कारण है कि रामकृष्ण मिशन के कार्यों का मानवतावादी पक्ष सबसे अधिक महत्वपूर्ण रहा और मिशन के केन्द्र

समाज सेवा एवं परोपकार में वर्तमान में भी लगे हुए हैं तथा विद्यालयों, अस्पतालों धर्मार्थ औषधालयों इत्यादि का संचालन कर रहे हैं, स्वामी विवेकानन्द ने अपने लेखों तथा भाषणों द्वारा नवीन पीढी में अपने अतीत में आत्मगौरव की भावना जगाई और भारतीय संस्कृति में नया विश्वास तथा भारत के भविष्य में एक नया आत्मविश्वास नेताजी सुभाष चन्द्र बोस के अनुसार हम विवेकानन्द को राष्ट्रीय आन्दोलन करा आध्यात्मिक पिता कह सकते हैं।

**अलीगढ आन्दोलन–**

भारत में ब्रिटिश शासन की स्थापना होने से मुस्लिमों के एक बडे वर्ग का विशेषाधिकार उनसे छिन गया साथ ही अंग्रेजों की मुस्लिम विरोधी नीति और मुसलमानों के आधुनिक शिक्षा के प्रति पूर्वाग्रह ने उनकी भौतिक संवृदि के सभी अवसर समाप्त कर दिये ऐसे समय में ही सैयद अहमद खां ने मुस्लिम समाज को एक नई राज दिखाई। १८५७ ई. के गदर के समय वह ईस्ट इंडिया कम्पनी की न्यायिक सेवा में थे उन्होंने मुस्लिम समाज को आधुनिक बनाने का प्रयास किया उनका प्रयास रहा कि मुसलमान ब्रिटिश सरकार के अस्तित्व को स्वीकार कर उनके अधीन नौकरी करना आरम्भ कर दें जिससे वे अपने जीवन स्तर को ऊंचा उठा सके।

वे आधुनिक वैज्ञानिक विचारो से प्रभावित थे और अपने विचारों के प्रचार के लिए तहजीब-उल-अखलाक (सभ्यता और नैतिकता) नामक पत्रिका निकाली। उनके अनुसार ईस्लाम धर्म के लिए केवल एकमात्र मान्य ग्रंथ कुरान है, उनके अनुसार कुरार की कोई भी व्याख्या जो मानव-विवके और विज्ञान के विरूद्ध हो, सही नहीं है। उन्होंने परम्पराओं के अंधाधुंध अनुसरण, रूढिवादी रीति-रिवाजों, अज्ञान और विवेकहीनता की भी आलोचना की। उन्होंने धार्मिक कट्टरता, मानसिक संकीर्णता और अलगाववाद का भी विरोध किया और मुसलमानों को सहनशील और उदार बनने के लिए कहा। सैयद अहमद धार्मिक सहिष्णुआ और सभी धर्मों की एकता में विश्वास रखते थे वे सम्प्रदायिक टकराव के विरोधी थे परन्तु अपने जीवन के अन्तिम वर्षों में वे अंग्रेजों के समर्थ बन गये थे और मुस्लिम समुदाय को राष्ट्रीय आन्दोलन से पृथक रहने की सलाह देने लग गए थे।

सैयद अहमद खां पश्चिम के आधुनिक ज्ञान-विज्ञान और विचारों का महत्व समझते थे इसलिए आजीवन आधुनिक शिक्षा के प्रसार में लगे रहे। १८६४ ई. में उन्होंने एक साईंटिफिक सोसायटी की स्थापना की जिसने अंग्रेजी भाषा की पुस्तकों का उर्दू अनुवाद प्रकाशित करवाया। उन्होंने १८७५ ई. में अलीगढ में एक मुस्लिम एंग्लो ओरियन्टल स्कूल स्थापित किया जो आगे चलकर १९२० ई. में अलीगढ विश्वविद्यालय के रूप में विकसित हुआ कालान्तर में यह भारतीय मुस्लिमों का सबसे महत्वपूर्ण शैक्षिक संस्थान बन गया। संक्षेप में हम कह सकते है कि सैयद अहमद खां ने मुस्लिम समुदाय को मध्यकालीन माहौल से बाहर निकालकर आधुनिक युग के मार्ग की और अग्रसर किया।

**थिओसोपिफकल सभा–**

धर्म को समाज-सेवा का मुख्य साधन बनाने और धामिक भातृभाव के प्रचार और प्रसार हेतु १८७५ ई. में अमेरिका में मेडम एच पी.ब्लावेट्स्की और कर्नल हेनरी स्टील ऑलकॉट ने की थी १८८२ ई. में उन्होंने इसका मुख्य कार्यालय मद्रास के समीप अडयार नामक स्थान पर स्थापित कर दिया। इस सभा के अनुयायी ईश्वरीय ज्ञान को आत्मिक हर्षोन्माद और अन्तदृष्टि द्वारा प्राप्त करने का प्रयास करते थे। वे पुनजर्न्म और कर्म में विश्वास रखते हुए सांख्य तथा उपनिषदों के दर्शन द्वारा प्रेरणा प्राप्त करते थे। वे विश्वबन्धुता की भावना के समर्थक थे। १९०७ ई. में श्रीमती एनी बिसेंट के अध्यक्ष बनने पर यह सभा काफी लोकप्रिय हो गई भारत में थिओसोफिकल सभा इनके नेतृत्व में हिन्दू पुनर्जागरण का आन्दोलन बन गई यह सभा हिन्दू धार्मिक पुनरूत्थान, समाज सुधार, शैक्षिक विकास और राष्ट्रवादी चेतना को जाग्रत करने में सफल रही श्रीमती बिसेंट ने १८९८ ई. में सेन्ट्रल हिन्द कॉलेज की स्थापना की जहाँ विद्यार्थियों को हिन्दू धर्म और पाश्चात्य वैज्ञानिक विषय पढाए जाते थे कालान्तर में यह बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय बना उन्होंने आयरलैंड की होम रूल लीग के आधार पर १९१६ ई. में भारतीय स्वराज लीग बनाई जिसने भारतीयों में राष्ट्रीय चेतना जाग्रत करने में मदत की।

**सिक्ख सुधार आन्दोलन–**

आधुनिक शिक्षा और तर्कसंगत विचारों से सिक्ख सम्प्रदाय भी प्रभावित हुआ सिक्खों में धार्मिक सुधार की शुरूआत अमृतसर में खालसा कॉलेज की स्थापना से होती है। अमृतसर में सिंह सभा आन्दोलन प्रारम्भ हुआ सिंह सभा का ही संघटक अकाली आंदोलन था जो १९२० ई. में शुरू हुआ और इसके कारण ही बाध्य होकर ब्रिटिश सरकार को १९२२ ई. सिक्ख गुरूद्वारा एक्ट पारित करना पडा जिसे १९२५ ई. में संशोधिक किया गया इस एक्ट से ही गुरुद्वारों को भ्रष्ट एवं स्वार्थी महंतों से मुक्ति मिल पाई।

**पारसी सुधार आन्दोलन–**

अंग्रेजी शिक्षा प्राप्त कुछ पारसियों- नौरोजी फरदोनजी, दादा भाई नौरोजी, आर.के. कामा, एस.एस. बंगाली आदि ने १८५१ ई. में रहनुमाए मजदास्यान समाज की स्थापना की जिसका उद्देश्य पारसियों की सामाजिक अवस्था का पुनरुद्दार करना और पारसी धर्म की पुनः प्राचीन शुद्धता प्राप्त करना था इसके लिए रास्त गोफतार नामक पत्रिका निकाली गई। महिलाओं की शिक्षा, विवाह एवं समाज में उनकी स्थिति को सुधारने के प्रयास किए गए पर्दा प्रथा समाप्त कर दी गई विवाह की आयु बढा दी गई तथा स्त्री शिक्षा पर बल दिया गया। अन्ततः पारसी भारतीय समाज के सबसे आधुनिक वर्ग में बदल गए।

**आलोचनात्मक परीक्षण–**

१९वीं शताब्दी में प्रारम्भ हुए धार्मिक-सामाजिक आन्दोलनों ने भारतीय समाज पर अपना व्यापक प्रभाव छोडा परन्तु इसके कुछ प्रभाव दीर्घकालीन हितों की दृष्टि से नकारात्मक रहे इन नकारात्मक प्रभावों में सबसे महत्वपूर्ण था कि धार्मिक

पुनरुत्थान आन्दोलनों का उभार जिसने जहाँ एक और धर्मों के अन्दर सुधार की प्रक्रिया की धीमा किया वही दूसरी ओर अंतर-धार्मिक सहिष्णुता की भावना को कमजोर करने का कार्य किया। इसी दौर में धार्मिक कटुता में वृद्धि हुई और इसी धार्मिक कटुता के कारण भारत में धार्मिक अलगाववाद को बढावा मिला जिसकी परिणति अन्ततः साम्प्रदायिक आधार पर देश के बंटवारे के रूप में सामने आई। इन सुधार आंदोलनों का प्रभाव बहुत संकीर्ण सामाजिक क्षेत्र तक सीमित था क्योंकि सुधार की भावना एक छोटे से कुलीन वर्ग को ही प्रभावित करती थी जो मुख्यतः उपनिवेशी शासन के आर्थिक और सामाजिक लाभार्थियों का समूह था। ये आन्दोलन भारत की आम जनता को अपने साथ नहीं ले जाए और मुख्यतः शिक्षित वर्ग तक ही सीमित रहे। बंगाल का सुधार आन्दोलन पश्चिम शिक्षा प्राप्त कुलीनों की एक छोटी-सी संख्या तक ही सीमित था जिनको भद्रलोक के नाम से जाना जाता था। सुधारकों ने सुधार की प्रक्रिया को कभी तजनता तक ले जाने का प्रयास नहीं किया जैसे राजा राममोहन राय के गध की ठेठ संस्कृतमय बंगला भाषा अशिक्षित किसानों और दस्तकारों की समझ से परे ही रही। इसी प्रकार पश्चिमी भारत में प्रार्थना समाज के सदस्य पश्चिमी शिक्षा प्राप्त चितपावन और सारस्वती ब्राह्मण, कुछ गुजराती सौदागर और पारसी समुदाय के कुछ लोग थे। मद्रास प्रेसिडेंसीप में जहाँ पश्चिमी शिक्षा की प्रगति बहुत धीमी रही और ब्राह्मणों का जातिगत वर्चस्व अप्रभावित रहा और सुधार के विचार भी बहुत देर से आये वास्तव में १६वीं सदी के आंशिक वर्षों के सुधारवादी आन्दोलनों का स्वर्ण चरित्र ही जाति के प्रश्न पर अपनी सापेक्ष चुप्पी की काफी हद तक व्याख्या करता है। आधारभूत स्तर पर एक सुधारवादी सामाजिक चेतना पैदा करने की कोई खास कोशिश नहीं की गई जिसके कारण आगे चलकर धार्मिक पुनरुत्थाना को एक उपजाऊ जमीन इसी स्तर पर मिली। समाज सुधारों का चरित्र औपनिवेशिक था। औपनिवेशिक धारणा थी कि भारतीय समाज का मूल आधार धर्म है और यह धर्म ग्रंथों में निहित है तथा भारतीय समाज पूरी तरह से ग्रंथों की अधीनता स्वीकार करता है। इसी कारण भारतीय सुधारकों और उनके विरोधियों ने अपने-अपने पक्ष के समर्थन में प्राचीन धर्म ग्रंथों का ही उल्लेख किया उनके लिए किसी पक्ष की निर्ममता या अनेचित्य या सुधार अधिक महत्वपूर्ण नहीं थे। इसी कारण रहा की भारत में सामाजिक-धार्मिक सुधार आन्दोलन समाज के निम्न तबके तक पहुचने में नाकाम रहे।

**निष्कर्ष-**

ब्रिटिश शासनकाल में भारतीय समाज अपनी पहचान के संकट से गुजर रहा था विदेशी शासन और आधुनिक शिक्षा के प्रचार-प्रसार ने हमारी प्राचीन परम्पराओं, रिति-रिवाजों को तर्क की कसौटी पर तौलना प्रारम्भ कर दिया जिससे यह आवश्यक हो गया कि इनमें आवश्यक सुधार किया जाये किसी भी राष्ट्र में समाज की मान्यताएं तत्कालीन समय की परम्पराओं को दर्शाती है। परन्तु समय के साथ इनमें यदि परिवर्तन नहीं होता है तो धर्म का हिस्सा मान ली जाती है जो आगे चलकर रूढिवादिता को बढावा देती है। भारत एक विविधतापूर्ण समाज वाला देश है जहाँ सामाजिक नियम धार्मिक मूल्यों पर आधारित होते हैं अतः किसी भी अपेक्षित परिवर्तन के लिए धार्मिक सुधार सबसे जरूरी होता है अतः भारत में हुए सामाजिक-धार्मिक आन्दोलनों ने भारतीय समाज को एक नई दिशा प्रदान की जिससे भविष्य में भारतीय समाज में होने वाले उदारवादी लोकतांत्रिक मूल्यों की स्थापना में बहुत सहायता मिली। इन सुधार आंदोलनों ने भारतीय समाज में आत्मविश्वास, स्वाभिमान और अतीत के प्रति गौरव का भाव जाग्रत किया तथा भारतीयों को ब्रिटिश उपनिवेशवाद के विरुद्ध एकत्र कर स्वतंत्रता आन्दोलन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

*'व्याख्याता, इतिहास*
*राज. कला महा. सीकर*
*''व्याख्याता, इतिहास*
*राज. कला महा. दौसा*

**संदर्भ ग्रंथ सूची**

1. Ali, aruna Asaj.1991-The Resurgence of Indian women London, sangam books
2. Bandopadhyay, shekhar, 1995- Caste, widow-Remarriage and the reform of popular culture in colonial Bengal. In form the seams of history : essay on Indian women, ed. Bharati ray, 8-9, delhi oxford university press.
3. Bandopadhyay , shekhar.2016- From Plassey to partitions A history of modern india, New delhi. Orient black- swan.
4. Boyee, D.G. 1999 – Decolonisation and the british empire, 1975- 1997, Basingstoke; macmillan.
5. Desai, A.R.2002 – Social background of Indian nationalism, Delhi: Popular Prakshan.
6. Ghosh, S.C.1995 –The history of education in modern india, 1757-1986, Hyderabad; orient longman.
7. Joshi, V.C.(ed.)- ram mohan ray and process of modernization in india, new delhi ; vikas.
8. ay, Bharati (ed.),1995- from the seams of history : essay on Indian women, delhi : oxford university press.
9. सुमित सरकार, १६८५-ए क्रिटीक्यू कोलोनियल इण्डिया, कलकत्ता : पायरस
10. Natrajan, S- A century of social reforms in india
11. Ranade, M.G- religious and social reforms
12. Zacharias, H.C.E- renascent india
13. Narian, V.N- social history of india- nineteenth century
14. Heimsath, C.H. – india nationalism and social reform

15. अवस्थी एवं अवस्थी, १९७६ - आधुनिक भारतीय सामाजिक एवं राजनीतिक चिन्तन
16. सरकार, सुमित, १९८४- आधुनिक भारत, मैकमिलन इंडिया लिमिटेड
17. चन्द्र, विपिन, २००२- आधुनिक भारत, पेगुन प्रकाशन
18. बिरमानी, आर.सी., २००६ - भारत में उपनिवेशवाद और राष्ट्रवाद गीतांजलि प्रकाशन
19. मजुमदार, बी.बी., १९६८- भारत में आतंकवादी राष्ट्रवाद और उसके सामाजिक-धार्मिक पृष्ठभूमि २०. राय. हिमांशु (संपा), २००३ - भारत में उपनिवेशवाद और राष्ट्रवाद एक अध्ययन हिंदी माध्यम कार्यान्वयन निदेशालय, दिल्ली विश्वविद्यालय

'Journal of Research & Development'
A Multidisciplinary International Level Referred and Peer Reviewed Journal,
Impact Factor-7.265, ISSN: 2230-9578, April-2024, Volume-16 Issue-6

# झारखण्ड के पुनरूत्थानवादी आदिवासी गुरूओं का योगदान : राष्ट्रीय आन्दोलन के प्रेरणा स्रोत के संदर्भ में।

**डॉ. बिजय पिंगुवा**
**E-mail:** bpingua4@gmail.com
**Corresponding Author- डॉ. बिजय पिंगुवा**
**DOI- 10.5281/zenodo.12271138**

**भूमिका :**

भारत के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम (१८५७) से लगभग सौ साल पहले, झारखण्ड के आदिवासियों ने अपनी जल, जंगज और जमीन को ब्रिटिश औपनिवेशिक शासन से मुक्त कराने के लिए पहले से ही सशस्त्र संघर्ष की एक श्रृंखला में लगी हुई थी। यह कई लोगों को अजीब लग सकता है, लेकिन मूल आदिवासियों को तथाकथित आधुनिक समाज के बाकी लोगों द्वारा अनपढ़, भोली-भाली और पिछड़ी मानी जाती है, उनका संघर्ष ब्रिटिश औपनिवेशिक शासन से आजादी, जमींदारों एवं साहुकारों का उन्मूलन, प्राकृतिक न्याय, पहचान तथा जल, जंगल और जमीन पर पारंपरिक अधिकारों के लिए पहले अग्रदूतों में से हैं। इन स्व-शासन के अग्रदूतों में कुछ पुनरूत्थानवादी आदिवासी गुरूओं में भागीरथी मांझी और बिरसा मुण्डा का विशेष स्थान है। भारत में स्व-शासन की अवधारणा को बाल गंगाधार तिलक और महात्मा गाँधी द्वारा प्रतिपादित करने से पहले झारखण्ड के आदिवासी आन्दोलन से खोजा जा सकता है। झारखण्ड के जनजातीय संघर्ष में आदिवासी गुरूओं ने न सिर्फ भारतीय राष्ट्रीय आन्दोलन के लिए प्रेरणा स्रोत बने, बल्कि इसको सुचारू रूप से संचालित करने में नई दिशा भी प्रदान की।

**भागीरथ मांझी :**

गोड्डा उपमण्डल के तरडीहा गाँव के भागीरथी मांझी में धार्मिक एवं राजनीतिक नेता के गुण थे। ये **'खेरवार या सफा होड़ आन्दोलन'** के प्रवर्तक थे। संथाल या खेरवार (प्राचीन संथालों का आदिवासी नाम) ने एक कृषि संबंधी सपना संजोया था, जो दृढ़ता से **'संथाल राज'** से जुड़ा था।[१] भागीरथी मांझी १८५५ के विद्रोह में भी भाग लिया था। उनका 'सफा होड़ सम्प्रदाय' १८५५ के संताल हूल (विद्रोह) में संतालों की हार के बाद, **'आत्म शुद्धि'** के लिए संताल परगना में उभरा।[२] उनके अनुयायियों ने स्वयं को 'सफा होड़ या पवित्र इंसान' पुकारा और एक 'सफाई' या आत्मशद्धि अभियान शुरू किया, जिसका उद्देश्य था शाहाकार, शराब से परहेज और पशु बलि-चिन्हों द्वारा एक नैतिक व्यवस्था बनाकर संथाल में अन्य लोगों से सफा होड़ समुदाय को अलग करना था। उन्हें औपनिवेशिक अभिलेखों में सफा होड़, सफास, भागीरथियन और खेरवार आदि के रूप में संदर्भित किया गया है।[३]

भागीरथ मांझी १८७१ में अपने 'देशद्रोही भाषाणों के लिए आधिकारिक नाराजगी झेलते हुए **'गुरू'** बन गऐ थे।' उनकी एक सभा में भागीरथ ने बारह सौ अनुयासियों की उपस्थिति में भाग लिया। वहाँ उन्होंने राजा के रूप में अपने दिव्य अभिषेक का दावा किया।[४] जी६एन६ बार्लो भागलपुर के कमिशनर ने भागीरथ का वर्णन निम्नलिखित शब्दों में किया, ''(वह) संथालों के एक छोटे वर्ग से थ, जिनमें से कुछ को प्रमुख केन्द्र (संभवतः प्रमुख धार्मिक गुरू) के रूप में जाना जाता था।''[५]

भागीरथ मांझी अपनी आर्थिक स्थिति को सुधारने के लिए **'चंदों बोंगा'** (भगवान) के साथ हिदू धर्म और ईसाई मत उनके मन में बहुत प्रबल थी। तरडीहा के पहाड़ी शिखर पर तीन पत्थरों का एक मंदिर स्थापित किया, जहाँ अनुयायियों को इकट्ठा होने के लिए एक जगह दी। यहाँ सुबह में, भगीरथ अपने अनुयायियों को रोजाना चर्च के समान 'दस आज्ञाओं' का प्रचार करते। शाम में, उनके पास आने वाले लोगों उनके पैर धोते और उनका सम्मान करते। हर कोई अपने साथ चढ़ावे के लिए धूप में सुखाए गए चावल का एक पत्ता (दोना/पता की कटोरी), एक सुपारी, घी और एक लोटा दूध जैसी सामग्रियों को लेकर ऊपर मंदिर में चढ़ाते, जबकि एक पैसे का सिक्का भागीरथी बाबा के सामने रख देते थे।[६]

जब सरकार द्वारा शुरू की गई नीतियाँ जैसे अकाल के समय चावल का वितरण, रेलवे का निर्माण, नई भूमि बंदोबस्त आदि में कोई भी सुधार संथालों को संतुष्ट करने में विफल रहा, तो उन्होंने १८७१ में विद्रोह का स्तर बढ़ा दिया। स्टीफेंस फुच्स ने संतालों के आन्दोलन के पीछे के कारणों का सही वर्णन किया है, उन्होंने देखा कि 'संथालों के बीच उत्साह का परिणाम आंशिक रूप से बंदोबस्त अभियान के कारण था।' लगान के भुगतान और एक प्रकार का राजनीतिक संगठन बनाने के प्रयासों के प्रतिरोध में असंतोष प्रकट हुआ। भागीरथ मांझी और ज्ञान परगनैत विद्रोह की प्रेरक शक्ति थे।[७]

१८७४ में भागीरथ मांझी के नेतृत्व में खेरवार आन्दोलन (१८७४-१९४२) का अत्यंत अभाव और अकाल के वर्ष में गंभीर विस्फोट हुआ। तब संथाल बहुत संकट में थे। वह अपने खेरवार या सफा होड़ विचार के साथ प्रकट हुए, जिसके द्वारा वह संथालों की भूखी जनता का ध्यान आकर्षित करना चाहते थे। लेकिन, कुछ स्थानों पर खेरवार लोग वास्तविक 'अवरोधकों' के साथ मिले हुए नहीं पाए गए।[८] यहाँ ध्यान देने की बात है कि अन्य गैर-संथाल उत्पीड़ित लोगों जैसे कि कुर्मी, कोइरी, कहार और मोमिन ने आन्दोलन में भाग लिया, हलाँकि उनके देवी-देवता अलग-अलग थे। भागीरथ मांझी ऐसे नेता थे, जिनकी शिक्षाओं का रंग तब और अधिक राजीतिक हो गया जब उन्होंने यह घोषणा करना शुरू किया कि 'जिस भूमि पर संथाल खेती करते थे, वह भूमि उनका अधिकार है और कोई भी सरकार उनसे कर की मांग नहीं कर सकता। अपनी बैठकों में उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि जिस जमीन पर उन्होंने और उनके पूर्वजों ने दोबारा कब्जा किया और उसे खेती लायक बनाया, वह उनकी है।' आन्दोलन को दबाने के लिए सरकार ने कड़ी कार्रवाई की। अंततः भागीरथ को गिरफ्तार कर लिया गया और दो वर्ष के कारावास की सजा दी गयी। डिप्टी कमिश्नर, बॉक्सवेल ने तरडीहा (गोड्डा) में स्थापित मंदिर को ध्वस्त कर दिया, मूर्ति को हटा दिया और संथाल पंडित, भागीरथ के भाई

राम ज्ञान परगनैत और देहाती हिन्दू मातादीन को अपने साथ दुमका ले गए।[९] सहस्राब्दी प्रकृति वाले 'खरवार आन्दोलन या सफा होड़' आन्दोलन ने संथालों के 'उद्धारकर्त्ता या संरक्षक' के रूप में औपनिवेशिक सरकार के सभी दावों को उजागर कर दिया। सरकार ने १८७४-१८७५ में व्यापक पैमाने पर बल का प्रदर्शन किया।[१०] भागलपुर से चौथी नेटिव इंफैंट्री के सैनिकों की एक अतिरिक्त टुकड़ी को दुमका में तैनात किया गया था और नई पुलिस चौकियाँ स्थापित की गई। अंततः १८७७ में जब आन्दोलन शांत हो गया तो भागीरथी मांझी को इसी वर्ष रिहा कर दिया गया। हालाँकि वह एक शांत और शांतिपूर्ण धार्मिक सुधारक बन गए, लेकिन उन्होंने गुप्त तरीके से अपना काम जारी रखा। १८७६ में भागीरथ की मृत्यु हो गई। उनकी मृत्यु के बाद भी खरवार आन्दोलन समाप्त नहीं हुआ था और खेरवारों का एक अलग संगठन दुबिया गोसाई के अस्तित्व में था, जो चुपचाप इसे फैला रहा था और मजबूत कर रहा था।[११] अंग्रेजों ने निष्कर्ष निकाला कि खरवारों ने ''एक ऐसा संगठन बनाया है जो आवश्यक रूप से सरकार का विरोध करता है, फिर से इस्तेमाल करने में सक्षम है और संथाल ''संविधान के अनुसार राजनीतिक रूप से असंतुष्ट थे।''[१२]

**बिरसा मुण्डा :**

बिरसा मुण्डा उलगुलान १९वीं सदी के अंत में 'मुण्डा राज की स्थापना और भारतीय स्वतंत्रता आन्दोलन' का यह महत्वपूर्ण घटक माना जाता है। बिरसा उलगुलान के दो परस्पर मिश्रित चरण थे- धार्मिक और राजनीतिक। उल्गुलान स्वरूप में सहस्राब्दी और चरित्र में कृषि और उपनिवेश विरोधी था। ये मसीहाई भी थे। बिरसा ने एक दैवीय दूत के रूप में काम किया और बाद में उन्हें पृथ्वी पर स्वयं देवता के रूप में देखा जाने लगा।[१३] बिरसा ने 'बिरसाईत' पंत को शुरू किया था, जिसमें आदिवासी संत के रूप में झलक मिलता है। इस पंत के अनुयायियों को मूलभूत नियमों का पालन करना होता था। बिरसा मुण्डा उल्गुलान स्पष्ट रूप से जातीय पहचान के साथ उनके कृषि संकट में धार्मिक पहलुओं को दर्शाता है।[१४]

बिरसा मुण्डा जिसे उसके लोग नए राजा के रूप में और कुछ भारतीय राष्ट्रवादी देशभक्त के रूप में देखते थे। वह चालकद के एक गरीब किसान परिवार से थे, उन्होंने ईसाई धर्म अपना लिया और कुछ वर्षों तक मिशनों में शिक्षा प्राप्त की, जहाँ उन्होंने अंग्रेजी से कुछ ज्ञान प्राप्त किया। बिरसा को लूथेरियन मिशनरियों द्वारा बहिष्कृत कर दिया गया था, संभवतः इसलिए क्योंकि वह सरदार आन्दोलन समर्थक थे और भूमि अधिकार के सवाल पर उनकी स्पष्ट स्थिति के कारण।[१५] जल्द ही, बिरसा और उनके परिवार का जर्मन मिशन से मोह भंग हो गया। शिक्षा और ईसाई तथा हिन्दू शिक्षकों के अविश्वरणीय प्रेरणा से उनका व्यक्तित्व बन गया था।[१६] तत्पश्चात् बिरसा बंदगाँव (१८९०) में आनन्द पाण (स्वांसी जाति) और एक वैष्णवी सन्यासी से वैष्णव धर्म की दीक्षा ली। उन्होंने हिन्दू धर्म की अवधारणा के पवित्र धागे, खड़ऊँ, तुलसी की पूजा, चंदन का टीका आदि से खुद को परिचित किया और गौ-हत्या पर प्रतिबंध लगाया।[१७] यहाँ अपने गुरू से रामायण, महाभारत की कहानियों के पात्र राम, कृष्ण, अर्जुन, भीम आदि की कृतियों से अत्यधिक प्रभावित हुए। बिरसा जादू और स्वदेशी चिकित्सा में भी माहिर थे।[१८] बंदगाँव में ही उन्होंने जमींदार द्वारा किसान पर अत्याचार को देखा। बिरसा जमींदारों के हाथों अपने लोगों का शोषण, सरकार और मिशनरियों की असफलता से चिंतित थे। उनका गुस्सा स्वाभाविक रूप से ब्रिटिश सरकार, जमींदार और पादरियों के खिलाफ था।[१९]

बिरसा में करिश्माई जन नेता के सभी गुण मौजूद थे। उन्होंने विदेशी शासन को समाप्त करने के लिए अनुयासियों की आवश्यकता पर बल दिया। बिरसा ने मुण्डा धार्मिक मान्यताओं और रीति-रिवाजों को पुनः बहाल करने और मुण्डा समुदाय को अंधविश्वास से मुक्त करने, अपने खोए हुए सम्पत्ति को अधिकार को वापस पाने, जमींदार और सरकार से लड़ने आदि के लिए लोगों से कहा कि ''सपने में सिंगबोंगा (सूर्य देवता) का दर्शन हुआ है उन्होंने मुझे पुराने धर्म के पुनरूत्थान का काम सौपा हैं''। जल्द ही, बिरसा के साथ जंगल में एक चमत्कारी घटना घटी और उनके दोस्तों ने इन चमत्कारी घटना का खूब प्रचार किया। इस घटना ने बिरसा को भगवान बना दिया।[२०]

अब जल्द ही बिरसा रोग साधक के रूप में उभरे। इनकी चमत्कारिक शक्तियों का मुण्डा समुदाय पर गहरा प्रभाव पड़ा। अब बिरसा लोगों को उपदेश देने लगे यह उपदेश धर्म और राजनीति का अजीब मिश्रण था।[२१] साथ ही, अपने धर्म का प्रचार करना शुरू कर दिया। बिरसा ने अपने घर के बगल नीम के पेड़ के नीचे उपदेश स्थल बनाए, यहाँ एक मंच पर चार खम्भों के बीच पवित्र धागों से घिरे बिरसा पवित्र धागा (जनेऊ), खड़ऊँ (लकड़ी का चप्पल) और हल्दी से रंग धोती पहने, जो एक विशिष्ट वैष्णव पोशाक थी- लोगों को नीति-कथा के साथ उपदेश देते थे। वह दिन में तीन बार नहाते थे और तीन अलग-अलग रंगों की धोतियाँ पहनते थे, सुबह पीली, दोपहर में सफेद और शाम में नीली, जिससे उन्हें यह प्रतिष्ठा मिली कि वे रंग बदलते हैं।[२२] इसका उपदेश अनुयायियों में गहरा असर डाला। अब भगवान के दूत खुद ही भगवान, धरती आबा और सिंगबोंगा बन गए। बिरसा एक रोग साधक, चमत्कारी कार्यकर्त्ता और उपदेशक के रूप में आदिवासियों और गैर-आदिवासियों दोनों को आकर्षित किया।[२३]

धीरे-धीरे, अनुयायियों द्वारा भगवान के दूत की पहचान स्वयं भगवान के साथ की जाने लगी।[२४] लोग उन्हें अपने 'सिंगाबोंगा या सूर्य देवता', अच्छी आत्मा, ध्यान रखनेवाला और बुराई से बचाने वाला के रूप में देखते थे।[२५] उन्होंने कहा कि 'सूर्य (जिसकी वे पूजा करते हैं) ऊपर है और बिरसा नीचे हैं, यह बताया गया है कि वह स्वयं भगवान थे।' बिरसाईयों ने उनकी पूजा करते हुए एक 'बिरसायी या बिरसाईत सम्प्रदाय' बना लिया। इसके द्वारा एक सख्त आचार संहिता निर्धारित की गई थी जिसमें चोरी, झूठ बोलना और हत्या करना अभिशाप था, भीख मांगना वर्जित था।[२६] बिरसायी स्वयं को एक विशिष्ट धर्म का अनुयायी मानते हैं, जो मुण्डाओं का आदिम धर्म है। बिरसाईयों के अनुसार, उनके धर्म की विशिष्टता में पूर्ण व्यक्तिगत स्वच्छता के लिए शराब से पूर्ण परहेज और मांस खाने से सापेक्ष परहेज, अनुष्ठान स्नान और शद्धिकरण समारोहों में भजन तथा गीतों के माध्यम से सुश्चित की गई।[२७]

बिरसा ने जल्द ही चलकद के जॉन मुण्डा के माध्यम से प्रलय आने की घोषणा की। प्रलय तो नहीं आया, लेकिन,

बिरसा अपने पीछे हजारों लोगों की भीड़ जुटाने में सफल रहे। रीड ने लिखा 'चलकद का धार्मिक रंग अधिक-से-अधिक निखरा और अब वास्तविक राजनीतिक उद्देश्य स्पष्ट होने लगी।[२८] बिरसा की जंगी एकजुटता का उद्देश्य एक-दूसरे से शक्ति प्राप्त करना था।[२९] १८९५ के उत्तरार्ध से बिरसा ने **'मुण्डा राज'** की स्थापना के उद्देश्य से मुण्डाओं को विदेशियों के खिलाफ उठ खड़े होने का आह्वान किया। अगस्त १८९५ में बिरसा का लोक सेवक के साथ मारपीट करने और सावजनिक दुर्व्यवहार के आरोप में दो साल का कठोर कारावास हुआ। यह घटना स्वतंत्रता के लिए अधिक गहन और व्यापक संघर्ष की शुरूआत थी।[३०]

१८९७ बिरसा की जेल से रिहाई के बाद, बिरसा और बिरसाईयों ने चुटिया और जगरन्नाथपुर के मंदिरों और नवरत्न गढ़ के किले की यात्रा के साथ अपनी सांस्कृतिक पहचान की पुष्टि की।[३१] यहाँ से संग्रहित **'बीर दा'** (पवित्र जल) को अपने अनुयासियों पर छिड़ककर कहा कि "इससे उन्हें अलौकिक शक्ति मिलेगी और वह अजय हो जायेंगे। अंग्रेजी शासक, हिन्दू राजा, जमींदार, जागीरदार, पदरी पराजित या मारे जायेंगे और हमारा देश, हमारा राज (अबुअः दिशुम, अबुअः राज) होगा।[३२] अक्टूबर या नवम्बर १८९९ में डोंम्बारी पहाड़ के एक बैठक मैं उल्गुलान का निर्णय लिया गया। यहाँ बिरसा ने मुण्डाओं के प्रतिनिधित्व में सफेद झंडा और लाल झंडा (सरना झंडा) दिकू शोषण के प्रतीक में उठाया।[३३] दिसम्बर १८९९ में उल्गुलान शुरू हुआ, जिसे ब्रिटिश सरकार द्वारा निर्मातापूर्वक दबा दिया गया। बिरसा पकड़े गए और ९ जून, १९०० ई९ को जेल में बिरसा का हैजे से निधन हो गया।[३४] परिणामतः छोटानागपुर काश्तकारी अधिनियम १९०८ लागू किया गया, जिसमें पुश्तैनी मुण्डा भूमि प्रणाली खूँटकट्टी अधिकारी को मान्यता दी गई।[३५]

**निष्कर्षतः** सफा होड़ या खरवार आन्दोलन ने औपनिवेशिक काल के दौरान लोकप्रिय विरोध, उपनिवेश विरोधी, लोकप्रिय धर्म और यहाँ तक कि संथाल परगना में राष्ट्रीय आन्दोलन के इतिहास की महत्वपूर्ण जानकारी देता है।

बिरसा और उनके आन्दोलन को भारतीय पुनर्जागरण और स्वतंत्रता आन्दोलन के रूप में देखते हैं, जिसमें वर्ग एकजुटता, अंहिसा और राष्ट्रवाद आदि का समावेश था। इसमें कोई संदेह नहीं हैं कि मुण्डा नेता के नेतृत्व और संगठित उल्गुलान ने धार्मिक सुधार, सामाजिक शुद्धि और सांस्कृतिक विकास की उसी भावना का प्रेरणा स्रोत बना, जो उन्नीसवीं-बीसवीं शताब्दी में सामाजिक-धार्मिक आन्दोलनों की विशेषता थी, जिसने राजनीतिक चेतना और राष्ट्रवाद के विकास को भी बढ़ावा दिया। ऐसा शायद ही कभी हुआ है कि किसी विद्रोही किसान या आदिवासी समूह की लामबंदी ने औपनिवेशिक भारत में इतना स्पष्ट रूप से धार्मिक रूप अपनाया हो, जैसा कि कोई उम्मीद कर सकता है। बिरसा ने अलौकिक प्रयासों को उत्पन्न करने के लिए एक आवश्यक सामाजिक उपकरण तैयार किया, जिसके बिना कोई बड़ी उल्गुलान (क्रांति) हासिल नहीं की जा सकती थी।

**संदर्भ सूची :-**

1. स०पी० सिन्हा, ***'द खेरवार मूवमेंट १८७४–१९४२' इन कनफ्लिक्ट एंड टेंशन इन ट्राइबल सोसाइटी,*** कॉन्सेप्ट पब्लिकेशन्स कं०, न्यू दिल्ली, १९९३, पृ०–२००
2. जॉर्ज ई० समर्स, ***द डायनॉमिक्स ऑफ संथाल ट्रेडीशन इन द पीजेंट सोसाइटी,*** अभिनव पब्लिकेशन्स, न्यू दिल्ली १९७७, पृ० २२१
3. एम०ए०सी० मूरत, 'अल्फ्रेड एण्ड एलिजाबेथ स्टॉर्क (१९२५, कलकत्ता) क्वाट्डे इन मरीन कैरिन एण्ड हराल्ड लीच टेम्ब्स, ***एन एनकाउंटर ऑफ द पेरफेरिएस : संथाल मिशनरीज एण्ड देयर चेंजिग वर्ल्ड्स १८६०–१९००,*** मनोहर पब्लिकेशन, न्यू दिल्ली, २००८, पृ० २०७
4. एस०पी० सिन्हा, पूर्वोद्धृत, पृ० २०७
5. जी०एन० बार्लो, ***कमिश्नर ऑफ भागलपुर टू द सेक्रेटरी टू द गवर्नमेंट ऑफ बंगाल, डेटेड ०७.१०.१८७४, बंगाल ज्यूडिशल प्रोसीडिंग्स*** (बीजेपी), नवम्बर १८७४, वेस्ट बंगाल स्टेट आर्काइव्स (डब्ल्यू०बी०एस०ए०)
6. पीटर बी० एंडरसन, मरीन कैरिन एण्ड संतोष सोर, ***ट्रांसलेटेड एण्ड एडीटेड, फ्रॉम फायर रेन टू रिबेलियन : रीएसर्टिंग एथनिक आइडेंटिटी थ्रू नैरेटिव,*** मनोहर पब्लिकेशन, न्यू दिल्ली, २०११, पृ०–२१९–२२७
7. स्टीफेन्स फूच्स, ***रिबेलियस प्रोफेट्स : ए स्टडी ऑफ मैकेनिक मूवमेंट इन इंडिया रिलिजन्स,*** एशियन पबिलिंश हॉउस, बॉम्बे, १९६५, पृ९ ५३
8. बंगाल ज्यूडिशन प्रोसीडिंग्स (बीजेपी) अगस्त १८८१, नं०-३९-४०, ***रिपोर्ट एस टू द केस ऑफ रिसेंट एक्साइटमेंट अमोंग दी संथाल्स,*** नं०-१०७६, जे, भागलपुर, ८ जून, १८८१, फ्रॉम जी०ए० बार्लो, कमिशनर ऑफ भागलपुर डिविजन एण्ड सथाल परगना टू सेक्रेटरी टू द गवर्नमेंट ऑफ बंगाल, ज्यूडिशल डिपार्टमेंट
9. लेटर डेटेड १ अक्टूबर, १८७४ फ्रॉम जे९ बॉक्सवेल, ***ऑफिसिएटिंग डिप्टी कमिश्नर,*** संथाल परगना टू जी९एन९ बार्लो, ***ऑफिसिएटिंग कमिश्नर संस्थान परगना***
10. ***बंगाल ज्यूडिशल प्रोसीडिंग्स*** (बीजेपी) १८३९ जुलाई, १८८२
11. एस०पी० सिन्हा, पूर्वोद्धृत, पृ० २०५
12. ***बंगाल ज्यूडिशल प्रोसीडिंग्स*** (बीजेपी) १६४८ अगस्त १८८१ मिस
13. एस०बी०सी० डेवले, ***डिस्कोर्स ऑफ इथेनसिटी : द आदिवासिस ऑफ झारखण्ड,*** प्रोक्वेस्ट पब्लिकेशन, लंदन, १९८९, पृ० १४७
14. के९एस९ सिंह, ***बिरसा मुण्डा एण्ड हिस मूवमेंट १८७४-१९०१ : ए स्टडी ऑफ मिलिनेरियल मूवमेंट इन छोटानागपुर,*** ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी प्रेस, कलकत्ता, १९८३, पृ९ ३९-५३
15. एच०एन० जिड एण्ड आर०डी० मुण्डा, ***रिवॉल्यूशरी बिरसा एण्ड द सोंग्स रिलेटेड टू हिम,*** जर्नल ऑफ सोशल रिसर्च ग्ग (२), १९६९, पृष्ठ ३९
16. स्टीफन्स फुच्स, पूर्वोद्धृत, पृ० २८
17. के०एस० सिंह, पूर्वोद्धृत, पृ० ४१
18. एस०पी० सिन्हा, पूर्वोद्धृत, पृ० ४८

19. मैथ्यू अरीपरम्पिल, ***स्ट्रगल फॉर स्वराज : हिस्ट्री ऑफ आदिवासी मूवमेंट इन झारखण्ड,*** ट्राइबल रिसर्च एण्ड ट्रेनिंग सेन्टर, चाईबासा, २००२, पृ० १९८
20. एस०सी० रॉय, ***द मुण्डा देयर कंट्री,*** सिटी बुक हॉउस, कलकत्ता, १९१२, पृ० १८८
21. स्टीफन फुच्स, पूर्वोद्धृत, पृ० २८
22. के०एस० सिंह, पूर्वोद्धृत, पृ० ४१
23. वही, पृ० ५०—५३
24. एल०एस०एस० ओ'मॉली, ***सेन्सस ऑफ इंडिया १९११,*** पृ० २१४
25. ***'न्यूज फ्रॉम मुरहू'*** क्वार्टरली पेपर, जुलाई—अक्टूबर, पृष्ठ ३
26. के०एस० सिंह, पूर्वोद्धृत, पृ० ५१
27. वही, पृ० १५०
28. जे० रीड, ***फाइनल रिपोर्ट ऑन द सर्वे एण्ड सेटेलमेंट ऑपरेशंस इन द डिस्ट्रिक्ट ऑफ राँची, १९०२—१९१०,*** बंगाल सेक्रेटेरिएट बुक डिपो, कलकत्ता, १९१२, पृ० ४६
29. रंजीत गुहा, ***एलिमेंट्री ऑफ एस्पेक्ट्स इनसरजेंशी अन कॉलोनियल इंडिया,*** ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी प्रेस (रिप्रिंट), दिल्ली, १९८३, पृ० २९५
30. के०एस० सिंह, पूर्वोद्धृत, पृ० ५७—७५
31. एस०बी०सी० डेवले, पूर्वोद्धृत, पृ० १४८
32. एस०पी० सिन्हा, पूर्वोद्धृत, पृ० ८७
33. मैथ्यू अरीपरम्पिल, पूर्वोद्धृत, पृ० २०६
34. जे०बी० हॉफमफन, ***इनसाईक्लोपीडिया ऑफ मुण्डारिका,*** वॉल्यूम—एए गवर्नमेंट प्रिंटिंग प्रेस, बिहार एण्ड उड़ीसा, पटना १९३०, पृ० ५७०
35. ३५.
36. जे० रीड, पूर्वोद्धृत, पृ० ४७—४८

'Journal of Research & Development'
A Multidisciplinary International Level Referred and Peer Reviewed Journal,
Impact Factor-7.265, ISSN: 2230-9578, April-2024, Volume-16 Issue-6

# स्वतंत्रता आंदोलन में टाना भगत समुदाय : विचार, उपलब्धियाँ एवं योगदान

**डॉ. दिग्विजय कुमार**
विश्वविद्यालय इतिहास विभाग, राँची विश्वविद्यालय, राँची।
**Corresponding Author- डॉ. दिग्विजय कुमार**
**Email:digkum82@gmail.com**
**DOI- 10.5281/zenodo.12272544**

**सारांश**

टाना भगत उराँव जनजाति की एक शाखा है, जिसने उराँव जनजाति के मूल धर्म कुँडुख़ धर्म को अपना लिया है। ''टाना'' शब्द का अर्थ है– टानना या खोजना। टाना भगतों की अधिकांश आबादी झारखण्ड के बिशुनपुर, घाघरा, गुमला, रायडीह, चैनपुर, पालकोट, सिसई, लापुंग, कुडू तथा मांडर में केंद्रित है। टाना भगत आंदोलन के जनक जतरा भगत का जन्म 1888 ई में गुमला जिले के विशुनपुर प्रखंड के अंतर्गत्त चिंगरी नावाटोली में हुआ था। इनके पिता का नाम कोहरा भगत और माता का नाम लिबरी भगत था। बुधनी भगत इनकी पत्नी थी। जतरा भगत की जन्म तिथि ठीक–ठीक ज्ञान नहीं है, किन्तु सामान्य मान्यता के कारण प्रत्येक वर्ष गांधी जयंती के दिन ही इनकी जयंती जिंगरी गाँव में मनाया जाता है। स्वतंत्रता आंदोलन में टाना भगत समुदाय की महती भूमिका थी। गाँधीजी के अनन्य भक्त टाना भगतों ने झारखण्ड में पूर्णतः अहिंसक आंदोलन को जन्म दिया जो टाना भगत आंदोलन कहलाता है। टाना भगत आंदोलन के रूप में हुआ, परन्तु इसकी परिणति भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन के सक्रिय सहभागिता में हुआ। गाँधीजी के आदर्शो के ज्वलंत नायको में टाना भगत समुदाय सर्वथा अग्रणी रहा है।

**मुख्य शब्द**–टाना भगत आंदोलन, जुलाहा भगत, अकवा भगत, गोरक्षणी भगत, विष्णु भगत संप्रदाय सादा भगत, बाछीदान भगत, करमा भगत, लोदरी भगत, नवा भगत इत्यादि।

## प्रस्तावना

देश की आजादी में टाना भगतों की अहम भूमिका रही है। 1912 ई0 में बंगाल प्रांत से अलग होकर बिहार राज्य की स्थापन हुई थी। इस घटना के बाद बिहार क्षेत्र में राष्ट्रीय आंदोलन और तीव्र हो गया। बिहार के दक्षिणी हिस्से अर्थात छोटानागपुर क्षेत्र में 1914 ई0 मे टाना भगत आंदोलन की शुरूआत जतरा भगत के नेतृत्व में हुआ। टाना भगत वस्तुतः झारखण्ड में निवास करनेवाली द्रविड़ जनजाति 'उराँव' की एक शाखा हैं, जो कुँडुख़ धर्म को मानते हैं, एवं 'धर्मेश' को सर्वोच्च देवता के रूप में स्वीकार करते हैं।

टाना भगत आंदोलन को भलीभाँति समझने के लिए छोटानागपुर क्षेत्र में पूर्व में हुए आंदोलनों पर भी मंथन करना होगा। इनमे दो आंदोलन मुख्यतः इस विचार के केंद्र में आते हैं। पहला–सरदारी आंदोलन (1895–1900ई0) और दूसरा–बिरसा मुंडा का आंदोलन (1895–1900ई0)। वस्तुतः इन दोनो आंदोलनों के जो मुद्दे थे, उनसे टाना भगत आंदोलन अछूता नहीं था।[1] यही कारण है कि टाना भगत आंदोलन को बिरसा मुंडा आंदोलन का विस्तार भी माना जाता है। ऐतिहासिक निरंतरता के दृष्टिकोण से ऐसा समझाा जाता है कि सरदारी आंदोलन का विस्तार वस्तुतः बिरसा मुंडा के आंदोलन में दृष्टिगोचर होता है, और बिरसा मुंडा आंदोलन के असफलताओं एवं ऐतिहासिक शून्यता को टाना भगत आंदोनल ने भलीभाँति भरा। टाना भगत आंदोलन ने उस जनसामान्य की निराशा को समर्थन एवं नेतृत्व दिया, जो सरदारी आंदोलन एवं बिरसा–आंदोलन की असफलता से सर्वत्र छोटानागपुर में व्याप्त था। जब गाँधीजी ने इस आंदोलन को अपना समर्थन दिया तो यह क्षेत्रीय भौगोलिक सीमा से बाहर निकलकर अखिल भारतीय चरित्र को अपनाया तथा भारत के स्वतंत्रता संघर्ष के इतिहास में अपने लिए स्वर्णिम पृष्ठों को आरक्षित किया।

टाना भगत आंदोलन का विस्तार, छोटानागपुर के लगभग सभी क्षेत्रों तक था। इस आंदोलन की मूल प्रकृति धार्मिक पुनरूत्थानवादी थी, जो आपके धर्म के मूल बुराइयों का सफाई करने से शुरू हुआ था। उत्तर भारत में सामाजिक धार्मिक सुधार का जो कार्य राजा राममोहन राय, ईश्वरचन्द विधासागर, केशवचन्द्र सेन, दयानंद सरस्वती आदि महापुरूषों ने शुरू किया था, वही कार्य छोटानागपुर क्षेत्र में टाना भगत समुदाय कर रहा था।

## विचारधारा

जतरा भगत जो इस आंदोलन का जनक था, उसके अनुसार उसे धर्मेश ने साक्षात् दर्शन दिया और उसके आदेश से ही यह आंदोलन प्रारंभ हुआ था। जतरा भगत ने उराँव लोगों के कुँडुख़ धर्म में व्याप्त अंधविश्वासों एवं संकीर्ण मान्यताओं पर चोट करना शुरू किया। वस्तुतः ये मान्यताएं ही जनजातीय लोगों के आर्थिक एवं सामाजिक पिछड़ेपन एवं शोषण के लिए जिम्मेवार थी।[2] जतरा भगत ने उराँव लोगों का आहवान किया कि वे –

1. मदिरापान का त्याग कर दें।
2. मांस न खाएं तथा जीव हत्या नहीं करें, शाकाहारी बने।
3. भूत–प्रेत एवं जादू–टोना को न माने।
4. यज्ञोपवीत धारण करें।
5. घर के आँगन में तुलसी चौरा स्थापित करें।
6. गो–सेवा करें।
7. मानव धर्म एवं मानवता से प्रेम करें।
8. अंग्रेजों के आदेश को न माने।
9. जमींदारों, साहुकारों, बिचौलियों को बेगार न करें।
10. गुरूवार को हल चलाना बन्द करें। इस दिन सभी लोग सामूहिक प्रार्थना के लिए एक स्थान पर एकत्रित हों।
11. विशुद्ध खादी वस्त्र धारण करें।
12. नियमित स्नान, तुलसी की पूजा तथा घर–घर तिरंगा झंडा लहराएँ।
13. एकेश्वरवाद में आस्था रखें।

जतरा भगत के इस आहवान ने अंग्रेजो, साहूकारों, सूदखोरो, जमींदारों सबको हिला दिया। कुछ समय तक इस क्षेत्र में मजदूरों की कमी ने माँग एवं

आपूर्ति को बाधित कर दिया, फलतः अर्थव्यवस्था ठप होने लगी। ऐसी स्थिति में जतरा भगत को आनन–फानन में 1916 में गिराप्तार किया गया और इस शर्त्त पर उसे 1918 में छोड़ा गया कि वह अपने विचारों का प्रचार बंद करेगा। जेल के भयंकर यातना के कारण जतरा भगत की जेल से छुटने के 2 माह के भीतर ही मृत्यु हो गई। जतरा भगत के बाद टाना भगत आंदोलन छोटानागपुर के विभिन्न क्षेत्रो में भिन्न–भिन्न नेतृत्व एवं भिन्न–भिन्न समूहों द्वारा चलता रहा। मांडर क्षेत्र में शिबू भगत के नेतृत्व में इस आंदोलन का प्रचार प्रसार हुआ। शिबू भगत ने अपने अनुयायियों को मांस खाने की अनुमति दी, अतः इसके समर्थक ''जुलाहा भगत' कहे गये।[3] मांडर क्षेत्र में ही जिन लोगों ने शिबू भगत का अनुशरण नहीं किया वे 'अरूवा भगत' कहलाये, क्योंकि वे केवल अरवा चावल ही खाते थे। घाघरा क्षेत्र मे बलराम भगत ने इस आंदोलन के प्रचार–प्रसार के लिए गौ–पूजा पर अधिक जोर दिया। अतः ये 'गौरक्षणी भगत' कहलाए।[4] इन्होंने गायों–बैलों को हल में जोतना बंद कर दिया तथा खेती छोड़कर पशुपालक बन गए। वे दूध एवं इसके उत्पादों से ही जीविकोपार्जन करने लगे। विशुनपुर थाना के भीखू भगत ने 'विष्णु भगत संप्रदाय' को जन्म दिया। यह विष्णु का भक्त था। इसका आंदोलन गुप्त रूप से चलता रहा। ये प्रत्येक वृहस्पतिवार की रात बैठकें करते और यहीं अपने सभी निर्णयों को आपसी सहमति से लेते। कालांतर में टाना भगतों की कई शाखाएँ विकसित हुई। टाना भगतों की प्रमुख शाखा को सादा भगत कहा जाता है। बाछीदान भगत, करमा भगत, लोदरी भगत, नवा भगत आदि कई शाखाएँ हैं।

**उपलब्धियाँ**

जतरा भगत द्वारा शुरू हुआ टाना भगत आंदोलन संपूर्ण छोटानागपुर विशेषकर उराँव बहुल जनजाति क्षेत्रों तक फैल गया। इसके विस्तृत क्षेत्र में गुमला, पलामू तथा सरगुजा की आबोहवा भी आंदोलित हो उठी थी। लोगों ने विद्रोही रूख अख्तियार कर लिया तथा जमींदारों, साहूकारों, गैर–आदिवासियों की मजदूरी भी बंद कर दिया।[5] इन लोगों ने छोटानागपुर के राजा के सामने अपनी माँगों का प्रस्ताव रखा एवं निम्न अधिकार की माँग की –

1. उन्हें स्वशासन अर्थात् स्वराज प्रदान किया जाये।
2. राजा के पद को समाप्त कर दिया जाये।
3. समाज में समानता स्थापित किया जाये।
4. भू–कर समाप्त किया जाये, क्योंकि भूमि का स्वामी ईश्वर है, सरकार नहीं।

टाना भगत आंदोलन मुख्यतः दो चरणों से होकर गुजरा। पहला चरण जहां धार्मिक परिस्कार, शुद्धता एवं संवर्द्धन से जुड़ा था तो वहीं दूसरा चरण धार्मिक आवरण संबंधी विशेष नियमों के निर्धारण और नए धार्मिक संगठन से जुड़ा था। पारंपारिक उराँव–व्यवस्था के अंतर्गत प्रत्येक धार्मिक समारोह में पशुओं की बलि, नैवेद्य और हड़िया का चढ़ाया जाना आवश्यक था, टाना भगतों ने यह सब बंद कर दिया। इनके अनुसार सरना धर्म प्रेम, पूजा और श्रद्धा पर आधारित था।[6] ये एकेश्वरवादी थे और केवल एक सर्वोच्च देवता धर्मेश में विश्वास करते थे। इन लोगों ने मदिरा का त्याग किया, स्वयं से पकाये भोजन ग्रहण करते तथा आंतरिक एवं बाह्य शुद्धता का ध्यान रखते। टाना भगतों ने 'अखरा' में नृत्य, जंगल में शिकार और धुमकुड़िया का भी परित्याग कर दिया। सादगी को बढ़ाने एवं मोह माया से खुद को अलग करने के लिए वे न तो रंगीन वस्त्र पहनते थे और न ही किसी प्रकार का आभूषण धारण करते। आदिवासी सांस्कृतिक परंपरा में 'गोदना' का महत्वपूर्ण स्थान है। टानाओं ने इसका भी परित्याग कर दिया। पशुबलि को पूर्णतः समाप्त किया। डायन, मति, काला जादू और बोंगाओं को खुश करने के लिए पशुओं की बलि आदिवासी समाज में आम बात है।[7] टाना भगत समुदाय अंतःकरण की स्वच्छता पर विशेष ध्यान देता है, और यही तो हमारी सांस्कृतिक परंपरा है, जिसमें 'स्व' के शुद्धि एवं स्वयं के साक्षात्कार अर्थात आत्मसाक्षात्कार की बात भारतीय दर्शन में की गई है। दूसरों पर विजय प्राप्त करने से बेहतर स्वयं पर विजय प्राप्त किया जाए, तभी हृदय में ईश्वर का वास होगा।

**योगदान**

टाना भगत आंदोलन ने सामाजिक–धार्मिक परंपराओं, संकीर्ण विचारों एवं कुरूतियों पर सीधा एवं कड़ा प्रहार किया। जिस समय यह आंदोलन छोटानागपुर क्षेत्र में चल रहा था, उसी समय देश की अजादी के लिए गाँधीजी के नेतृत्व में भी एक राष्ट्रव्यापी आंदोलन चल रहा था। टाना भगतों ने चौकीदारी कर एवं जमींदारों को मालगुजारी नहीं देने का आह्वान किया। यह आंदोलन पूर्णतः अहिंसक था। स्वतंत्रता संघर्ष के दौरान गाँधीजी पहली बार 1917 में झारखंड आए एवं इसके बाद कई बार आते रहे। जब 1920–1922ई0 में गाँधीजी ने असहयोग आंदोलन शुरू किया तो टाना भगतों ने अपने नेता सिद्धु भगत के नेतृत्व में पहली बार राँची में गाँधीजी से मिले। गाँधीजी असहयोग आंदोलन के दौरान 1920 में राँची आए थे।[8] इस दौरान वे भीमराव वंशीधर मोदी धर्मशाला में रूके थे। गाँधीजी की उपस्थिति में ही इसी धर्मशाला के बाहर विदेशी कपड़ो की होली जलाई गयी थी। इस दौरान गाँधीजी टाना भगतों से भी मिले। टाना भगतों से गाँधीजी इतने प्रभावित हुए कि बाद में उन्होंने अपना प्रिय शिष्य बना लिया। इससे पूर्व दिसम्बर, 1919 ई0 में कूडू के टीका टाँड़, जहाँ 1832 ई0 में बुधु भगत ने अंग्रेजों के विरूद्ध हिंसात्मक आंदोलन की घोषणा की थी, में टाना भगतों की बैठक हुई थी जिसमें अंग्रेजों के विरूद्ध आंदोलन करने का संकल्प करने, स्वयं नियमित सूत कातने, गाँधी टोपी पहनने, तिरंगा तथा अपने साथ घंटी रखने का निर्णय लिया गया। टाना भगत अब भी उसका पालन करते हैं। नियमित स्नान, तुलसी की पूजा तथा घर–घर तिरंगा अब भी लहराता है। 12 फरवरी 1921 को पुनः कूडू में टाना भगतों की बैठक हुई जिसमें विभिन्न क्षेत्रों से 8000 से भी अधिक टाना भगतों ने भागा लिया। टाना भगतों का सामाजिक, सांस्कृतिक, धार्मिक तथा राजनीतिक आंदोलन जोर पकड़ने लगा। इससे अंग्रेज अधिकारी काफी चिंतित थे। गाँधीजी के विचारों से प्रभावित होकर टाना भगतों ने भारत के स्वतंत्रता आंदोलन में सक्रिय भागीदारी की तथा भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के गया अधिवेशन (1922) तथा नागपुर अधिवेशन (1923) में भाग लिया था।[9] 1928 ई0 मे कलकत्ता में

आयोजित भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस अधिवेशन में टाना भगत एक सप्ताह की पैदल यात्रा करके कलकत्ता पहुँचे थे। अंग्रेजों के द्वारा इनके कलकत्ता जाने पर पाबंदी लगा दी गई थी, अतः ये विरोध स्वरूप पैदल ही कलकत्ता पहुँच गये। लेकिन, यहाँ डेलिगेट व्यवस्था के कारण वे गाँधीजी से मिलने में असफल हो गए थे। अतः ये लोग जोर—जोर से गाँधीजी की जय, भारत माता की जय, बंदे मातरम् जैसे नारे लगाने लगे। इन्हें विश्वास था कि गाँधीजी इनकी आवाज सुनकर इनसे जरूर मिलने आएँगें। कुछ लोगों ने इस प्रकार नारे लगाने की सूचना गाँधीजी को दी जिसके बाद गाँधीजी ने इनके लिए निःशुल्क पास भेजकर अधिवेशन में शामिल कराया।[10] 1928ई0 में साइमन कमीशन विरोधी आंदोलन में भी टाना भगतों ने भाग लिया। 1930ई0 में सरदार पटेल ने बारदोली में कर न देने का आंदोलन चलाया था, जिससे प्रभावित होकर टाना भगतों ने भी सरकार को कर देना बंद कर दिया। परिणामस्वरूप अंग्रेजी सरकार ने उनकी भूमि नीलाम कर दी। सविनय अवज्ञा आंदोलन (1930—1932ई0) के दौरान नमक नहीं बना पाने के कारण इन्होंने नमक खाना ही छोड़ दिया था।[11] मार्च 1940ई0 भारतीय राष्ट्रीय को कांग्रेस का अधिवेशन रामगढ़ में हुआ। यह एक मात्र अवसर था जब कांग्रेस का कोई अधिवेशन झारखंड में हुआ। इसमें भारी संख्या में टाना भगतो ने भाग लिया। टाना भगतों ने रामगढ़ अधिवेशन में गाँधीजी को 400 रूपये उपहारस्वरूप प्रदान किए एवं भावी आजादी की लड़ाई में अपना पूर्ण समर्थन दिया।[12]

**आगे की राह**

1947 में देश आजाद हुआ। टाना भगतों के विकास के लिए 1948 में सरकार ने 'टाना भगत रैयत एग्रीकलचरल लैंड रेस्टोरेशन एक्ट' पारित किया।[13] इस अधिनियम के तहत 1913 से 1942 तक के बीच अंग्रेज सरकार ने जिन टाना भगतों की जमीन नीलाम की थी, उन्हे वापस दिलाया जाएगा ऐसा प्रावधान था। सरकारी आंकड़ो के अनुसार, टाना भगतों की लगभग 2486 एकड़ जमीन आज भी उन्हें पूरी तरह से वापस नहीं मिला है। इस संबंध मे 700 से अधिक मामले राज्य की विभिन्न अदालतों में लम्बित है। इनकी जमीन वापसी को लेकर सरकार की ओर से कई आश्वासन भी दिए गए, लेकिन विभिन्न तकनीकी अड़चनो का हवाला देकर उनका अधिकार उन्हें वापस नहीं मिल पाया। टाना भगतों के पूरे छोटानागपुर क्षेत्र में करीब 5000 परिवार हैं।[14] तकरीबन 35000 की आबादी टाना भगतों की है। इनके जीविकोपार्जन का मूल आधार खेती किसानी है। ऐसे में सरकार इनके भूमि को वापस नहीं लौटाती है, तो इनके जीवन पर ही खतरा है। टाना भगत समुदाय आज मजदूरी एवं कृषि श्रमिक के रूप मे कार्य करने को विवश है। उनके बच्चे जीविका की तलाश में अन्य राज्यों में पलायन करने को विवश है। सरकारी स्तर पर 1966 में बिहार के मुख्यमंत्री कर्पूरी ठाकुर (भारत रत्न) द्वारा 'टाना भगत वेलफेयर बोर्ड' की स्थापना की गई थी। मगर दुर्भाग्य की बात है कि यह बोर्ड सिर्फ 3 माह ही चल पाया था। 2017 में रघुवर दास की झारखंड सरकार ने इनके विकास के लिए 'टाना भगत विकास प्राधिकरण' का गठन किया।[15] वर्त्तमान झारखंड की हेमंत सोरेन की सरकार ने टाना भगतों के वस्त्र के लिए 2000 रूपया प्रतिवर्ष देने की घोषणा की है। उम्मीद एवं आशा भरी नजरों से टाना भगत समुदाय आज भी आजादी के अमृत महोत्सव काल में सरकार की ओर देख रहा है कि उसकी कोई तो सुध लेगा।

**संदर्भ सूची :—**

1- राँची एक्सप्रेस, 2 अक्टूबर, 1988, रबीन्द्र कुमार भगतः *''टाना आंदोलन के जकजतरा भगत।''*
2- एस0 सी0 राय, *उरांव रिलीजन एंड कस्टम्स, राँची*, 1928, पृ0—341
3- शिवानी किंकर चौबे, *भारत में उपनिवेशवाद स्वतंत्रता संग्राम और राष्ट्रवाद*, नाइस प्रिंटिंग प्रेस, दिल्ली, 1996, पृ0—115
4- जे0 रीड, फाइनल *रिपोर्ट ऑफ द सर्वे एंड सेटलमेंट आपरेशंस इन द डिस्ट्रिक्ट ऑफ रांची*, बंगाल सेक्रेटेरियट बुक डिपो, कलकत्ता, 1912, पृ0—126—136
5- एस0 सी0 राय, *द उरांव ऑफ छोटानागपुर : देयर हिस्ट्री, इकोनामिक लाइफ एंड सोशल आर्गनाइजेशन*, क्राउन पिब्लकेशन्स, दिल्ली, 1915, पृ0—159—164
6- बिपिन चन्द्र, *भारत का स्वतंत्रता संघर्ष*, हिंदी माध्यम कार्यान्वय निदेशालय—दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली, 1990, पृ0—163—168
7- सुमित सरकार, *आधुनिक भारत (1885—1947)*, राजकमल प्रकाशन, नई दिल्ली, 1993, पृ0—197—202
8- बी0 वीरोत्तम, *झारखंड : इतिहास एवं संस्कृति*, बिहार हिंदी ग्रंथ अकादमी, पटना, 2007, पृ0—347
9- एफ0 ए0 बी0 टेलर, *फाइनल रिपोर्ट ऑन रिविजनल सर्वे एंड सेटलमेंट इन राँची 1927—1935*, सुपरटेडेंट गर्वनमेंट प्रिंटिग, पटना, 1938, पृ0—42
10- टाइम्स ऑफ इंडिया, 13 दिसम्बर, 2012, के0 ए0 गुप्ताः *''टाना भगत वाट्स अर्ली सोल्यूशन टू देयर प्रोब्लमस्।''*
11- प्रभात खबर, 25 अक्टूबर, 2018, अरविंद मिश्रा *''टाना भगत जो आज भी जीतें हैं महात्मा गांधीके आदर्शों पर।''*
12- एस0 सी0 राय, *द उरांव ऑफ छोटानागपुर*, द ब्रह्म मिशन प्रेस, कलकत्ता, 1915, पृ0—158
13- वीर भारत तलवार, *झारखंड के आदिवासियों के बीच*, भारतीय ज्ञानपीठ, नई दिल्ली, 2008, पृ0—106
14- अमर उजाला, 06 अक्टूबर, 2019, गौतम चौधरी *''मुख्य धारा से दूर भारत का एक मात्र गांधी पंथी अहिंसक समुदाय है टाना भगत।*
15- इंडियन एक्सप्रेस, 30 सितम्बर, 2019, मुकेश रंजन : *''प्रेक्टिसिंग 'सत्य' एंड 'अहिंसा' : द कन्युनिटी विच् होल्ड्स गांधी एज गॉड।*

*'Journal of Research & Development'*
*A Multidisciplinary International Level Referred and Peer Reviewed Journal,*
*Impact Factor-7.265, ISSN: 2230-9578, April-2024, Volume-16 Issue-6*

# क्रांतिकारी संन्यासी स्वतंत्रता सेनानी : स्वामी सत्यानंद

**डॉ. शत्रुघ्न कुमार पाण्डेय**
सहायक प्रोफेसर, इतिहास विभागए संत कोलम्बा कॉलेज, हजारीबाग।
**Corresponding Author- डॉ. शत्रुघ्न कुमार पाण्डेय**
**DOI- 10.5281/zenodo.12275595**

***"देखो, आज मैं अपने रक्त से गुलामी की जंजीर को तर कर रहा हूं, ताकि तुम आसानी से उसे काट सको।"***

फांसी से एक दिन पूर्व, 25 मई 1934 को स्वामी सत्यानंद के शब्द।

**सारांश:**

मां भारती की गुलामी की बेड़ियों को काटने के लिए भारत के असंख्य लालों ने अपनी शहादत दी। कुछ ने क्रांतिकारी तरीके अपनाये और कुछ ने गांधीवादी तरीके। कुछ अपने क्षेत्र में सक्रिय रहे और कुछ अपनी जन्मभूमि से दूर रह कर अपने तरीके से आजादी की लड़ाई लड़े। ऐसा ही एक योद्धा क्रांतिकारी स्वतंत्रता सेनानी स्वामी सत्यानंद थे। जिन्होंने पलामू की धरती से दूर बनारस में जाकर आजादी की लड़ाई लड़ी। पलामू से बनारस गये थे संन्यासी बनने, दीक्षा भी ली, परन्तु मां भारती की बेड़ियों की खनक ने उन्हें झकझोर दिया और वे मोक्ष को भूल कर आजादी के सिपाही बन गये और चन्द्रशेखर आजाद के हिन्दुस्तान रिपब्लिक एसोसिएशन से जुड़ कर क्रांतिकारी कार्य करने लगे। बमरौली कांड, काकोरी कांड, पलामू डाकघर लूट कांड जैसे कार्यों में इनकी सहभागिता रही। बनारस में अंग्रेजी सरकार समर्थक एक सहूकार की हत्या और लूटपाट के अभियोग में काशी के दौरा जज ने इन्हें फांसी की सुनायी और बनारस के जिला जेल में 26 मई 1934 को इन्हें फांसी दी गयी। प्रस्तुत शोध–पत्र में स्वामी सत्यानंद, जिनके विषय में अल्पज्ञात है पर प्रकाश डाला गया है। यह बताया गया है कि वह कैसे और किन परिस्थितियों में हिन्दुस्तान सोशलिस्ट रिपब्लिक आर्मी की बनारस शाखा से जुड़े और उसके किन–किन कार्रवाइयों के अंग रहे? उन्होंने भारत की आजादी में किस प्रकार से योगदान दिया? ब्रिटिश शासन के समर्थकों के प्रति उनकी क्या रणनीति थी? इस शोध पत्र को पूरा करने के लिए प्राथमिक और द्वितीयक दोनों स्रोतों का प्रयोग किया गया है।

**की–वर्ड** : संन्यासी, क्रांतिकारी, प्रतिकार, सोशलिस्ट, फांसी, काकोरी कांड।

## प्रारंभिक जीवन : पाटन से काशी

ललकार और प्रतिकार की धरती माने जाने वाले पलामू जिले में स्वामी सत्यानंद का जन्म हुआ था। उनका मूल नाम रामधेनी (रामदेनी) नोनिया या चौधरी था। उनका जन्म स्थान सूठा गांव, वर्तमान में पाटन प्रखंड में है।[1] उनके पिता का नाम नकछेदी चौधरी था। चार भाइयों में सबसे छोटे रामदेनी थे और प्यार से घर वाले उन्हें 'देनी' बुलाते थे। इनके दादा बेच्चू चौधरी, जो आरा से आकर पाटन में बस गये थे, एक संपन्न व्यापारी थे और लाह, महुआ, कोवा, गोंद आदि का व्यापार करते थे। रामदेनी का परिवार संपन्न था और परिवार में किसी वस्तु की कमी नहीं थी।[2] रामदेनी बचपन से ही एकांती एवं साधु प्रकृति के थे। वे नीडर एवं परिस्थितियों से लड़ने वाले थे। वह दूसरे का दुख देख कर द्रवित हो उठते थे। वे साहसी एवं संकल्प के धनी थे। चेहरे पर ओज था और आंखें दिव्य थी। उनका रंग सांवला था और कद करीब साढ़े पांच फीट लम्बा था। सामाजिक कुरीतियां एवं अशिक्षा उन्हें सालती थी और वह उसे दूर करना चाहते थे। वह पूर्णतः शाकाहारी थे और परिवार के लोगों को भी इसके लिए प्रेरित करते थे। सांसारिक आकर्षण उन्हें क्षणिक और मिथ्या लगता था। परिवार वालों ने उन्हें सामाजिकता की डोर में बांधने के लिए उनका विवाह राजपुर, भोजपुर की एक कन्या से मात्र 16 वर्ष की आयु में ही कर दिया। सुहागरात को इन्होंने अपनी नवविवाहिता को अपने मन की बात बतायी और संन्यासी बनने के लिए काशी जाने का निश्चय किया। उन्होंने अपनी पत्नी को स्पर्श तक नहीं किया। दूसरे दिन इन्होंने गहने और सामान के साथ पत्नी को उसके मायके छोड़ा और वहीं से काशी संन्यासी बनने के लिए चल दिये। यह बात उनकी पत्नी के अलावे परिवार के किसी अन्य सदस्य को ज्ञात नहीं था।[3]

बाबा विश्वनाथ की नगरी काशी में रामदेनी नोनिया ने एक साधु से संन्यास की दीक्षा ली और अपना पहनावा बदल गेरुआ वस्त्र धारण किया और नाम मिला स्वामी सत्यानंद। पारिवारिक स्रोत बताते है कि यह घटना 1920 के आसपास की है। संन्यासी बनने के साथ ही वह बनारस के एक गुरुकुल में पढ़ाई भी करने लगे। बाद में उनके परिवार वाले भी उनके संन्यास को स्वीकार कर लिया। यद्यपि वे संन्यासी बन चुके थे, परन्तु परिवार के लोगों से उनका सम्पर्क बराबर बना रहा। अपने गांव के दो ब्राह्मण बालक सोमेश्वर द्विवेदी और रामाधार द्विवेदी को भी वह बनारस पढ़ने के लिए ले गये थे। दोनों का गुरुकुल में दाखिला हुआ।[4] इस समय वाराणसी का वातावरण भारत को आजाद कराने की भावना से ओत–प्रोत था। फलतः संन्यास और अध्ययन नेपथ्य में चले गये और तीनों का एक नया जीवन आरंभ हुआ। और जीवन था, देश माता की आजादी के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर करने वाला। स्वामी सत्यानंद के सहयोग से सोमेश्वर द्विवेदी और रामाधार द्विवेदी जो आर्यकुमार छात्रावास में रहकर पढ़ाई किया करते थे, गुप्त रूप से 'रणभेरी' अखबार बांटने लगे।[5]

## संन्यासी बना स्वतंत्रता सेनानी

बाबा विश्वनाथ की नगरी से रामदेनी नोनिया स्वामी सत्यानंद तो बन चुके थे, परन्तु अब भी उनकी जिजीविषा शांत नहीं हुई थी। देश की स्थिति और काशी में अंग्रेजों का अत्याचार उन्हें विचलित कर रहा था। काशी के अखबार और वातावरण ने उनके संन्यासी मन को झकझोर दिया। मोक्ष की तलाश की लालसा आजाद भारत में सांस लेने में बदल गयी और वे स्वतंत्रता सेनानी बन गये। कैसे और किस प्रेरणा ने स्वामी सत्यानंद की चेतना को आजादी के योद्धा संन्यासी की ओर मोड़ा, इसके प्रमाण मौन हैं, परन्तु ऐसा प्रतीत होता है कि काशी की स्थिति और साधु–संतों की प्रेरणा ने उन्हें इसके लिए प्रेरित किया होगा। उस समय काशी मध्य भारत के राजनीतिक आंदोलन का सबसे बड़ा केन्द्र था। वहां गांधीवादी आंदोलन भी चल रहा था और क्रांतिकारी आंदोलन भी चल रहा था। भारत की सांस्कृतिक राजधानी होने नाते काशी पूरब, पश्चिम, उत्तर और दक्षिण भारत की सांस्कृतिक, राजनीतिक और आध्यात्मिक चिंतन केन्द्र था। इसी केन्द्र में बंगाल,

पंजाब, महाराष्ट्र तथा मध्य भारत की क्रांतिकारी चेतना का संगम काशी की धरती बनी और वह जल्द ही भारत की आजादी की क्रांतिकारी गतिविधियों की मुख्य केन्द्र बन गयी। 'रणभेरी' और 'रिवॉल्यूशनरी' जैसे पत्रों के माध्यम से अंग्रेजी शासन की करतूतें जनता को बतायी जाती थी। अंग्रेजों के बर्बर करतूत से स्वामी सत्यानंद के मोक्ष की तलाश की आकांक्षा दफन हो गयी और उनके मन में देश को आजाद करने का जज्बा हिलोरें मारने लगी। उनका वैरागी मन देशभक्ति से ओत–प्रोत हो गया और वे देश की स्वाधीनता के कार्य में संलग्न हो गये।

**गांधीवादी से क्रांतिकारी सेनानी**

प्रारंभ में स्वामी सत्यानंद की आस्था गांधीवादी कार्य में थी। वह गांधीवादी तरीके से आयोजित ब्रिटिश सत्ता विरोधी कार्य में लग गये। जूलूस, विरोध–प्रदर्शन और भाषण उनके मुख्य कार्य बन गये। वे काशी के विद्वान नरेन्द्र देव, सम्पूर्णानंद, कमलापति त्रिपाठी, श्रीप्रकाश शुक्ल आदि नेताओं की सभाओं में नियमित जाने लगे। इस क्रम में उनकी दोस्ती नारायण दास, मुरलीधर, विद्याधर दूबे, विधान राय, बाबू ठाकुर दास जैसे कांग्रेसी नेताओं से हुई। वे सभी की सुनते थे और मौन रह कर उस पर विचार करते थे, परन्तु उनकी अतर्रात्मा कुछ और ही संकेत देती थी। गांधीवादी आंदोलन से उन्हें उस समय और भी निराशा हुई, जब गांधीजी ने चौरी–चौरा कांड के कारण असहयोग आंदोलन को स्थगित कर दिया था।[6] फलतः गांधीवादी तरीके से ब्रिटिश क्रूरता का विरोध उन्हें रास नहीं आयी। उन्होंने अपना योगदान टटोला तो उन्हें निराशा हुई। उनका मन चित्कार उठा और उन्होंने स्वयं की सक्रियता के बारे में सोचना शुरू किया तो अपने को क्रांतिकारी कार्य के अधिक निकट पाया।

**हिन्दुस्तान प्रजातंत्र संघ में शामिल**

स्वामी सत्यानंद को हिन्दुस्तान रिपब्लिक एसोसिएशन (हिन्दुस्तान प्रजातंत्र संघ) और उससे जुड़े क्रांतिकारी नौजवान संघ के कार्य ने अत्यधिक प्रभावित किया। वह काशी में रहकर इनके विचार एवं कार्य से जानते थे। फलतः वह इस संघ से जुड़ गये और बाद में सदस्य बन गये। वाराणसी में स्वामी सत्यानंद की मुलाकात रामनगर में रहने वाले श्याम बर्थवार से हुई। बर्थवार गया जिले के रहने वाले थे और अध्ययन के लिए वाराणसी में आये थे। बर्थवार 1918 से 1921 तक काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के छात्र थे और विष्णु शरण दुब्लिश के युवा संगठन के सदस्य थे, जो छात्रों का एक क्रांतिकारी संगठन था। उस समय वाराणसी में छात्रों का प्रमुख रूप से दो क्रांतिकारी संगठन कार्य कर रहा था। इनमें एक था दुब्लिश ग्रुप और दूसरा था पालीवाल ग्रुप। दोनों ग्रुप अंततः हिन्दुस्तान प्रजातंत्र संघ में विलीन हो गया।[7]

स्वामी सत्यानंद एवं श्याम बर्थवार का लक्ष्य एक ही था, फलतः दोनों में परिचय भी स्वाभाविक था। पड़ोस के होने के कारण (पलामू और गया तब पड़ोसी जिले थे और दोनों की सीमा जुड़ी हुई थी) दोनों का परिचय प्रगाढ़ हुआ और वे घनिष्ठ मित्र बन गये। दोनों हिन्दुस्तान प्रजातंत्र संघ की गुप्त बैठक में शामिल होकर कार्य करने लगे। दोनों संघ के बनारस के क्रांतिकारी नौजवान जिला समिति के सदस्य थे। उन दिनों हर युवा सचिन्द्र नाथ सान्याल की पुस्तक 'बंदी जीवन' पढ़ा करता था। हरेक युवा के हाथ में यह पुस्तक होती थी, और वह इसके विचार से प्रभावित था।[8] सचिन्द्र नाथ सान्याल लिखते हैं कि ''मैं यह किताब (बंदी जीवन)[9] इसलिए लिख रहा हूं, ताकि भविष्य में इतिहासकार इसकी मदद से भारत के इतिहास के कुछ अध्यायों को सही परिप्रेक्ष्य में देख सकें और उन्हें सामने ला सकें।''

क्रांतिकारी कार्य से संबद्ध होने के कारण स्वामी सत्यानंद की गतिविधियां बढ़ गयीं। वे अपने मित्रों के साथ मिल कर 'ऐक्शन' (क्रांतिकारी कार्य) करने लगे। यद्यपि उनका केन्द्र रामनगर क्षेत्र था, परन्तु वे कहीं भी आ जा सकते थे। उनके प्रमुख क्रांतिकारी मित्रों में श्याम बर्थवार[10], राधारानी सेन[11] जीवाराम जोशी[12], पुरुषोत्तम दूबे[13] राम प्रसाद बिस्मिल[14], चन्द्रशेखर आजाद[15], विष्णु शरण दुब्लिश[16], गणेश प्रसाद वर्मा[17] आदि थे।[18]

हिन्दुस्तान रिपब्लिक एसोसिएशन के पांच विभाग थे– प्रचार विभाग, मनुष्य संग्रह विभाग, आतंकवाद और धन संग्रह विभाग, युद्धोपयोगी सामान संग्रह विभाग और विदेश विभाग। प्रचार विभाग का कार्य प्रचार करना था। इसके लिए खुले और गुप्त प्रेस, व्यक्तिगत बातचीत, आम सभा प्रतिनिधियों, संगठित कथाओं तथा मैजिक लालटेन के साधन काम में लाये जाते थे। मनुष्य संग्रह का कार्य जिला संगठनकर्ता के अधीन था। धन संग्रह के लिए खुशी से दिया गया चंदा तथा आवश्यकता पड़ने पर जबर्दस्ती एकत्र करने का तरीका काम में लाया जाता था। सरकार के कठोर दमन के अवसर पर प्रतिशोध लेने के लिए हर संभव तरीके को काम में लाना संघ का आवश्यक कर्तव्य था। युद्धोपयोगी सामान संग्रह विभाग के तहत संघ के प्रत्येक सदस्य को सशस्त्र करने का निश्चय किया गया था परन्तु शस्त्र प्रांतीय कौंसिल के आदेश से काम में लाने का नियम था। संघ के जिले के अधिकारी की जानकारी के बाद ही हथियार रखे या हटाये जा सकते थे। विदेश विभाग का कार्य केन्द्रीय समिति के आदेशानुसार किया जाता था।[19] इस प्रकार हिन्दुस्तान रिपब्लिक आर्मी एक सशक्त संघ था और इसकी जिला, प्रांतीय और केन्द्रीय कमेटी के कार्य एवं दायित्व निर्धारित थे, जो अत्यंत गोपनीय थे।

स्वामी सत्यानंद आतंकवादी एवं धन–संग्रह कमेटी के सदस्य थे। कमेटी और संघ को संचालित करने के लिए धन एकत्र करना सबसे बड़ी चुनौती थी। इस कारण निर्णय लिया गया था कि चंदा के साथ–साथ राजनीतिक डकैती भी संघ के सदस्य डालेंगे और सरकारी तंत्र को निशाना बनायेंगे, क्योंकि सरकारी खजाने भारत की जनता का खून चूस कर जमा किया हुआ है। डकैती का धन पार्टी के लिए शस्त्र संग्रह और प्रचार पर खर्च किया जाता था। साथ ही संघ के कार्य में 24 घंटे लगे क्रांतिकारियों को भी भरण–पोषण के लिए कुछ राशि दी जाती थी। इसके अलावा पार्टी के सदस्यों को कुछ मासिक राशि देना होता था। इस कारण निर्णय लिया गया कि सरकारी राजनैतिक डकैतियों के अलावा बड़े साहूकारों को भी लूटा जाये।। परन्तु किसी भी स्थिति में मध्यम या उससे नीचे के श्रेणी के लोगों के यहां डकैती नहीं डाली जाये।[20]

सशस्त्र क्रांति के लिए शस्त्र की जरूरत थी और इसके लिए विदेश से शस्त्र मंगाने का प्रयत्न शुरू हुआ। परन्तु धन की समस्या को दूर किये बिना यह संभव नहीं था। इसी को लेकर हिन्दुस्तान रिपब्लिक आर्मी की संयुक्त प्रांत की प्रांतीय कमेटी की एक बैठक 3 अक्टूबर 1924 को कानपुर की पीली कोठी धर्मशाला में हुई थी। इस बैठक में योगेश चटर्जी, सुरेशचन्द्र भट्टाचार्य, राम प्रसाद बिस्मिल, विष्णु चरण दुब्लिश आदि उपस्थित थे। बैठक में

कार्ययोजना तैयार की गयी और प्रत्येक जिले में एक ऑर्गेनाइजर नियुक्त किया गया।[21] स्वामी सत्यानंद बैठक के हिस्सा थे या नहीं साक्ष्य मौन हैं। परन्तु इस बैठक में श्याम बर्थवार शामिल हुए थे।[22] बैठक की कार्यवाही की जानकारी स्वामी सत्यानंद को थी और बैठक में पारित धन एकत्र करने के प्रस्ताव को लेकर वे काफी उत्सुक थे।

**बमरोली लूट कांड और स्वामी सत्यानंद**

हिंदुस्तान रिपब्लिकन एसोसिएशन के क्रांतिकारियों ने संघ के फंड के लिए पहली डकैती 25 दिसंबर 1924 को क्रिसमस की रात बमरौली में डाली थी, जिसका नेतृत्व राम प्रसाद बिस्मिल ने किया था। ठाकुर रोशन सिंह, अशफाकउल्लाह और अन्य के साथ संभवतः स्वामी सत्यानंद भी इस कांड में शामिल थे। बमरौली पीलीभीत जिले में है, जो उत्तर प्रदेश का भाग है। जिस व्यक्ति यहां डाका डाला गया था, उसका नाम बलदेव प्रसाद था। वह गांव का रईस व्यापारी था और चीनी का व्यापार किया करता था। वह अपनी सूदखोरी के लिए कुख्यात था। क्षेत्र की जनता उससे त्रस्त थी। उसे ब्रिटिश सरकार का समर्थन प्राप्त था। उसके यहां से लूट में 4000 रुपये नकद और सोना–चांदी हाथ लगे। इस लूट में मोहन लाल नाम का एक पहलवान मारा गया। उसने क्रांतिकारियों का प्रतिरोध किया। उसने ठाकुर रोशन सिंह को चुनौती दी थी। ठाकुर रोशन सिंह ने उसे गोली मार कर ढेर कर दिया। क्रांतिकारियों को यहां से कुछ हथियार भी मिले। इसी केस में बाद में 19 दिसम्बर 1927 को ठाकुर रोशन सिंह को नैनी के मलाका जेल में फांसी दे दी गयी।[23]

**काकोरी कांड में सहभागिता**

विदेश से कुछ हथियार कलकत्ता आ चुके थे और उन्हें खरीदने के लिए हजारों रुपये की नितांत आवश्यकता थी। इस समय फौजी विभाग के अध्यक्ष पंडित राम प्रसाद बिस्मिल थे। इसके लिए 8 डाउन पेसेंजर गाड़ी को लूटने की योजना बनायी गयी और तिथि 9 अगस्त 1925 को चुना गया। 7 और 8 अगस्त 1925 को सभी क्रांतिकारी शाहजहांपुर में इस ऐक्शन के लिए एकत्र हुए थे। 9 अगस्त को शचीन्द्र नाथ बख्शी, राजेन्द्र नाथ लाहिड़ी, अशफाकउल्लाह, चन्द्रशेखर आजाद, राम प्रसाद बिस्मिल, मन्मथनाथ गुप्त, मुकुन्दीलान गुप्ता, बनवारीलाल श्रीवास्तव सहित 10 क्रांतिकारी शाहजहांपुर से पेसेंजर ट्रेन पर सवार हुए।[24] हालांकि स्वामी सत्यानंद का नाम इस ट्रेन लूट कांड में प्रत्यक्षतः नहीं मिलता, परन्तु श्याम बर्थवार ने अपने एक लेख 'अतीत के गर्त से : क्रांतिकारी जीवन की एक झांकी, सत्यानंद को फांसी' के उपशीर्षक 'काकोरी डकैती कांड' में लिखा है कि ''सुबह होते थे युवक संघ के कुछ वॉलिंटियर और स्वामी सत्यानंद के साथ हमलोग काकोरी के लिए प्रस्थान कर गये, जहां चन्द्रशेखर आजाद आदि हमलोगों की प्रतीक्षा कर रहे थे। वहां से एक मुसाफिर गाड़ी लखनऊ के लिए चली। मैं गाड़ी पर सवार हो गया। सभी निश्चित अड्डे के लिए प्रस्थान कर गये। थोडी दूर जब गाड़ी आगे बढ़ गयी तो मैंने जंजीर खींच दी। सी... सी... सी.... करती हुई ट्रेन रूक गयी। युवकों ने गाड़ी को घेर लिया। सबके सब आग्नेयास्त्र से लैस थे। गार्ड और इंजन चालक हाथ उठा कर जमीन पर लेट गये। युवक सरदार हाथ में तमंचा लेकर घूम रहा था। किसी यात्री को बाहर झांकने की हिम्मत नहीं थी। एक अंग्रेज को नहीं रहा गया। उसने अपनी बंदूक की नली आजाद की ओर तान दी कि स्वामी सत्यानंद की गोली उस अंग्रेज का कलेजा चीरती हुई निकल गयी। अंग्रेज छटपटाया और वहीं ढेर हो गया। चांदी के रुपयों का वजन करीब पांच मन से ऊपर था। मोटर साइकिल पर लाद कर हमलोग उसे जंगल की ओर लापता हो गये। कुछ देर बाद गाड़ी ने सीटी दी और पराजित सेना की तरह पूरब की ओर चली गयी।''[25]

काकोरी कांड में सात साल की सजा पाये रामदुलारे त्रिवेदी ने अपनी पुस्तक 'काकोरी के दिलजले' में लिखा है कि गाड़ी के निर्दिष्ट स्थान पर पहुंचते ही दूसरे दर्जे से खतरे की जंजीर खींच दी गयी। गार्ड के रूकते ही गार्ड, मामला क्या है, जानने के लिए आगे बढ़ा। निश्चित व्यक्ति ने आगे बढ़ कर रिवाल्वर उसके सामने तान कर उसे पट लेटे रहने का हुक्म दिया। गार्ड साहब ने आज्ञा का पालन किया। एक आदमी ने इंजन पर पहुंच कर अंग्रेज ड्राइवर से अपनी जगह खाली करने को कहा। ड्राइवर अपनी कुर्सी के नीचे घुस गयौ। दूसरे लोग इधर–उधर हो गये। दो आदमियों ने ब्रेकवान में चढ़ कर लोहे के संदूक को नीचे गिरा दिया। उसे तोड़ना शुरू किया गया। दो आदमी सशस्त्र होकर उनकी रक्षा करने लगे और चार आदमी दो–दो के दलों में गाड़ी के दोनों ओर खड़े होकर पांच–पांच मिनट के अंतर में फायर करने लगे। दाहिने और से दो मिनट का अंतर रखा गया था। चाबी लखनऊ स्टेशन पर थी, इस कारण संदूक तोड़ना पड़ा। थैले निकालने भर जब जगह हो गयी, तब थैले का मुंह तोड़ कर पैसा निकाल लिया गया और सभी चंपत हो गये।[26]

इस घटना के पहले और बाद से ही पुलिस के गुप्तचरों की निगाह नौजवान सभा पर सदैव होती थी। छाया की तरह पीछा करते पुलिस खुफिया से अपने को छुपाना एक कठिन समस्या होती थी। स्वामी सत्यानंद पर पुलिस की खास निगाह थी। परन्तु सत्यानंद को इसकी लेशमात्र भी परवाह नहीं थी। फलतः निर्णय लिया गया कि सत्यानंद के साथ अन्य साथियों का सम्पर्क न के बराबर हो और कुछ वैसा कार्य उन्हें सौंपा जाये, जिससे वह वाराणसी से दूर रहें।[27] परन्तु यह हो नहीं सका। और स्वामी सत्यानंद बनारस में ही रह गये। स्वामी सत्यानंद कहीं जा भी नहीं सकते थे, क्योंकि बनारस ही उनका कर्म और धर्म स्थल था। संन्यास दीक्षा के बाद यहीं उनका जीना और मरना था। पुलिस की पकड़ से बचने के लिए कभी वह भूमिगत हो जाते थे और कभी अचानक प्रकट हो जाते थे। उनका रहने का कोई निश्चित ठौर–ठिकाना नहीं था। कभी वे आर्य स्कूल छात्रावास तो कभी नेपाली खपड़ा तो कभी बनारस के कबीर चौरा के पास स्थित दीनानाथ का गोला में, कभी कमच्छा के भृंगराज अनाथालय में तो कभी ज्ञानचंद मोरब्बावाले ठठेरी बाजार में रहते थे।

**1925–29 का दौर और डकैती की योजना**

हिन्दुस्तान रिपब्लिक एसोसिएशन के लिए 1925 से 1929 का दौर अत्यंत भारी था। कई महत्वपूर्ण क्रांतिकारी पुलिस की गिरफ्त में थे और जेल की सजा काट रहे थे। कुछेक को फांसी दी चुकी थी। काकोरी कांड के बाद पुलिस की खुफिया तंत्र की सक्रियता काफी बढ़ चुकी थी। फलतः 26 सितम्बर 1925 के बाद तलाशी और गिरफ्तारी लगातार होने लगी। सहारनपुर, शाहजहांपुर, लखनऊ, बनारस, इलाहाबाद, कलकत्ता, पूना, जबलपुर, रायबरेली, पंजाब आदि स्थानों से कई प्रमुख क्रांतिकारी पकड़ लिये गये थे। जो बचे थे, वे इधर–उधर बिखर गये थे या वेश बदल कर रह रहे थे। ऐसे में गुप्त योजनाओं के ऐक्शन की जवाबदेही उन क्रांतिकारी युवाओं की थी, जो

अब भी पुलिस को चकमा देने में कामयाब थे। श्याम बर्थवार बनारस से बाहर थे। अन्य क्रांतिकारी भी वहां से बाहर निकल चुके थे। इधर संगठन के लिए हथियार खरीदना जरूरी था। हथियार कलकत्ता आ गये थे। एक रिवाल्वर के साथ एक आदमी को कलकत्ता से बनारस आना था और उसे 500 रुपये बहुत जल्दी में देना था। इसका जिम्मा संगठन ने स्वामी सत्यानंद को दिया था। परन्तु उनके पास 10 रुपये भी नहीं थे। पैसा की व्यवस्था जल्द से जल्द करना था, क्योंकि हथियार वाला व्यक्ति कभी भी बनारस आ सकता था। हथियार और उसे जुड़े आदमी की सूचना स्वामी सत्यानंद को राधारानी सेन ने दिया था, जो कलकत्ता से लौटी थीं। इस कारण स्वामी सत्यानंद पैसे को लेकर परेशान थे।[28]

अगले दिन स्वामी सत्यानंद को ज्ञात हुआ कि श्याम बर्थवार बनारस लौट चुके हैं और बुल्ला नाला के एक खादी दुकान पर हैं। स्वामी सत्यानंद उनसे मिलने यहीं आ गये। अपने गेरुआ चादर के भीतर से उन्होंने एक पर्चा निकाल कर श्याम बर्थवार को दिया। पर्चा में लिखी योजना की गंभीरता को देखते हुए श्याम बर्थवार दुकान से बाहर आकर बनारस कोतवाली के पीछे वाली गली स्थिति अपने कमरे में आ गये। स्वामी सत्यानंद भी उनके साथ हो लिये। कमरे का दरवाजा बंद किया गया और उस पर्चे में लिखी योजना को लेकर दोनों में वाद–विवाद हुआ। उस पर्चे में हथियार के लिए पांच सौ रुपये की लूट कहां करनी है, इसकी योजना थी। पर्चा में लिखा हुआ था कि इसके लिए बंगाली टोला के विधवा के यहां डाका डाला जायेगा। यद्यपि विधवा बनारस के विश्वनाथ गली में भिक्षाटन करती थी, फिर भी काफी धन उसके पास था। श्याम बर्थवार से इस योजना को त्याग देने को कहा। इसके बाद राधारानी सेन, पुरुषोत्तम दूबे और जीवाराम जोशी के साथ इस योजना पर विचार किया गया। सभी ने एक स्वर में इसे हिन्दुस्तान सोशलिस्ट रिपब्लिक एसोसिएशन की भावना के विपरीत माना और विधवा के घर डाका डालने की योजना त्याग दी गयी। हालांकि इसे लेकर अपनी खीझ भी स्वामी सत्यानंद ने प्रकट की, परन्तु उनके व्यवहार और उद्देश्य पवित्र थे।[29]

स्वामी सत्यांनद अपने उद्देश्य की पूर्ति के लिए कभी–कभी अत्यंत वहशी हो जाते थे। धीरज खो देते थे और हाथा–पाई भी करने लगते थे। गांधीवादी नेताओं से उनका अक्सर तीखा नोंक–झोंक होता था। वे कांग्रेसी कार्यकर्ताओं पर व्यंग्य करते थे कि ''एक अच्छी सुबह को गोरे आयेंगे और तुम्हारी थैली में आजादी का तोहफा डाल जायेंगे।''[30]

स्वामी सत्यानंद को जब कभी क्रांतिकारी उद्देश्यों को अमली जामा पहनाने के क्रम में ब्रिटिश साम्राज्यवाद की विशाल शक्ति का अनुभव होता और लक्ष्य की प्राप्ति में अपनी ताकत की लघुता का आभास होता, वह गंभीर चिंतन में डूब जाते थे। काफी माथा–पच्ची होती थी। लेकिन उनके उमंगों में शायद ही कोई फर्क पड़ता था।[31]

**डाल्टनगंज पोस्टल डकैती कांड, 27 मई 1929**

मानवीयता और नैतिकता के कारण बनारस के विधवा के घर डाका डालने का निरापद विचार त्याग दिया गया था, परन्तु पैसे की व्यवस्था अब भी अहम प्रश्न था। अजीब पशोपेश थी। ऐसे में स्वामी सत्यानंद ने पुरुषोत्तम दूबे और गणेश प्रसाद वर्मा ने साथ मिल कर नया ऐक्शन प्लान तैयार किया। यह ऐक्शन था बनारस से दूर डाल्टनगंज में पोस्टल डाक को लूटना। स्वामी सत्यानंद और गणेश प्रसाद वर्मा तो पलामू के ही रहने वाले थे। इनमें से भी श्री वर्मा डाल्टनगंज के ही थे। वे इस शहर से पूरी तरह से परिचित थे। श्याम बर्थवार और राधारानी सेन ने भी इस योजना पर अपनी सहमति दे दी थी।[32]

इस प्रकार पलामू पोस्टल लूट की योजना तैयार हो गयी। अब उसे अंजाम तक पहुंचाना शेष था। तब डाल्टनगंज में क्रांतिकारी सरगर्मी न के बराबर थी। अतः इस ऐक्शन की असफलता की संभावना कम थी। पुलिस सोच भी नहीं सकती थी कि बनारस में इसे प्लान किया गया है। डाल्टनगंज शहर के नक्शे का जुगाड़ गणेश प्रसाद वर्मा ने किया। गणेश प्रसाद वर्मा के साथ स्वामी सत्यानंद और पुरुषोत्तम दूबे काशी से डाल्टनगंज के लिए रवाना हो गये। प्रथमतः वहां की पूरी जानकारी प्राप्त करने के लिए वे पहले गये थे। दूसरे दिन श्याम बर्थवार डाल्टनगंज पहुंचे। वह अपने वकील मित्र नागेश्वर प्रसाद सिंह के यहां ठहरे हुए थे। वकील साहब के यहां ही गणेश प्रसाद वर्मा, श्याम बर्थवार से मिले और ऐक्शन पर विशद् चर्चा हुई। जिस दिन लूट की योजना बनायी गयी थी, उस दिन डाल्टनगंज में एक चैरिटी कार्यक्रम हो रहा था, अतः पुलिस उसी को लेकर व्यस्त थी। योजना के अनुसार ऐक्शन स्थल का निरीक्षण कर लिया गया। पोस्ट ऑफिस और कमिश्नर के बंगला के आस–पास कोई आबादी नहीं थी। सड़क के बगल में परसवन (पलाश के वृक्षों का सघन वन) था, जो छुपने की दृष्टि से काफी मुफीद था। यह पनाह का स्थान था और इसे छुपने के लिए क्रांतिकारियों ने चुना था। योजना यह थी कि डाकघर की थैली का पीछा पुरुषोत्तम दूबे करेंगे, परसवन के निकट स्वामी सत्यानंद रहेंगे तथा कमिश्नर बंगला के फाटक की चौकसी श्याम बर्थवार करेंगे।[33]

यह 27 मई 1929 का दिन था। शाम के 7:30 बजे थे। अंधेरा हो चला था। डाक परिचारी लालचंद पोस्ट ऑफिस की ओर से थैले भरा ठेला लेकर आ रहा था। पुरुषोत्तम दूबे उसके पीछे थे। सड़क सूनी थी। सभी अपने स्थान पर थे। जैसे ही ठेला डिप्टी कमिश्नर बंगला से गुजरा, स्वामी सत्यानंद ने डाक परिचारी के सिर पर प्रहार कर दिया और वह लुढ़क कर गिर गया। उसके सिर से खून बह रहा था। अचानक दूसरा आदमी वहां आ धमका। तभी श्याम बर्थवार वहां पहुंच गये। वह आदमी उनसे कुछ पूछना चाह रहा था, तभी उन्होंने उस पर रिवाल्वर तान दी। वह आदमी भय से बेहोश होकर गिर पड़ा। संभवतः वह डाक सेवक शिवनंदन राम था। डाक की राशि लूट कर स्वामी सत्यानंद एवं पुरुषोत्तम दूबे परसवन की ओर ओझल हो गये। वहां गणेश वर्मा उनकी प्रतीक्षा कर रहे थे। श्याम बर्थवार स्टेशन की ओर लपके और इत्मिनान से नागेश्वर बाबू के घर पहुंचे।[34]

डाक लूट की यह घटना अत्यंत संवेदनशील था, क्योंकि यह उपायुक्त के बंगले के निकट हुआ था। वहां सशस्त्र पुलिस का पहरा लगा था, परन्तु किसी का ध्यान घटना के वक्त नहीं गया। दूसरे दिन इस घटना को लेकर कुहराम मच गया। पुलिस द्वारा सर्च अभियान चलाया गया, परन्तु कोई पकड़ में नहीं आया। नागेश्वर प्रसाद सिंह बहुत चिंतित थे, परन्तु उसके सहयोग से सभी क्रांतिकारी राशि लेकर जो करीब 2,000 रुपये था, काशी निकल गये।[35] ऐक्शन सफल रहा। डाक का थैला लूट लिया गया था।

इस घटना के तत्काल बाद इसकी सूचना टेलीग्राम के माध्यम पलामू के डिप्टी कमीश्नर एस0 एस0 व्हास ने बिहार–उड़ीसा के चीफ सेक्रेटरी को 27 मई 1929 को प्रेषित किया, जिसमें लिखा था : श्डंपस ठंहे त्वइइमक सेंज दपहीज ंज इवनज 8ण्00 च्ड ंद क्ंसजवदहंदर ज्वूद दमंत वद ूंल जव त्ंपसूंल ैजंजपवदण डंपस चंतजसल तमबवअमतमकण क्वमे दवज ंचचमंत चवसपजपबंसण त्मचवतज ूपसस मिससवूण्श[36]

टेलीग्राम के बाद घटना के दूसरे दिन 28 मई 1929 को पलामू के उपायुक्त एस0 एस0 व्हास, ने छोटानागपुर के कमीश्नर जे0 ए0 हबैक[37] और बिहार–उड़ीसा के मुख्य सचिव को घटना का विस्तृत विवरण भेजा।[38] अपने पत्र में उपायुक्त ने छोटानागपुर के आयुक्त को संबोधित करते हुए लिखा कि ''कल (27 मई 1929) के मेरे टेलीग्राम के बावत मैं डाक घर लूट की घटना का विस्तृत विवरण प्रेषित कर रहा हूं।''

उपायुक्त ने लिखा कि ''27 मई 1929 की शाम को 8:30 बजे डाक सेवक शिवनंदन राम, डाक परिचारी लालचंद के साथ सदर सब इंस्पेक्टर के कार्यालय गये और सूचना दी कि उसी शाम 7:30 बजे वे डाक के थैले को ठेला पर लेकर डाल्टनगंज पोस्ट ऑफिस से रेलवे स्टेशन की ओर जा रहे थे। जब वे डिप्टी कमीश्नर के बंगले के निकट स्थित सर्किट हाउस के सामने से गुजर रहे थे, 20 लोगों का एक समूह खास महल पारस जंगल से, जो डाक बंगला के निकट ही है, से निकल कर अचानक सामने आ गया। उनके हाथों में लाठियां थीं। उन लोगों ने शिकायतकर्ता (शिवनंदन) और उसके साथी (लालचंद) पर हमला कर दिया और ठेला पर रखे आठ थैलियों को लूट कर पारस जंगल की ओर भाग गये। घना अंधेरा होने के कारण उनके चेहरे को नहीं देख पाया। हमलावर बनियान और कुर्ता पहने हुए थे और अपनी धोतियों को उन्होंने कच्छों की तरह ऊपर बांधे हुए थे।''

पत्र में उपायुक्त ने लिखा कि ''इस सबंध में आईपीसी की धारा 395 के तहत एक केस अविलम्ब दर्ज कर लिया गया है और जांच शुरू कर दी गयी है। घटना की सूचना मिलने के बाद मैं और पुलिस अधीक्षक तुरंत घटना स्थल पर पहुंचे और जानकारी प्राप्त की। इसके बाद पारस जंगल और पूरे शहर में सर्च अभियान चलाया गया। परन्तु डकैतों का अभी तक कोई सुराग नहीं मिल सका है। डाक परिचारी शिवनंदन को पीठ में और अंगुलियों में चोट लगी है जो गंभीर नहीं है, लेकिन लालचंद के सिर पर गहरी चोट है और उसके सिर से लगातार खून बह रहा है।''

उपायुक्त ने लिखा कि ''28 मई की सुबह शाहपुर जंगल, जो घटना स्थल से एक मील की दूरी पर है, में डाक के लूटे गये थैले फेंके हुए मिले। उन थैलों में पत्र, रजिस्टर्ड लिफाफे और पार्सल थे। तीन खाली थैलों को छोड़ कर बाकी थैले काट दिये गये थे और उनमें रखे तमाम पत्र, रजिस्टर्ड लिफाफे और पार्सल जमीन में यत्र–तत्र बिखरे पड़े थे। सभी रजिस्टर्ड और बीमाकृत लिफाफों के अंदर से तमाम सामग्रियां और कैश निकाल लिये गये थे। डाक विभाग के अधिकारियों के आकलन के अनुसार डकैतों ने इस घटना में 2000 रुपयों की लूट की है और आवश्यक नोट्स भी ले गये हैं।''

उपायुक्त ने यह भी लिखा कि ''घटना के समय शहर में दिल्ली के एक अनाथालय (मदन मोहन मालवीय द्वारा स्थापित) के अनाथ बच्चों द्वारा एक चैरिटी कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा था। इस कार्यक्रम को देखने के लिए लोगों की भीड़ एकत्र थी। इस कारण घटनास्थल पर सन्नाटा था, जिसका लाभ उठा कर डकैतों ने इस लूट को अंजाम दिया। अभी तक कि जांच में अभियुक्तों के संबंध में कोई ठोस जानकारी नहीं मिल सकी है। इस तरह के कोई साक्ष्य भी अब तक नहीं मिले हैं, जिससे माना जाए कि इस डकैती की प्रकृति राजनीतिक है। ऐसा संदेह है कि डाल्टनगंज और शाहपुर में रहने वाले आपराधिक प्रवृत्ति के डोम और अन्य बदमाशों एवं जुआरियों की संलिप्तता इस घटना में है। अपराधियों की पहचान के लिए शहर और आसपास के इलाकों में सघन अभियान चलाया जा रहा है। मैं इस पत्र की एक प्रति चीफ सेक्रेटरी को भी आवश्यक सूचनार्थ प्रेषित कर रहा हूं।''[39]

यह लूट हिन्दुस्तान सोशलिस्ट रिपब्लिक एसोसिएशन की विचारधारा से प्रभावित थे। गुप्त क्रांतिकारी संगठन के लिए धन एकत्र करना अत्यंत कठिन कार्य है। संघ का निर्देश था कि यह कार्य विदेशों से चंदा प्राप्त कर न किया जाये, क्योंकि इससे देश की गरीबी एवं दुर्बलता प्रदर्शित होगी। यह कार्य अंग्रेजी हुकूमत को लूट कर किया जाये, जिसने भारतीयों के धन को निर्ममतापूर्वक लूटा है। अतः इसके लिए देश के भीतर डकैतियों का सहारा लिया जा सकता है। इसके लिए विस्फोटक पदार्थ एवं आवश्यक शस्त्र संग्रहित किया जाये।[40] देश में नये धमाकों की गूंज होनी चाहिए और ब्रिटिश शासकों का शासन डोलना चाहिए।[41]

**बनारस कॉटन मिल प्रकरण, 1930**

बनारस कॉटन मिल के मालिक और मजदूरों के बीच मजदूरी और सुविधा देने को लेकर विवाद था। एक दिन मामले ने तूल पकड़ लिया। इसे सुलझाने की पहल बनारस जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री वकील ठाकुर दास ने की। वह स्वामी सत्यानंद के साथ मिल पहुंचे। ठाकुर दास स्वामी सत्यांनद के घनिष्ठ मित्रों में से थे। कांग्रेसी कार्यकर्ताओं के साथ मिल के प्रबंधकों ने मारपीट कर दी। उन्हें समझाने गये स्वामी सत्यानंद को उन्होंने बंधक बना लिया और उनके साथ बदसलूकी की। इन सबकी अगुवाई वहां का मुनीम कर रहा था। यद्यपि बाद में मामला शांत हो गया, परन्तु इस कदम ने स्वामी सत्यानंद के स्वाभिमान को आहत कर दिया था। फलतः प्रतिशोध की आग में स्वामी झुलस रहे थे और उन्होंने मिल के मुनीम को सबक देने की कसम खा ली।[42]

जल्द की स्वामी सत्यानंद को इसका मौका मिल गया। गोदौलिया की तरफ से आ रहे स्वामी सत्यानंद सत्यनारायण मंदिर के बगल वाली गली के पास युवक संघ के कार्यालय के निकट आकर रूक गये। दूसरी ओर से एक तांगा चैकी आ रहा था, जिसमें कॉटन मिल का मुनीम बैठा था। स्वामी सत्यानंद के लिए मुनीम को सबक सीखाने का एक अच्छा मौका था। उन्होंने तांगा रोका और जब तक मुनीम समझ पाता, स्वामी सत्यानंद ने उसे खींच कर जमीन पर गिरा दिया और उस पर लात घूसा बरसाने लगे। वे चाकू से मुनीम पर वार करने वाले ही थे कि आगे बढ़ कर पुरुषोत्तम दूबे और श्याम बर्थवार ने स्वामी को पकड़ लिया और ऐसा करने से रोक दिया। साथियों का प्रतिकार और भीड़ को देख कर स्वामी सत्यानंद वहां से ओझल हो गये। भीड़ भी उन्हें नहीं देख पायी और मुनीम भी उन्हें नहीं देख पाया, क्योंकि उनका चेहरा ढका हुआ था। जब तक पुलिस

पहुंचती, उनके दोनों दोस्त भी खिसक गये। इस प्रकार स्वामी की शिनाख्त नहीं हो पायी।[43]

अनुशासन और संगठन की दृष्टि से स्वामी सत्यानंद का यह व्यवहार अवांछनीय था। उनका यह व्यवहार मुसीबत का कारक बन सकता था। स्वामी हठी स्वभाव के थे और कभी–कभी अनर्गल कार्य भी कर बैठते थे। उन्हें परिणाम की चिंता कभी नहीं होती थी। वे अल्लहड़ एवं मस्तमौला थे। एक बार किसी काम को करने का ठान लिया, तो उसे पूरा करके की दम लेते थे। कभी–कभी उनका व्यवहार उन्मत हो जाता था और वे सिद्धांत और आदर्श को भूल जाते थे।

मुनीम पर आक्रमण की घटना के गवाह उनके दोनों दोस्त (श्याम बर्थवार एवं पुरुषोत्तम दूबे) तेजी से दूबेजी के घर पहुंचे। अभी वे घटना और स्वामी के व्यवहार पर तर्क–वितर्क कर ही रहे थे कि वहां स्वामी सत्यानंद भी पहुंच गये। स्वामी ने व्यंग्य भरे शब्दों में कहा, ''चलाये जाओ, अपनी चक्की चलाये जाओ। खूब बाल की खाल उतारो। चमड़ा बचाने का इससे सुन्दर बहाना क्या हो सकता है? मेरी नजर में सिद्धांत की बातें करना और उस पर अमल न करना कायरता को छुपाने का उपक्रम है।'' इसके बाद स्वामी सत्यानंद ने अपने चादर के अंदर से एक थैली निकाली और अपने मित्रों के सामने रख दी। इस थैली को उन्होंने कॉटन मिल के मुनीम से झपट लिया था, जब वह जमीन पर बदहवास गिरा हुआ था। इस थैली में चांदी की पांच सिल्लियां और 200 रुपये थे। स्वामी ने अपने मित्रों से कहा कि ''.....इस धन का उपयोग अच्छे कामों में नहीं किया जा सकता, क्योंकि यह कलंकित पैसा है। श्याम बर्थवार एवं पुरुषोत्तम दूबे ही इसके खर्च का हिसाब–किताब करें।'' स्वामी ने मुनीम से प्रतिशोध लेने की बात भी कही। इसके बाद उस राशि को पुरुषोत्तम दूबे के आवास पर छोड़ अगले ऐक्शन (क्रांतिकारी कार्य) की योजना के लिए स्वामी सत्यानंद एवं श्याम बर्थवार कचौड़ी गली के आर्य कन्या छात्रावास आ गये और काफी रात तक योजना और उस पर अमल की रणनीति बनाते रहे।[44]

**स्वामी सत्यानंद एवं बम की पूजा**

'फिलॉस्फी ऑफ बम' महात्मा गांधी की 'बम की पूजा' लेख का प्रतिकार था, जिसमें गांधी जी ने क्रांतिकारियों की कार्रवाई की निंदा की और इसे कायरतापूर्ण बताया था। गांधी जी का लेख 23 दिसम्बर 1929 को दिल्ली–आगरा रेल लाइन पर ब्रिटिश साम्राज्य के स्तम्भ वायसराय लॉर्ड इरविन की स्पेशल ट्रेन उड़ाने से संबंधित थी। ट्रेन के नीचे बम रखा गया और विस्फोट भी हुआ, परन्तु विस्फोट से ट्रेन का खाने वाला डब्बा ही क्षतिग्रस्त हुआ एवं एक व्यक्ति की मौत हुई। लॉर्ड इरविन बच गया था। इस पर गांधी जी ने ईश्वर को धन्यवाद देते हुए 'यंग इंडिया' में 'बम की पूजा' शीर्षक से लेख लिख कर क्रांतिकारियों को कोसा था।[44] कांग्रेस ने भी प्रस्ताव पारित करके क्रांतिकारियों के इस कार्य की आलोचना की थी। प्रस्ताव का मसविदा महात्मा गांधी ने स्वयं तैयार किया था और इसे कांग्रेस की कलकत्ता बैठक में पारित करवाने के लिए गांधी जी ने अपनी सारी शक्ति लगा दी थी। इसके बाद भी 1913 की सदस्य संख्या में वह केवल 31 अधिक मतों से पारित हो सका था।[46]

'बम की पूजा' (कल्ट ऑफ बम) के जवाब में भगवती चरण वोहरा ने चन्द्रशेखर आजाद एवं भगत सिंह से मशविरा करके 'बम का दर्शन' लिखा था, जो काफी लोकप्रिय हुआ। भगत सिंह ने लाहौर जेल से ही इसे अंतिम रूप दिया था। यह पर्चा 26 जनवरी 1930 को देश भर में बांटा गया था। इसका शीर्षक था, 'हिन्दुस्तान सोशलिस्ट रिपब्लिक एसोएिसशन का घोषणा पत्र।'[47] 'बम का दर्शन' में कहा गया कि क्रांतिकारियों को जनता के बीच गलत प्रचारित किया जा रहा है। जो या तो जानबूझ कर किया जा रहा है या अज्ञानता के कारण। क्रांतिकारी अपने सिद्धांतों तथा कार्यों की ऐसी आलोचना से नहीं घबराते। बल्कि उसका स्वागत करते हैं, क्योंकि इस स्वर्ण असवर से उन्हें अपने बारे में लोगों को बताने का मौका मिलता है और लोगों को उनके सिद्धांत एवं आदर्श की जानकारी मिलती है।..... क्रांतिकारियों का विश्वास है कि देश को क्रांति से ही स्वतंत्रता मिलेगी। वे जिस क्रांति के लिए प्रयत्नशील हैं और जिस क्रांति का रूप उनके सामने स्पष्ट है, उसका अर्थ केवल यह नहीं है कि विदेशी शासकों तथा उनके पिट्ठुओं से क्रांतिकारियों का केवल सशस्त्र संघर्ष हो, बल्कि इस सशस्त्र संघर्ष के साथ–साथ नवीन सामाजिक व्यवस्था के द्वार देश के लिए खुल जाए। .....यह राष्ट्र को अपने पैरों पर खड़ा करेगी, उससे नवीन राष्ट्र और नये समाज का जन्म होगा। क्रांति से सबसे बड़ी बात तो यह होगी कि वह मजदूर तथा किसानों का राज्य कायम कर उन सब सामाजिक अवांछित तत्वों को समाप्त कर देगी जो कि राजनीतिक शक्ति को हथियाए बैठे हैं।.....'' यह पत्र अध्यक्ष करतार सिंह द्वारा जारी किया गया था।[48]

'बम का दर्शन' जो 'हिन्दुस्तान सोशलिस्ट रिपब्लिक एसोसिएशन' का घोषणा पत्र था, का पम्फलेट युवाओं में अत्यधिक लोकप्रिय था। यह समस्त भारत में क्रांतिकारियों के बीच बांटा गया था। स्वामी सत्यांनद को अंग्रेजी नहीं आती थी। फलतः गणेश प्रसाद वर्मा ने उन्हें इस पम्फलेट का हिन्दी अनुवाद समझाया था।[49] गणेश वर्मा से 'फिलॉस्फी ऑफ द बम्ब' पर्चा को हिंदी में समझने के बाद स्वामी सत्यानंद का दिल हाहाकार कर उठा। उन्होंने बनारस में न केवल अंग्रेजों के बंगलों में आग लगा दी, अपितु अंग्रेजों की सहायता करने वाले सेठ–साहूकारों के गोदामों को भी स्वाहा कर दिया।[50]

**लूटपाट और हत्या के आरोप में फांसी**

बनारस के रामपुर मुहल्ले में मध्य रात्रि में राम प्रसाद साह नाम का आदमी चांदी के रुपयों की थैली के साथ गुजर रहा था। स्वामी सत्यानंद चीते की तरह उस पर टूट पड़े और झोला छीनने की कोशिश की। साहूकार भी मजबूत था। वह उलझ गया। स्वामी सत्यानंद ने गोली मार कर घायल कर दिया और चांदी के सिक्के लेकर चंपत हो गये। अस्पताल में घायल साहूकार दिवंगत हो गया। पुलिस ने काफी मशक्कत और छान–बीन के बाद स्वामी सत्यानंद को गिरफ्तार कर लिया। उन्हें बनारस जिला जेल में रखा गया। उन पर अंग्रेजों के बंगलों तथा सेठ–साहूकारों के घरों को जलाने का भी अभियोग लगाया गया। ठीक इसी समय बनारस कॉटन मिल के मुनीम पर जानलेवा हमले और उससे पैसा लूटने का भेद भी खुला और स्वामी सत्यानंद का नाम सामने आया। मुकदमा एक साल तक चला। स्वामी सत्यानंद दोषी करार दिये गये और काशी के दौरा जज ने उन्हें फांसी की सजा मुकर्रर की।[51] दौरा जज के आदेश को इलाहाबाद उच्च न्यायालय में चुनौती दी गयी, परन्तु उच्च न्यायालय ने निचली अदालत का फैसला बरकरार रखा। उनकी फांसी की तरीख 26 मई 1934, शुक्रवार तय की गयी।[52] 26 मई 1934 की सुबह में

बनारस के चौका घाट स्थित जिला जेल में स्वामी सत्यानंद को फांसी दे दी गई। स्वामी सत्यानंद को फांसी के लिए ले जाते समय करीब साठ आदमी इंकलाब–जिन्दाबाद के नारे लगा रहे थे। फांसी के समय उनके चेहरे पर सुकून था और वे प्रसन्न दिखायी पड़ रहे थे। उनके मुख से 'वन्दे मातरत्' और 'भारत माता की जय' उच्चरित हो रहा था। उनका अंतिम शब्द 'ऊँ' था। चेहरा देखने से ही स्पष्ट हो रहा था कि वे मौत से तनिक भी विचलित या भयभीत नहीं थे।[53] जो शख्स सांसारिकता को त्यागकर पहले ही संन्यासी बन गया हो, उसे फांसी का फंदा क्या विचलित करेगा!

स्वामी सत्यानंद के फांसी के दिन अर्थात् 26 मई 1934 को सरोजिनी नायडू भी बनारस में ही थी। वह श्रीप्रकाश के निवास स्थान सेवाश्रम में ठहरी हुई थी। उन्होंने मदन मोहन मालवीय और शिव प्रसाद आदि नेताओं से मुलाकात की थी। फांसी की इस घटना से वह काफी आहत थी। इसके बाद वह बंबई मेल से बंबई के लिए रवाना हो गयी।[54]

पुत्र सत्यानंद को फांसी पर लटकाए जाने की घटना से उनके पिता नकछेदी चौधरी हतप्रभ थे। उनकी आंखें भर आयी, फिर दूसरे ही पल गर्व से उनका सीना चौड़ा हो गया। स्वामी का दाह–संस्कार उनके पिता नकछेदी चौधरी ने काशी में ही गंगा तट पर किया।[55]

**बनारस जेल के मृत्यु–गृह से फांसी के 19 घंटा पूर्व का पत्र**

बनारस जिला जेल के मृत्य–गृह (काल कोठरी) से स्वामी सत्यानंद ने अपनी फांसी से 19 घंटा पहले 25 मई 1934 को नारायण दास को पत्र लिखा। इस दिन गुरुवार था। यह पत्र पहले जेलर को सौंपा गया और उसके प्रति हस्ताक्षर और अनुमति के बाद उसे डाक द्वारा निर्धारित पते पर भेजा गया। इस पत्र में क्रांति और हिन्दुस्तान सोशलिस्ट रिपब्लिक एसोसिएशन के बारे में उन्होंने एक शब्द भी नहीं लिखा गया है, क्योंकि संघ के सदस्यों का प्रथम धर्म गोपनीयता का पालन था। इस पत्र में बनारस के तत्कालीन कांग्रेसी नेताओं के नाम हैं। पत्र की शुरुआत वह 'ऊँ' से करते हैं और उसके बाद तिथि 25. 5.1934 लिखते हैं। तिथि के नीचे मृत्युगृह बनारस लिखा हुआ है। पत्र नारायण दास के नाम है, जिसे वह प्यारे भाई संबोधित करते हैं और उनका अभिवादन 'सादर वन्दे' से करते हैं। (वास्तव में उनके परिवार में उनका कोई छोटा भाई नहीं था। उनके सभी भाई उनसे बड़े थे, जिनके नाम राम प्यारे चौधरी, गुलाब चौधरी और बलराम चौधरी थे।) वह लिखते हैं कि यह पत्र तो मेरा आखिरी है और आपके सेवा में भेजता हूं। जीवन यात्रा समाप्त हो चुका है, जो अल्प समय बचा है, वह शांतिमय, चिन्ता–शोक रहित प्रभु इच्छा पर अवलंबित रख आनंद पूर्वक बिताता हूं। अब 19 घंटे और इस तन के साथ नाता है। लोक में महत्व का स्थान जिसे लोग देते हैं, वह असारता के सिवाय कुछ नहीं है।[56]

भाई! .......(यहां कुछ अस्पष्ट शब्द हैं, जिन्हें धुंधला होने के कारण पढ़ पाना संभव नहीं है) समय–समय पर हमें बहुत प्रसन्नता मिली है। आपका उपकार तो कोई किसी समय किसी हालत में भूल ही नहीं सकता। जो गुण आप में शोभायमान है, वह दूसरों के हित के लिए ही उस विधाता ने रचना किया है। भाई! क्षमा करना। मैं तो यही कहूंगा कि यदि ईश्वर हृदय किसी को दे तो आपके हृदय के सांचे में ढाले। हाय! इस शरीर से जितनी आशा रखता था, उपकार न हुआ। उलटे विपक्षी ही का भला हुआ। समय बलवान होता है। वह अपना हठ पूर्ण करा कर ही छोड़ता है। युधिष्ठिर ऐसे–ऐसे महापुरुषों को जो अपने पंजे से बाहर निकलने ही नहीं दिया, फिर साधारण जन क्या हस्ती रखते हैं। आप अपने बड़े भाई साहब से, जो दया, प्रेम के अवतार हैं, उनसे मेरा सादर वंदे कहिएगा। छोटे भाई साहब और विद्याधर दुबे, बाबू संपूर्णानंद जी से और बाबू नरेन्द्र देव जी से, आदर्श मूर्ति श्री श्रीप्रकाश जी भाई, विधान राय जी, श्री मुरलीधर जी से मेरा सादर नमस्कार कहिये। यदि मेरे पिताजी कभी वहां जाएं तो उन्हें शांति प्रदान करिएगा। (वह अरण्य देश विद्या से बिल्कुल शून्य हैं। इसलिए उन्हें समझा–बुझा के, बच्चों को, जो हमारे बड़े भाई के लड़के हैं, अच्छी तरह से पढ़ायें।) इस पत्र में एक पत्र वकील बाबू ठाकुर दास जी का है, उन्हें दे दिजिएगा। पं. गौरीनंदन उपाध्याय जी से मेरा विशेष रूप से वंदे कहिएगा। पत्र के अंत में भवदीय और उसके नीचे सत्यानंद लिखा हुआ है।[57]

**फांसी के वक्त इंकलाब जिन्दाबाद के नारे**

''देखो! आज मैं अपने रक्त से गुलामी की जंजीर को तर कर रहा हूं, ताकि तुम आसानी से उसे काट सको।'' फांसी से एक दिन पूर्व स्वामी सत्यानंद का यह वाक्य था, जिसे गया षड्यंत्र केस 1933 में सात साल के कारावास की सजा पाने वाले विश्वनाथ माथुर[58] से उन्होंने 25 मई 1934 को कहा था। विश्वनाथ माथुर को पुलिस ने बनारस में एक रिवाल्वर के साथ पकड़ा था। उन्हें बनारस जिला जेल में रखा गया।[59] इसी जेल की काल–कोठरी में स्वामी सत्यानंद कैद थे और उन्हें फांसी होने वाली थी। विश्वनाथ माथुर लिखते हैं कि ''फांसी से एक दिन पूर्व मैं स्वामी सत्यानंद से मिल सका था। जब मैं स्वामी की काल–कोठरी में घुसा, उस वक्त वह मृत्यु के भय से दूर प्रसन्नचित्त मुद्रा में थे। स्वामी के विहंसते चेहरे को देख कर मैं दंग रह गया। मुझे देखते ही वह खुशी से झूम उठे।'' स्वामी सत्यानंद ने कहा, ''मैं तो चला, लो एक पका आम है, खा लेना। कल पिताजी मिलने आये थे तो लेते आये। क्या मेरा एक काम कर सकोगे? इस पुस्तिका (गांधी जी द्वारा अनुवादित अनाशक्तियोग[60]) को श्यामजी (श्याम बर्थवार) तक पहुंचा दोगे?'' विश्वनाथ माथुर लिखते हैं, ''उन्होंने एक छोटी सी पुस्तिका मेरे हाथ में रख दी। अंत में मैं उनकी काल कोठरी से निकल कर अपने सेल में आ गया।''[61]

विश्वनाथ माथुर लिखते हैं, ''दूसरे दिन प्रातः स्वामी सत्यानंद जी को फांसी के तख्त पर ले जाया गया। स्वामी 'इंकलाब जिन्दाबाद' का नारा लगाते हुए फांसी पर झूल गये। जेल मे तमाम कैदियों के नारों से दिशाएं गूंज उठीं। एक सेनानी शहीद हुआ था। निश्चय ही वह भगत सिंह और चन्द्रशेखर आजाद के गिरोह का एक वीर सेनानी था। इसके बाद विश्वनाथ माथुर को बनारस जेल से हजारीबाग जेल स्थानांतरित कर दिया और वहां से 1934 के अंत में सेलुलर जेल अंडमान भेज दिया गया। यहीं पर स्वामी सत्यानंद की अमानत 'अनाशक्ति योग' जिसे गांधी जी ने लिखा था, विश्वनाथ माथुर द्वारा श्याम बर्थवार को दी गयी थी।[62] काल कोठरी में बंद स्वामी सत्यानंद ने अपने मनोभाव का वर्णन अनाशक्ति योग के पन्नों के किनारे किया था, परन्तु उसे श्याम बर्थवार सहेज कर नहीं रख पाये।[63]

स्वामी के मित्र एवं क्रांतिकारी सेनानी श्याम बर्थवार ने अनाशक्तियोग के पृष्ठों के किनारे स्वामी सत्यानंद के विचारों को पढ़ने के बाद लिखा कि ''जैसे–जैसें फांसी की तारीख नजदीक आती जा रही थी, स्वामी सत्यानंद जीवन के अंतिम छोर पर महाशून्य के आंचल में सिमट जाना चाह रहे थे। अनाशक्ति योग के पन्नों पर जो कुछ भी उन्होंने लिखा था, उससे ज्ञात होता है कि जीवन और मौत की विडंबनाओं पर उनका आत्मिक आक्रोश था। देश की स्वतंत्रता पर जीवन उत्सर्ग करने वाले एक निर्भिक नौजवान के ह्रदय में उफान खाती हुई आकांक्षाओं की भीड़ जैसे किसी अकस्मात् झंझा की चपेट में आकर विखर गयी हो और बेबसी और नैराश्य की तिमिर में खो गया हो। कभी शोकातुर और हताश, तो कभी दार्शनिक गंभीरता। अनाशक्तियोग के पन्नों पर आड़े–तिरछे लिखे उनके शब्द से जैसे स्वामी सत्यानंद झांक रहा हो और कह रहा हो, *''देखो, आज मैं अपने रक्त से गुलामी की जंजीर को तर कर रहा हूं, ताकि तुम आसानी से उसे काट सको।'*[64]

स्वामी सत्यानंद की फांसी से पहले तक उनके सभी साथी या तो शहीद हो चुके थे या फिर जेल की काल–कोठरी में कैद में थे। स्वामी जी ने भारत को आजाद कराने जो सपना देखा था, वह उनके जीते जी अधूरा रह गया था। महाशून्य के गहराई में अब वह कर्म फल को त्याग कर निर्लिप्त भाव से विलीन होना चाहते थे। जिस गांधी के विचार को छोड़ कर उन्होंने क्रांतिकारी कार्य का अवलंबन किया था, अंत में वह 'गांधी के विचार' पर ही समाप्त हुआ। गीता में भगवान कृष्ण के निस्वार्थ साकार उपदेश के माध्यम से, जिसका अनुवाद महात्मा गांधी ने 'अनाशक्तियोग' नाम से किया था, जीवन के अंतिम समय में उनका साथी था। और इस पुस्तक को उन्होंने अंडमान के सेलुलर जेल में बंद अपने क्रांतिकारी साथी श्याम बर्थवार को भेजवाया विश्वनाथ माथुर के माध्यम से भिजवाया था। यह जानते हुए कि जब तक यह पुस्तक उन्हें मिलेगी, वह चिर निद्रा में विलीन हो चुके होंगे। एक संन्यासी का संन्यास, जीवन–मरण से मुक्ति, बंधन से शरीर की मुक्ति, कर्म से शरीर की मुक्ति 'श्रीमद्भागवतगीता' पर जाकर समाप्त हुआ। संन्यास का चरम लक्ष्य मोक्ष, भारत मां की आजादी के लिए संघर्ष के बाद अनाशक्तियोग के माध्यम से भारत की सनातन परंपरा पर आकर ठहर गया।

**संदर्भ–स्रोत**

1. हलधर, हवलधारी राम गुप्त, पलामू का ऐतिहासिक अध्ययन, हलधर प्रेस, डाल्टनगंज, 1972, पुनमुर्द्रण, 2007, पृ0 107।
2. पारिवारिक बातचीत पर आधारित, अंगद किशोर, *स्वतंत्रता सेनानी रामदेनी चौधरी : संन्यासी से शहादत तक,* सुबह की धूप, मासिक, वर्ष 11, अंक 2, सितम्बर 2022, पृ0 33 पर हवलधारी राम गुप्त 'हलधर', पलामू का इतिहास, हलधर प्रेस, डाल्टनगंज, पृ0 107 से उद्धृत।
3. किशोर अंगद, वही।
4. वही।
5. वही।
6. रोलां, रोमा, महात्मा गांधी : जीवन और दर्शन, लोक भारती प्रकाशन, इलाहाबाद, 2008, पृ0 64–65, महात्मा गांधी, *चौराचौरी का पाप,* यंग इंडिया, 16 फरवरी 1922, बी0 आर0 नंदा, महात्मा गांधी : एक जीवनी, सस्ता साहित्य मंडल प्रकाशन, नयी दिल्ली, 2011, पृ0 153–54।
7. सिन्हा, कन्हैया प्रसाद, महान क्रांतिकारी श्याम बर्थवार, नोशन प्रेस, चेन्नई, 2018, पृ0 9–10।
8. जब्तशुदा साहित्य, जनसम्पर्क विभाग, उत्तर प्रदेश सरकार, लखनऊ, 1997, पृ0 91।
9. शचीन्द्र नाथ सान्याल ने 'बंदी जीवन' को अंडमान के सेलुलर जेल में 1922 में लिखा था। यह उनकी आत्मकथा है। विशेष जानकारी के लिए देखें, शचीन्द्र नाथ सान्याल द्वारा लिखित बंदी जीवन, आत्मा राम एंड सन्स, दिल्ली, 2006, सौम्या सेनगुप्ता, शचिन्द्रनाथ सान्याल : ए रिवोल्युशनरी आइडियोलॉग एंड ऐक्टिविस्ट, अंशुमान पब्लिकेशन हाउस, नयी दिल्ली, 2018।
10. श्याम बर्थवार हिन्दुस्तान रिपब्लिक आर्मी के संस्थापक सदस्यों में से थे। 1925 के काकोरी कांड में भी उनकी महत्वपूर्ण भूमिका थी। उन्हें 'बनारस मैन' कहा जाता था। क्रांतिकारी आंदोलन में श्याम प्रसाद बर्थवार कई नामों– मार्टिन, रामजी, मैनेजर आदि– से कार्य करते थे। उनका क्रांतिकारी जीवन 1920 से 1947 तक रहा और इस दौरान वे करीब 14 वर्ष तक जेल में रहे। उन्हें अंडमान के सेलुलर जेल भी सजा देकर भेजा गया था। उनका सम्पर्क उस दौर के सभी प्रमुख क्रांतिकारियों के साथ था, जिसमें भगवती चरण वोहरा, चन्द्रशेखर आजाद, भगत सिंह, शचिन्द्रनाथ सान्याल आदि थे। उनके कहने पर भगत सिंह गया आये थे। बर्थवार गया षड्यंत्र केस के मुख्य आरोपियों में से थे, और उन्हें सात साल के कठिन कारावास की सजा सुनायी गयी थी।
11. राधारानी सेन बंगाल की महिला क्रांतिकारी थीं, जो वाराणसी में रह कर कलकत्ता के क्रांतिकारियों और वाराणसी के क्रांतिकारियों के बीच कड़ी का कार्य करती थी। उनके पति असम में कार्य करते थे। वह दिलेर स्त्री थी और क्रांतिकारियों के लिए देवी थी। क्रांतिकारियों के ह्रदय में उनके लिए अपार श्रद्धा और प्रेम था।
12. उत्तर प्रदेश के रहने वाले थे और काशी में रहते थे।
13. काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के छात्र पह चुके थे और वाराणसी में ही पत्नी के साथ रहते थे। विलक्षण प्रतिभा के धनी, चिंतक और शांत प्रकृति के थे। तर्क–वितर्क और पढ़ने–लिखने में इनकी खास रूचि थी। वे मानते थे कि भारत की आजादी के साथ लोकतंत्र और श्रमिक एकाधिपत्य का प्रश्न जुड़ा हुआ है। अतः एक क्रांतिकारी का विचार स्पष्ट होना चाहिए। दूबे भी हिन्दुस्तान रिपब्लिक एसोसिएशन के बनारस इकाई के सदस्य थे। वे स्वामी सत्यानंद के आक्रामक विचार से क्षुब्ध हो जाते थे। विचार को लेकर उनकी अक्सर स्वामी सत्यानंद से नोंक–झोंक होती थी। पलामू में डाकघर लूट कांड 1929 में वह शामिल थे।
14. विशेष जानकारी के लिए पंडित राम प्रसाद बिस्मिल की आत्मकथा, भारतीय साहित्य संग्रह, नयी दिल्ली, 2014 पढ़ें। वह महान् क्रांतिकारी और काकोरी कांड के सेनापति थे। *....सर फरोसी की तमन्ना अब हमारे दिल में है...* इन्होंने ने ही लिखा था।

15. विशेष जानकारी के लिए भारत भूषण लिखित 'द लाइफ एंड टाइम्स ऑफ चन्द्रशेखर आजाद', प्रभात प्रकाशन, नयी दिल्ली, 2018 देखें।
16. विष्णु चरण दुब्लिश के पिता का नाम शंकर लाल था। वह छिपी तलाब, मवाना कस्बा, मेरठ के निवासी थे। 1927 में इनकी उम्र 36 वर्ष थी। काकोरी षड्यंत्र केस में डकैती, हत्या का प्रयास, विद्रोह, राजद्रोह में धारा 302, 149, 121, 120, 396 में सेसन जज लखनऊ ने उन्हें सात साल की सजा सुनायी थी। इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने उन्हें 12.08.2027 को 10 वर्ष की सजा सुनाया। वेतनभागी कैदी के रूप में 1929 में सजा देकर उन्हें अंडमान के सेलुलर भेज दिया गया था। उनका कैदी नंबर 126 था। 1937 में उन्हें भारत की जेल भेज दिया गया था। विशेष जानकारी के लिए पढें, सेलुलर जेल की सूची का पृ0 सं0 7, नंबर 2, उत्तर प्रदेश की फाइल नंबर, होम, 1933, जेल्स 104/35, जेल्स 7/560, 7/558, जैन, फूलचंद (संपादन : मस्तराम कपूर), स्वतंत्रता सेनानियों का बंदीनाम, भाग दो, अंडमान, इस्टीच्यूट ऑफ सोशल साइंसेज, नयी दिल्ली के लिए कन्सेप्ट पब्लिशिंग कंपनी, नयी दिल्ली, 2007, पृ0 264–65। काकोरी कांड में 7 वर्ष की सजा पाने वाले राम दुलारे त्रिवेदी की पुस्तक 'काकोरी के दिलजले', नीलकंठ प्रकाशन नयी दिल्ली, पृ0 159–60।
17. पाण्डेय शत्रुघ्न कुमार की अप्रकाशित शोध ग्रंथ महान् स्वतंत्रता सेनानी गणेश प्रसाद वर्मा देखें।
18. सिन्हा, कन्हैया प्रसाद, पूर्वोक्त, पृ0 10।
19. त्रिवेदी, राम दुलारे, काकोरी के दिलजले, नीलकंठ प्रकाशन, नयी दिल्ली, पृ0 33। त्रिवेदी जी काकोरी षड्यंत्र केस में शामिल थे और उन्हें इसके लिए 7 वर्ष की सजा हुई थी।
20. वही, पृ0 34।
21. वही, पृ0 34–35।
22. सिन्हा, कन्हैया प्रसाद, पूर्वोक्त, पृ0 10।
23. ठाकुर रोशन सिंह/भारतीय संस्कृति, इंडियनकल्चरडॉटजीओवीडॉटइन।
24. त्रिवेदी, राम दुलारे, पूर्वोक्त, पृ0 40–41।
25. सिन्हा, कन्हैया प्रसाद, पूर्वोक्त, पृ0 59–60।
26. त्रिवेदी, रामदुलारे, पूर्वोक्त, पृ0 42।
27. सिन्हा, कन्हैया प्रसाद, पूर्वोक्त, पृ0 60।
28. वही, पृ0 48।
29. वही, पृ0 49।
30. वही, पृ0 51।
31. वही, पृ0 53।
32. वही, पृ0 51–52।
33. वही, पृ0 33।
34. वही, पृ0 53–54।
35. वही, पृ0 54।
36. पलामू के उपायुक्त का टेलीग्राम मुख्य सचिव को, मेमो नं0 2903, 27 मई 1929, बिहार राज्य अभिलेखागार, पटना।
37. कुमार, एन0, बिहार डिस्ट्रिक्ट गजेटियर, रांची, गजेटियर शाखा, राजस्व विभाग, बिहार सरकार, पटना, 1970, अपेंडिक्स एक, पृ0 353, क्रमांक 72। छोटानागपुर के आयुक्त जे0 ए0 हैबक (श्रण ।ण भ्नइइंबा) ने 6 मई 1929 को नयी जिम्मेवारी संभाली थी। वह 22 मार्च 1931 तक इस पद पर रहे। घटना के वक्त उनका कार्यकाल मात्र 20 दिन का ही रहा था।
38. पलामू के उपायुक्त का पत्र मुख्य सचिव को, मेमो नं0 2903, 28 मई 1929, बिहार राज्य अभिलेखागार, पटना।
39. वही।
40. जैन, रूपवती, विमल प्रसाद जैन : क्रांतिकारी जीवन की कुछ झलकियां, कन्सेप्ट पब्लिशिंग हाउस, नयी दिल्ली, 2003, पृ0 14। विमल प्रसाद जैन हिन्दुस्तान सोशलिस्ट रिपब्लिक एसोसिएशन के संस्थापक सदस्यों में से एक थे।
41. वही, पृ0 36।
42. सिन्हा, कन्हैया प्रसाद, वही, पृ0 54–55।
43. वही, पृ0 56।
44. वही, पृ0 59।
45. सिंह, जगमोहन और चमनलाल, भगत सिंह और उनके साथियों के दस्तावेज, राजकमल पेपरबैक्स, नयी दिल्ली, प्रथम संस्करण 1987, तृतीय संशोधित संस्करण 2010, पृ0 329।
46. वही, पृ0 331।
47. वही, पृ0 329।
48. वही, पृ0 330–37।
49. किशोर, अंगद, पूर्वोक्त, पृ0 35। हवलधारी राम गुप्त 'हलधर', पूर्वोक्त, पृ0 107।
50. वही।
51. आज, 27 मई 1934, बनारस संस्करण।
52. वही।
53. वही।
54. वही।
55. किशोर, अंगद, पूर्वोक्त।
56. स्वामी सत्यानंद का नारायण दास के नाम मृत्युगृह, बनारस से 25 मई 1934 को लिखा गया पत्र।
57. वही।
58. विश्वनाथ माथुर 1930 के दशक के प्रसिद्ध क्रांतिकारी थे। उनका जन्म 1913 में बिहार के दरभंगा जिले के बैकुण्ठपुर क्षेत्र के ब्रह्मादि गांव में हुआ था। वह कई बार जेल जा चुके थे। 1933 के गया षड्यंत्र कांड में उन्हें 12 सितम्बर 1933 को सात साल की कठोर कारावास की सजा हुई थी। उन्हें आईपीसी की धारा 121ए के तहत ब्रिटिश साम्रट् के खिलाफ युद्ध छेड़ने के लिए सजा दी गयी थी। तब उनकी मात्र उम्र 22 वर्ष थी। उनके पिता आनंद बिहारी लाल माथुर तब बनारस में रहते थे। वहीं से 15 मार्च 1933 को उन्हें गिरफ्तार करके बनारस जेल में रखा गया था। वह पांच माह 29 दिन बनारस जिला जेल में रहे। उनके साथ श्याम बर्थवार को गया षडयंत्र केस में सात साल की सजा हुई थी और उन्हें अंडमान के सेलुलर जेल भेज दिया गया। गया षड्यंत्र केस के फैसले के बाद विश्वनाथ माथुर को बनारस जिला जेल से हजारीबाग केन्द्रीय कारागार भेज दिया गया। हजारीबाग केन्द्रीय कारागार में उनका कैदी संख्या 12277 था। हजारीबाग जेल से उन्हें अंडमान के सेलुलर जेल भेजा गया था। जहां उन्होंने 1937 में 37 दिन की भूख हड़ताल की थी। 1938 में कांग्रेस सरकार के समय वह रिहा किये गये। इसके बाद 1940 से 1945 तक वह भारत रक्षा

कानून के महत नजरबंद किये गये और हजारीबाग केन्द्रीय कारागार एवं देवली कैम्प जेल में कैद रहे। करीब 12 वर्ष तक वह जेल में रहे। सेलुलर जेल की सूची का पृष्ठ नंबर 8, संख्या नं0 1, बिहार। सरकारी फाइल नं0 होम, 1932, जेल के0 डब्ल्यू0 70 जेल। होम 1934, जेल 5/34 जेल। होम, 1940 पोल आई0के0डब्ल्यू0 7/एक/40। होम 1941। फूलचंद जैन (सम्पादन : मस्तराम कपूर), स्वतंत्रता सेनानी ग्रंथमाला 2, बंदीनामा भाग दो, अंडमान जेल, कन्सेप्ट पब्लिशिंग कंपनी, नयी दिल्ली, 2007, पृ0 233–34।

59. श्रीवास्तव, एन0 एम0 पी0, आजादी की जंग : बिहार के मशहूर क्रांतिकारी, बिहार हिन्दी ग्रंथ अकादमी, पटना, पृ0 149–152
60. महात्मा गांधी ने गीता के श्लोकों को सरल भाषा में अनुवाद करके इसे 'अनाशक्तियोग' नाम दिया। कर्तव्य कर्म करते समय निष्पृह भाव में चले जाना ही अनाशक्त भाव है। अनाशक्ति योग एक दर्शन और जीवन का तरीका है, जिसकी वकालत महात्मा गांधी ने की थी और जो अनिवार्य रूप से भौतिक दुनिया में किसी भी चीज के प्रति अनाशक्ति को प्रोत्साहित करता है। अनाशक्ति योग किसी के कार्यों के परिणाम के प्रति किसी भी लगाव को दूर करने का अभ्यास है। 1929 में गांधीजी ने उत्तराखंड के बागेश्वर जिले के कसौनी, जो हिमालय क्षेत्र में बसा एक पर्वतीय रमणीक स्थल है, में अनाशक्ति योग का अपना अनुवाद पूरा किया था। कसौनी को गांधीजी ने 'भारत का स्वीट्जरलैंड' कहा था। इस अनुवाद को पूरा करने में उन्हें मात्र 14 दिन लगे थे, जो उन्होंने कसौनी में ही किया। जिस 'लाल बंगले' में वह ठहरे थे, उसे अनाशक्ति आश्रम नाम उन्होंने दिया था। अनाशक्ति योग का पहला संस्करण गांधी जी को 12 मार्च 1930 को मिला, जब दांडी कूच के लिए सत्याग्रह आश्रम से बाहर अपने 80 साथियों के साथ वह कदम रखे थे। गांधीजी का अनुवाद गुजराती में था, बाद में इसका हिन्दी अनुवाद आया। महात्मा गांधी, अनाशक्तियोग, नवजीवन प्रकाशन मंदिर, अहमदाबाद।
61. सिन्हा, कन्हैया प्रसाद, पूर्वोक्त, पृ0 47।
62. वही। वही, पृ0 46।
63. वही।

# राष्ट्रीय आंदोलन में जतरा भगत संत की भूमिका

**डॉ. स्मिता तिग्गा**
सहायक प्रोफेसरए संत जेवियर, महाविद्यालय, महुआडांड़, लातेहार
सहयुवा इतिहासकार, इतिहास संकलन समिति, झारखण्ड
**Corresponding Author- डॉ. स्मिता तिग्गा**
**Email:** smitatigga27@gmail.com
**DOI- 10.5281/zenodo.12277328**

**सारांश:**

झारखंड का क्षेत्र ब्रिटिश शासन के खिलाफ विद्रोह का सबसे बड़ा क्षेत्र माना जाता है जितना कड़ा और प्रभावकारी प्रतिरोध झारखंड के निवासियों ने अंग्रेजों के शासन और नीतियों के विरुद्ध किया वैसा कहीं भी देखने को नहीं मिलता है। यदि हम बात करें राष्ट्रीय आंदोलन की तो योगदान करने वाला हर व्यक्ति किसी संत से कम नहीं थे। साधु संतों ने पहले भारतीय जनमानस, भारतीय अस्मिता को जगाया जिसके फलस्वरुप देश को राजनीतिक आजादी मिली। 1902–1908 ई. छोटानागपुर में हुए सर्वे व सेटलमेंट कार्य से भी यह साबित हुआ था कि पश्चिमी छोटानागपुर में उराँव अपनी भूइहरी जमीन उनके हाथ से निकल जाने के कारण बहुत पीड़ित थे।[1] उराँवों से भी अवैध वसूलियों की जा रही थी। इनसे भी वैसे ही बेगारी करवायी जाती थी। ऐसे समय में उराँवों के बीच जतरा उराँव का उदय हुआ।

जतरा भगत या जतरा उरांव झारखंड के प्रथम ऐसे व्यक्ति थे जिन्होंने महात्मा गांधी के नीतियों का पालन कर झारखंड में अहिंसक रूप से ब्रिटिश सरकार के खिलाफ विद्रोह किया था। सुविख्यात टाना भगत आन्दोलन के जनक जतरा उराँव का जन्म 1888 ई. में गुमला जिले के विशुनपुर प्रखण्ड के गाँव चिंगरी नवाटोली में हुआ था।

इनके पिता का नाम कोहरा उराँव और माता का नाम लिवरी उरांव था। इनका बचपन तो साधारण ढंग से बीता लेकिन छोटी उम्र में ही अलग स्वभाव स्पष्ट होने लगा था। जतरा जब किशोरावस्था में पहुंचे तो वह ओझा मति झाड़फूंक (तंत्र–मंत्र) की विद्या सीखने के लिए, नजदीक के हेसराग ग्राम के तुरिया भगत के यहाँ जाने लगे। यह विद्या सीखने के लिए वे चिंगरी से हसराग ग्राम आया–जाया करते थे। इसी क्रम में एक दिन वह एक वृक्ष पर चिडियाँ का अण्डा उतारने के लिए चढ़े तो वह अण्डा नीचे गिरकर फूट गया। उसमें से जो तरल पदार्थ गिरा, उसको देखकर जतरा उराँव को लगा कि यह तो जीव हत्या है। उसी दिन से उन्होंने जीवहत्या न करने का संकल्प किया। इस प्रकार सन् 1914 ई. के अप्रैल माह में एक दिन जब जतरा ओझा मति झाड़फूंक सीखने जा रहे थे तो हेसराग ग्राम के निकट गुरदाकोना पोखरा में स्नान करने के क्रम में उन्हें आत्मज्ञान हुआ और वह पानी से जब बाहर निकले तब उनका चेहरा चमक रहा था।[2] यह भी कहा जाता है कि वह अपने गुरु से ओझा विद्या सीखकर लौट रहा था तब उसे उराँवों के सबसे बड़े देवता धर्मेश सिंगबांगा ने दर्शन दिया। उसने उसे ओझा विद्या सीखने की मनाही की उसने उसे भूत–प्रेतों में यकीन न करने, केवल एक ईश्वर में यकीन करने को कहा। जतरा उराँव को यह अहसास हुआ कि वह और उसका समाज कई अंधविश्वासों व बुराईयों में फंस गया है। उनको अब धर्मेश ही बाहर निकाल सकता है।

'टाना, बाबा, टाना, भूतनि के टाना,
टाना, बाबा, टाना, टान, टुन टाना'[3]
अर्थात् हे परमपिता! खींचो बाबा खींजो भूतों से दूर हमें खींचो हे परमपिता!
खींचों बाबा खींजो, चारो तरफ भूत छिपे हैं, खींचो।

उसने धर्मेश का आदेश चारों तरफ फैला दिया कि वे भूत–प्रेत व बलि देने की प्रथा पर यकीन न करें। उसने लोगों को मांस–मदिरा से दूर रहने का उपदेश दिया। अहिंसा का पाठ भी पढ़ाया। उसने यह भी कहा कि खेतों में हल न चलाया जाए, इससे जानवरों को कष्ट होता है[4] इन्होंने समझा कि यदि तंत्र–मंत्र से बड़ी–बड़ी बिमारियाँ ठीक हो सकती है, लोगों का आत्मविश्वास लौट सकता है तो क्यों न इसके माध्यम से समाज में व्याप्त अत्याचार रूपी बीमारी को भी ठीक किया जाय। अंग्रेजी राज के अत्याचार, जमींदारों द्वारा बेगारी, समाज में फैले अंधविश्वास एवं नाना प्रकार की कुरीतियों से पीड़ित आदिवासी समुदाय को सन्मार्ग दिखाने का संकल्प लेकर युवा जतरा उराँव अब जतरा भगत बन गया। इस तरह टाना भगत–ओन्दोलन की शुरूआत अप्रैल 1914 ई. में हुई। वस्तुतः टाना भगत उराँवों की ही एक शाखा है जिसने कुडखों के मूल धर्म कुडूख धर्म को अपना लिया है। टाना शब्द का अर्थ है– टानना या खींचना। टाना भगत अपनी गिरी हुई स्थिति से निकलना चाहते थे और इसमें परिवर्तन लाना चाहते थे। उन्होंने समझा कि अपनी स्थिति सुधारने का एकमात्र तरीका था ईश्वर की आज्ञाओ को मानना और उससे तादात्म्य स्थापित करना। ईश्वर से तादात्म्य स्थापित करने का सही मार्ग था कि सभी अपवित्र वस्तुओं का परित्याग कर दिया जाए जिन्हें वे अशुद्ध समझते थे इस करण वे जादू–टोना का भी विरोध किया। गाँव से भूत भगाने के क्रम में, रात के अंधेरे में अकस्मात् जो एक हल्ला शुरू होता था. जमींदार एवं अन्य धनी–मनी लोग भयाक्रान्त हो जाते थे। उन्हें लगता था कि उग्र आदिवासियों की यह भीड़ उनकी ओर चली आ

रही हैं, उन्हें समझ में यह नहीं आया था कि यह गाँव से भूत भगाने का कार्यक्रम था। गाँव के एक छोर से दूसरे छोर तक धनुषाकार रूप में एक मानव श्रृंखला सामने के कल्पित भूत को हाँकते हुए दूर तक खदेड़ देते थे। टाना भगतो के हंगामा और शोर से जमींदार की कोठी थर्रा जाती थी। जतरा ने लोगों से कहा कि ईश्वर नहीं चाहता कि लोग जमींदारों, अन्य धर्मावलंबियों तथा गैर–आदिवासियों के यहाँ कुलियों एवं मजदूरी का काम करे। उसने कहाँ कि ईश्वर ने उसे जनजातियों का नेतृत्व सौंपा है और उन्हें समझाने को कहा है कि पूजा करें क्योंकि इसी से उनकी इच्छाएँ पूर्ण होगी। इस तरह उसने उन विचारों को व्यय किया जो आदिवासियों के मानस को काफी समय से उद्वेलित कर रहे थे।

टाना भगत आंदोलन जंगल में आग की भाँति पूरे उरॉव क्षेत्र में धीरे–धीरे फैल गया। आदिवासियों ने जमींदारों तथा अन्य गैर–आदिवासियों का काम करने से इंकार कर दिया। जतरा भगत द्वारा अपने अनुययियों को श्रमिकों के रूप में कम करने से मना करने के कारण गुमला सब–डिविजनल मजिस्ट्रेट के कोर्ट में अपने सात अनुयायियों के साथ उपस्थित होना पड़ा।[5] 1916 ई. में जतरा भगत को एक वर्ष की सजा हुई और बाद में उसे इस शर्त पर छोड़ा गया कि वह अपने नये सिद्धांतों का प्रचार नहीं करेगें और शांति बनाये रखेगें किन्तु जेल में मिली घोर प्रताड़ना के फलस्वरूप जेल से बाहर आने के दो माह के भीतर ही उसकी मृत्यु हो गयी। इस तरह जतरा भगत नेपथ्य में चला गया किन्तु उसका आन्दोलन फलता–फूलता रहा।

जतरा किसी जनजातीय विद्रोह या देश के स्वतंत्रता संग्राम से सम्बन्धित नहीं था अपितु उसकी लड़ाई उन सामाजिक कुरीतियों, भूत–प्रेत के अन्ध–विश्वासों एवं उन अत्याचारों के विरूद्ध थी जो जनजातियों का शताब्दियों से शोषण कर रहा था। बीस वर्षीय जतरा के युवा मन में उठते ये विवाद जन समर्थन के कारण एक आन्दोलन का रूप ग्रहण कर चुके थे। सामाजिक, धार्मिक तथा शोषण के विरूद्ध आर्थिक सुधार का यह तृपक्षीय आन्दोलन जितना हो उराँव जनजाति में लोकप्रिय हो रहा था उतना ही जमीदारों, ठीकेदारों एवं अंग्रेजी सरकार के लिए चिन्ता का विषय होता जा रहा था।[6]

महात्मा गाँधी, जिन्हें लोग प्यार से बापू (राष्ट्रपिता) कहते हैं, भारतीय राजनैतिक मंच पर 1919 ई. से 1948 ई. तक इस प्रकार छाए रहे हैं कि इस युग को भारतीय इतिहास का गाँधी युग कहा जाता है। शांति और अहिंसा के दूत गाँधी का संदेश समस्त विश्व के लिए है और उससे मानव जाति प्रभावित हुई है।[7] दक्षिण अफ्रीका से वापस आने के बाद महात्मा गाँधी जी वर्ष भर देश का दौरा किया। सबसे पहले बिहार के चम्पारण जिले के किसानों ने आकर गाँधीजी से शिकायत की कि वहाँ के अंग्रेज जमींदार उनपर बड़ा अत्याचार करते हैं। गाँधी जी स्वयं चम्पारण जाकर जाँच की और किसानों की शिकायतें सरकार के सामने रखीं। महात्मा गाँधी जब 4 जून, 1917 ई. को चम्पारण के किसान आंदोलन का नेतृत्व करने गये थे तब राँची में गवर्नर म.।. ळंजम पर टाना भगत से मिले तभी राँची के लोगों से महात्मा गाँधी को विभिन्न आदिवासी समुदायों के आंदोलन की जानकारी मिली जैसे बिरसा मुण्डा के उलगुलान, 1912 ई. में गठित छोटानागपुर उन्नति समाज के सुधारवाद मांगी, टाना भगतों के अनोखे आंदोलन और अहिंसक सत्याग्रह।

महात्मा गाँधी 1918 ई. में जब राँची में आए उस समय के उत्साही कार्यकर्त्ताओं ने टाना भगतों को गाँधी जी से मिलवाया तो गाँधी जी को हर्ष मिश्रित आश्चय हुआ कि जिस प्रकार के अहिंसामय–असहयोगात्मक आन्दोलन की रूपरेखा उनके दिमाग में है, उसे इन जनजातीय टानाओं ने स्वरूप पहले से ही दे रखा है। तभी से स्वतंत्रता आन्दोलन और टाना भगत आन्दोलन अपने चारित्रिक विशेषताओं के बीच आश्चर्यजनक समानता के कारण दोनों ही एक भाव से अंग्रेजों के विरूद्ध लड़ाई में भिड़ गए।[8]

हालाँकि, स्थानीय प्रशासन के लिए स्थिति तब तक गंभीर नहीं हुई जब तक गैर–आदिवासी, जैसे बनिया, मारवाड़ी, गोआला, कहार आदि, खुद को आंदोलन से चिंतित रखते थे। लेकिन आंदोलन में टाना भगतों और अन्य आदिवासियों की भागीदारी ने जनवरी 1921 ई. से स्थिति बदल दी। राम टहल ब्रह्मचारी और अन्य स्थानीय कांग्रेस नेताओं ने रांची और लोहरदगा क्षेत्र में सार्वजनिक बैठकों को संबोधित किया। टाना भगतों को अब यह विश्वास हो गया कि उनकी परेशानियों के लिए मुख्य रूप से ब्रिटिश सरकार जिम्मेदार है। 31 जनवरी 1921 ई. को गुलाब तिवारी ने उराँव की सभा को संबोधित किया और उन्हें असहयोग आन्दोलन की मुख्य विशेषताएँ बतायीं। उनके ब्रिटिश विरोधी रुख ने उन्हें उत्तेजित कर दिया और उन्होंने शराब छोड़ने का फैसला किया, जो उनकी कमजोरी थी।[9] 1 फरवरी 1921 ई. को, मुहम्मद उस्मान ने आदिवासियों और गैर–आदिवासियों दोनों की एक आम बैठक में बात की [10] यह अफवाह थी कि टाना भगतों ने गांधी और आजाद से उनसे मिलने का अनुरोध किया था। स्थानीय प्रशासन इस पर चिंतित हो गया, उसने प्रांतीय सरकार से अनुरोध किया कि उन्हें 1911 ई. के अधिनियम (देशद्रोही बैठक अधिनियम) के प्रावधानों को रांची जिले में विस्तारित करने की अनुमति दी जाए, ताकि जब भी आवश्यक हो, आदिवासियों के खिलाफ अधिनियम की धारा 5 का उपयोग करना उनके लिए संभव हो सके। .उन्हें डर था कि आदिवासियों के किसी भी आंदोलन पर यदि तुरंत रोक नहीं लगाई गई तो यह अनिवार्य रूप से गंभीर घटनाओं को जन्म देगा।[11] एस.सी. रॉय, बार–एट–लॉ, एन.बी. जैसे प्रतिष्ठित व्यक्ति। ऐकत, चौकीदारी मजिस्ट्रेट और धन मसीह पन्ना, एक उप कलेक्टर और अन्य को आदिवासियों को आंदोलन में शामिल न होने के लिए मनाने के लिए पहले ही सेवा में लगा दिया गया था, लेकिन इसका कोई प्रभाव नहीं पड़ा।[12]

1 से 12 फरवरी 1921 ई. तक रांची जिले के विभिन्न स्थानों पर पंद्रह आदिवासी बैठकें आयोजित की गईं। राम टहल ब्रह्मचारी ने 1 फरवरी को रांची में आदिवासियों से कहा कि वे छोटानागपुर के असली शासक हैं और वे फिर से शासक बनेंगे। लोहरदगा में किसी दिन सेन्हा गांव में आदिवासियों की बैंठक में किसुन साहू ने ये बातें कहीं। 2 फरवरी को रांची सदर थाने के एक गांव जामचुआ–मधुकम में 12 या 13 गांवों के लगभग चार हजार आदिवासियों ने स्थानीय कांग्रेसियों को सुना। ओरमांझी में करीब बीस गांवों के आदिवासी जुटे।6 फरवरी को और उनकी बैठक को गुलाब तिवारी ने संबोधित किया। इस बैठक के बाद गुलाब तिवारी और उस्मान को किसी भी सार्वजनिक बैठक में बोलने से रोक दिया गया। टाना भगत आंदोलन के केंद्र कुरु में, 12 फरवरी को एक बड़ी बैठक आयोजित की गई जिसमें आठ हजार आदिवासियों ने भाग लिया, जिनमें ज्यादातर उराँव थे और उसी दिन सूसोपा में एक और बैठक आयोजित की गई, जिसमें लगभग दो सौ टाना भगत शामिल हुए। दोनों बैठकों को राम टहल ब्रह्मचारी ने संबोधित किया था, जिन्हें कुरु और सूसोपा दोनों स्थानों पर उनके भड़काऊ भाषणों के लिए धारा 144 के तहत नोटिस दिया गया था। फरवरी 1921 ई. की पहली छः माह के दौरान, इटकी, घाघरा, कोकर, तमाड़, बुंडू, डोरंडा और कदकुम में बैठकें आयोजित की गईं, जिसमें बड़ी संख्या में आदिवासियों ने भाग लिया।[13] 19 फरवरी 1921 ई. को लोहरदगा में एक सभा हुई. इस समय तक तीन असहयोग नेता, इमाम अली, रामरक्षा शर्मा और स्वामी विश्वानंद आंदोलन का मार्गदर्शन करने के लिए रांची आ चुके थे।[14]

इस बीच, जिले के आदिवासी क्षेत्रों में एक क्रूर अफवाह फैल गई कि बकरी, सूअर, मुर्गियाँ, भेड़ और अन्य पशुधन जिनका निपटारा 24 फरवरी 1921 ई. से पहले नहीं किया गया, वे पत्थर में बदल जायेंगे। अन्यथा इन जानवरों के मालिक मर जायेंगे। परिणामस्वरूप, सैकड़ों की संख्या में मुर्गियाँ और बकरियाँ टोपियों (गाँव के बाजारों) में बहुत कम कीमत पर बेची गईं। कई आदिवासियों ने या तो उन्हें जंगलों में खुला छोड़ दिया या उनकी बलि दे दी। [15]

असहयोग आंदोलन ने इतनी निर्भीकता पैदा कर दी कि जब मार्च 1921 ई. की शुरुआत में दो वरिष्ठ अंग्रेज अधिकारियों ने मांडर क्षेत्र के एक गाँव का दौरा किया, तो टाना भगतों ने उनसे कहा कि वे अपनी जमीन का कोई लगान और चौकीदारी कर नहीं देंगे। उन्होंने जमींदारों के उत्पीड़न की भी शिकायत की। भगतों ने खुलासा किया कि कांग्रेसियों ने उनसे एक मुट्ठी चावल (मुठिया) इकट्ठा किया था और उन्हें गांधीजी का आशीर्वाद दिया था।[16] उत्पाद शुल्क दुकानों की बंदोबस्ती के विरोध में 16 मार्च 1921 ई. 26 को रांची में लगभग पूर्ण हड़ताल हुई।[17]

21 मार्च 1921 ई. को राजेंद्र प्रसाद ने रांची का दौरा किया और एक सार्वजनिक बैठक को संबोधित किया। स्वामी विश्वानंद ने भी संबोधित किया. उनके भाषणों का क्षेत्र के आदिवासियों पर बहुत प्रभाव पड़ा, जो जल्द ही कुछ क्षेत्रों में हाथों में लाठियाँ लेकर सड़कों पर निकलने लगे और सुदियों को शराब बेचने पर गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी दी।[18] इसके तुरंत बाद राजेंद्र प्रसाद रांची की यात्रा के दौरान खूंटी उपमंडल में आंदोलन को संगठित करने का प्रयास किया गया। राजेंद्र प्रसाद ने जून 1921 ई. में तिलक स्वराज कोष के लिए धन इकट्ठा करने के उद्देश्य से रांची का दौरा किया।[19] इस सिलसिले में उन्होंने बुंडू का भी दौरा किया। उनकी प्रेरणा से रांची जिले के कुछ गांवों में पंचायतें स्थापित की गईं और एक राष्ट्रीय विद्यालय रांची और दूसरा लोहरदगा में स्थापित किया गया।

टाना भगत स्थानीय कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ लगातार संपर्क में थे और रांची जिले में बड़ी संख्या में असहयोग बैठकों में भाग ले रहे थे। ऐसा लगा मानो असहयोग आंदोलन ने टाना भगत आंदोलन को एक नया जीवन दे दिया हो। रोमन कैथोलिक मिशनरियों ने सिमडेगा क्षेत्र में असहयोग गतिविधियों का प्रतिकार करने के लिए कुछ ईसाई आदिवासियों को भर्ती किया, लेकिन टाना भगत सरकारी आदेशों की अवहेलना करते रहे। बढ़ते असंतोष को रोकने के लिए, स्थानीय प्रशासन ने इस क्षेत्र में देशद्रोही बैठक अधिनियम लागू किया। एक वरिष्ठ अधिकारी ने टाना भगतों को कट्टरपंथी–तर्क या तर्क के लिए तैयार नहीं के रूप में वर्णित किया था। [20]

ऐसी अफवाहें थीं कि कुछ टाना भगतों ने कुछ साल पहले कुछ निश्चित तारीखों से अपने गांवों के विशेष अधिकार इस आश्वासन के साथ हासिल कर लिए थे कि गांधी राज की स्थापना होने पर इन बिक्री को मान्यता दी जाएगी। एक अन्य अफवाह ने संकेत दिया कि गांधी इस आदिवासी क्षेत्र में इन मामलों को निपटाने के लिए कुछ वर्षों के भीतर आएंगे। ये अफवाहें आदिवासियों की अच्छे दिनों की उम्मीद से उत्पन्न हुईं जब कांग्रेस ने स्वराज हासिल किया। उनके लिए गांधी एक मसीहा थे जो सब कुछ ठीक कर देंगे। रांची जिले में ताना भगतों और अन्य आदिवासियों ने इसके बावजूद पूरे 1921 ई. तक सरकार को कर का भुगतान बंद रखा।

झारखंड में असहयोग आंदोलन बड़े पैमाने पर समाप्ति के बाद भी कुछ समय तक अन्य जिलो में आदिवासियों का प्रतिरोध जारी रहा। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) ने 28–30 जुलाई 1921 ई. को बंबई में अपनी बैठक में रचनात्मक गतिविधि पर बहुत जोर दिया और कांग्रेस से जुड़े सभी व्यक्तियों से आह्वान किया कि वे कांग्रेस के पहले दिन से ही विदेशी कपड़े का उपयोग छोड़ दें। एआईसीसी ने लोगों से हाथ से कताई और हाथ से बुनाई को प्रोत्साहित करके खद्दर का निर्माण करने का भी आह्वान किया। इसका आदिवासियों विशेषकर टाना भगतों पर लाभकारी प्रभाव पड़ा, जिन्होंने विदेशी कपड़ों का पूर्ण बहिष्कार कर दिया और खद्दर तथा गांधी टोपी का प्रयोग शुरू कर दिया।[21]

असहयोग आंदोलन एक नई राजनीतिक क्रांति लेकर आया। शैक्षिक पिछड़ेपन और ब्रिटिश समर्थक सामंतों के प्रभाव के कारण पलामू जिले की चेतना अब तक राष्ट्रीय आंदोलन की लहर से अप्रभावित थी। 6 अप्रैल 1919 ई. को बुलाई गई आम हड़ताल को जिले में बहुत कम प्रतिक्रिया मिली। [22] हालाँकि, लातेहार उप–मंडल के टाना भगत, रांची जिले के अपने समकक्षों की तरह, महात्मा गांधी के शिष्य बन गए और बेगारी और चौकीदारी कर के भुगतान का विरोध करने के लिए चंदवा पुलिस स्टेशन के तहत कई बैठकें कीं। उन्होंने मई 1919ई. में रांची जाकर वहां एकत्रित टाना भगतों में शामिल होने की भी योजना बनाई। [23]

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी ने 26 दिसंबर 1922 ई. को गया शहर से लगभग पांच किलोमीटर दक्षिण में तेनुई गांव में अपने 37वें सत्र में बैठक की गई जिसमे झारखंड से बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया।[24] अकेले रांची जिले से लगभग आठ सौ लोग कांग्रेस अधिवेशन में भाग लेने आये थे। उनमें से लगभग साठ उराँव और मुंडा, 21 दिसंबर को गया पहुंचे। लगभग चार सौ टाना भगतों और अन्य आदिवासी पुरुषों और महिलाओं ने रांची से पदयात्रा की और 275 की दूरी तय करने के बाद 18 किलोमीटर पैदल चल कर अधिवेशन से दो दिन पहले गांधी महाराज की जय का नारा लगाते हुए कंधे पर गठरी और खाने–पीने का सामान लेकर गया पहुंचे। गुलाब तिवारी के नेतृत्व में कई टाना भगत एक लॉरी में सवार होकर आए। कांग्रेस के कार्यक्रम ने आदिवासियों को जागृत कर दिया था और इस संगठन के प्रति उनका अटूट विश्वास जगाया। जब उन्हें पता चला कि जिस मैदान में कांग्रेस का अधिवेशन होना है, वह ठीक से समतल नहीं किया गया है, तो उन्होंने पर्याप्त संख्या में टोकरियाँ और कुदालें मँगवाएँ और दिन–रात मेहनत करके उन्होंने इसे पूरा समतल किया। दो दिनों के भीतर जमीन को समतल करने का काम किया गया, जिसके बिना कांग्रेस स्थल पर बहुत खराब प्रदर्शन होता। उनकी कड़ी मेहनत और कांग्रेस के प्रति प्रेम से प्रभावित होकर, स्वागत समिति ने उनमें से प्रत्येक को एक गांधी टोपी और एक फूल भेंट किया (सदस्यता) रिसेप्शन कमेटी का प्रतीक) उस पर चिपका दिया गया जिसे उन्होंने लंबे समय तक संरक्षित रखा।[25]

टाना भगत गया कांग्रेस की कार्यवाही से बहुत प्रभावित हुए। गया से लौटने पर, उन्होंने राष्ट्रीय कार्य के लिए कार्यक्रम तैयार करने के लिए कई बैठकें कीं[26] जिसमें जमींदारों के लिए काम करने या सरकार को कर देने या भूमिधारकों को भूमि किराया देने से इंकार करना शामिल था। देवकीनंदन लाल ने गया कांग्रेस के निर्णय के अनुसार शहर और मुफस्सिल क्षेत्रों में कई बैठकें आयोजित करने का नेतृत्व किया। 25 जनवरी 1923 ई. को रांची में एक बैठक की अध्यक्षता करते हुए डॉ. पी. सी. मित्रा ने दर्शकों से कताई, बुनाई, स्वास्थ्य उपाय, निषेध आदि जैसे रचनात्मक कार्यक्रम के लिए खुद को समर्पित करने का आह्वान किया। इस बैठक को गुलाब तिवारी ने भी संबोधित किया [27]. 6 से 13 अप्रैल 1923 ई. तक राष्ट्रीय सप्ताह के दौरान, रांची के स्थानीय कांग्रेस नेताओं ने तिलक स्वराज कोष के लिए धन इकट्ठा करने और अधिक स्वयंसेवकों को भर्ती करने के लिए गंभीर प्रयास किए। 13 अप्रैल 1923 ई. को, उन्होंने दो बैठकें आयोजित कीं, एक रांची में और दूसरी डोरंडा में राष्ट्रीय सप्ताह के दौरान टाना भगतों ने रांची में निकाले गए जुलूस और वहां आयोजित चरखा प्रदर्शन में भाग लिया।[28] आदिवासियों ने धार्मिक और आर्थिक सुधार कार्यक्रम पर ध्यान केंद्रित किया, लेकिन कुछ स्थानों पर उन्होंने विरोध मार्च भी आयोजित किए। उदाहरण के लिए, कांग्रेस नेताओं ने हरई (स्थानीय जमींदारों द्वारा आदिवासियों के हल का मुफ्त उपयोग), बेगारी (जबरन बिना पारिश्रमिक श्रम) और खेतकुट्टा (पेड़ों की उपज का अधिकार) के खिलाफ विरोध करने के लिए पलामू के खरवारों और नगेसियाओं को संगठित किया। गुमला क्षेत्र में आदिवासियों ने इनकार कर दिया। जमींदारों को प्रति वर्ष धान की निश्चित मात्रा के लिए कुली के रूप में काम करना पड़ता था। उन्होंने मांग की कि अगर वे बिल्कुल भी काम करते हैं तो मौजूदा मजदूरी दोगुनी हो जाएगी।

रांची जिले में कुछ आदिवासियों ने कुछ समय के लिए कांग्रेस की राजनीति से अपना नाता तोड़ लिया, लेकिन 17 अप्रैल 1923 ई. को जीतू उराँव, धनु उराँव और बुका उराँव ने मंदार थाना क्षेत्र के अपने आदिवासी भाइयों को हड़ताल आयोजित करने के लिए मना लिया। कुछ दिनों बाद उन्होंने राय बहादुर एस.सी.राय और बंदीराम उराँव के कांग्रेस–विरोधी प्रचार को नजरअंदाज करते हुए मोतीलाल नेहरू के सम्मान में एक जुलूस निकाला। उन्हें हजारीबाग जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राम नारायण सिंह ने आश्वस्त किया कि गांधी भगवान के अवतार थे और सरकार लोगों को गुमराह कर रही थी।[29] इस बीच, भारत के राष्ट्रीय ध्वज के सम्मान की रक्षा के लिए नागपुर में एक वीरतापूर्ण सत्याग्रह हुआ, जिसने मई 1923 ई. तक अखिल भारतीय आंदोलन का रूप ले लिया था। राष्ट्रीय सम्मान की रक्षा के लिए हजारों लोग नागपुर की ओर भागे और विभिन्न शर्तों की कारावास की सजा भुगती। रांची के टाना भगत ऐसे स्वयंसेवकों में से थे और उनमें से कई को पीटा गया और जेल में डाल दिया गया।[30]

झारखंड में, रांची जिला असहयोग आंदोलन का तूफान केंद्र था, जिसमें टाना भगतों ने सक्रिय रूप से भाग लिया था। एक समय, 1921 ई. की शुरुआत में, स्थिति इस हद तक बिगड़ गई कि स्थानीय ब्रिटिश अधिकारियों में से एक ने सोचा कि छोटानागपुर जल्द ही आयरलैंड के रास्ते पर चला जाएगा। वह उस देश के लिए कुत्ते की तरह गोली खाने को तैयार नहीं थे जो उनका अपना नहीं था। संताल परगना के दामिन इलाके और हजारीबाग और सिंहभूम जिलों के कुछ इलाकों में भी कमोबेश यही स्थिति थी. पलामू और मानभूम जिलों में आंदोलन की प्रगति अपेक्षाकृत धीमी रही। हालाँकि, मानभूम जिले के धनबाद और झरिया के कोयला क्षेत्र क्षेत्रों

ने विशेष महत्व प्राप्त कर लिया क्योंकि इन क्षेत्रों ने राष्ट्रीय नेताओं को आंदोलन और अन्य राष्ट्रीय कार्यों को चलाने के लिए भारी धन मुहैया कराया।

जब झारखंड में असहयोग आंदोलन उग्र रूप से भड़क रहा था, तब छोटानागपुर उन्नति समाज (1915 ई. में गठित) ने अपनी गतिविधियों को पुनर्जीवित किया और एक आंदोलन का रूप धारण कर लिया। समाज का उद्देश्य छोटानागपुर को उसके पिछड़े राज्य से ऊपर उठाना और आदिवासियों की सामाजिक, राजनीतिक और आर्थिक स्थिति में सुधार करना था। इसने आदिवासियों को साहूकारों के चंगुल से छुटकारा दिलाने में मदद करने के लिए ग्राम निधि की स्थापना की। कुछ क्षेत्रों में, आदिवासियों ने जमींदारों को प्रति वर्ष धान की एक निश्चित मात्रा के लिए खेतिहर मजदूर के रूप में काम करने से मना कर दिया। उन्होंने मांग की कि अगर वे बिल्कुल भी काम करते हैं तो मौजूदा मजदूरी दोगुनी हो जाएगी। हालाँकि, ईसाई मिशनरियों के प्रभाव में, समाज के नेताओं ने असहयोग गतिविधियों का विरोध किया और यहां तक कि विरोध मार्च भी आयोजित किए, लेकिन टाना भगतों और अन्य आदिवासियों पर जीत हासिल करने में असफल रहे, जो राष्ट्रीय आंदोलन की मुख्यधारा में कूद गए थे। [31]

असहयोग आंदोलन अल्पकालिक साबित हुआ लेकिन इसके दूरगामी परिणाम हुए। झारखंड में, यह आदिवासियों सहित समाज के सभी वर्गों को अपनी चपेट में लेते हुए सुदूर कोनों तक फैल गया।

उनका अहिंसक धार्मिक, सामाजिक– सांस्कृतिक एवं स्वतंत्रता आंदोलन परवान चढ़ाने लगा था। 12 समय अंग्रेज पुलिस सुपरिटेंडेंट ने अपनी रिपोर्ट में इनके आन्दोलन पर तत्काल रोक लगाने दिया था। 19 मार्च 1921 को अंग्रेज उपायुक्त ने छोटानागपुर के आयुक्त को अपनी रिपोर्ट लिखा कि टाना भगत आंदोलन और गाँधी के आन्दोलन के मिल जाने से समस्याएँ बढ़ती जा बल रही है। जुलाई 1921 में जब कांग्रेस ने विदेशी कपड़ों के बहिष्कार करने का आह्वान किया तब टाना भगत सबसे आगे थे। दिसम्बर 1921 में गया में कांग्रेस की राष्ट्रीय बैठक हुई उसमें गाँधी जी सहित कांग्रेस के उच्चस्तरीय नेता उपस्थित थे। उसमें टाना भगतों ने भाग लिया। कुछ ने पैदल ही राँची से गया तक यात्रा की थी। इस बैठक में भाग लेने के बाद टाना भगत पूर्ण रूप से भारत के राष्ट्रीय स्वाधीनता आन्दोलन से जुड़ गए। ये टाना भगत रामगढ़ कांग्रेस, गया कांग्रेस में भाग लिए तथा समय–समय पर कांग्रेस ने जो भी रणनीति अंग्रेजों के विरूद्ध बनाई। उसके क्रियान्वयन में टाना भगतों ने पूर्ण सहयोग किया। कांग्रेस के विदेशी कपड़ों के बहिष्कार तथा खादी कपड़ा पहनने के आह्वान स्वरूप इन लोगों ने अपने हाथों चर्खे पर सूत कातकर स्वनिर्मित खादी का उपयोग शुरू कर दिया था। सरदार पटेल के नेतृत्व में बारदोली (गुजरात) में किसानों द्वारा मालगुजारी न देने के सत्याग्रह जैसा इन टाना भगतों ने भी अंग्रेज सरकार को मालगुजारी नहीं देने का अपनी माटी में भी सफल प्रयोग किया, हालाँकि उनको इस आन्दोलन की बड़ी कीमत चुकानी पड़ी। इनकी जमीनें मालगुजारी, न देने के कारण अंग्रेजों ने नीलाम कर ही तब भी इनका अहिंसक आन्दोलन जारी रहा। ये कहते थे कि गाँधी बाबा का राज होगा तभी हम अपनी जमीन वापस लेंगे। चाहे वह 1940 का रामगढ़ कांग्रेस हो या 1930 का अवज्ञा आन्दोलन हो या 1942 का भारत छोड़ो आन्दोलन हो सभी में टाना भगतों ने उत्साहपूर्वक एवं सक्रिय रूप से भाग लिया। हजारों की संख्या में जेल गए।''

टाना भगत आन्दोलन जो वास्तव में सुधारवादी. शुद्ध सरल, सादगी जीवन स्वावलम्बन तथा उन्नत चरित्र का द्योतक था इसके पीछे आध्यात्मिक दृष्टि रही थी जो उराँव जनजाति के चेतना में सदियों से रही थी। जैसे– स्वच्छदंता प्रकृति प्रेम, भूमि से लगाव, सामुहिकता पड़हा व्यवस्था, समानता की भावना आदि। जब अंधविश्वास, सामाजिक कुरीति, आर्थिक शोषण तथा स्वायत्तता की बात आई तो इस जनजातिय समाज में जागरूकता टाना भगत आंदोलन के रूप में प्रकट हुआ किन्तु यदि हम इस आन्दोलन के राष्ट्रीय चरित्र की बात करे तो गाँधी जी के सम्पर्क में आने के बाद ही यह आन्दोलन राष्ट्रीय पटल पर उभर कर सामने आया। राष्ट्रीय स्वतंत्रता के प्रति आकर्षण एवं चेतना गाँधी जी के सम्पर्क एवं प्रेरणा के कारण ही दिख पड़ती है।

**संदर्भ ग्रंथ सूची –**

1. मीणा, केदार प्रसाद, आदिवासी विद्रोह, विद्रोह परम्परा और साहित्यिक अभिव्यक्ति की समस्याएँ (विशेष संदर्भ–संथाल हूल और हिन्दी उपन्यास), अनुज्ञा बुक्स, दिल्ली, 2015, पृ. 120–121
2. रणेन्द्र पाल, सुधीर, झारखण्ड इन्साइक्लोपीडिया (खंड–1) हुलगुलानों की प्रतिध्वनियाँ वाणी प्रकाशन, नई
   दिल्ली, 2008, पृ. 216
3. राय. एस. सी. उराँव रिलीजन एण्ड कस्टम्स, ज्ञान पब्लिशिंग हाउस, नई दिल्ली, 2012, पृ. 348
4. वही, पृ. 341
5. वर्मा, उमेश कुमार, झारखण्ड का जनजातीय समाज, सुबोध ग्रन्थमाला, राँची, 2009, पृ. 315
6. मिज, दिवाकर, झारखण्ड के शहीद, ओरियंट पब्लिकेशन्स, दिल्ली, 2006, पृ. 191 18. ग्रोवर, बी. एल.
7. मेहता, अलका, यशपाल, आधुनिक भारत का इतिहास. एस. चन्द एण्ड कम्पनी प्रा. लि. नई दिल्ली,
8. 2014, पृ. 332
9. विद्यालंकार, सत्यकाम, हमारे राष्ट्र निर्माता, राजपाल एण्ड सन्ज, दिल्ली, 1979, पृ. 49
   रणेन्द्र पाल, पूर्वोद्धृत, पृ. 217
10. वही, पृ. 18. बिहार और उड़ीसा में असहयोग और खिलाफत आंदोलन, ओपी.सीआईटी, पी.28.
11. वही.
12. एस.पी., राँची से डी.सी., राँची, 3 फरवरी 1921, ऑप. सीआईटी.

13. 12.बी एंड ओ, पोल. विशेष, फाइल संख्या 50, 1921 (बीएसए)।
14. एस.पी., राँची से डी.सी., राँची, 3 फरवरी 1921, वच. बपज.
15. डी.सी., रांची से छोटानागपुर कमिश्नर, दिनांक 24 फरवरी 1921, स्वतंत्रता आंदोलन फाइल संख्या 51 (बीएसए)।
16. छोटानागपुर आयुक्त द्वारा सभी डी.सी., 19 मार्च 1921, स्वतंत्रता आंदोलन फाइल संख्या 51 (बीएसए)।
17. वही, 9 मार्च 1921.
18. वही, 19 मार्च 1921
19. वी राघवैया, आदिवासी विद्रोह, नेल्लोर, 1971, पृष्ठ 165।
20. चौथा संस्करण, 1965, पीपी.201—02। इसके अलावा स्टीफन फुच्स, रिबेलियंस प्रोफेट्स एशिया पब हाउस, बम्बई, 1965, पृ.57.
21. जे.ई. स्कॉट से एफ.एफ. लायल, छोटानागपुर कमिश्नर, 17 मार्च 1921 गोपनीय डी.ओ. क्रमांक 63
22. टीसी, स्वतंत्रता आंदोलन फाइल क्रमांक 52(बीएसए)
23. एस.पी.सिन्हा, 'छोटानागपुर के आदिवासियों पर गांधी का प्रभाव (1920—30)', एल.पी.विद्यार्थी, सहाय और श्रीवास्तव (सं.), गांधी और सामाजिक विज्ञान, बुकहाइव, नई देखी, 1970, पी.156 में।
24. पुलिस इंटेलिजेंस का सार दिनांक 12 अप्रैल 1919, वच.बपज. पुलिस इंटेलिजेंस का सार, बी एंड ओ, फाइल नं. 1050, दिनांक 18 मई 1919 (बीएसए)।
25. जदुनंदन प्रसाद, 'गया कांग्रेस एंड द स्वराज पार्टी इन बिहार, 1922—27' पी.एन.ओझा (सं.), बिहार में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का इतिहास, 1885—1985, केपीजेआरआई, पटना, 1985, पी.244। खुले सत्र में परिषद—प्रवेश प्रस्ताव पर लंबी बहस के कारण गया कांग्रेस सत्र सामान्य से अधिक लंबा था।
26. राजेंद्र प्रसाद, आत्मकथा, ऑप. सिट., पी.271
27. एस.पी., रांची की रिपोर्ट, 2 जनवरी 1923, के.के.दत्ता, फ्रीडम मूवमेंट इन बिहार खंड 1, ऑप में उद्धृत सिट. , पीपी. 244—45.
28. वही, 23 जनवरी 1923.
29. वही, 16 अप्रैल 1923.
30. जे.सी. झा, 'द ट्राइबल्स ऑफ बिहार एंड द इंडियन फ्रीडम मूवमेंटः 1920—42., पीपी .288।
31. एस.पी.सिन्हा, ओपीसीआईटी, पी.पी. 156—57.
32. एल.एन.राणा, छोटानागपुर में पार्टी राजनीति, 1937—1987, पीएच.डी. थीसिस, 1991, आर.यू. (एमएसएस), पीपी.57—61। इसके अलावा इग्नेस कुजूर, झारखंड दुमुहाने पार, सुदर्शन प्रेस, रांची, 1955, पृ.4य कुशल केरकेट्टा, पद्मश्री रेव. जोएल लाकड़ा का जीवनी रेखाचित्र, रांची, 1972, पृ.3य के. एल. शर्मा, झारखंड मूवमेंट इन बिहार', इकोनॉमिक एंड पॉलिटिकल वीकली, खंड ग, 1—2, 10 जनवरी 1976, पृ.41 और 33
के. एस. सिंह, 'छोटानागपुर में जनजातीय स्वायत्तता आंदोलन' के.एस. सिंह (सं.), भारत में जनजातीय आंदोलन, खंड —2, मनोहर प्रकाशन, दिल्ली, 1983, पी4।

'Journal of Research & Development'
A Multidisciplinary International Level Referred and Peer Reviewed Journal,
Impact Factor-7.265, ISSN: 2230-9578, April-2024, Volume-16 Issue-6

# बाबा भागीरथ माँझी तथा खेरवार आन्दोलन

**Kiran Gupta**
M. A., M. Phill., Research Scholar,
Department of History, Ranchi University, Ranchi, Jharkhand
**Corresponding Author- Kiran Gupta**
**Email -** kirangupta2411@gmail.com
**DOI- 10.5281/zenodo.12278350**

**सारांश:**
भारत का वर्तमान और भविष्य साधू–संतों के बिना पूरा नहीं होता। हमारी आजादी के संघर्ष का इतिहास भी पग–पग एवं पन्ना–पन्ना इनके वीरता से भरा पड़ा है। झारखण्ड में ऐसे अनेक साधू–संत हुए जिनके त्याग और बलिदान की गौरव गाथा इस समाज और क्षेत्र विशेष में तो अस्तित्व रखती है किन्तु इतिहास की पुस्तकों में उनका जिक्र कम या ना के बराबर है। झारखण्ड इतिहास के स्वतंत्रता आन्दोलन और उसमें भी साधू–संतों की भूमिका को लेकर इतिहास के पुनर्लेखन की आवश्यकता है। इतिहास पुनर्लेखन के लिए व्यापक दृष्टि अपनाने की आवश्यकता है। साधू सन्तों की बात करें, तो उन्हें इतिहास में वह जगह नहीं मिली, जो मिलनी चाहिए थी, तो इसका सीधा–सा अर्थ यह है कि आजादी के बाद भारतीय स्वतंत्रता संग्राम और उसके नायकों और खासकर जनजातीय आन्दोलनों और उससे जुड़े व्यक्तियों के प्रति जिस दृष्टि और जिस सोच का परिमार्जन करना था, वह नहीं किया गया, जबकि स्वतंत्र देश और समाज की इतिहास से अपेक्षा थी।

खरवार, संथाल जनजाति की एक उपजाति है। भागीरथ मांझी ने खरवार आन्दोलन का नेतृत्व किया था जिसकी शुरूआत 1868 ई॰ में संथाल परगना क्षेत्र में हुई। खरवार जनजाति प्राचीन काल को ही अपना स्वर्ण युग मानते थे और उनका उद्देश्य प्राचीन मूल्यों और जनजाति परम्परा अथवा परम्परागत मूल्यों को पुनः स्थापित करना था। इस आन्दोलन का उद्देश्य संथालों की उन्नति, नैतिक शुद्धि, सफाहोर मतलब पवित्र इंसान बनाने की थी ताकि वह अपनी स्वतंत्र गरिमा को पुनः स्थापित कर सके। ताकि भूमि संबंधी समस्याओं में पुनः सुधार एवं सामाजिक सुधार पर जोर दिया। यह एक जनजाति सुधारवादी आन्दोलन था, जो कि 1871 ई॰ में अपनी चरम सीमा पर पहुंचा।

इसके कई कारण थे, संथाल हूल (1855) के परिणामस्वरूप ब्रिटिश सरकार ने संथालों के लिए एक अलग जिले संथाल परगना का गठन किया।[1] साथ ही कई नई प्रशासनिक व पुलिस, व्यवस्था लागू की गयी। संथालों के न्याय व सुनवाई के लिए कई अधिकारी नियुक्त किए गए एवं मांझियों को पुलिस के अधिकार दिए गऐ। इसका फायदा यह हुआ कि 1857 की क्रांति में संथालों ने खुलकर भाग नहीं लिया।[2] इस बात से खुश होकर संथाल परगना के तत्कालीन कमिश्नर जी.यू.यूल ने बंगाल सरकार के सचिव को लिखा था कि संथालों ने बहुत बुरे माहौल में भी साहस का परिचय दिया।[3] पर ब्रिटिश सरकार संथालों के प्रति ईमानदार नहीं थी। वो उनकी सेवा भी ले रही थी तथा साथ ही उनकी गतिविधियों पर नजर भी रखे हुई थी। संथाल परगना के डिप्टी कमिश्नर ए.आर. थॉम्पसन ने 7 अप्रैल, 1856 को भेजे एक पत्र में लिखा था की हमारे पास संथालों की शैतानी हरकतों को दबाने के लिए पर्याप्त सेना है।[4] 19 अगस्त, 1857 को बंगाल सरकार के सचिव ने मिदनापुर के जिला मजिस्ट्रेट को सख्त आदेश देते हुए कहा कि अगर संथाल फिर किसी भी तरह की प्रतिकूल हरकत करते हैं तो उन्हें तुरन्त कुचल दिया जाए।[5] इसके साथ ही अंग्रेजी सरकार ने नील की खेती को लिए संथाल परगना की सीमाएँ घटा दी[6] तथा प्रशासनिक और नए पुलिस कानून 1860 के बाद 1863 में आये डिप्टी कमिश्नर ब्राउन वुड के समय फिर से बदहाली में बदल गये।[7] परिणामस्वरूप संथालों की स्थिति पुनः दुखदायी, अपमानित वाली हो गई। उन पर लगान स्वरूप आर्थिक बोझ बढ़ने लगा। संथालों ने कई बैठक कर अधिकारियों को अपनी स्थिति से अवगत करा शिकायतें भी की।[8] इन्हीं पारिस्थितियों में 1871 में एक संथाल भागीरथ माँझी ने धार्मिक पुट वाला एक नया आन्दोलन शुरू किया। इसे ही खेरवार आन्दोलन कहते हैं। भागीरथ माँझी द्वारा नेतृत्व प्राप्त इस आन्दोलन को भागीरथ माँझी आन्दोलन भी कहा जाता है। इसे साफाहोर/सफाहोड़ आन्दोलन के नाम से भी जाना जाता है।

भागीरथ मांझी का जन्म गोड्डा सब–डिवीजन के बरकोपे टप्पे के टारडीहा/तलडीहा गाँव में हुआ था। उनकी धार्मिकता, सादगी और पवित्रता को देखते हुए उनके अनुयायी उनको ''गुरुजी'' या ''बाबा'' कह कर पुकारने लगे। इस आन्दोलन के दौरान जनजाति लोगों में सुधार एवं कुछ विचारों का प्रचार–प्रसार किया गया। जैसे– **पहला–** सूर्य एवं दुर्गा की उपासना के अतिरिक्त अन्य किसी भी देवी–देवता की उपासना न करना। सूर्य, रामबोंगा तथा देवी दुर्गा के अलावा संथाल के ''बोंगा–बोंगियों को परित्या कर दिया।[9] **दूसरा–** माँस का सेवन, मदिरा पान, नाच–गान का परित्याग करना। सुअर और मुर्गी नहीं पालने की हिदायत देना क्योंकि उनमें गंदगी होती है। शुद्धता की ओर अग्रसर करते हुए पहले नहाने फिर पकाने की बातें की।[10] **तीसरा–** सिद्धो–कान्हो के जन्म स्थान को तीर्थ स्थान के रूप में मान्यता प्राप्त करवाना। **चौथा–** संथाल विरोधियों का प्रतिकार और उपपंथों की संख्या को 12 तक सीमित करना। **पांचवा–** आन्दोलन के प्रति पूर्ण समर्पण वाले लोग सफाहोड़ और उदासीन लोगों को बावजिया और बेमन से उपासना करने वाले लोग को मेल बरागर में वर्गीकृत किया गया।

आन्दोन के दौरान भागीरथ माँझी ने खुद को भी बोंसी गांव का राजा घोषित कर दिया। और उन्होंने यह घोषणा की, कि उन्हें सिंगबोंगा ने बोंसी गांव का राजा घोषित किया है। कुछ आदिवासी जनजाति सिंगबोंगा को अपना प्रधान देवता मानते है। जिसका अर्थ विश्वविधाता यानि के सृष्टि की रचना करने वाला होता है। इसके अलावा इन्होंने ब्रिटिश सरकार और महाजनों को कर न देने की अपील करते हुए खुद लगान प्राप्त करने की व्यवस्था प्रारंभ की थी। आसन्न नई व्यवस्था में लगान–रहित चारागाह, एक जोड़ा भैंसों की जुताई के लिए एक रुपया तथा एक जोड़ा बैलों की जुताई के लिए आठ आने राजस्व वसूली की तथा साहूकार रहित अर्थवस्था की घोषणा की गई।[11] ईसाई बने संथाल भागीरथ के समर्थक नहीं बने थे।[12] इस आन्दोलन की बढ़ती हुई व्यापकता को देखते हुए

अंग्रेज सरकार ने भागीरथ मांझी और उनके साथी ''ज्ञान परगनैत'' को गिरफ्तार कर लिया। ब्रिटिश हुकुमत ने इनके खिलाफ दमनकारी कार्यवाही प्रारंभ की फिर नवंबर 1874 में दोनों को रिहा कर दिया फिर तो इसके बाद यह आन्दोलन संथाल परगना से होते हुए हजारीबाग तक फैल गई। हजारीबाग में इस खरवार आन्दोलन का नेतृत्व 'दुबू बाबा' ने किया। भागीरथ मांझी की मृत्यु 1879 ई॰ में हुई। खरवार आन्दोलन का दूसरा चरण दुविधा/ दुबई गोसाई के नेतृत्व में 1881 ई॰ की जनगणना के खिलाफ प्रारंभ हुआ परन्तु ब्रिटिश सरकार द्वारा गोसाई की इस प्रयास को रोकने का यह आन्दोलन समाप्त हो गया।

खेरवार आन्दोलन से संथालों को कोई लाभ कभी नहीं हुआ। भागीरथ मांझी हूल आन्दोलन में एक क्रांतिकारी था। वह ब्रिटिश सेना अथवा जेल में भी रह चूका था।[13] फिर भी इन आन्दोलन का कोई अच्छा परिणाम नहीं निकला। जिस उद्देश्य के साथ यह क्रांति शुरु हुई, वह तो कहीं खो गई और अंततः संथाल जिनके खिलाफ खड़े थे उनके जैसे ही बन गये।

सफाहोड़ आन्दोलन के प्रणेता भागीरथ मांझी को बहुत से किताबों और वेब स्रोतों में तिलका मांझी के पुत्र बताये जाते हैं, परन्तु प्रमाणिक तौर पर यह कहा जा सकता है कि दोनों में कोई रक्त संबंध नहीं था। तिलका मांझी पहाड़िया थे, जबकि भागीरथ मांझी संताल थे। तिलका मांझी का जन्म स्थल भागलपुर जिले के तिलकपुर में था, जबकि भागीरथ मांझी का जन्म स्थल, गोड्डा जिले में तलडीहा गांव में था। तिलका मांझी को 1785 ई॰ में फांसी दी गई थी और उनकी शहादत के 80 वर्ष के उपरान्त साफाहोड़ (1874) आन्दोलन शुरू हुआ। भागीरथ मांझी के पिता का नाम लिटा हांसदा था। हांसदा संतालों का पारिस अर्थात् गोत्र होता था। तलडीहा में आज की भागीरथ मांझी की पांचवी और छठी पीढ़ी हैं। भागीरथ मांझी के छोटे पोते चंदर हांसदा तलडीहा पंचायत के कई बार मुखिया रहे। उनके परपोते मुनीलाल हांसदा उम्र 65 वर्ष व्यवहार न्यायालय गोड्डा में अधिवक्ता है। मुनीलाल हांसदा की पुत्रवधू लिलीसी हेम्ब्रम महेश लिही गोड्डा पंचायत की 2015 से 2021 तक मुखिया रहीं। इतने सुस्पष्ट और सुलभ प्रमाण होने के बावजूद भागीरथ मांझी को लेकर भ्रामक जानकारी तथा कथित इतिहास लेखन में मौजूद है। जिसे सही करने की जरूरत है।

**संदर्भ–सूची**

1. एल. एस. एस. ओ 'मैली, *बंगाल डिस्ट्रिक्ट गजेटियर्स, संथाल परगना* पृ॰54।
2. पी. सी. रॉय चौधरी, *1857 इन बिहार गजेटियर्स रिवीजन ब्रांच,* रेवेन्यू डिपार्टमेंट, बिहार, पटना, 1959, पृ॰ 188 ।
3. जोहन कोचुचिरा, टोर, *पॉलिटिकल हिस्टी ऑफ संथाल परगना 'ज फ्रॉम 1765 टू 1872,* इंटर इंडिया पब्लिकेशन्स, नई दिलली, 2000, पृ॰ 113।
4. वही, पृ॰ 118 ।
5. वही, पृ॰ 112 ।
6. पी. सी. राय चौधरी, *बंगाल डिस्ट्रिक्ट गजेटियर्स–संथाल परगना,* पृ॰ 192।
7. जोहन कोचुचिरा टोर, पूर्वोद्धृत, पृ॰ 122 ।
8. जोहन, मेकटूगल, *लैंड और रिलीजन द सरदार एण्ड खेरवार मूवमेंटस् इन बिहार 1858–95,* मनोहर पब्लिकेशंस्, नई दिल्ली, 1985, पृ॰ 195 ।
9. जोसेफ द्रोइजी, *लेख–सोशल मूवमेंटस् अमोंग द संथाल,* एम.एस. ए. राव (सं॰) सोशल मूवमेंटस् इन इडिया, मनोहर पब्लिशर्स एण्ड डिस्ट्रीब्यूटर्स, नई दिल्ली, 2000, पृ॰ 350 ।
10. केदार प्रसाद मीणा, *आदिवासी विद्रोह, विद्रोह परम्परा और साहित्यिक अभिव्यक्ति की समस्याएँ,* अनुज्ञा बुक्स, दिल्ली, 2015, पृ॰ 162।
11. बालमुकुंद वीरोत्तम, *झारखण्ड–इतिहास एवं संस्कृति,* हिन्दी ग्रंथ अकादमी, बिहार, पृ॰ 331 ।
12. जोहन मेकदूगल, पूर्वोद्धृत, पृ॰ 85 ।
13. वही, पृ॰ 84 ।

*'Journal of Research & Development'*
*A Multidisciplinary International Level Referred and Peer Reviewed Journal,*
*Impact Factor-7.265, ISSN: 2230-9578, April-2024, Volume-16 Issue-6*

# भारतीय राष्ट्रीय आन्दोलन और उराँवों में टाना भगत गोत्र रखने वालों का योगदान

**नवल रोहित तिर्की**
विष्वविद्यालय इतिहास विभाग, राँची विष्वविद्यालय, राँची (झारखण्ड)
**Corresponding Author- नवल रोहित तिर्की**
**Email: -** nawlrtirkey@gmail.com
**DOI- 10.5281/zenodo.12279831**

**सारांश:**

भारतीय राष्ट्रीय आंदोलन कई चरणों से होकर गुजरा। गांधी जी द्वारा भारतीय राजनीति का नेतृत्व संभालने से राष्ट्रीय आंदोलन को बल मिला। उनेंने राष्ट्रीय आंदोलन को जन, गण और मन का आंदोलन बना दिया। गांधी जी ने आंदोलन को आग बढ़ाने के लिए जिस सत्य, अहिंसा एवं सत्याग्रह का प्रयोग किया था। उसकी पूर्व प्रतिध्वनि झारखं डमें हो चुके थे। छोटा नागपुर में हुए विभिन्न आंदोलन एवं विद्रोह ने 19वीं शताब्दी के उत्तरार्ध में ब्रिटिष विरोध की जो दीपषिखा प्रचलित की थी। वह टाना भगत की अहिंसा गतिविधियों से होकर महात्मा गांधी के नेतृत्व में एक वृहद राष्ट्रीय आंदोलन के रूप में विकसित हुई। वस्तुतः महात्मा गांधी के अहिंसा एवं सत्याग्रह के आमोद अस्त्रों के प्रयोग से पहले ही नागपुर के आदिवसी इसका प्रयोग जमींदारों, मिषनरियों एवं सरकार के विरूद्ध कर चुके थे।[1]

उनमें टाना भगत आंदोलन सर्व प्रमुख था। इस आंदोलन के जनक जतरा भगत थे। जिनका मूल नाम जतरा कछुवा था।[2] छोटा नागपुर पठार में बसे उराँवों की अपनी परंपरागत भूमि व्यवस्था रही थी। जो प्रत्येक वंषों या कूलों की भूईंहरी कहलाती है।[3] गांव प्रषासन के लिए ग्राम पंचायत एवं अन्तर ग्रामों में पड़हा पंचायत की व्यवस्था थी। अंग्रेजों ने यहां पर जैसे ही भूमि व्यवस्था स्थापित किए उससे यहां के पारंपरिक व्यवस्था धीरे–धीरे नष्ट होने लगी। बाहर से आए हुए लोगों ने भूईंहरी और खूंटकट्टी जमीन पर जोर जबर जस्ती से कब्जा करने लगे। इसका प्रभाव जनजातियों के आर्थिक जीवन के साथ–साथ सामाजिक, धार्मिक एवं राजनीतिक व्यवस्था पर भी प्रभाव पड़ा।[4]

इन्हीं परिस्थितियों में जतरा उराँव ने अप्रैल 1914 में टाना भगत आंदोलन की शुरूआत की । उनके सिद्धांतों और विचारों से प्रभावित होकर कई लोग उसके आंदोलन से जुड़ते चले गए। यह आन्दोलन दो चरणों से होकर गुजरा। पहला चरण परिष्कार ओर परिहार से संबंध था। इस चरण में कष्ट पहुंचाने वाले दुष्ट आत्माओं और बोंगाओं का विनाष और निष्कासन किया गया। पुरानी परंपराओं और रीति रिवाज का परित्याग किया। जिन्होंने आदिवासियों का जीवन निम्न स्तरीय बना दिया था। दूसरा चरण आचरण संबंधी विषेष नियमों का निर्धारण और नए धर्म का संगठन और उसे निष्चित रूप देना रहा था। इसके लिए वे एकत्रित होकर धर्मेष की प्रार्थना करते थे और विषेष भक्ति से संपन्न व्यक्तियों जैसे बिरसा भगवान तक की प्रार्थना की जाती थी यहां तक कि जर्मन बाबा का भी आह्वान किया जाता था।[5] उराँवों के बीच जल्द ही जतरा कछुवा अब जतरा भगत बन गया और उनके अनुयायी टाना भगत कहलाए।[6] जिन्होंने अपना गोत्र टाना भगत कर लिया।

यह आन्दोलन सम्पूर्ण उराँव प्रदेष में फैल गया। लोगों ने जमींदारों और गैर आदिवासियों के यहां काम करना बंद कर दिया। अपने अनुयायियों को काम करने से रोकने के अपराध में जतरा भगत को उसके सासत अनुयायियों के साथ गुमला के अनुमंडल पदाधिकारी की कचहरी में मुकदमा चलाया गया। 1916 ई. में जतरा भगत को एक वर्ष की सजा हुई और बाद में उसे इस शर्त पर छोड़ा गया कि वह अपने नए सिद्धांतों का प्रचार नहीं करेगा और शांति बनाए रखेगा किंतु जेल से बाहर जाने के डेढ़ माह के भी तर उसकी मृत्यु हो गई।[7]

ज्तरा भगत के शान्त हो जाने के बाद भी आंदोलन फलता फूलता रहा। अपने गुरू की प्रेरणा से अनुयायियों ने आन्दोलन को जारी रखा। जतरा भगत के समकालीन महिला देवमनिया सिसई थाना क्षेत्र में आन्दोलन से संबद्ध रही थी। मांडर क्षेत्र में षिबू भगत, घाघरा क्षेत्र में बलराम भगत और विषुनपुर क्षेत्र में भीखू भगत आन्दोलन का प्रचार प्रसार करते रहे। धीरे–धीरे यह आंदोलन जमींदार, मिषन एवं ब्रिटिष विरोधी बन गया।[8] आन्दोलन को रोकना कठिन हो गया।

आन्दोलन के तृतीय चरण तक टाना भगत यह समझ चुके थे कि आन्दोलन करने से ही उनके भूमि अधिकारों एवं हितों की सुरक्षा नहीं हो सकती है। इसके लिए राजनीतिक आधार की आवष्यकता है। टाना भगत 1917 ईस्वी में गांधीजी के संपर्क में आए। राँची में गांधी जी का भाषण सुनकर ये लोग अत्यन्त प्रभावित हुए। अपने गुरू जतरा भगत के विचारों से समानता देखकर वे राष्ट्रीय आंदोलन की ओर उन्मुख हुए। टाना भगतों ने महात्मा गांधी के नेतृत्व में राष्ट्रीय आन्दोलन में शामिल हो गये। अब इनकी खादी, कांग्रेस और तिरंगा के प्रति आस्था जागी। इन लोगों ने गांधीजी के असहयोग आंदोलन में सहर्ष भाग लिया।[9]

1920–21 ई. में गांधीजी का झारखंड आगमन हुआ। गांधी जी राँची के भीमराज वंषीधर मोदी धर्मषाला में ठहरे थे। इसी धर्मषाला के सामने लंका शायर मैनचेस्टर मिलों के विदेषी कपड़ों की होली जलाई गई। आदिवासी लोगों ने खादी धारण का व्रत लिया और

चरखा चलाने लगे। गांधी जी का टाना भगतों से सम्पर्क हुआ। टाना भगत दल के दल गांधी जी के षिष्य बनते गए। खादी बुनना, पहनना, पैसा दो पैसा जो भी इनके पास था उसे गांधी जी को समर्पित कर देते थे। असहयोग आंदोलन के क्रम में इन्होंने अंग्रेजी सरकार को कर देना बंद कर दिया। फलस्वरूप उनकी जमीन जब्त की गई। गांधी जी ने स्वीकारा की उनके सभी षिष्यों में टाना भगत सर्वोत्कृष्ट थे।[10]

1920 ई. में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का विषेष अधिवेषन कलकत्ता में हुआ टाना भगत इस अधिवेषन में शामिल हुए। उन पर गांधी जी के विचारों और आर्थिक स्वावलंबन के प्रतीक खादी का गहरा प्रभाव पड़ा। आदिवासी अधिवेषन से लौट गए। पलामू केंड ग्राम निवासी आदिवासी नेता धनी सिंह खरवार के नेतृत्व में पलामू के किला में एक सभा किया गया। लोगों ने सभा निर्णयानुसार कपास की खेती के लिए एक ही दिन में हजारों पेड़ काट डाले गए। हनी सिंह को पलामू का राजा घोषित किया गया। उसके नेतृत्व में आदिवासियों का एक विषाल जुलूस डाल्टनगंज पहुंचा लेकिन इसे लाठीचार्ज कर बिखेर दिया गया।[11]

1921 ई. में असहयोग आंदोलन के दौरान पूरा झारखंड उद्वेलित था। गांधीजी के नैतिक नेतृत्व का टाना भगतों पर ऐसा सृजनात्मक प्रभाव पड़ा कि आंदोलन के तहत कई स्थानों में शराब की भट्टियों को तोड़ डाला गया और उन्हें जबरन बंद कराया गया। असहयोग आंदोलन के क्रम में अनेक गांव में पंचायतों की स्थापना हुई और ग्रामीण अपने झगड़ों को स्वयं निपटाने की कोषिष करने लगे।[12] 1922 ई. में कांग्रेस के गया अधिवेषन में टाना भगतों ने भाग लिया। वहां उन्होंने जो कुछ देखा और सुना उससे बड़े प्रभावित हुए। गांधी के सच्चे अनुयायी सभी टाना भगत खादी वस्त्र और गांधी टोपी धारण करते थे। वे अपने साथ कांग्रेस का तिरंगा रखते थे। जब राष्ट्रीय ध्वज की रक्षा के लिए नागपुर में झंडा सत्याग्रह हुआ तो उसमें टाना भगत भरी संख्या में शामिल हुए।[13]

असहयोग आंदोलन के दौरान 1922 मुं चौरी चौरा कांड के बाद कांग्रेस में विभाजन हो गया और स्वराज पार्टी की स्थापना हुई। 1923 ई. में जब प्रांतीय लेजिसलेटिव काउंसिल बनी, तो कृष्ण बल्लभ सहाय स्वराज पार्टी के प्रतिनिधि रूप में ही चुने गए।[14] 1925 में गांधीजी झारखंड आए तो उनका हजारीबाग में भाषण हुआ। गांधी जी की इच्छा थी कि भारत के प्रत्येक जिला मुख्यालय में पहुंचे। लेकिन ऐसा नहीं हो सका किन्तु वे झारखण्ड के सभी जिला मुख्यालयों में पहुंच गए। वह टाना भगतों के क्षेत्र में भी गए और उनकी देषभक्ति से बहुत प्रसन्न हुए।

गांधी जी के नेतृत्व में पुरे देष में 1930 ई. में सविनय अवज्ञा आन्दोलन की शुरूआत हुई। आन्दोलन में झारखण्ड ने भी बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। कांग्रेस कार्य समिति की जनवरी 1930 ई. की बैठक में प्रतिवर्ष 26 जनवरी को स्वाधीनता दिवस मनाने की घोषणा की गई थी। झारखण्ड में भी 26 जनवरी 1930 ई. को नगर नगर में पूर्ण स्वाधीनता दिवस अत्यन्त उत्साहपूर्वक मनाया गया। इससे संबंध कार्यक्रमों में आदिवासी भी भारी संख्या में शामिल हुए। रांची का तरूण संघ समारोह में सबसे आगे था।[15]

महात्मा गांधी द्वारा 6 अप्रैल 1930 ई. को नमक कानून तोड़ने की प्रक्रिया शुरू हुई तो झारखं डमें 13 अप्रैल को दो सौ लोगों ने पचास स्थानों पर नमक बनाया। सरकार नेताओं को गिरफ्तार करती थी। फिर भी नमक सत्याग्रह चलता रहा। आंदोलन के क्रम में रांची, सिल्ली, गुमला, चुटिया, कुडू, लोहरदगा तथा बेड़ों में कई सभाएं हुई। प्रायः सौ टाना भगतों और कांग्रेसियों द्वारा जुलूस निकाला गया।[16] आन्दोलन के दौरान 2 जून को चालीस टाना भगतों ने रांची में जुलूस निकाला उनमें से आठ को बंदी बना लिया गया। 23 जुलाई को कुछ टाना भगत झंडा सहित कचहरी परिसर में देखे गए। गोसनर हाई स्कूल के छात्र आनंद कुमार जगन्नाथपुर मेले के अवसर पर शराब की दुकान पर टाना भगतों के साथ पिकेटिंग कर रहा था पुलिस ने लाठी चार्ज किया जिससे उनकी मृत्यु हो गई। यह सिलसिला लंबे समय तक चलता रहा। मांडर थाना के करकट गांव के तीन टाना भगत जेल भेजे गए।

सविनय अवज्ञा आंदोलन में हजारीबाग के संथालों का महत्वपूर्ण योगदान रहा था। गोमिया थाना के बोरोगेरा ग्राम का बंगम मांझी उनका नेतृत्व कर रहा था। उसके अनुयायियों की संख्या कई हजार रही थी। उसने टाना भगतों की तरह स्वच्छता, मद्य निषेध और खादी पर जोर दिया। उसे राम नारायण सिंह तथा कृष्ण बल्लभ सहाय आदि कांग्रेसी नेताओं का समर्थन प्राप्त था।[17]

जब द्वितीय विष्वयुद्ध शुरू हुआ इसके विरोध में कांग्रेस ने वर्धा में बैठक की । इसमें निर्णय लिया गया कि कांग्रेसी मंत्री मंडलों से इस्तीफा देंगे और युद्ध नीति का शांतिपूर्ण ढंग से विरोध करेंगे। फलस्वरूप बिहार में भी कांग्रेस मंत्रिमंडल ने इस्तीफा दे दिया इसी पृष्ठभूमि में 1940 ई. का व्यक्तिगत सत्य कार्यक्रम शुरू हुआ। इस अवसर पर महात्मा गांधी अंतिम बार रांची आए थे। 1940 ई. में कांग्रेस के 53 वीं वार्षिक सभा हजारीबाग जिला स्थित रामगढ़ में मौलाना अबुल कलाम आजाद के सभापतित्व में हुए। इस सभा में अनेक टाना भगत पैदल चलकर रामगढ़ पहुंचे। जिसमें लाला भगत, सोमा भगत, विष्वामित्र भगत और कांवरिया भगत रहे थे। जिन्होंने चार सौ रूपए की थैली गांधीजी को दिए थे।[18]

1942 ई. के भारत छोड़ो आंदोलन में झारखंड के लोग बहुत बड़े पैमाने पर शामिल हुए।

आंदोलनकारियों ने जगह–जगह पर हड़ताल, जुलूस एवं प्रदर्षन किए। आवागमन एवं संचार के साधनों को नष्ट किया गया।[19] रांची जिला स्कूल के प्रदर्षनकारी छात्रों को बंदी बना लिया गया। लोहरदगा स्थित नर्मदा हाई स्कूल में राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया। रांची शहर में विषाल जुलूस निकाला गया। टाना भगतों के एक दल ने बिषनपुर थाना को जला दिया। लोगों ने डाकघर, रेलवे स्टेषन और शराब की भट्टी में तोड़फोड़ की। नवंबर 1942 तक रांची जिला में प्रायः दो सौ लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया। पलामू में आंदोलन काफी जोरदार रहा इस सिलसिले में कई गिरफ्तारियां हुईं। सितंबर में टाना भगतों ने चंदवा थाना पर झंडा फहराया।[20]

गांधी जी के नेतृत्व में राष्ट्रीय आंदोलन छोटानागपुर के इतिहास में एक विषिष्ट स्थान रखता है। इस आंदोलन में छोटानागपुर के प्रायः सभी लोगों ने भाग लिया था। टाना भगतों का महत्वपूर्ण योगदान रहा था। आंदोलन के दौरान उनकी भूमि जप्त कर ली गई। उनकी भूमि वापसी के लिए प्रयास हुए। आज भी वे अपने गुरू के बताए रास्ते में चल कर अपने अधिकारों के लिए लड़ रहे हैं।

**संदर्भ सूची**

1. जे.वी.आर.एस. : जिल्द 12/खण्ड 1–2 (1959), एस. पी. सिन्हा : द फर्स्ट बिरसाइत अपराइजिंग, पृ. 402
2. टोप्पो एडमंड : कुडूख कत्थ–खीरी अरा डण्डी, कुडूख टेक्स्ट बुक कमिटी, राँची, 1973, पृ. 98
3. रॉय एस. सी. : द उराँव ऑफ छोटानागपुर, क्राउन पब्लिकेषन्स आर्यन टावर, ईस्ट जेल रोड, राँची, संस्करण 2023, 1973, पृ. 67
4. पाण्डेय गया : भारतीय जनजीय संस्कृति, कंसैप्ट पब्लिषिंग कम्पनी, नई दिल्ली, 2007, पृ. 406
5. धान ओ. रेखा : बेलेटिन ऑफ द बिहार ट्राइबल रिसर्च इंस्टीटयूट, जुलाई 1960, पृ. 153–155
6. टोप्पो एडमंड : पूर्वोद्धृत, पृ. 99–100
7. कुमार एन., बिहार डिस्ट्रिक गजेटियर, राँची, रेवेन्यू डिपार्टमेंट, सेक्रेटेरिएट प्रेस, गर्वमेंट ऑफ बिहार, पटना, 1970, पृ. 71–73
8. वीरोत्तम डॉ. बी. : झारखण्ड : इतिहास एवं संस्कृति, बिहार हिन्दी ग्रन्थ अकादमी, पटना, 2016, पृ. 348–349, 352
9. पाण्डेय गया : पूर्वोद्धृत, पृ. 407–408
10. दत्त के.के., : हिस्ट्री ऑफ द फ्रीडम मुवमेंट इन बिहार, वल्युम 1, 1857 – 1928, गर्वमेंट ऑफ बिहार, पटना, 1957, पृ. 332
11. फोड पी. सी. हम श नन को ऑपरेषन एण्ड खिलाफत मूवमेंट, भारत सरकार प्रकाषन, 1925, पृ. 173
12. सर्च लाइट : 16 मार्च 1921
13. अहमद डॉ. जियाउद्दीन : बिहार के आदिवासी, मोतीलाल बनारसीदास, पटना, 1978, पृ. 173
14. दत्त के. के. : बिहार के स्वतंत्रता आन्दोलन का इतिहास, बिहार हिन्दी ग्रन्थ अकादमी, पटना, संस्करण 2014, खण्ड 1, पृ. 469
15. दत्त के. के. : हिस्ट्री ऑफ द फ्रीडम मुवमेंट इन बिहार, वल्युम 2, 1928–1941, गर्वमेंट ऑफ बिहार, पटना, 1957, पृ. 15–16
16. मिश्रा एस. : हिस्ट्री ऑफ द फ्रीडम मुवमेंट इन छोटानागपुर, 1885–1947, काषी प्रसाद जायसवाल रिसर्च इंस्टीटयूट, पटना, 1990, पृ. 92–94
17. वीरोत्त्म डॉ. बी. : पूर्वोद्धृत, पृ. 367
18. वीरोत्त्म डॉ. बी. : पूर्वोद्धृत, पृ. 369–370
19. ओझा पी. एन. : (सं), छोटानागपुर : पास्ट एण्ड प्रेजेन्ट, सुदर्षन प्रेस, राँची, 1964, पृ. 9
20. वीरोत्त्म डॉ. बी. : पूर्वोद्धृत, पृ. 370–375

*'Journal of Research & Development'*
*A Multidisciplinary International Level Referred and Peer Reviewed Journal,*
*Impact Factor-7.265, ISSN: 2230-9578, April-2024, Volume-16 Issue-6*

# उराँव जनजाति के प्रमुख नृत्य धार्मिक अनुष्ठानों में जतरा टाना भगत

**पूनम टोप्पो**
इतिहास विभाग, राँची विश्वविद्यालय,राँची
**Corresponding Author- पूनम टोप्पो**
**Email: poonamtoppo12@gmail.com**
**DOI- 10.5281/zenodo.12281450**

**सारांश:**

जतरा भगत उर्फ जतरा उराँव का जन्म सितम्बर 1888 ई० में झारखण्ड के गुमला जिला के बिशुनपुर थाना के चिंगनी नवाटोली गाँव में हुआ था। उनके पिता का नाम कोदल उराँव और माँ का नाम लिबरी था। 1912–1914 में उन्होंने ब्रिटिश राज और जमींदारों के खिलाफ अहिंसक असहयोग का आंदोलन छेड़ा और लगान सरकारी टैक्स आदि भरने तथा कुली के रूप में मजदूरी करने से मना कर दिया। यह 1900 ई० में बिरसा मुण्डा के नेतृत्व में हुए उलगुलान से प्रेरित औपनिवेशिक और सामंत विरोधी धार्मिक सुधारवादी आंदोलन था। 1940 के दशक में टाना भगत आंदोलनकारियों का बड़ा हिस्सा गाँधी के सत्याग्रह से जुड़कर राष्ट्रीय स्वतंत्रता आंदोलन में शामिल हुआ। आज भी टाना भगत आदिवासियों की दिनचर्या राष्ट्रीय ध्वज के नमन से होती।[1]

उराँव आदिवासी द्रविड़ियन प्रजाति के हैं। इनके भाषा कुडु.ख द्राविड़ियन भाषा परिवार से आती है।[2] राँची, गुमला, लोहरदगा, सिंहभूम, और पलामू के सर्वश्रेष्ठ उपजाऊ भागों में कोयला, दामोदर तथा सुवर्णरेखा से सिंचित क्षेत्रों में ऊँचे, चट्टानी और कठोर मिट्टी वाले भागों में उराँव बस्तियाँ बसी।[3] उराँव प्रकृति में स्वच्छंद विचरण करने वाली जनजाति है। इसका दर्शन हमें उनकी नृत्य–संगीत, पर्व–त्योहार एवं जीवन प्रणाली में देखने को मिलती है। कि एक उरांव जिस दिन से चलने लगता है, उसी दिन से नृत्य करने लगता है। पर्व–त्योहार के अवसर पर होने वाले नृत्य–संगीत उराँव जीवन शैली के आधार है। उराँव किसी न किसी रूप में वर्ष भर त्योहार मनाते हैं। नृत्य उराँव जनजातियों की संस्कृति का महत्वपूर्ण अंग है। त्योहारों के अवसर पर भी नृत्य एवं गीत होता है। मांदर, नगाड़ा, ढेकचा, घंटी, तिरियो इनके लोकप्रिय वाद्य यंत्र है। सरहुल के अवसर पर उराँव खद्दी नृत्य करते हैं, जबकि करम पर्व के अवसर पर करम नृत्य करते है। त्योहारों के अवसर पर मांदर की थाप पर स्त्री–पुरूष साथ में नृत्य करते हैं।[4]

धुमकुड़िया उराँव जाति का प्राथमिक शिक्षा केन्द्र है, जिसमें युवक–युवतियों को सामाजिक आर्थिक और नैतिक शिक्षा प्रदान की जाती है। पड़हा पंच समाज का सर्वोच्च न्यायालय है जिसमें छोटे–मोटे झगड़ों से लेकर बड़े मामलों को भी निपटाया जाता है।[5] गीत एक जाति की भावनाओं का स्वतः स्फूर्त उदाहरण है, जिससे उनकी अभिरूचियों ख्यालों, भावनाओं अभिलाषाओं का ज्ञान होता है उनके गीत उनके संगीत और उनके वादक यंत्र अपने आप में एक श्रेणी बनाते हैं।[6] यहाँ के आदिवासी और गैर–आदिवासी दोनों ही नृत्य–गीत तथा संगीत के अत्यन्त शौकीन होते हैं। जहाँ काफी रात तक मांदर नगाड़े तथा गीतों की मधुर समवेक–ध्वनि गूँजती रहती है।[7]

**उराँव जनजाति के प्रमुख नृत्य :–**

**धुड़िया नृत्य –** इस नृत्य का मौसम सरहुल का ही है। परन्तु गाँव का सरहुल जब तक समाप्त नहीं हो जाता, इस गाँव में यह नृत्य नगाड़े, घंट, झांझर आदि होते हैं। युवक हाथ से चादर, मयूर पंख या पल्लव युक्त टहनियों को लेते हैं। युवतियाँ बालों पर सरईफूल तथा तिलई फूल खोंसती हैं।

**ढढ़िया नृत्य –** यह नृत्य संगीत जेठ माह में होता है। धरती माता सूर्य के प्रचण्ड ताप से झुलस जाती, हरियाली बिल्कुल समाप्त हो जाती है। सभी प्राणियों के चेहरे में गमगिनी तथा मासूमी छा जाती है। इस नृत्य में किसी प्रकार का वाद्य यंत्र के ताल नहीं रहते हैं।

**पनाड़ी नृत्य –** यह नृत्य संगीत जेठ माह के बाद मानसून शुरू होने के पूर्व चलता है। इस ऋतु में झिंगुर अपने दीर्घ स्वरों में वर्षा का आवाह्न करते हैं। यह देख उराँव जनजाति का मन हर्षित हो उठता है और वह अखड़ों में उतर पड़ते हैं। इस नृत्य में चंचलता बरती जाती है।[8]

**जदुर नृत्य –** जनजाति नृत्यों का वर्गीकरण विभिन्न नृत्यों में शरीर की भंगिमाओं के आधार पर भी किया गया। जदुर नृत्यों को नीर सुसंको कहा जाता था क्योंकि इसमें नाचनेवाले तनकर सीधा रहते हुए दायें से बाये वृत्ताकार नृत्य करते थे।

**जपी नृत्य –** जपी नृत्य में नर्त्तकों की गति जदुर की तुलना में कम होती थी। वृत्ताकार के साथ–साथ सीधी पंक्ति में अग्रसर होने के कारण इसे खड़ा नृत्य की संज्ञा भी दी गई थी।[9]

**धुड़िया सुरगुजिया नृत्य –** इसमें भी कंधे वाली शैली और हाथ झुलाने की प्रक्रिया होती है। पद संचालित होती ही गीत आरम्भ हो जाता है। गीत की समाप्ति पर 'हो हाइल रे' कहते लंगड़ी चाल चलनी पड़ती है। गीत की कड़ी की समाप्ति पर हाथ आगे वाले की कमर में चली जाती है और तब कदमों पर नृत्य का रूप तीव्र हो जाता है। महिलाएँ अंतिम कड़ी में पंजों के बल बैठ जाती है। और झटके से उठकर हो हाइल रे कहती हुई नृत्य में बालाएँ मग्न हो जाती है।

**छेछाड़ी नृत्य –** इसमें भी फग्गू खद्दी की तरह ही जुड़कर कतार में नृत्य होता है। इसमें भी 'हो हाइल रे' कहते हुए दाएँ पैर को उठाते हैं। इसके बाद तोतकाना की क्रिया होती है। उसके बाद कलात्मक पद संचालन से नृत्य में गति आ जाती है।

**देशवाड़ी नृत्य –** इसमें महिलाएँ अंगुलियाँ फंसा कर जुड़ती है। कुछ पुरूष भी सम्मिलित हो जाते हैं। इसके पद संचालन की कला अपनी है। इसके दो भेद हैं। हाथों से जुड़ने और पैरों के स्टेप पर नृत्य में किंचिन भिन्न हो जाते हैं।

**खद्दी लुझकी नृत्य –** यह धुड़िया की ही तरह का नृत्य है, इसी तरह जुड़ते भी है। इसमें झुककर नाचते हैं। गीत प्रमुख कड़ी पर आगे बढ़ते हैं तो दूसरी कड़ी पर पीछे

लौटते है। बीच की अवस्था में उछल कर परिवर्त्तन करते हैं। मांदर की अनिवार्यता तो बनी ही रहती है।

**जेठवारी ढढ़िया नृत्य** – सरहुल के मौसम में जेठवारी नृत्य भी चलता है। इसमें देशवाड़ी की तरह जुड़ते है इस नृत्य में मटकते हैं। गीत की समाप्ति पर उछलते हैं। हर कड़ी की समाप्ति पर हुस्स कह कर पुनः पद संचालन आरम्भ हो जाता है।

**जेठवारी लहसुआ नृत्य** – इसमें भी देशवाड़ी की तरह जुड़ते तथा नृत्य करते हैं। गीत की कड़ियों के अंत में नाचने वाली (वाले भी) झुकती है। कभी वे घुटने टेक लेती हैं और जुड़े हाथ को छोड़कर तालियों से मांदर की ताल में ताल मिला देती है। इस क्रिया में वे झूमते भी हैं। फिर नृत्स संगीत चलता रहता है।

**धड़धड़िया नृत्य** – इसमें भी देशवाड़ी नृत्य की ही कला है। इसमें दूसरी मात्रा में तोतकाना होता है। कदम कभी आगे–पीछे करते और कभी झुमते हुए नृत्य करते हैं।

**असारी नृत्य** – आषाढ़ मास का यह नृत्य है। इसके पद संचालन व मांदर की ताल की अपनी विशिष्टताएँ हैं।[10]

**चाली नृत्य** – इसे झुमरी नृत्य भी कहते हैं। इसमें कंधा पकड़ने और हाथ झुलाने वाली शैली का नृत्य होता है। गीतों की कड़ियों के साथ आगे–पीछे होना पड़ता है। और कंधों से बदल कर कमर पकड़ कर नृत्य की मुद्रा में आना पड़ता है।

**चाली रियो रे नृत्य** – इसमें भी झुमरी की ही तरह नृत्य के लिए सजाते हैं। इसमें किर्त्तआना गाते समय पीछे के बदले आगे बढ़ते हैं। पैरों को फेंकते हुए इसमें नृत्य होता है।

**चाली बारियो नृत्य** – इसमें भी आगे वाले के कंधे पर अपना एक हाथ रख कर दूसरा झुलाते हुए नृत्य आरम्भ होता है। गीत चलता रहता है। पाँवों को भी बीच–बीच में डुलाते हुए नृत्य करते हैं।

**करम पइरी नृत्य** – इसमें भी धुड़िया की तरह नृत्य आरम्भ करते हैं। पैरों को डुलाना और उछालना इस नृत्य की विशेषता है। हाथों का स्थान बदल लेना, पीछे घूमना तथा तोतकाना करते हुए नृत्य में आगे बढ़ते हैं।

**बिरिंझिया ढढ़िया नृत्य** – इस नृत्य में देशवाड़ी नृत्य की आरंभिक छाप है। इसमें हो हो होरे कहते हुए दोनों पैरों से उछला जाता है। पद संचालन क्रम में कमर ऐंठते हुए आगे बढ़ते हैं।[11]

**टुंटा नृत्य** – यह नृत्य सिर्फ पुरूषों के लिए है। अखरा में एकत्रित होने के बाद पुरूष एक लाइन में खड़े होकर एक–दूसरे के बाये हाथ को पकड़े हुए रहते हैं। इसके बाद जेठवारी गीत गाना शुरू करते हैं और गाते–गाते अखरा के चारों ओर घूमने लगते हैं तथा ऊपर नीचे उछलने का कार्यक्रम जारी रहता है।

**युद्ध नृत्य** – यह नृत्य युवकों द्वारा अपने ऐतिहासिक युद्धों के यादगारों को दर्शाने के लिए आयोजित करते हैं। युवक अपने हाथों में झण्डे को लेकर अधिक ऊँचाई पर फहराते हुए नृत्य करते हैं तथा लाठी भाँजते हुए आगे बढ़ते हैं, जैसे वे वास्तविक रूप से युद्ध के लिए जा रहे हो।[12]

**घोड़ा नाच** – घोड़ा नाच भी पुरूष प्रधान नृत्य है। परन्तु कलियाँ इसमें सम्मिलित हो सकती है। यह लोक उत्सव के अवसर पर या बारातियों के स्वागत पर या किसी सम्मानीय व्यक्ति की आगवानी के समय भी घोड़ा नाच किया जाता है। यह भी वीर रस का नृत्य है। इसमें गीत नहीं गाए जाते पर शहनाई में किसी राग के उत्तेजक गीत अवश्य बजाए जाते हैं। इसी राग के लय–ताल पर घोड़े पर सवार नर्त्तक आकर्षक लोचदार नृत्य करता है। यह घोड़ा वास्तविक नहीं होता। बांस की पट्टियों को घोड़े का स्वरूप दे दिया जाता है। और उसे रंगीन कपड़ों से घेर दिया जाता है। सामने घोड़े का मुखौटा बांस पट्टियों पर लगा होता है। पीछे झालरदार घोड़े की पूँछ बनी होती है। नर्त्तक इस घोड़े के फ्रेम में प्रवेश कर अपने कंधे से लटकाए रहता है। घोड़े के पैर के स्थान पर नर्तक का वास्तविक दो पैर होते हैं। सवार के नकली पैर घोड़े के दोनों ओर जीन से लगे होते हैं। लगान पकड़े हुए घोड़े को ऊपर नीचे, दाहिने बांये या चक्कर लगाते हुए उछलते, ठुमकते, दौड़ते हुए आकर्षक नृत्य करता है।

**पइका लोक नृत्य** – पइका नृत्य न केवल सदानी में अपितु मुण्डा उराँव नृत्यों में भी उतना ही लोकप्रिय है। इसकी वेश–भूषा अन्य नृत्य से बिल्कुल भिन्न होती है। सिर पर रंगीन पगड़ी मोर पंख की कलगी लगी हुई। पगड़ी तथा टुढ़ी से लगी एक रंगीन पट्टी बंधी होती है जिससे पगड़ी जोशपूर्ण नृत्य से गिर न जाता छाती में और हाथ तथा बाजुओं में रंग–बिरंगी पट्टियाँ बुनी तथा झुलती हुई बंधी होती है। जब नर्तक बाँये हाथ में ढाल और दाहिने हाथ में दोधारी तलवार लिए हुए हाथों को ऊपर नीचे लहराता है। तो पक्षी के डैना (पंख) से प्रतीत होते हैं। नर्तक कसी हुई धोती और पैरों में घुंघरू बांधे होते हैं। पइका नृत्य समूह नृत्य है। यह शादी–विवाह में बारातियों के स्वागत में दोनों ओर से होता है। इसके अतिरिक्त विशेष व्यक्ति के आगमन पर उसके स्वागत में भी इस नृत्य को दिखाया जाता है।[13]

**धार्मिक अनुष्ठान–पर्व–त्योहार :–**

**सरहुल या खद्दी पर्व–** उराँवों का खद्दी या सरहुल पर्व अप्रैल में आता है। अच्छी फसल के लिए धन्यवाद–ज्ञापन तथा नई फसल भरपूर होने की कामना का यह पर्व, उपवास के साथ सरना में सम्पन्न होता है। सफेद–लाल मुर्गियों की बलि पाहन द्वारा चढ़ायी जाती थी। बाद में चावल के साथ इसकी मुंडी पकायी जाती है। और प्रसाद के रूप में वितरित की जाती थी। इस पूजा में पहान के अतिरिक्त महतो, सुसारी, पनभरवा और ग्रामीण पुरूष भाग लेते थे। स्त्रियों के भाग लेने की मनाही थी। पूजनोपरान्त पहान को कंधे पर बैठाकर गाते–बजाते गांव लाया जाता था। उसके घर की औरतें उसके पैर धोती थी। गांववाले पर्व के उपलक्ष्य में नाचते–गाते थे। उसके घर की सभी वस्तुओं पर सरहुल का फूल चढ़ता था। नये फलों–सब्जियों का प्रथम बार–सेवन होता था। दूसरे दिन गांववालों का आपस में मिलन होता था। पर्वों के अवसर पर नवविवाहित युवक ससुराल में निमंत्रित किये जाते थे। यहीं महिलाएँ अगल से नाचती थी।[14]

**करमा पर्व** – करमा अथवा कर्मा पर्व उराँवों में लोकप्रिय था। भाद्र मास की एकादशी के दिन मनाया जाने वाला यह पर्व कर्मा तथा धर्मा भाइयों की कथा पर आधारित था। कर्मा की शाम सायंजोत कही जाती थी। सायंजोत में करम की तीन डालियाँ अखरा स्थित पूजा–स्थल में गाड़ दी जाती थी। अखरा में पहुँचने से पहले पाहन के घर इन डालियों की पहान की पत्नी द्वारा सिंदुर लगा तथा पानी छिड़क कर सबसे पहले पाहन के यहाँ ले जाया जाता था। पाहन तथा उसकी पत्नी करम डाल की विधिवत पूजन कर विदाई करते थे। शेष लोग डाल को स्पर्श कर रोगमुक्त होने की प्रार्थना करते थे। अंततः करम–डाल को नदी अथवा तालाब में विसर्जित कर दिया जाता था।[15]

**हरियाली पूजा –** जैसे ही वर्षा ऋतु प्रारम्भ होता है, वैसे ही धरती पर हरियाली छा जाती है। धरती पर नया रंग आ जाता है। प्रकृति की छटा सुहावनी हो जाती है। ऐसे सुहावने मौसम में उराँव समाज के लोग हरियाली पूजा करते हैं। आषाढ़ महीने की यह पूजा साधारण बोल–चाल की भाषा में हरियाली पूजा के नाम से जानी जाती है। सही माने में सर्वशक्तिमान पिता–सृष्टिकर्त्ता की महिमा में यह भगवान के नाम में पूजा है। गर्मी से तपती हुई धरती पर वर्षा के कारण नव–जीवन आ जाता है इसी समय ये ईश्वर की शुक्रिया अदा करने हेतु हरियाली पूजा करते हैं। पूजा के समय मंगल–कामना की याचना की जाती है।[16]

**गाँव के पर्व–त्योहारों में पारंपिक नेतृत्व की भूमिका –** गाँव के पर्व–त्योहारों या सार्वजनिक पूजा–पाठ को महतो, पाहन और बड़े बुजुर्ग ही तय करते हैं। कुछ पर्व–त्योहारों की तो निश्चित तिथि हुआ करती है, परन्तु कुछ पूजा–पाठ गाँव के पारंपरिक नेतृत्व और बुजुर्ग लोग निश्चित करते है।[17]

**गीत–संगीत –** श्री रामनरेश त्रिपाठी, देवेन्द्र विद्वानों ने लोकगीतों को ग्रामीण गीत (ग्रामगीत) कहा है। वास्तविकता यह है कि आदिम युग में आदिम जातियों में इस तरह का भेद नहीं था।[18]

**जतरा टाना भगत –** जतरा टाना भगत जब किशोरावस्था में पहुँचे तो वह मति झाड़फूँक (तंत्र–मंत्र) की विद्या सीखने के लिए नजदीक के हेसराग ग्राम में तुरिया भगत के यहाँ जाने लगे। यह विद्या सीखने वह चिंगरा से हेसराग आया–जाया करते थे। इसी क्रम में एक दिन वह एक वृक्ष पर चिड़िया का अण्डा उतारने के लिए चढ़े तो वह अण्डा नीचे गिरकर फूट गया। उसमें से जो तरल पदार्थ गिरा, उसको देखकर जतरा भगत को लगा कि यह तो जीवहत्या है। उसी दिन से उन्होंने जीवहत्या न करने का संकल्प किया।[19] अंग्रेजी राज के अत्याचार जमींदारों द्वारा बेगारी समाज में फैले अंधविश्वास एवं नाना प्रकार की कुरीतियों से पीड़ित आदिवासी समुदाय को सन्मार्ग दिखाने का संकल्प लेकर युवा जतरा उराँव अब जतरा बन गये और इनके सद्प्रयास से टानाभगत आन्दोलन की शुरूआत अप्रैल 1914 ई० में हुई। टानाभगत अपनी गिरी हुई स्थिति से खिन्न थे और उस स्थिति से अपने को खींच कर बाहर लाना चाहते थे अर्थात् स्थिति में परिवर्त्तन लाना चाहते थे। वस्तुतः टानाभगत उरांवों की एक शाखा है जिसने कुडु.ख धर्म को अपना लिया है। उन्होंने समझा कि अपनी स्थिति सुधारने का एकमात्र तरीका ईश्वर की आज्ञा मानना और उससे तादात्म्य स्थापित करना है। ईश्वर के तादात्म्य स्थापित करना है। ईश्वर के तादात्म्य स्थापित करने का सही मार्ग था– सभी अपवित्र वस्तुओं का परित्याग और जीवन की शुद्धता। इसलिए विदेशी वस्तुओं का भी परित्याग कर दिया जिन्हें वे अशुद्ध समझते थे। और जादू टोना का निषेध किया। उनका विश्वास था कि धर्मेश (ईश्वर) बराबर देखता है कि लोग उसकी आज्ञा का पालन कर रहे हैं और उन वस्तुओं का वह विनाश करता है जो लोगों को नुकसान पहुँचाती है। ईश्वर के साथ इसी तादात्म्य की स्थापित करने की अनुप्रेरणा ने उनके अनुयायियों को अनैतिक ब्रिटानी सत्ता से लड़ने का आध्यात्मिक बल प्रदान किया और वे प्रधानतः अहिंसक तरीके से अपना आन्दोलन चलाते रहे। धार्मिक जीवन का सार अहिंसा से सन्निहित माना जाता है। मांस भक्षण का परित्याग इसलिए आवश्यक है कि जीव ईश्वर की देन है। अतः पूजा और नैवेद्य अर्पण से पहले स्नान आवश्यक है। पूजन से पहले भोजन निषिद्ध है और हड़िया का चढ़ाया जाना आवश्यक था लेकिन टाना भगतों ने यह सब बंद कर दिया। वह अपनी देवकूरी (मंदिर) में फूल, मिष्टान्न चढ़ाने लगा और अगरबत्ती तथा घी का दिया जलाने लगा उसके लिए धर्म केवल भय के कारण देवताओं को संतुष्ट करने की प्रक्रिया नहीं है बल्कि यह तो ह्रदय में धर्मेश को बैठा लेने की प्रक्रिया और पुनीत प्रयास है। यह धर्म, प्रेम, पूजा और श्रद्धा पर आधारित है। टाना भगत के लिए पूर्वजों की आत्मा के अतिरिक्त सभी आत्मा दुरात्मा है और इसलिए उनका परित्याग किया जाना चाहिए। वह केवल सर्वोच्च्य देवता धर्मेश में विश्वास करता है और उसकी अनन्त शक्ति का उपयोग स्वजनों की भलाई के लिए करता है। वह न तो स्वयं मदिरा सेवन करने वालों के साथ बैठता है। वह स्वपाठी होता है और दूसरों के द्वारा पकाये गये अन्न से परहेज करता है।[20]

टाना भगतों ने अखरा में नृत्य, जतराओं में शिकार और धुमकुरिया का भी परित्याग कर दिया। वे न तो रंगीन वस्त्र पहनते थे और न किसी प्रकार का आभूषण धारण करते थे। उन्होंने गोदना का भी परित्याग कर दिया। डाइनकुरी और बेगाओं को बलि को भी निषिद्ध कर दिया गया, क्योंकि ईश्वर का निवास तो ह्रदय में है। यदि हम उनके गीतों और प्रार्थनाओं पर विचार करें तो लगता है कि सब कुछ उनके अंतः करण से निःसृत होता है। धर्मेश प्रेम और पवित्रता का प्रतीक है, जो न केवल सम्पूर्ण ब्राह्मांड में व्याप्त है, बल्कि व्यक्ति के ह्रदय में अवस्थित है। इस तरह टाना भगतों की आचारसंहिता भी उरांव भगतों की आचार संहिता से बहुत भिन्न नहीं है।[21]

**कारण–टाना भगत आन्दोलन के निम्न कारण रहे हैं–**

1. इस आंदोलन का पहला विरोधी स्वर तब सामने आया जब जतरा भगत ने अपने अनुगामियों से निर्माण के कार्यों में कुली का काम नहीं करने का आदेश दिया। इसके बाद उसे गिरफ्तार करके जेल भेज दिया गया। यह समाचार व उसका संदेश जंगल की आग की तरह चारों ओर फैल गया। जतरा ने लोगों से कहा कि ईश्वर ने उन्हें जनजातियों का नेतृत्व सौंपा है। इस विचार ने आदिवासियों को उद्वेलित कर दिया।
2. टाना भगतों में (जिनमें बहुत से लोग उराँव नहीं भी थे) मसीहा के अवतार लेने में पक्का विश्वास था। वह भी माना जा सकता है कि भगत आन्दोलन के विकास की दो अवस्थाएँ थीं–

   पहले चरण में भूत–प्रेत, जादू–टोना और आत्माओं में रखा जाने वाला विश्वास का विनाश एवं निष्कासन।

   दूसरे चरण में आचरण सम्बन्धी नियमों का निर्धारण और नये धर्म का संगठन और उसे निश्चित रूप देना।

   नये धर्म के अनुगामियों के लिए नये विश्वास, नियमसंयम और आचरणों की संहिता का निर्माण करके उन्हें प्रचारित किया गया। प्रारम्भ में इसे नये धर्म के अनुगामी व सरकारी विरोधी अपने समाज या समुदाय का सुधार करना चाहते थे।
3. सरदारी लड़ाई और बिरसा आन्दोलन की असफलता ने अंग्रेजों तथा जमींदारों में शोषण प्रवृत्ति को बढ़ा दिया था, बेगारी आम बात थी। पहाड़ों पर सड़क एवं बंगलों के निर्माण में आस–पास के लोगों का उपयोग बैलों तथा सच्चरों जैसा किया जा रहा

था। इस अमानवीय व्यवहार की पृष्ठभूमि में टाना आंदोलन का जन्म हुआ।

4. उन्हीं दिनों 1921–1922 का महात्मा गांधी द्वारा संचालित असहयोग आंदोलन शुरू हुआ और उससे भगत आन्दोलन में भी पूरा बदलाव आया। टाना भगत आन्दोलन के सभी अनुगामियों पर महात्मा गांधी और उनके उपदेशों का भरपूर असर पड़ा और उन्होंने उसमें बड़ी मात्रा में खुलकर भाग लिया।
5. कुछ टाना भगतों को जेल हुआ और इसके विरोध में हिंसा भड़क उठी। उनके जनजागरण को कुचलने के लिए अंग्रेजों को सेना का इस्तेमाल करना पड़ा। द्वितीय महायुद्ध काल में वह अपनी पूरी ताकत के साथ पुनः भड़का। भगतों ने राष्ट्रवादियों और क्रान्तिकारियों को अपना पूरा सहयोग दिया।[22]

अप्रैल 1914 में चिंगरी के एक बीस वर्षीय युवक जतरा उरांव ने धर्मेश की आज्ञा का पालन करते हुए उराँवों के पुनरूत्थान के लिए टाना भगत आंदोलन प्रारम्भ किया था। यह आंदोलन वस्तुतः समय की मांग था, जिसका लगभग हर क्षेत्र के उरांवों ने स्वागत किया था। इस आन्दोलन का उद्देश्य था कि उरांव अपनी गिरी हुई वर्त्तमान सामाजिक एवं धार्मिक स्थिति से ऊपर उठकर अपने पूर्वजों के कुड़.ख समाज एवं धर्म की ऊँचाई प्राप्त करने का प्रयास करें। कुडु.ख धर्म एवं समाज तक पहुँचने के लिए एक शुद्ध व्यक्ति होना आवश्यक था। जतरा ने शुद्ध व्यक्ति बनने के लिए कुछ निर्देश दिए थे। इन निर्देशों का पूरी भक्ति के साथ पालन करने के उपरान्त उराँव कुडु.ख धर्म की पात्रता प्राप्त कर लेता था। यही कारण था कि दिग–भ्रमिक उराँवों के सम्मुख जब एक स्पष्ट मार्ग दिखलाई पड़ा उराँवों ने उस मार्ग को अपना लिया। इस मार्ग से चलकर उराँव अपने पूर्वजों की गरिमा प्राप्त कर सकते थे फलस्वरूप 1914ई० में राँची के दक्षिण–पश्चिम भाग में प्रारम्भ आंदोलन पश्चिमी भाग के मध्य से होता हुआ राँची के पश्चिमोत्तर भाग में पहुँच चुका था। बेड़ो, कुडू और मांडर भाग तक पहुँच चुका था। आज भी टाना भगतों का मुख्य क्षेत्र गुमला, पालकोट, चैनपुर, रायडीह, सिसई, घाघरा, विशुनपुर कुडू और मांडर है।[23] जनप्रिय युगपुरूष जतरा भगत द्वारा आरम्भ किया गया यह आंदोलन सम्पूर्ण उरांव प्रदेश में जंगल की आग की तरह फैला। लोगों ने जमींदारों और अन्य गैर आदिवासियों का काम करना बन्द किया। अपने अनुयायियों को मजदूरी करने से रोकने के अपराध में जतरा भगत को उसके सात अनुयायियों के साथ गुमला के अनुमण्डल पदाधिकारी की कचहरी में मुकदमा चलाने के लिए उपस्थित किया गया। 1916 ई० में जतरा भगत को एक वर्ष की सजा हुई और बाद में उसे इस शर्त पर छोड़ा गया कि वह अपने नये सिद्धांतों का प्रचार नहीं करेंगे और शांति बनाये रखेंगे। 1916 ई० के अन्त तब आन्दोलन राँची जिला के दक्षिणी पश्चिमी और मध्य भागों को लांघता हुआ उत्तर भागों में फैल गया, विशेषतः बेड़ो, कुडू, मांडर थानों में। उत्तर की ओर यह पलामू जिला तक फैला जहाँ टाना भगतों ने तत्कालीन राजा के समक्ष चार प्रस्ताव रखें–

1. उन्हें स्वशासन प्रदान किया जाय।
2. राजा का पद समाप्त कर दिया जाय।
3. समानता स्थापित हो।
4. भूमि कर समाप्त किया जाय क्योंकि भूमि ईश्वर प्रदत्त है।

राजा ने उक्त मांगों को ठुकरा दिया जिससे टकराव की स्थिति उत्पन्न हो गयी। तत्पश्चात् इस आंदोलन ने भूमि–संबंधी आंदोलन का रूप धारण किया और इनका भूत–प्रेत–विरोधी अभियान जमींदारों को लगान अदा न करने का अभियान बन गया। टानाभगतों के खेत जोतना बन्द कर दिया। तेज स्वरों में गाए जाने वाले उनके गानों और मंत्रों से जमींदार और साहूकार डर गए और आशंका करने लगे कि उरांव लोग कहीं उनके विरूद्ध आन्दोलन न छेड़ दे। स्थानीय जमींदार और साहूकार टानाभगतों के संभावित विद्रोह से आंतकित हो उठे और उन्होंने पुलिस में इनकी शिकायत की। पुलिस के पदाधिकारी जो न तो इनके गीतों और प्रार्थनाओं को समझते थे, और जिन्हें न तो टानाभगतों के कर्मकाण्डों को देखते ही दिया जाता था, इन्हें विद्रोही समझने लगे और उनकी सभाओं को गैरकानूनी मानने लगी। उन्हीं सभाओं पर प्रतिबंध लगाये गये और बहुतों को शांति भंग करने के नाम पर कचहरियों तक घसीटा गया। यह सब कुछ इस तरह होता रहा कि आन्दोलन धीरे–धीरे शिथिल पड़ता गया क्योंकि नया धर्म भी भूमि–संबंधी अधिकारों की रक्षा में अक्षम सिद्ध हुआ। दूसरी ओर सरकारी दमन का चक्र भी चलता रहा। नतीजन टानाभगत धीरे–धीरे समझने लगे कि केवल धार्मिक आवेग के बल पर आन्दोलन की न तो लोकप्रियता बनायी जा सकती थी और न इसे जीवित रखा जा सकता था। इसके लिए राजनीतिक आधार की आवश्यकता थी, जो उन्हें भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस द्वारा चलाये जा रहे देशव्यापी आन्दोलन के साथ हो जाने से मिला और यहीं से टाना भगत आन्दोलन को अपने को और परिष्कृत और विकसित करने का स्वर्णिम अवसर प्राप्त हुआ। अतः जब महात्मा गाँधी ने 1921ई० में सविनय अवज्ञा आन्दोलन को प्रारम्भ किया तो कुडू थाना के सिद्धू भगत के नेतृत्व में टानाभगत पहली बार स्वतंत्रता आन्दोलन में शामिल हो गये। टानाभगत कांग्रेस की ओर इसलिए भी आकर्षित हुए कि कांग्रेस को गांधीजी का पर्यायवाची मानते थे। टाना भगतों के कई दल गया, कलकत्ता, लाहौर इत्यादि में होने वाले कांग्रेस के वार्षिक अधिवेशनों में शामिल हुए। महत्वपूर्ण बात यह थी कि इन स्थानों तक की लम्बी यात्राएँ पैदल की गयी। उन्होंने चरखा को अपनाया और केवल खादी वस्त्रों का उपयोग करने लगे। उन्होंने विदेशी वस्त्रों का बहिष्कार किया। और तब से आज तक टानाभगतों के क्षेत्र में सर्वाधिक सक्रिय कांग्रेस कार्यकर्त्ता इसी समुदाय से निकलते रहे हैं। वस्तुतः उनमें से कुछ यह भी समझते थे कि गाँधीजी के रूप में जतरा भगत का पुर्नजन्म हुआ था। कांग्रेसियों के रूप में इनकी अलग पहचान बनी 1930ई० में जब बारदोली आन्दोलन शुरू हुआ तो टानाभगत भी इससे प्रभावित हुए और उन्होंने सरकार को कर देना बन्द कर लिया।[24]

गाँधी जी ने भी स्वीकार की थी कि खद्दरधारी गाँधी टोपी पहन शंख एवं घंटी बजाते टाना भगतों की टोली मुझे बहुत आकर्षित करती है। वे सरदार पटेल के बारदोली आंदोलन से प्रभावित हो सरकार को कर देना बंद कर दिया। इन टाना भगतों के रूप में स्वतंत्रता सेनानियों ने राष्ट्रीय आन्दोलन में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया।[25]

इस प्रकार टाना भगत उराँवों की शाखा है जिसने कुडु.खों के मूल धर्म कुडु.ख धर्म को अपना लिया है। इस प्रकार इस आलेख के माध्यम से उराँव जनजाति के प्रमुख नृत्य धार्मिक अनुष्ठानों में जतरा टाना भगत अपनी गिरी

हुई स्थिति से खिन्न थे और इसमें परिवर्त्तन लाना चाहते थे। यह एक सामाजिक सुधारात्मक आन्दोलन के साथ–साथ एक आवेशपूर्ण सामाजिक एवं राजनीतिक हलचल थी जिसमें निहित परिणाम दूरगामी महत्त्व के थे। जतरा भगत का बलिदान निरर्थक नहीं गया। यद्यपि जतरा भगत की भूमिका टाना भगत आन्दोलन को व्यवस्थित करने में प्रमुख थी।

**<u>संदर्भ–सूची</u>**

1. रणीन्द्र कुमार भगत, टाना आन्दोलन के जकजतरा भगत, राँची एक्सप्रेस, 2 अक्टूबर, 1988
2. कृष्ण चन्द्र टुडू, झारखण्डी आदिवासी जीवन और समाज, विभागाध्यक्ष एवं निदेशक स्नातकोत्तर जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषा विभाग राँची विश्वविद्यालय, राँची, 2013, पृ०–11
3. बी. वीरोत्तम, झारखण्डः इतिहास एवं संस्कृति, बिहार हिन्दी ग्रन्थ अकादमी, पटना, 2013, पृ०–464
4. शत्रुध्न कुमार पाण्डेय, झारखण्ड का इतिहास, साहित्य भवन पब्लिकेशन्स, आगरा, 2020, पृ०–29–30
5. नारायण भगत छोटानागपुर के उरांव रीति–रिवाज, झारखण्ड झरोखा, राँची, 2013, पृ०–290
6. मानगोविन्द बनर्जी, छोटानागपुर (झारखण्ड) की ऐतिहासिक रूपरेखा, इतिहास विभाग, राँची कॉलेज, राँची, 2004, पृ०–41
7. श्रवणकुमार गोस्वामी, नागपुरी भाषा, पटना, 1976, पृ०–28
8. प्रकाश चन्द्र उरांव, उरांव, बिहार जनजातीय कल्याण शोध संस्थान मोराबादी, राँची, 2008, पृ०–27
9. बिहार ट्राइबल रिसर्च इंस्टीच्युट बुलेटिन, जुलाई 1960, पृ०–18–20
10. गिरिधारी राम गौंझू गिरिराज, झारखण्ड का लोकसंगीत, झारखण्ड झरोखा, राँची, 2015, पृ०–41–42
11. सुधीर पाल, झारखण्ड इन्साइक्लोपीडिया (खण्ड–4) मांदर की धमक और गुलईची की खुशबू, वाणी प्रकाशन, नयी दिल्ली, 2019, पृ०–502–503
12. चतुर्भुज साहु, झारखण्ड की जनजातियाँ, के.के. पब्लिकेशन्स, इलाहाबाद, 2007, पृ०–57–58
13. विद्योत्तमा निधि, नागपुरी लोकगीत, लोकनृत्य और लोक वाद्य, झारखण्ड झरोखा, राँची, 2020, पृ०–305–306
14. राँची एक्सप्रेस, 11 जनवरी 1986
15. राँची एक्सप्रेस, 14 सितम्बर 1986, 4 सितम्बर 1987
16. भीख तिरकी, उराँव–सरना धर्म और संस्कृति, झारखण्ड झरोखा, राँची, 2011, पृ०–187
17. सुधीर पाल, झारखण्ड इन्साइक्लोपीडिया (खण्ड–3) श्वेत–श्याम तस्वीर, वाणी प्रकाशन, नयी दिल्ली, 2019, पृ०–131
18. सत्येन्द्र, लोक साहित्य विज्ञान, आगरा, 1962, पृ०–394
19. रणेन्द्र, सुधीर पाल, झारखण्ड इन्साइक्लोपीडिया (खण्ड–1) हुलगुलान की प्रतिध्वनियाँ, वाणी प्रकाशन, नयी दिल्ली, 2019, पृ०–216
20. भारती झा, राष्ट्रीय आन्दोलन और झारखण्ड के जनजातीय संघर्ष, सत्यम् पब्लिशिंग हाऊस, नई दिल्ली, 2010, पृ०–127–128
21. संजय कमथानिया, झारखण्ड का इतिहास (1857–2000ई०), साहित्य भवन पब्लिकेशन्स, आगरा, 2020, पृ०–9–10
22. सुनील कुमार सिंह, झारखण्ड परिदृश्य, क्राउन पब्लिकेशन्स, राँची, 2009, पृ०–51–52
23. दिवाकर मिंज, झारखण्ड का इतिहास, क्राउन पब्लिकेशन्स, राँची, 2021, पृ०–377–378
24. केदार महतो, टाना भगतों को जमीन नहीं मिली, प्रभात खबर, राँची, 26 जनवरी, 2003
25. श्याम कुमार, झारखण्डः एक विस्तृत अध्ययन, सफल प्रकाशन, नई दिल्ली, 2004, पृ०–140

'Journal of Research & Development'
A Multidisciplinary International Level Referred and Peer Reviewed Journal,
Impact Factor-7.265, ISSN: 2230-9578, April-2024, Volume-16 Issue-6

# संन्यासी विद्रोह

**शुभ्रा लकड़ा**
यू. जी. सी. नेटएविश्वविद्यालय, इतिहास विभाग, राँची विश्वविद्यालय, राँची
**Corresponding Author- शुभ्रा लकड़ा**
**Email:** shubharalakra@gmail.com
**DOI-10.5281/zenodo.12282485**

**सारांश:**
संन्यासी विद्रोह भारत में प्रारंभिक औपनिवेशिक शासन की एक महत्वपूर्ण घटना है। विद्रोह 1750 से शुरू हुआ लेकिन 1773 से हिंसक रूप ले लिया जब वॉरेन हेस्टिंग्स ने बंगाल का गवर्नर–जनरल पद संभाला। इस आंदोलन ने बंगाल और बिहार के विस्तृत क्षेत्र को कवर किया और लंबे समय तक जारी रहा। इतिहासकारों ने न केवल इस बात पर बहस की है कि कौन सी घटनाएँ विद्रोह का कारण बनती हैं, बल्कि भारतीय इतिहास में विद्रोह के महत्व पर भी मतभेद हैं। औपनिवेशिक इतिहासलेखन मुख्य रूप से उन्हें डकैत, डाकू या लुटेरे के रूप में चित्रित करता है। कुछ इतिहासकार इसे विदेशी शासन से आजादी के लिए एक प्रारंभिक युद्ध के रूप में संदर्भित करते हैं, क्योंकि 1764 में बक्सर की लड़ाई के बाद कर एकत्र करने का अधिकार ब्रिटिश ईस्ट इंडिया कंपनी को दे दिया गया था। मार्क्सवादी इस विद्रोह को ब्रिटिशों के खिलाफ एक प्रारंभिक किसान विद्रोह के रूप में देखते हैं।

ब्रिटिश सत्ता के साथ उनका टकराव कृषि असंतोष को कम करने के ब्रिटिश प्रयास के बजाय नए स्थापित औपनिवेशिक डोमेन के अंदरूनी हिस्सों में कानून का शासन और अदालतों के अधिकार स्थापित करने के प्रारंभिक औपनिवेशिक प्रयास से अधिक जुड़ा था। उन्होंने कहा कि जब भी प्रशासन के लिए यह पेशकश करना संभव हुआ, संन्यासियों ने ब्रिटिश शासन के तहत कानूनी विशेषाधिकारों का आनंद लिया था, लेकिन विशेष रूप से 1773 के आसपास, ग्रामीण इलाकों के अंदरूनी हिस्सों में उनके आंदोलनों और कार्यों ने कड़ी आधिकारिक प्रतिक्रिया को उकसाया। भट्टाचार्य के अनुसार, छिटपुट लेकिन महत्वपूर्ण कार्रवाई और प्रतिक्रिया की कहानी को अक्सर समाज में कृषि अशांति के रूप में उजागर किया जा रहा था जिसे इतिहासलेखन में गलती से किसान विद्रोह के रूप में बढ़ा–चढ़ाकर पेश किया गया है। इसके विपरीत, उनका मानना था कि संन्यासी विद्रोही न केवल अंग्रेजों के लिए बल्कि किसानों के लिए भी खतरा थे। हालाँकि, तथ्य यह है कि संन्यासी बंगाल में एक "क्षणिक और परिवर्तनशील राजनीतिक शक्ति" थे, जिस पर पर्याप्त रूप से विचार नहीं किया गया है। वे "पूर्व–औपनिवेशिक मूल के एक सामाजिक–धार्मिक समूह थे जिनके अस्तित्व और अस्तित्व का तरीका नए शुरू किए गए औपनिवेशिक नियमों और कानूनों के साथ हिंसक रूप से टकराया था जो पूरी तरह से समकालीन यूरोपीय धारणाओं से प्राप्त हुए थे"।[1] लेखक ने संन्यासी और फकीर गठबंधन सिद्धांत को खारिज कर दिया और उन्हें 'मार्क्सवादी और धर्मनिरपेक्षतावादी मिथक' माना। उनके अनुसार संन्यासी और फकीर आपस में लड़ते थे। ऐसे अवसरों पर जब वे सेना में शामिल हुए, उन्होंने ऐसा तब किया जब संन्यासियों ने सशस्त्र संघर्षों में अंग्रेजों के खिलाफ अपने रैंकों को बढ़ाने के लिए फकीरों को अतिरिक्त भाड़े के सैनिकों के रूप में भर्ती किया।[2] आनंद भट्टाचार्य ने तर्क दिया, हिंदू सन्यासियों और मुस्लिम फकीरों के बीच शायद ही कोई प्यार खोया हो। उनके आंदोलन को किसान विद्रोह या सांप्रदायिक सद्भाव के मॉडल के रूप में देखना बहुत दूर की कौड़ी होगी। इसलिए कभी–कभार संन्यासी–फकीर एकता को अंग्रेजों के खिलाफ हिंदू–मुस्लिम एकता के गौरवशाली उदाहरण के रूप में प्रदर्शित करने का प्रयास एक कल्पना से अधिक कुछ नहीं है।[3] विद्रोहियों का कंपनी राज्य को नष्ट करने या पुराने आदेशों को बहाल करने का कोई मकसद या झुकाव नहीं था।

संन्यासी–फकीर विद्रोह को समझने के लिए यह पृष्ठभूमि महत्वपूर्ण है। अतीस दासगुप्ता को लगता है कि जब तक कंपनी राज्य ने अपना शासन स्थापित किया, तब तक दसनामी संन्यासी और मदारी फकीर काफी अच्छी तरह से स्थापित हो चुके थे। संगठनात्मक लचीलेपन ने इन दोनों संप्रदायों को ग्रामीण क्षेत्रों में विभिन्न संप्रदायों के साथ संचार बनाए रखने में सक्षम बनाया। हालाँकि, नागाओं को सैन्य बैंडों में अधिक प्रमुखता से शामिल किया गया था, जो मुगल राज्य के भीतर विभिन्न समूहों के लिए भाड़े के सैनिकों के रूप में कार्य करते थे। नागा संन्यासियों ने अंग्रेजों के साथ मीर कासिम और शुजा के युद्ध के साथ–साथ पचपहाड़ी और बक्सर के युद्ध में भी भूमिका निभाई थी। उस दौर में अनूप गिरी ने अहम भूमिका निभाई थी. दसनामी नेताओं ने राजपूताना, गुजरात, मराठा और अन्य राज्यों में उच्च पद प्राप्त किए। राजेंद्र और अनुप गिरि जैसे लोगों ने इन राज्यों के राजसी अमीरों को सैन्य सेवा प्रदान की। उन्हें अपनी सेवाओं के लिए भूमि और वार्षिक भत्ता प्राप्त हुआ। विलियम पिंच ने तर्क दिया है कि चूंकि अठारहवीं शताब्दी का राजनीतिक परिदृश्य अस्थिर था, इसलिए यह प्रजनन बन गयानिडर, कुशल, करिश्माई सरदारों की भूमि। योगियों के योद्धा दल अत्यधिक अनुशासित गोसाईं सेनाएँ बन गए। अनुप गिरि और उनके भाई उमराव गिरि ने सबसे सफल सेनाओं का नेतृत्व किया। उन्होंने गुरिल्ला तकनीक का इस्तेमाल किया. उनके शरीर कठोर थे जिसके लिए किसी सुरक्षात्मक गियर की आवश्यकता नहीं थी और उनमें अजेयता की आभा थी। उनमें उच्च गतिशीलता थी। उन्होंने तलवारें, धनुष–बाण, पत्थर, चट्टानें, बंदूकें, तोपें इस्तेमाल कीं और घोड़ों की सवारी की।[4] उन्होंने अपने इन कौशलों का प्रयोग संन्यासी–फकीर विद्रोह के दौरान अंग्रेजों का विरोध करने में किया।

बंगाल में, संन्यासियों ने लगान–मुक्त भूमि प्राप्त कर ली। हालाँकि, सुरंजन चटर्जी के अनुसार, सभी धार्मिक भिक्षुक (संन्यासी और फकीर) लगान–मुक्त किराये पर नहीं रहते थे। उनमें से कुछ ने जमींदारों की तरह ही राजस्व का भुगतान किया।[5] इन गतिविधियों ने संन्यासियों को जमींदारों, रैयतों और कारीगरों के साथ एक जटिल रिश्ते में डाल दिया। दासगुप्ता के अनुसार, यह उन्हें ग्रामीण दुनिया की वास्तविकता के करीब लाया। इसने एक बड़े बाहरी खतरे के सामने उनके नेतृत्व को स्वीकार करने के लिए जमीन तैयार की।[6] अतीस दासगुप्ता ने खुलासा किया कि

व्यापार ने ऊपरी भारत और बंगाल के बीच एक मजबूत संबंध की सुविधा प्रदान की। उनके अनुसार गणित ने खुद को विपणन योग्य वस्तुओं के गोदामों में बदल दिया और उनसे प्राप्त आय को किराए, धन उधार, व्यापार और इसके विपरीत में पुनर्निवेशित किया गया। महंत को व्यावसायिक गतिविधियों में संलग्न होने के लिए शिष्यों को सार्वजनिक धन अग्रिम देने का विशेषाधिकार प्राप्त था। ये संन्यासी उत्तर बंगाल जिले में जमींदारों और रैयतों के साथ 12 प्रतिशत प्रति वर्ष ब्याज पर सूदखोरी करते थे और उन्हें वसूलने के लिए कठोर और जटिल तरीकों का इस्तेमाल करते थे। वे नए जमींदारों के प्रति विशेष रूप से कठोर थे, जबकि किसानों को राजस्व/लगान, अवैध उपकर, बीजों की खरीद, मवेशियों की मृत्यु और शादी के खर्चों की बढ़ती मांग का सामना करना पड़ता था। संन्यासी रेशम के व्यापार, ऋण आदि देने में भी शामिल थे, जो वस्तु के रूप में चुकाए जाने की उम्मीद करते थे। इस क्षेत्र में पूरन गिरि ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।[7]

मठों ने दासनामियों को उनकी तीर्थयात्राओं और उनकी व्यापारिक गतिविधियों के लिए वित्त पोषण दिया। संन्यासियों को बंगाल के गवर्नर से सनद मिलती थी। संन्यासियों को दी जाने वाली सनदों में उन्हें स्वतंत्र रूप से यात्रा करने, बैनर, झंडे, झंडे, डंडे, लाठी, बैंड आदि धारण करने और बंगाल में किसी भी लावारिस भूमि को जब्त करने की अनुमति दी गई थी। उन्हें किसी भी किराया–मुक्त कार्यकाल को जब्त करने की अनुमति दी गई थी। उन्हें आश्वासन दिया गया था कि उन्हें लोगों द्वारा भिक्षा या प्रावधान प्रदान किया जाएगा। उन पर कोई उपकर या अंशदान नहीं लगाया जाएगा।[8] जब तक बंगाल में मुगल सत्ता को मान्यता प्राप्त थी, संन्यासी अपनी सनदों के किसी भी विरोध को चुनौती दे सकते थे क्योंकि ये सीधे मुगल सम्राट से आते थे। दूसरे, सनदों ने संन्यासियों और फकीरों को राजनीतिक सत्ता के लिए किसी भी योगदान का भुगतान करने से छूट दी।[9] संन्यासियों और फकीरों को मैमनसिंह, दिनाजपुर, मालदा और रंगपुर जिलों में धार्मिक अनुदान के रूप में लगान–मुक्त भूमि के स्वामित्व का आनंद मिलता था। संन्यासी और फकीर लगान–मुक्त भूमि का अधिग्रहण करते थे। किसी ने भी उन बैरागियों और संन्यासियों के साथ हस्तक्षेप नहीं किया जो इन दान भूमियों पर रहते थे और एकांतप्रिय जीवन जीते थे।[10] सरकार इसकी अनुमति देने के लिए तैयार नहीं थी। इसकी परिणति 1788 के विनियमों में हुई। हकीकत में खोंडकर फ़ाज़ली रबी के अनुसार– मुसलमान–ए–बंगला, मदत–ए–मश, आइमा, नजूमत फकीरन, नज़र–ए–दरगाह, नज़र–ए–हज़रत, पिरान, ब्रह्मत्तोर, मेहताम , डिबेटर, और सिबेटर स्पष्ट रूप से मुसलमानों और हिंदू भिक्षुकों को धार्मिक उद्देश्यों के लिए दिए गए थे। अमिनी आयोग ने अनुमान लगाया कि भूमि की कीमत रु। 43 लाख. यदि बिहार के राजस्व को जोड़ दिया जाए, तो राजस्व एक करोड़ तक पहुंच सकता है। मई 1782 में जॉन शोर के निर्देशन में, बाज़ ज़मीन दफ़्तर बनाने की योजना तैयार की गई थी। हालाँकि, वास्तविक बहाली 1788 में कॉर्नवालिस के तहत शुरू हुई। संन्यासियों और फकीरों ने इसका पूरी तरह से विरोध किया। उनकी आजीविका के प्राथमिक स्रोतों में से एक दांव पर था। उन्हें दी जाने वाली सनदों पर ख़तरा मंडरा रहा था क्योंकि कंपनी सरकार ने इसकी प्रक्रिया शुरू कर दी थी।

कंपनी सरकार ने उन्हें बंगाल से तितर–बितर करने और भविष्य में 'छापेमारी' करने से रोकने को प्राथमिकता दी। इसलिए, उन्होंने उनके खिलाफ सैन्य अभियान भेजने का फैसला किया। संन्यासियों के दो प्रमुख संप्रदाय थे। इनमें से एक संप्रदाय ब्रह्मचर्य में विश्वास करता था और उन्होंने कथित तौर पर बच्चों का अपहरण कर लिया था। उनके पास बोलने के लिए कोई निश्चित ठिकाना नहीं था और वे अक्सर भारत और तिब्बत को अलग करने वाले पहाड़ों की श्रृंखला पर स्थित सीमाओं पर जाते थे और अक्सर मजबूत बच्चों की भर्ती में शामिल होते थे। हालाँकि संन्यासियों का एक संप्रदाय था, जो मूल रूप से बंगाल का था और कृषि कार्य से जुड़ा था। यह उल्लेखनीय है कि यद्यपि संन्यासी और फकीर ज्यादातर भ्रमणशील थे, कुछ संन्यासी व्यापार के माध्यम से मिर्ज़ापुर और मालदा से जुड़े हुए थे। ये लोग कंपनी राज्य की उस अधिसूचना से आशंकित थे जिसमें सभी संन्यासियों और बैरागियों को बंगाल छोड़ने का निर्देश दिया गया था। हालाँकि, कंपनी ने स्पष्ट किया कि उन्हें व्यापार में शामिल होने की अनुमति दी जाएगी। हालाँकि, यह ज्ञात नहीं है कि इस विद्रोह में उनकी कोई भागीदारी थी या नहीं।[11] उपन्यास देवी चौधुरानी में बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय ने इस तथ्य का उल्लेख किया है। भवानी पाठक ने प्रफुल्ल (उपन्यास में देवी चौधुरानी का असली नाम) को निर्देश देते हुए स्पष्ट किया कि अपहरणकर्ताओं ने अपने गिरोह में केवल मजबूत बच्चों को रखा था। हम मान सकते हैं कि 'अपहरणकर्ताओं' में संन्यासी और फकीर भी शामिल थे। आनंदमठ में बंकिम चंद्र ने स्पष्ट रूप से उल्लेख किया है कि अठारहवीं शताब्दी के ये संन्यासी उनके समय के भिक्षुओं से बिल्कुल भिन्न थे। उनके शब्दों में (अनुवाद मेरा), वे संगठित, शिक्षित, मजबूत, उग्रवादी और कई अन्य गुण थे। वे स्वस्थ भगोड़े नर बच्चों को भर्ती करते थे। परिणामस्वरूप, इन संन्यासियों को अपहरणकर्ता माना जाने लगा।[12] व्यापारिक गतिविधियों ने उन्हें बड़ी मात्रा में धन संचय करने में सक्षम बनाया। हालाँकि, उन्होंने खुद को केवल व्यापारिक गतिविधियों तक ही सीमित नहीं रखा। उस समय की सरकारी रिपोर्टों के अनुसार, वे अपने तीर्थस्थल के रास्ते में लूट–पाट में शामिल थे। आम निवासी अक्सर उनकी 'कट्टरता' के कारण आगे आते थे और उन्हें भिक्षा, आश्रय और जानकारी प्रदान करते थे। यह धीरे–धीरे नवोदित कंपनी राज्य के लिए चिंता का कारण बन गया। अंततः, वे धार्मिक भिक्षुकों को बंगाल से खदेड़ने के लिए एक अभियान चलाएंगे। कंपनी राज्य उनके इरादों के प्रति अत्यंत अविश्वासी था। कंपनी को तीर्थयात्रा हमेशा 'महज दिखावा' लगती थी। सशस्त्र भिक्षुकों के प्रति उनके अविश्वास ने सरकार को उनके खिलाफ सैन्य अभियान शुरू करने के लिए प्रेरित किया।[13]

धार्मिक भिक्षुकों ने इन नीतियों को हल्के में नहीं लिया। उन्होंने तुरंत बंगाल के विभिन्न क्षेत्रों पर 'छापेमारी' शुरू कर दी, जिसे करने से उन्हें मना किया गया था। इस अवधि के दौरान संन्यासी–फकीर की 'छापेमारी' काफी व्यापक थी। अंततः, यह कंपनी राज्य के लिए चिंता का कारण बन गया। यदि उन्होंने इन धार्मिक भिक्षुकों के एक समूह का दमन किया, तो तुरंत ही दूसरे समूह ने कंपनी के क्षेत्रों में कहर बरपाने के लिए उनकी जगह ले ली। ये वार्षिक 'घुसपैठ' इतनी विनाशकारी थीं कि सरकार की प्रांतीय समिति को वर्ष की राजस्व पैदावार के बारे में

चिंतित होना पड़ा। छापे इतने खतरनाक लग रहे थे कि केवल सैन्य अभियान ही उन्हें विफल करने का एकमात्र तरीका लग रहा था।[14]

1743 में अलीवर्दी खान के समय में संन्यासी बंगाल में प्रकट हुए। उनकी 'छापेमारी' 1760 में ही शुरू हो गई थी। उन्होंने कथित तौर पर भवानीपुर मंदिर को लूट लिया था।[15] 1760 में वे ढाका, कृष्णानगर, बर्दवान, बाकरगंज आदि में प्रकट हुए। 1766 में उन्होंने कूच बिहार में अराजक स्थिति. सन्यासियों और ब्रिटिश सेना के बीच सीधे सशस्त्र टकराव का सबसे पहला उपलब्ध साक्ष्य वर्ष 1767 में बिहार के सारण में हुई एक घटना का उल्लेख करता है। पटना के प्रमुख ने बताया कि 5000 संन्यासियों का एक दल सरकार सारोंगे (बिहार के सारण) देश में प्रवेश कर गया है। फौजदार ने सार्जेंट की कमान के तहत, जो उनके साथ आया था, सिपाहियों की दो कंपनियां उनके पीछे भेजीं। संन्यासी अपनी जगह पर डटे रहे और सिपाहियों द्वारा गोला–बारूद दागे जाने के बाद, वे उन पर टूट पड़े, उनमें से लगभग अस्सी को मार डाला और घायल कर दिया और बाकी को भगा दिया।[16] इस अवसर पर, कंपनी राज्य संन्यासियों को रोकने में असमर्थ था, और कुछ सैनिक नष्ट हो गये। कैप्टन मर्टल और लेफ्ट। कीथ रंगपुर में भी असफल रहे। मर्टल जिसे "मोरुंग देश से कंपनी के लिए लकड़ी" खरीदने के लिए रंगपुर में संन्यासीगोट्टा (मोरुंग से भी संबंध था) में नियुक्त किया गया था, 1769 में उसकी हत्या कर दी गई। दिसंबर 1770 में, संन्यासी और कंपनी के सैनिक शिबगंज (बागुरा) में मिले। , जहां पूर्व का लेफ्ट के साथ विवाद हुआ था। कीथ जो मोरुंग देश को संन्यासियों से 'रक्षा' करने के प्रयास में झड़प में मारे गए। अप्रैल 1767 और 1773 के बीच कई अन्य झड़पें हुईं। फरवरी 1771 में संन्यासी और सैनिक एक बार फिर मिले, इस बार लड़ाई अलेपसिंह के बायगनबारी में हुई जब उन्होंने ग्रामीणों पर चंदा लगाने की कोशिश की।

सन्यासियों ने ग्रामीणों को लूटा।[17] सरकार सारन के निकट सन्यासियों के आक्रमण को रोकने के लिए सिपाहियों की दो कम्पनियाँ भेजनी पड़ीं। हालाँकि, सिपाही उन्हें वश में करने के लिए अपर्याप्त थे। हालाँकि सरकार ने एक जमादार और 6 सिपाहियों को तैनात किया, लेकिन कंपनी राज्य के लिए एक समय में सैनिकों की एक से अधिक कंपनी बनाए रखना बहुत मुश्किल हो गया।[18]

विलियम पिंच के अनुसार, सभी सशस्त्र संन्यासी वास्तव में लुटेरे नहीं थे और सरकार इस तथ्य से अवगत थी। पुरुषों के एक समूह द्वारा जेम्स रेनेल के जीवन पर प्रयास किया गया था। इन लोगों ने रामानंद गोसाईं की कमान के तहत काम किया था, जिन्होंने 1759 में कूच बिहार के शिशु महाराजा की हत्या की साजिश रची थी और दारुप देव को वहां स्थापित किया था। प्लासी की लड़ाई के बाद ईस्ट इंडिया कंपनी ने शाही संरक्षक और कमांडर इन चीफ रुद्रनारायण, जिन्हें नज़ीर देव के नाम से भी जाना जाता था, का साथ दिया था। माना जाता है कि नागाओं और फकीरों ने भी बक्सर की लड़ाई में भूमिका निभाई थी। दिल्ली के आसपास अनूपगिरी किंगमेकर की भूमिका निभाएंगे। बाद में उसने स्वयं को बुन्देलखण्ड का शासक घोषित कर दिया। इसके अलावा, वह अंततः 1803–1805 के एंग्लो–मराठा संघर्ष के दौरान रिचर्ड वेलेस्ले की कमान के तहत ब्रिटिश सैनिकों के साथ सहयोग करेंगे। यह जानना दिलचस्प है कि 1789–1802 तक, अनूपगिरि ने मराठा साहसी अली बहादुर का समर्थन किया था। हालाँकि, अनुपगिरि को यह एहसास हो गया था कि अंग्रेजों के आने के साथ ही भारत में परिवर्तन हो रहे हैं। वह केवल सैन्य उद्यमिता तक ही सीमित नहीं रह सके। तदनुसार उन्होंने अपनी स्थिति को एक योद्धा सन्यासी से बदलकर ब्रिटिशों का सहयोगी बना लिया। अंग्रेजों के साथ उनके गठबंधन ने उन्हें भारी मात्रा में धन और संपत्ति प्रदान की। हालाँकि, ऐसा भी प्रतीत होता है, बाद में अनुपगिरि ने अपनी सैन्य तपस्वी संस्कृति में सामंजस्य स्थापित करने की कोशिश की और अंततः दो दुनियाओं के बीच फंस गए।[19] ये योद्धा संन्यासी बंगाल में महज़ लुटेरों से कहीं अधिक थे और उन्होंने भारत की राजनीति में अधिक सक्रिय भूमिका निभाई।

बंगाल में परिदृश्य अलग था. आधिकारिक अभिलेखों के अनुसार, जुलाई 1771 में बंगाल में संन्यासियों का 'विनाश' जारी रहा। इन 'आक्रोशों' के बावजूद, सैमुअल मिडलटन जिलों की सुरक्षा के लिए अतिरिक्त सिपाहियों को रखने में असमर्थ थे। वे अलग–अलग इलाकों में इकट्ठे हुए थे. अंततः वे अलेपसिंह के बायगनबारी पहुंचे।[20] कंपनी राज्य द्वारा पर्याप्त सैनिकों की आपूर्ति करने में असमर्थता, इसके अलावा स्थानीय ज्ञान की कमी और अज्ञात इलाके द्वारा प्रदान की गई बाधा ने एक तरह से संन्यासियों और फकीरों को कंपनी राज्य से बचने में सक्षम बनाया और चार दशकों से अधिक समय तक अपना सशस्त्र संघर्ष जारी रखा। वास्तव में, कंपनी की एक आधिकारिक पांडुलिपि से ऐसा प्रतीत होता है कि देश में बाढ़ शांत होने तक सैनिक आगे बढ़ने में असमर्थ थे। बरसात का मौसम 'असंभव' था। वे बंगाल में अप्रत्याशित थे और तेज़ हवाओं के साथ थे। सैनिकों के लिए आगे बढ़ना मुश्किल था।[21] हम विद्रोह के इस पहलू पर एक अलग खंड में विस्तार से चर्चा करेंगे।

**निष्कर्षरू**

इस प्रकार संन्यासी–फकीर का विद्रोह ईस्ट इंडिया कंपनी के अस्तित्व पर सवाल उठाने और चुनौती देने में सफल रहे। हालाँकि, कंपनी राज्य ने सैन्य कार्रवाइयों से जवाबी कार्रवाई की। हालाँकि, यह भी स्पष्ट हो गया कि कंपनी राज्य की सफलता कई कारकों पर निर्भर थी। उदाहरण के लिए, सैनिकों के पास मौजूद हथियारों और गोला–बारूद की संख्या ने तुलनात्मक रूप से गौण भूमिका निभाई। कई अवसरों पर, विद्रोहियों के स्वामित्व वाले साधारण माचिस ने उन्हें फायदा पहुंचाया। हालाँकि, जिस बात ने उनके पक्ष में पैमाना मोड़ दिया वह हरकारों द्वारा प्रदान की गई जानकारी और खुफिया जानकारी थी। जबकि जासूसी तंत्र ने उनकी सहायता की, पहाड़ों, जंगलों, बारिश, नदियों और किलों ने संन्यासियों और फकीरों को इतने लंबे समय तक संघर्ष जारी रखने में सहायता की। एक बेहतर सुसज्जित सेना. हम यह निष्कर्ष निकाल सकते हैं कि संन्यासी–फकीर का विद्रोह कंपनी राज्य के विरुद्ध था। हालाँकि यह आंदोलन धार्मिक नेताओं द्वारा ब्रिटिश शासन से पहले प्राप्त विशेषाधिकारों को बहाल करने के लिए शुरू किया गया था, जैसे कि धार्मिक कर का संग्रह और तीर्थयात्रा की स्वतंत्रता, लेकिन 1770 के बंगाल के अकाल के बाद संकटपूर्ण आर्थिक स्थिति के कारण किसान समुदाय ने भी इसका समर्थन किया था। एक महत्वपूर्ण इस आंदोलन की विशेषता हिंदू–मुस्लिम एकता भी थी। सन्यासी आंदोलन एक किसान आंदोलन था

और इस आंदोलन के कारण धार्मिक के साथ–साथ आर्थिक भी थे।

**संदर्भ सूचीः**

1. आनंद भट्टाचार्य, "द पेरिपेटेटिक संन्यासीः ए चैलेंज टू पीजेंट स्टेबिलिटी एंड कोलोनियल रूल?", इंडियन हिस्टोरिकल रिव्यू, (9 जून, 2014), पृ.90–95
2. वही पृ.41–42
3. वही. पृ. 43
4. हंस कोह्न, "उपनिवेशवाद पर कुछ विचार", राजनीति की समीक्षा, खंड 18, संख्या 3 (जुलाई, 1956), पृ. 259–268
5. अतीस दासगुप्ता, द फकीर एंड संन्यासी, पृ. 10–23।
6. सुरंजन चटर्जी, "संन्यासी, फकीर और किसान युद्ध पर नए विचार", इकोनॉमिक एंड पॉलिटिकल वीकली, (जनवरी, 1984), पृ. 10
7. अतीस दासगुप्ता, द फकीर एंड संन्यासी, पृ. 20–23
8. वही, पृ 25
9. आतिस दासगुप्ता, पूर्वोद्धृत पृ. 10–12
10. वही, 15
11. डब्ल्यूबीएसए, राजा शिताब रॉय का अवलोकन, 3 अगस्त–30 अगस्त 1771, राजस्व नियंत्रण समिति, खंड 2 पृ. 25
12. डब्ल्यूबीएसए, 4 जनवरी – 28 अप्रैल 1773, पटना में राजस्व नियंत्रक (नियंत्रण) परिषद, खंड 7, भाग 1
13. बंकिम चन्द्र चट्टोपाध्याय, आनंदमठ, पृ. 56
14. एनएआई, 18 जनवरी–18 जून 1773 फॉरेन सीक्रेट प्रोग्स, एस–49, खंड 9। एनएआई, जनरल जॉन क्लेवरिंग को पत्र। 30 मार्च – 27 अप्रैल 1775, विदेश विभाग गुप्त कार्यक्रम, 27ए
15. डब्ल्यूबीएसए, 3 अगस्त–30 अगस्त 1771, पटना में राजस्व नियंत्रक (नियंत्रण) परिषद, खंड 2।
16. एल.एस.एस.ओ' मैले, राजशाही जिला गजेटियर, कलकत्ताः बंगाल सचिवालय डिपो, 1916, जामिनी मोहन घोष, द संन्यासी और फकीर रेडर्स में उद्धृत भवानीपुरेर काहिनी भी देखें।
17. जामिनी मोहन घोष, द संन्यासी एंड फकीर रेडर्स, पृ. 39–41.
18. आनंद भट्टाचार्य, संपा. संन्यासी और फकीर विद्रोह, परिशिष्ट 1.
19. डब्ल्यूबीएसए, जे.जे. की ओर से जॉर्ज वैनसिटार्ट को पत्र। नाइटली, 17 जनवरी 1771, 1 जनवरी–20 दिसंबर 1771, राजस्व नियंत्रक परिषद द्वारा प्राप्त पत्रों की प्रतिलिपि, खंड 6
20. विलियम पिंच, योद्धा संन्यासी, पीपी.105–109,122, 142–143
21. डब्ल्यूबीएसए, 2 अक्टूबर–18 दिसंबर 1795, न्यायिक आपराधिक, खंड 27

'Journal of Research & Development'
A Multidisciplinary International Level Referred and Peer Reviewed Journal,
Impact Factor-7.265, ISSN: 2230-9578, April-2024, Volume-16 Issue-6

# वीर–बुधु भगत

**सुषमा कुमारी**
इतिहास विभाग, राँची विश्वविद्यालय, राँची
**Corresponding Author**. सुषमा कुमारी

**DOI- 10.5281/zenodo.12283429**

**सारांश**

झारखण्ड का इतिहास अद्यतन लगभग उपेक्षित रहा है। पाश्चात्य एवं भारतीय विद्वानों द्वारा गत दो सौ वर्षो से यदा–कदा इससे संबद्ध सामग्री प्रस्तुत की जाती रही है, किन्तु क्रमबद्धता का प्रायः अभाव रहा है। क्षेत्रीय इतिहास के इस महान सेनानायक के महत्वपूर्ण योगदान पर हिन्दी सहित किसी भी भारतीय भाषा में कोई भी प्रमाणित पुस्तक नहीं लिखी गई हैं। इस आर्टिकल में वीर बुधु भगत के जीवन कोल विद्रोह में उनके नेतृत्व को क्रमबद्ध प्रस्तुत करने का प्रयास किया गया है इसमें कोल विद्रोह के कारणों प्रगति के बारे में भी लिखा गया हैं। वीर बुधु भगत जो छोटानागपुर खास से कोल विद्रोह के नेतृत्वकर्त्ता थे, इस विद्रोह में शहीद हो गये तथा उनका परिवार भी उनके साथ–साथ शहीद हो गया।

**बुधु भगत**

वीर बुधु भगत का जन्म चान्हो प्रखण्ड के अंतर्गत कोयल नदी के तट पर स्थित सिंलगाई गाँव में 17 फरवरी 1792 ई० को उराँव परिवार में हुआ था । वे पेशा से कृषि कार्य करते थे। ऐसा माना जाता है की उन्हें दैवीय शक्तियाँ प्राप्त थीं जिसके प्रतीक स्वरूप वे एक कुल्हाड़ी सदा अपने साथ रखते थे। बुधु भगत के शिक्षा से संबंधीत स्त्रोत अभाव रहा है ऐसे में उनकी शिक्षा के बारे ज्यादा जानकारी नहीं मिल पाई हैं। बुधु भगत तलवार चलाने और धनुर्विद्या में निपुणता हासिल किया करते थे।

**कोल विद्रोह**

1857 ई० के इतिहास – प्रसिद्ध आन्दोलन से पूर्व प्रायः ढाई दशकों की अवधि में झारखण्ड में तीन सुसंगठित और व्यापक विद्रोह हुए। ये थे– कोल, भूमिज तथा संथाल विद्रोह । इन तीनों में छोटानागपुर क्षेत्र में 1831–32 का कोल विद्रोह ही सर्वाधिक महत्वपूर्ण था। झारखण्ड में अग्रेंजों का आगमन और उनके बढ़ते अत्याचार का एक परिणाम था कोल विद्रोह । इसमें छोटानागपुर – खास, सिंहभूम, पलामू तथा मानभूम के कुछ मागों में जनजातियों ने खुलकर भाग लिया।[1] छोटानागपुर खास से बुधु भगत ने विद्रोह का नेतृत्व किया।

कोल विद्रोह के मूल कारणों एंव वास्तवीक स्वरूप की समीक्षा इतिहासकारों ने भिन्न–भिन्न रूपों में की है यह इतिहासकारों के पूर्वाग्रह से प्रभावित जान पड़ती हैं। थॉर्नटन तथा मिल के अनुसार, आदिवासी इस विद्रोह के माध्यम से जंगल का कानून पुनर्स्थापित करना चाहते थे।[2] एस०सी० राय तथा एस०वी० चौधरी के अनुसार यह विद्रोह कई शिकायतों की परिणति था, जैसे – करों में वृद्धि, जबरन बेगारी तथा साहुकारों द्वारा भारी सूद की वसूली इत्यादि।सरकार की राजस्व नीति ने कोल–विद्रोह कालीन छोटानागपुर खास के नागवंशी राजा जगन्नाथ शाह को तबाह कर दिया था । 1828 ई० में उसे करों को वसूलने से रोक दिया गया इस नुकसान के लिए क्षतिपूर्ति के उसके आग्रह को भी नामंजूर कर दिया गया।[3] आबकारी करों की वसूली का ठेका करीम अली नामक एक व्यक्ति को दे दिया गया। सरकार के इन कदमों से न केवल नागवंशी राजा तथा उसके जागीरदारों की आमदनी मारी गयी बल्कि आदिवासियों की कठिनाइयाँ भी बढ़ी और उनमें से अनेक अवांछित करों से बचने के लिए अपने गाँवो को छोड़कर सीमावर्ती सिंहभूम चले गये। 16 फरवरी 1826 ई० को नागवंशी राजा के पुलिस संबंधी अधिकार समाप्त कर दिये गये।[4] छोटानागपुर खास में पुलिस की देख–रेख का काम 1809 ई० से ही नागवंशी राजाओं को सौंपा गया था। जगन्नाथ शाह के लिए यह कार्य लाभरहित बन गया था। वस्तुतः पुलिस प्रशासन 'मीर दारोगा नामक एक अधिकारी के जिम्मे था। उसकी नियुक्ती सरकार द्वारा की जाती थी। सरकार सोच–समझकर नागवंशी राजा तथा उसके जागीरदारों की शक्ति एंव प्रभाव घटा रही थी जिसका उद्देश्य था – स्थानीय राजाओं को धीरे–धीरे किन्तु अतंतः निश्चित रूप से नष्ट कर देना और इस क्षेत्र पर अपनी पकड़ मजबूत करना।

यह समझना गलत होगा की सरकार के विरूद्ध असंतोष केवल विभिन्न राजाओं और जागीरदारों की बीच व्याप्त था । सामान्य रैयत और किसान भी सरकार की अल्पकालिक राजस्व निर्धारण नीति से त्रस्त थे। इस नीति के फलस्वरूप जमींदार एवं किसान दोनो ही अत्यन्त असंतुष्ट और दरिद्र बन कर रह गये थे। छोटानागपुर में 1824 ई० में आबकारी करों का लगाया जाना और हँडिया पर पतचुई नामक कर लगाया जाना आदिवासियों को सख्त नापसंद था।[5] हालांकि यह कर सितम्बर 1826 में समाप्त कर दिया गया। किन्तु आदिवासी जनमानस में इससे जिस क्षोभ का उद्रेक हुआ था, वह बहुत दिनों तक पूर्ववत् बना रहा। आदिवासियों पर हर संभव अत्याचार हो रहे थे। कथवर्ट के अनुसार मुख्य जमींदारों द्वारा किसानों पर अत्याचार के कारण ही अनेक गाँव उजड़ गये थे।[6] सांमती व्यवस्था के अतंर्गत आबादी घटती जा रही थी। और लोगो का उत्साह मरता जा रहा था । चपरासियों तहसीलदारों तथा महाराजा के अन्य सेवकों के अत्याचारों से आदिवासी आतंकित थे। कभी–कभी सर्वथा अयोग्य अधिकारी इस क्षेत्र में नियुक्त हो जाते थे।

छोटानागपुर खास की ही तरह पलामू की जनजातियों विशेषतः चेरो खरवारों के इस विद्रोह में शामिल होने के कई कारण थे। पलामूवासियों को विदेशी शासकों से कई शिकायतें थी। सरकार पलामू के कृषकों की समस्याएं सुलझाने में सर्वथा असमर्थ रही थी। पलामू में 1831 ई० के कोल विद्रोह से पहले कम्पनी शासन का यहाँ कड़ा विरोध हुआ था। ये सभी विद्रोह किसी न किसी तरह कृषि एंव राजस्व से संबंध थे। फिर भी सरकार ने पलामू जनजाति की भावनाओं की उपेक्षा की। डॉ० जे० सी० झा के अनुसार पलामू में विद्रोह की प्रमुख वजह स्थानीय कनीय पदाधिकारियों की अकुशलता लापरवाही और विद्रोहियों के साथ उनकी मिलीभगत थी।[7] इन कारणों के अलावा यदि कुछ मुलभूत कारण नहीं होते तो शायद पलामू में विद्रोह होता ही नहीं । वस्तुतः पलामू के अंतिम चेरो राजा चुडामन राय का हाटाया जाना तथा देव के धनश्याम सिंह का अल्पकालिक किन्तु अपमानजनक शासन ऐसी घटनाएं थी जिन्हे चेरो खरवार नहीं भूल सके थे।

सिंहभूम के लड़ाका कोल के इस विद्रोह में शामिल होने का एक खास कारण था उनकी स्त्रियों के साथ और आदिवासी ठीकेदारों का दुर्व्यवहार ये स्त्रियां सोनपुर में लोहा बेचने जाती थी जहाँ उन्हें दाम कम और अपमान अधिक मिलता था। बामनघाटी के महापातर और मयूरभंज के राजा के बीच कुछ जनजातीय गाँवो पर कब्जा का झगड़ा था। कटक कमीश्नर ने 1825 ई० में झगड़े को समाप्त कराने का प्रयास किया था किन्तु मयूरभंज राजा द्वारा विवादग्रस्त क्षेत्र के कुछ गाँवों को ब्राह्मणों तथा देव स्थानों को दान के रूप में दे दिये जाने से स्थिति बिगड़ गयी।[8] झगडे में अब उस क्षेत्र के लड़ाका कोल भी शामिल हो गये। उत्तरी सिंहभूम में पोरहाट, खरसाँवा तथा सरायकेला के राजाओं के आपसी मतभेद से भी विद्रोही प्रोत्साहित हुए। पोरहाट राजा की घटती शक्ति का लाभ उठाकर लड़ाका कोलो ने 1832–33 ई० में छोटानागपुर खास तथा अन्य सीमावर्ती इलाकों पर कई हमले किये। उपर्युक्त राजाओं द्वारा इन विद्रोहियों का एक–दूसरे के खिलाफ उपयोग किया जाता रहा। अपने नये मालिकों द्वारा उपेक्षित बाह्य लोगों द्वारा उत्पीड़ित और न्याय के अपने पारम्परिक स्त्रोतों से वंचित छोटानागपुर के आदिवासियों के लिए स्वतंत्रता की लड़ाई शुरू करने छोड़कर कोई दूसरा रास्ता नहीं रह गया। चार्ल्स मेटकाफ ने भी स्वीकार किया था कि कोल विद्रोह कृषक असंतोष की अभिव्यक्ति मात्र न होकर आदिवासियों की स्वतंत्रता की लडाई थी।[9] सन् 1831 के अंत में धांगर तथा लड़ाका कोलों का यह अमूतपूर्व विद्रोह शुरू हुआ। इस विद्रोह में युद्ध–सूचक तीर को गाँव–गाँव घुमाया जा रहा था। और अधिकाधिक आदिवासी विद्रोह में शामिल होते गये।

चुटिया क्षेत्र में विद्रोही अत्यंत सक्रिय थे। इस क्षेत्र में उनकी घनी आबादी थी बुधु भगत उन्हें कुशल नेतृत्व प्रदान कर रहा था। सरकार को उम्मीद थी कि उसके मारे अथवा पकड़े जाने मात्र से उस क्षेत्र में विद्रोह समाप्त हो सकता था।''[10] विद्रोही इस इलाके से पूरी तरह परिचित थे। यह क्षेत्र छापामार युद्ध के लिए सर्वथा उपयुक्त था। दूसरी ओर कम्पनी के अफसरों के पास ने पर्याप्त नक्शे थे और न जंगलों तथा घाटियों की समुचित जानकारी कप्तान इम्पे के नेतृत्व में बनारस से 50वीं छप् की 6 कम्पनियां आयी । कप्तान इम्पे द्वारा 4000 विद्रोहियों को हथियार डालने पर मजबूर किया ।''[11] किन्तु ये विद्रोही चुटिया जाते हुए मुक्त हो गए। लेकिन 13 तारीख को इस नुकसान की क्षतिपूर्ति बुधु भगत के विरूद्ध मिली सफलता से हो गयी। बुधु भगत पहले क्रांतिकारी थे जिन्हें जिंदा या मुर्दा पकड़ने के लिए ब्रिटिश सरकार ने 1000रू0 की इनाम की घोषणा की थी।[12] इम्पे ने सिपाहियों की चार कम्परिनयो और अपने घुड़सवारों के साथ बुधु भगत और उसके गाँव को घेर लिया और हमला कर दिया। गोलियों की बौछार में भी ये चट्टान की तरह अड़े रहे। बुधु भगत का परिवार उनके पुत्रों हलधर और गिरधर, दो बेटियां रूनकी और झुनकी तथा उनके अनुयायी वृद्ध नेता के चतुर्दिक दुर्भेदय दीवार की तरह खड़े हुए। लेकिन बंदूकों का मुकाबला तीर–धनुष से तथा सैनिकों की तलवारों का सामना कुल्हाड़ी से नहीं किया जा सकता था। इस तरह 13 फरवरी 1832 को बुधु भगत अपने भाई, पुत्र और अपने अनुयायियों सहित शहीद हो गया।

**निष्कर्ष**

कोल विद्रोह में बुधु भगत ने अपने साहस और जिस वीरता के साथ युद्ध किया इससे इतिहास में उनका महत्वपूर्ण स्थान है। ब्रिटिश कम्पनी के अत्याचारों के खिलाफ न सिर्फ वे बल्कि उनका पुरा परिवार एक जुट था। उनमें एक कुशाल नेतृत्वकर्त्ता की योग्यता थी जिसका परिचय उनके अनुयायियों ने विद्रोह के दौरान दिया। झारखण्ड के इतिहास में बुधु भगत सदैव अमर रहेगें।

**संदर्भ ग्रंथ सूची :–**

1. वीरोत्तमे वीण, झारखण्ड इतिहास एवं संस्कृति, बिहार हिन्दी ग्रंथ अकादमी पटना, 2004, पृ० –210
2. केशरी, विसेश्वर प्रसादः छोटानागपुर का इतिहास कुछ सूत्र, कुछ संदर्भ, प्रकाशक–नागपुरी संस्थान (राँची), 2009, पृ0– 56
3. बीरोत्तम वी० पूर्वोद्धृत, पृ० – 211
4. सिंह सुनील कुमार, झारखण्ड परिदृश्य, क्राउन पब्लिकेशन, राँची. 2009, पृ०–112
5. केशरी, विसेश्वर प्रसादः पूर्वोद्धृत, पृ०–57
6. बीरोत्तम वी० पूर्वोद्धृत, पृ०–216
7. सिंह सुनील कुमार पूर्वोद्धृत, पृ०–219
8. मिश्रा मंजू : आदिवासी समाज और संस्कृति, चतुर्वेदी पब्लिकेशन, जयपुर 2007, पृ०–109
9. केशरी विसेश्वर प्रसाद : पूर्वोद्धृत, पृ०–58
10. बीरोत्तम वी० पूर्वोद्धृत, पृ0– 218
11. मिश्रा मंजू : पूर्वोद्धृत, पृ०– 112
12. बीरोत्तम वी० : पूर्वोद्धृत, पृ०–229

'Journal of Research & Development'
A Multidisciplinary International Level Referred and Peer Reviewed Journal,
Impact Factor-7.265, ISSN: 2230-9578, April-2024, Volume-16 Issue-6

# लोक सेवक : ठक्कर बापा एवं राष्ट्रीय आन्दोलन

**रामगोपाल उराँव**
शोधार्थी इतिहास विभाग, राँची विश्वविद्यालय, राँची
**Corresponding Author- रामगोपाल उराँव**
**DOI-10.5281/zenodo.12286337**

**सारांश:**

29 नवम्बर 1869 को भावनगर (सौराष्ट्र) के वसाणी मोहल्ले ने ठक्कर बापा का जन्म हुआ था, उनका वस्तविक नाम अमृत लाल विट्ठल दास ठक्कर था, उनके पिता का नाम विट्ठल दास तथा पितामह का नाम लाल जी ठक्कर, माता का नाम मुली बाई था। जाति थी लोहाणा।[1] इनके पूर्वज पंजाब से निकलकर गुजरात के सीमावर्ती इलाकों में जा बसे और वहाँ वाणिजय व्यापार करने लगे। लोहाणा जाति के ये लोग जिन–जिन क्षेत्रों में बसे, उनके अनुसार तीन प्रमुख शाखाएँ हो गई– कच्छी, हालारी और धोधारी। भावनगर धोधारी का प्रमुख केन्द्र है। ठक्कर बापा ने इसी धोधारी शाखा में जन्म लिया।[2] ठक्कुर बापा के पिता का अधिकांश जीवन जाति भाईयों की सेवा में बीता। लोहाणा पंचायत का भावनगर में उन्होंने संगठन किया। लोहाणा छात्रों की सहायता के लिए एक फण्ड स्थापित किया। 1906 में भावनगर में ठक्कर दामोदर दास हेमजी मजीठिया लोहाणा विद्यार्थी भवन की नींव डाली। इस भवन में लोहाणा छात्रों के निःशुल्क निवास की व्यवस्था थी। 1900 ई0 के भीषण आकाल के दिनों में भी विट्ठल दास ने अपने जाति भाईयों की भारी सेवा की थी। विट्ठल दास ने अकाल ग्रस्त लोगों को राहत देने के लिए एक कोष स्थापित किया। एक भोजनालय भी शुरू किया जिसमें लगभग छः–सात सौ गरीब लोहाणा को भरपेट भोजन मिलता था। ठक्कर बापा ने देखा कि पिता जी सिर्फ अपने जाति भाईयों की ही सेवा क्यों करते है। ठक्कर बापा ने संकल्प किया कि यदि भविष्य में कभी इस प्रकार की सेवा करने का अवसर मुझे मिला तो जात–पात का विचार किए बिना मैं मानव मात्र की सेवा करूँगा और जरूरत पड़ने पर गरीबों की सेवा करने के निमित दरू–दूर के देशों में जाने में भी नहीं हिचकिचाऊँगा।[3]

प्राथमिक शिक्षा पूरी करते–करते ठक्कर बापा को पढ़ाई में रस आने लगा। गणित विषय में उनकी विशेष रूची थी। 1879 से 1882 तक ठक्कर बापा ने एंग्लो वर्नाक्युलर स्कूल में पढ़ाई की, इसके बाद वह भावनगर के हाई स्कूल जिनका नाम एल्फ्रेड हाई स्कूल है, पढ़ने गए, ठक्कर बापा का स्वभाव विद्यार्थी काल से ही गंभीर था। स्कूल जीवन में परम्परागत पोशाक ही वह पहनता था। धोती, कसोंवाला लखा अंगरखा, सिर पर भावनगरी पगड़ी और अंग रखे पर दुपट्टा। सन् 1886 में मैट्रिक की परीक्षा में उसने प्रथम स्थान प्राप्त किया तथ विश्वविद्यालय की ओर से 'सर जसवन्त सिंह जी छात्रवृत्ति ठक्कर बापा को मिली। पिता ने यह निश्चय किया कि ठक्कर बापा की पढ़ाई वह नहीं छुड़ायेंगे और इंजीनियरिंग का तीन वर्ष का शिक्षण क्रम पूरा करने के लिए पूना भेज दिया। 1980 में बापा ने इंजीनियरिंग की परीक्षा पास कर स्ण्ब्ण्।ण (लाइसेंशिएट ऑफ सिविल इंजीनियरिंग) की उपाधि प्राप्त की।[4]

बापा की नौ वर्ष की आयु में सगाई हुई और ग्यारह बारह वर्ष की आयु में विवाह हो गया। इस प्रकार केवल विवाहों को उस दिनों अनुचित नहीं समझा जाता था, बल्कि सम्पन्न परिवारों में तो प्रतिष्ठा की बात समझी जाती थी। इस कुप्रथा के विरूद्व राजा राम मोहन राय, स्वामी दयानन्द जैसे समाज सुधारकों ने आवाज जरूर बुलंद की थी, पर तब तक भावनगर की लोहाणा जाति तक नहीं पहुँच पायी थी। किन्तु आगे चलकर बापा बाल विवाह के कट्टर विरोधी हो गए थे।

ठक्कर बापा को अपने जीवन में दाम्पत्य सुख अधिक नहीं मिला पत्नी जीवकोर का स्वास्थ्य शुरू से ही अच्छा नहीं रहा था। 1892 में उनके एक मात्र बालक का जन्म हुआ। वह पाँच–छः बरस से अधिक जीवित नहीं रह सका। उसके बाद फिर कोइ संतान नहीं हुई। 1909 में जीवकोर की मृत्यु हो गई।[5]

सांगली में पोरबंदर के उनके पुराने मित्र डॉ. हरि श्रीकृष्ण देव राज्य के दवाखाना में डॉक्टर के रूप में काम करते थे। उनके साथ ठक्कुर बापा का पत्र व्यवहार जारी थी। उनके प्रत्यन से ही ठक्कर बापा को सांगली राज्य में मुख्य इंजीनियर की नौकरी मिल गई। उन्हें सेवा जीवन की दीक्षा देने वाले भारत सेवक गोपाल कृष्ण गोखले जी का प्रथम परिचय इसी अर्से में सांगली में हुआ। प्रो0 धोंडो केशव कर्वे का परिचय भी इसी अर्से में हुआ। कर्वे एक प्रसिद्ध समाज सुधारक और स्त्री शिक्षा का आन्दोलन करने वालों में अग्रणी कर्वे उस समय विधवाओं का काम हाथों में लिया था। कर्वे पूना के फर्ग्यूसन कॉलेज में नौकरी करते थे व आश्रम चलाते थे। सांगली के बाद बापा को बम्बई की म्युनिसिपलिटी में नौकरी की। बापा ने देखा कि उनमें से अधिकांश लोग गुजरात–काठियावाढ़ से आये थे। वे ढेढ़, चमार और भंगी जैसे हल्की और अछूत माने जाने वाली जाति के थे। 1900 में जब छप्पनिया अकाल पड़ा तक गुजरात कटियावाड़ का अपना घर छोड़कर वे नौकरी की तलाश में यहाँ आये थे। और धीरे–धीरे यही बस गए। बापा ने देखा कि नौकरी की तलाश में आये लोगों से ऊपर के अफसरों को रिश्वत देने पड़ते थे, जो लोग देश से आते उनके पास घुस देने का रूपया नहीं होता। सौ–पचास रूपये की रकम पठान या मारवाड़ी व्यापारियों से भारी ब्याज पर लेने पड़ते। पठान उनकी डयोड़ी दुगुनी पहले ही लिख लेता और ब्याज भी भारी लेता। नतिजा ब्याज चुकाने और कर्ज उतारने से कभी भी मुक्ति नहीं मिलती और सारी जिन्दगी कर्ज देते ही बीत जाती थी। इनकी दुर्दशा देखकर ठक्कर बापा के हृदय में दया भाव जागृत हुआ और दलित, अछूत जाति के इन लोगों के प्रति दिल में सहानुभूति का स्रोत बहने लगा।[6]

ठक्कर बापा ने भारत सेवक समाज में शरीक होने का निर्णय किया। 6 फरवरी 1914 को दीक्षा देने की विधि हुई भारत सेवक समाज के संस्थापक श्री गोपाल कृष्ण गोखले जी थे।[7] श्री अमृत लाल ठक्कर और डॉ. हरि श्रीकृष्ण देव को नियत की हुई नीचे लिखे सात प्रतिज्ञाएँ लिखवाईः–

1. मेरी विचारों में देश का सदा प्रथम स्थान रहेगा और मुझमें जो कुछ उत्तम होगा वह मैं देश की सेवा में ही अर्पण करूँगा।
2. देश की सेवा करने में मैं किसी प्रकार का निजी लाभ उठाने की कोशिश नहीं करूँगा।

3. मैं तमाम भारत वासियों को अपने भाई मानूँगा। धर्म या जाति का भेदभाव रखे बिना सबके प्रगति के लिए मैं काम करूँगा।
4. मेरे लिए और मेरे कुटुम्ब हो तो उसके लिए भारत सेवक समाज योगक्षेम की जो व्यवस्था करेगा या जो वेतन निश्चित करेगा उसी में मैं संतुष्ठ रहुँगा अपने लिए रूपया कमाने में अपनी जरा सी भी शक्ति नहीं लगाऊँगा। मैं पवित्र व्यक्तिगत जीवन बिताऊँगा।
5. मैं किसी के साथ भी निजी झगड़े या फिसाद में नहीं पडूंगा।

भारत सेवक समाज के ध्येय को मैं हमेशा अपने ध्यान में रखूँगा और पूरी लगन के साथ संस्था के हित की चिंता करूँगा। उसके कार्य की प्रगति के लिए करने योग्य सभी कुछ करूँगा। मैं भारत सेवक समाज के उद्देश्य और हेतु के तथा ध्येय और राजनीति के विरूध अथवा उनके साथ असंगत कोई भी काम नहीं करूँगा।[8] बापा इसी दिन से बम्बई का मकान छोड़कर सोसायटी के मकान में रहने चले गयए। ठक्कर बापा प्रथम पाँच वर्ष यहाँ परहकर देवघर दादा के मातहत उन्होंने सेवा की तालीम पायी। उन्हें युक्त प्रान्त (वर्त्तमान उत्तर प्रदेश) में अकाल–निवारण के काम के लिए भेजा गया। बापा ने कष्ट निवारण का कार्य व्यवस्थित ढंग से किया।9 बापा देवधर दादा की ऋणमुक्ति की योजना को सफल बनाने और उसके लिए सहकारी समितियाँ स्थापित करने में बड़े सहायक सिद्ध हुए। 1919 और 1922 में पंचमहाल जिले के दाहोद–झालोद क्षेत्र में भयंकर आकाल पड़ा। आकाल सहायता के सिलसिले में तभी ठक्कर बापा वहाँ भीलों के निकट सम्पर्क में आए। एवं 1922 में झील सेवा मंडल की स्थापना की।10 मंडल के कार्यकर्त्ता पाठशाला चलाते गरीबों व दरिन्द्रों को अनाज और कपड़े की सहायता देते बीमारों को दवा बताते, धार्मिक कथाएँ सुनाते और मध–निषेध का प्रचार करते। ठक्कर बापा ने लगभग दस वर्ष तक कठिन साधना और गहरी लगन से काम किया। भील सेवकों ने तीन वर्ष का व्रत लिया था। उस अवधि के पूरी हो जाने पर बापा ने उन्हें पुनः बीस वर्षों तक भीलों की सेवा करने की प्रतिज्ञा लेने को प्रेरित किया। जेसाबाड़ा के राम मंदिर में 22 फरवरी, 1927 को प्रातः काल बापा ने पहले स्वयं प्रतिज्ञा ली और सुखदेव भाई, पांडुरंग वणीकर, डाह्या भाई नायक, मंगल दास आर्य, अम्बालाल व्यास, रूपाजी परमार तथा ईश्वर लाल वैध इन सात सेवकों को बापा ने यह प्रतिज्ञा दिलाई।11 1930 का साल जैसे देश के लिए एक परीक्षा का वर्ष था, वैसी ही भील सेवा मंडल के लिए और इस कारण ठक्कर बापा के लिए भी था। लाहौर कॉग्रेस का पूर्ण स्वाधीनता का प्रस्ताव, गाँधी जी का स्मरणीय दांदी–कूच आदि घटनाओं ने देश भर में लड़ाई का उग्र वातावरण पैदा कर दिया था। ऐसे समय में मंडल के कार्यकर्त्ता, देश भक्त सेवक आन्दोलन में कूछ पड़े और मंडल का सारा काम स्वयं अपने भार वहन किया।12 6 अप्रैल, 1930 को सविनय कानून भंग की लड़ाई जोर शोर से शुरू हुई। देश भर में तमाम शहरी जिलों और तहसीलों में लोग खुले आम कानून तोड़ने लगे और इस प्रकार ब्रिटिश हुकूमत को खुली चुनौती देने लगे थे। कॉग्रेसी नेता ही नहीं, अराजनैतिक पुरूष और नरम नेता भी सरकार के जुल्मों से चौक उठे थे। ब्रिटिश न्याय नीति और कुछ बुद्धि में नरम नेताओं ने विश्वास रखा था, उसे भी नौकरशाही की इस अत्याचारी नीति ने बड़ा आघात पहुँचाया था। बापा भारत सेवक समाज के सदस्य की हैसियत से गुजरात में सब जगह धुमते थे और जहाँ कही जुल्म होता वहीं पहुँचकर सरकार के दुष्कृत्यों का भंडाफोड़ करते थे। मुहम्मदाबाद में शराब की दुकान पर पहरा देने वाले स्वयं सेवकों पर पुलिस असहाय जुल्म करती है, यह बात सुन कर ठक्कर बापा मुहम्मदाबाद दौड़ गए और वहाँ की स्थिति आँखों देखने के लिए दुकान पर पहुँच कर उस समय के कानून के अनुसार दुकान से जितनी दूर खड़े रहना चाहिए था उतनी दूर खड़े रहे। ठक्कर बापा का नाम भी पुलिस की काली फेहरिस्त में दर्ज हो चुका था, इसलिए अब वे मुहम्मदाबाद में कॉग्रेस स्वयं सेवकों के शराब के पहरे का निरीक्षण कर रहे थे, तब उन्हें 1930 के आर्डिनेंस नं0–5 के मातहत पकड़ लिया गया और उन पर सरकारी काम काज का जबरन रोकने का आरोप लगाया गया तथा छः महीने की सजा हुई और उन्हें साबरमती जेल में भेज दिया गया। वहाँ से फिर मित्रों की सलाह और दबाव के वश में होकर उन्होंने ऊपर की अदालत में अपील की। नड़ियाद की सेशंस कोर्ट में बापा की तरफ से 19 अक्टूबर 1930 को अपील दायर कर दी गयी। सौभाग्य से उसी दिन अपील की सुनवाई हुई, जिसमें दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद फैसला देते हुए जज पटवर्धन ने बताया कि इस मामले में स्पष्ट नहीं होता कि अभियुक्त ने किसको परेशान किया। इसलिए मैं नीचे के अदालत के दिए हुए फैसले और सजा को रद्द करके यह हुक्म देता हूँ कि सारा मुकदमा फिर से चलाया जाए। इस प्रकार लगभग सवा महीने साबरमती जेल में सजा भोगने के बाद छोड़ दिया गयझं जेल से बाहर आने के बाद भील सेवा मंडल का कार्य पुनः संचालन करने लगे। इस समय केवल बापा के मुख्य साथियों ने ही नहीं परन्तु मंडल के 20 विद्यार्थी और शिक्षकों ने भी लड़ाई में सक्रीय भाग लिया था और कारावास भी भोगा था। इस प्रकार देशव्यापी राष्ट्रीय आन्दोलन में उन्होंने अपना हिस्सा अदा किया था।[13] ठक्कर बापा का हृदय बालकपन से ही अस्पृश्यता के विरूद्व विद्रोह करने लगा था। अछूतों के प्रति जिनको उन दिनों गुजरात में 'अन्त्यज' के नाम से पुकारा जाता था। डिप्रेस्ड क्लासेड मिशन के संस्थापक महर्षि शिन्दे को बापा ने इसलिए अपना गुरू माना था कि उन्होंने अछूत जातियों की सेवा करने के प्रथम पाठ उनको सिखाया था। गाँधी जी की प्रेरणा से गुजरात में पहले पहल अन्त्यज सेवा कार्य गोंधरा में अन्त्यज आश्रम स्थापित मामा साहेब कड़के ने शुरू किया था। गुजरात में अन्त्यज सेवा मंडल की स्थापना विविधत 1923 ई0 में हुई और उसके पहले अध्यक्ष ठक्कर बापा हुए। मंडल ने पाठशाला एवं आश्रम स्थापित किए। मंडल 1923 से 1933 तक कार्य करता रहा। बापा ने अन्त्यजों के लिए आवश्यकतानुसार 130 कुएं खुदवाए। गाँधी जी ने जब धनश्याम दास बिड़ला को 'अस्पृश्यता–निवारण संघ' का अध्यक्ष बनाया तथा ठक्कर बापा को संघ का मंत्री बनाया गया। बाद में इस संघ का नाम 'हरिजन सेवा संघ' रखा गया।[14] 30 सितम्बर 1932 को बंबई में मदन मोहन मालवीय की अध्यक्षता में हिन्दुओं की एक विराट सभा हुई।[15] जिसमें प्रस्ताव पारित किया कि अस्पृश्यता के विरूद्व सारे देश में जोरदार प्रचार करने के लिए अखिल भारतीय अस्पृश्यता निवारण संघ स्थापित किये जाए, जिसका प्रधान कार्यालय दिल्ली में हो और विभिन्न प्रांतों में उसकी शाखाएँ खोली जाए।[16] देश के अलग–अलग हिस्सों में, पहाड़ों और जंगलों में, हरिजनों, आदिवासियों और दूसरे दलित लोगों में ठक्कर बापा इस

कदर हिल मिल गए कि उनको उन लोगों से अलग करके सोचना कोई आसान काम नहीं। उन्होंने मानव सेवा के कामों में सिर्फ दिलचस्वी ही नहीं ली, बल्कि उनमें वह एक तरह से खो गए। जो रास्ता उन्होंने पकड़ा, उस पर वह चलते ही गए और उनके काम का दायरा धीरे–धीरे फैलता गया।[17] देश भक्त नरम दल और गरम दल में बट गए थे। बापा चाहते थे पहले समाज का सुधार किया जाए। धार्मिक और सामाजिक पुनजागरण हो चुका था, राजा राम मोहन राय, केशव चन्द्र सेन, स्वामी दयानन्द और स्वामी विवेकानन्द ने जो शंख–ध्वनि की थी, उसने देश के वातावरण को प्रकंपित कर दिया था। बिना दलितों और पीछड़ों के साथ लिए प्रगति का रास्ता नहीं पकड़ा जा सकता उसे ऊपर उठाकर मजबूत करना ही होगा। गोपाल कृष्ण गोखले ऐसी ही सूझ–बूझ वाले एक राजनैतिक पुरूष थे। सर्वेण्ट्स ऑफ इंडिया सोसायटी की स्थपना मूलतः राजनैतिक उद्देश्य से उन्होंने की थी किन्तु उस उद्देश्य की पूर्ति के लिए समाज के दुर्बल उपेक्षित अंग की तरह उनका पूरा ध्यान था। ठक्कर बापा गोखले की तरफ अपने आप खिंच गए। दीन–दुखियों, आदिवासियों और अछूतों की सेवा साधना में वह अपना जीवन स्वार्पण कर दिया। ठक्कर बापा उन इने गिने महापुरूषों मे जो अपने जीवन का प्रत्येक क्षण दूसरों के सेवा में लगा देते है। जब कभी निःस्वार्थ सेवा का ध्यान आता है तो ठक्कर बापा का चित्र आँखों के सामने आता है। यह देश का सौभाग्य है कि एक ऐसा व्यक्ति मिला।[18] पूज्य ठक्कर बापा के लिए राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी के मन में कितनी श्रद्धा भाव था इसका उल्लेख करना परमावश्यक है– ''भाई अमृतलाल ठक्कर बिना भगवा वस्त्र धारण किये अपने सन्यास को सुशोभित कर रहे है। यद्यपि वे अपने को सन्यासी नहीं बताते तो भी काम तो वह सन्यासी को शोभा वाला कर रहे है। बूढ़े हो गए है फिर भी चैन से नहीं बैठते, और अपने आस–पास वालों को ही चैन से बैठने देते है, जब दुः,ख का दावानल चारों ओर जल रहा हो, तब कौन चैन से बैठ सकता है? शायद कोई आलसी या निकम्मा ही बैठ सकता है। भाई अमृत लाल अछूतों के गुरू तो है ही अब वे पहाड़ी जातियों के गुरू बनने की साधना कर रहे है।''[19] 19 जनवरी, 1951 को पूजय ठक्कर बापा के नश्वर शरीर का अन्त हुआ। परन्तु बापा का मशः शरीर अजय अमर है। स्वतंत्र भारत को लोक कल्याणकारी राज्य बनाने तथा विविध सामाजिक प्रवृतियों को विकसित करने का प्रबल भावना हमारे राष्ट्र नायकों ने व्यक्त की है। विशुद्ध समाज सेवा का सच्चा आदर्श इस युग में ठक्कर बापा ने उपस्थित किया है। उपनिषद के ऋषि ने कहा है कि सन्यासी को वितैषण, पुत्रैषण और लोकेषण से ऊपर उठ कर भगवान के प्रति निष्ठावान होना चाहिए। ठक्कर बापा ऐसे ही बिरले व्यक्ति थे, वास्तव में भगवत् गीता के अनुसार वह सभ्य कर्मभोगी थे इसलिए सच्चे अर्थों में सन्यासी भी थे।[20]

**संदर्भ सूची :–**

1. वन्य जाति, भारतीय आदिम जाति सेवक संघ, दिल्ली, अप्रैल 1996, पृ0 1
2. सम्पदन अवध प्रसाद, समर्पित लोक सेवक : ठक्कर बापा–150 वर्ष, भारतीय आदिम जाति सेवक संघ, दिल्ली, 2018, पृ0 10
3. हरि वियोगी, आधुनिक भारत का निर्माता, ठक्कर बापा, प्रकाश्न विभाग, भारत सरकार, नई दिल्ली, 1969, पृ0 1–2
4. वही, पृ0 6–7
5. वही, पृ0 9–10
6. शाह कान्ति लाल, अनुवाद रामनारायण चौधरी, ठक्कर बापा, स्मारक समिति, दिल्ली 1955, पृ0 61, 65, 66
7. वन्य जाति, भारतीय आदिम जाति सेवक संघ, दिल्ली, 2016, पृ0 48
8. वन्य जाति, भारतीय आदिम जाति सेवक संघ, दिल्ली, अप्रैल 1997, पृ0 5
9. वही, पृ0 83
10. वन्य जाति, भारतीय आदिम जाति सेवक संघ, दिल्ली, 1996, पृ0 28
11. हरि वियोग, पूर्वोद्धृत, पृ0 58
12. शाह कान्ति लाल, पूर्वोद्धृत, पृ0 222
13. शाह कान्ति लाल, पूर्वोद्धृत, पृ0 234
14. महात्मा गाँधी, हमारा क्लंक, अजमेर, 1970, पृ0 110
15. आजाद अबुल कालाम, अनु0 महेन्द्र चतुर्वेदी, भारत की आजादी, ओरियन्ट लॉगमेंस, कलकत्ता, पृ0 67
16. हरि वियोग, पूर्वोद्धृत, पृ0 67
17. वन्य जाति, भारतीय आदिम जाति सेवक संघ, दिल्ली, 2000, पृ0 41
18. श्रंहकपेंद ज्ग्छण –"ैलंउसंसए जींांत ठंच ल्पहीजपमजी ठपतजीकंल बवउउमउवतंजपवद अवसनउमए डंकतेंए 1947ए च्ण गअपप

a. सम्पादक अवध प्रसाद, पूर्वोद्धृत पृ0 07 वन्य जाति, भारतीय आदिम जाति सेवक संघ, दिल्ली, जनवरी, 1957, पृ0 1–2

*'Journal of Research & Development'*
*A Multidisciplinary International Level Referred and Peer Reviewed Journal,*
*Impact Factor-7.265, ISSN: 2230-9578, April-2024, Volume-16 Issue-6*

# राष्ट्रीय आन्दोलन में शामिल महत्वपूर्ण साधु संत

**मरियम मुर्मू**
विश्वविद्यालय इतिहास विभाग,राँची विश्वविद्यालय, राँची
**Corresponding Author- मरियम मुर्मू**
**Email:** mariammurmu49@gmaill.com
**DOI- 10.5281/zenodo.12287983**

**सारांश:**
राष्ट्रीय आन्दोलन में संतो की अहम भूमिका रही है, आजादी के आन्दोलन में रामनगरी के संतो की भी अहम् भूमिका रही। पहला नाम बृजनंदन ब्रह्मचारी का है, उस समय वे मध्यमा के छात्र थे, जब देश सविनय अवज्ञा आन्दोलन की हुंकार भर रहा था। नमक सत्याग्रह में सक्रिय भागीदारी के कारण उन्हे छः माह की सजा हुई। जेल से छुटने के बाद से क्रांतिकारी आन्दोलन की ओर उन्मुख हुए।

1932 में जिले के कई स्थानों पर डाक बक्से जलाने और रेलवे लाइन का तार काटने के जुर्म में वे पुनः गिरफ्तार हुए और दो भिन्न धाराओं में दो–दो वर्ष कैद एवं 50 रूपये जुर्माने की सजा पाई। 29 अप्रैल 1940 से 05 अप्रैल 1946 तक वे नजरबंद भी रहे। स्वाधीनता आन्दोलन के फलक पर एक अन्य साधु ने भी छाप छोड़ी। यह ये मणिरामदास जी की छावनी के तत्कालीन महंत रामशोभादास के शिष्य वासुदेवाचार्य। लगानबंदी आन्दोलन में शामिल होने के करण वासुदेवाचार्य 1932 में वासुदेवाचार्य को एक माह की सजा हुई। इसी वर्ष के अन्त तक उन्हें पुनः छः माह की सजा मिली क्रांतिकारियों से सम्पर्क रखने के कारण 1939–40 के बीच वासुदेवाचार्य तीन बार गिरफ्तार किए गए।

भारत छोडों आन्दोलन में शामिल होने पर इन्हें नौ अगस्त 1942 को एक बार फिर गिरफ्तार किया गया। इस बार वासुदेवाचार्य 35 माह से कुछ अधिक समय तक जेल में रहे। सन् 1932 में सत्याग्रह के चलते इन्हे छः माह की सजा हुई और भारत छोडो आन्दोलन के छौरान एक वर्ष की कैद के साथ दो माह तक नजरबंद रहने की सजा मिली।

संतोषी अखाड़ा से जुड़े संत गंगादास ने सविनय अंवज्ञा आन्दोलन में हिस्सा लिया और छः माह कैद के साथ सौ रूपये जुर्माने की सजा भोगी। हनुमानगढ़ी के नागा साधु के शिष्य प्रयागदास ने 1932 में छः माह कैद के साथ 25 रूपये जुर्माना की सजा भुगती । 1941 में व्यक्तिगत सत्याग्रह में वे 09 माह तक जेल में रहे। 1942 में प्रयागदास को एक माह तक नजरबंद रखा गया। वासुदवेदास भी 1933 के दौरान ही स्वाधीनता आन्दोलन से जुड़े 1942 तक उन्होने 19 माह की कैद के साथ 20 रूपये जुर्माने की सजा भोगी। हनुमानगढ़ी के ही लालतादास को उग्र गतिविधियों में संलिप्तता के कारण 1941 में 15 माह की सजा मिली और 1942 से 1945 तक नजरबंद रहना पडा।[1]

स्वंतंत्रता संग्राम में साधु–संतो के योगदान पर न के बराबर लिखा गया है। इसका कारण भी रहा है, क्योंकि जिन लोगों के हाथों में सत्ता गई थी उनमें से अधिकतर हिन्दु विरोधी थे। देश में बंगाल में हुए आन्दोलन की कड़ी में संयासियों के आन्दोलन की चर्चा भी प्रमुखता से की जाती है। बंगाल में सबसे ज्यादा अत्याचार हिन्दुओं पर होता था। अंग्रेजों ने हिन्दुओं को उनके तीर्थ स्थानों पर जाने पर प्रतिबंध लगा दिया था। जिसके चलते शांत रहने वाले संयासियों में असंतोष फैल गया। बंगाल में हिन्दुओं का धर्मांतरण चरम पर था। गरीब जनता की कोई सुनने वाला नहीं था।

अंग्रेजों के विरूद्ध सन् 1763 – 1773 तक चला संयासी आन्दोलन सबसे प्रबल आन्दोलन था। आदिगुरू शंकराचार्य के दसनामी सम्प्रदाय ने एकजूट होकर भारतीय धर्म और संस्कृति को बचाने के लिए शस्त्र युद्ध का बिगुल बजाया। इतिहास प्रसिद्ध इस विद्रोह की स्पष्ट जानकारी बंकिमचन्द्र चटर्जी के उपन्यास 'आनन्द मठ' में मिलती है। इस विद्रोह को कुचलने के लिए वारेन हेस्टिंग्स को कठोर कार्रवाई करनी पड़ी थी। उसने बेरहमी से सन्यासियों और हिन्दु जनता का कत्लेआम किया। इस आन्दोलन के बाद देश का संयासी जाग्रत हो गया।

भारतीय संतो ने देश को स्वतंत्र कराने और यहाँ के धर्म संस्कृति और सभ्यता को पुनः जाग्रात करने के लिए देशभर में घुम–घुमकर लोगों को जगाने का कार्य किया था। उन्होने देश की जनता को एक करने के लिए सबसे पहले इस बात पर बल दिया कि धार्मिक और सांस्कृतिक आधार पर देश के लोगों के विचार एक होना चाहिए। यही सोचकर उन्होने वैदिक ज्ञान पर बल दिया और भारतीय इतिहास के गौरवपूर्ण पलों को लोगों के सामने रखा।

आजादी के बाद देश के वामपंथियों के हाथों में चले जाने से हमारे सभी सन्तों का योगदान असफल सिद्ध हो गया। सरदार पटेल से जब पूछा गया था कि हमारा शिक्षामंत्री कैसा और कौन होगा ? तो उन्होने कहा था कि गुलामी के अन्धाकार ने हमारी संस्कृति धर्म और सभ्यता के गौरव को नष्ट कर दिया है अतः ऐसी शिक्षा होनी चाहिए, जो हमारे धर्म और संस्कृति पर आधारित हो और जो हमारे गौरवपूर्ण इतिहास का बोध कराती हो।[2]

राष्ट्रीय आन्दोलन में शामिल महत्वपूर्ण संतों की भूमिका निम्नलिखित थी।

**(1) दयानन्द सरस्वती :**

गुलामी से मुक्ति का उपाय सम्पूर्ण भारतीयों की एक ही सोच हो और वह वेदों पर आधारित हो। आर्थ समाज के संस्थापक स्वामी दयानन्द सरस्वती आधुनिक भारत के महान चिन्तक, समाज सुधारक और देशभक्त थे। स्वामी दयानन्द नें देश के स्वतंत्रता आन्दोलन की 1857 में हुई क्रांति में महत्वपूर्ण योगदान दिया। स्वामी दयानन्द सरस्वाती का मूल नाम मूलशंकर था। स्वामी विवेकानन्द के 20–25 वर्ष पहले ही उन्होने स्वंतत्रता आंन्दोलन की क्रांति को चिंगरी बता दी थी। भगतसिंह चन्द्रशेखर आजाद भी स्वामी दयानन्द जी से प्रेंरित थे। लोकमान्य तिलक ने भी उन्हे स्वराज का पहला संदेशवाहक कहा था। स्वामी दयानन्द सरस्वती का जन्म 12 फरवरी 1824 को गुजरात के मोरबी में हुआ और निर्वाण 31 अक्टुबर 1883 को राजस्थान के अजमेर में हुआ। उनकी मूल रचनाएँ 'सत्यार्थ प्रकाश आर्योद्देश्यरत्नमाला, गोकरूणानिधि, व्यवहारभानु, स्वीकार पत्र आदि हैं।

आर्य समाज की स्थापना का मूल उद्धेश्य ही समाज सुधर और देश को गुलामी की जंजीर से मुक्त करना था। उन्होने धर्मांतरित हो गए हजारों लोगों को पुनः वैदिक धर्म में लौट आने के लिए प्रेरित किया और वेदों का सच्चा ज्ञान बताया। स्वामी जी जानते थे कि वेदों को छोड़ने के कारण ही भारत की यह दुर्दशा हो चली है। इसीलिए उन्होने वैदिक धर्म की पुनः स्थापना की उन्होने मुंबई की काकडबाड़ी में 7 अप्रैल 1875 को आर्य समाज की स्थापना कर हिन्दुओं में जातिवाद हुआछूत की समास्या को मिटाने का भरपूर प्रयास किया। गांधीजी ने भी आर्य समाज का समर्थन किया था। उन्होने कहा भी था कि मैं जहाँ–जहाँ से गुजरता हूँ, वहाँ–वहाँ से आर्य समाज पहले ही गुजर चूका होता है। आर्य समाज ने लोगों में आजादी की अलख जगा दी थी।[3] आर्य समाज के कारण ही भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के भीतर स्वदेशी आन्दोलन का प्रारंभ हुआ था।

**(2) स्वामी श्रद्धानंद :**

स्वामी श्रद्धानन्द का जन्म 22 फरवरी 1856 को पंजाब के जालंधर में हुआ था और उनका निर्वाण 23 दिसम्बर 1926 को दिल्ली के चांदनी चौक में हुआ था। स्वामी श्रद्धानन्द का मूल नाम मुशीराम था वे भारत के महान राष्ट्रभक्त संयासियों में अग्रणी थे।

स्वामी श्रद्धानन्द ने देश को अंग्रेजो की दासता से मुक्ति दिलाने और दलितों को उनका अधिकार दिलाने के लिए अनेक कार्य किए। पश्चिमी शिक्षा की जगह उन्होंने वैदिक शिक्षा प्रणाली पर जोर दिया। इनके गुरू स्वामी दयानन्द सरस्वती थे। उन्ही से प्रेरणा लेकर स्वामीजी ने आजादी और वैदिक शिक्षा का प्रचार को प्रचंड रूप में आन्दोलन खड़ा कर दिया था जिसके चलते गोली मारकर उनकी हत्या कर दी गई थी।

धर्म, संस्कृति, शिक्षा और दलितों को उत्थान करने वाले युगधर्मी महापुरूष श्रद्धानन्द के विचार आज भी लोगों को प्रेरित करते है। उनके विचारो के अनुसार स्वदेश स्व–संस्कृति, स्व–समाज, स्व–भाषा, स्व–शिक्षा, नारी कल्याण, दलितोत्थान, वेदोत्थान, धर्मोत्थान को महत्व दिये जाने की जरूरत है इसलिए वर्ष 1901 में स्वामी श्रद्धानन्द ने अंग्रेजों द्वारा जारी शिक्षा पद्धति के स्थान पर वैदिक धर्म तथा भारतीयता की शिक्षा देने वाले संस्थान 'गुरूकुल' की स्थापना की हरिद्वार के कांगड़ी गांव में 'गूरूकुल विद्यालय' खोला गया जिसे आज 'गुरूकुल कांगडी विश्वविद्यालय' नाम से जाना जाता है।

**(3) स्वामी विवेकानन्द :**

स्वामी विवेकानन्द में 1892 में अपने भारत भ्रमण के दौरान यह जाना कि कोई भी राष्ट्र किसी गुलाम देश से शिक्षा ग्रहण नहीं कर सकता इसलिए नियति द्वारा भारत के लिए निर्धारित मानवतावादी भूमिका को निभाने के लिए 'भारत की स्वतंत्रता' एक आवश्यकता थी लेकिन यह स्वतंत्रता तब तक संभव नहीं हो सकती, जब तक कि भारत वैचारिक और आध्यात्मिक रूप से एक नहीं हो जाता है।

स्वामीजी ने अपने भारत भ्रमण के दौरान यह भी जाना कि ब्रिटिश शासन की शोषक नीतियों के कारण हमारे देश के किसानों और व्यापारियों की दशा दयनीय हो गई है इसीलिए उन्होंने भारत का आहवान करते हुए कहा था– 'भारत जागो ! विश्व जगाओं ......।'

यही कारण था कि स्वामीजी ने सिर्फ 39 वर्ष 5 महिनें और 24 दिन के छोटे से जीवन में अपने अथक प्रयास के माध्यम से भारत ही नहीं सम्पूर्ण विश्व में वेदांत के अध्यात्म का परचम लहराकर देश को यह संदेश दिया कि जरूरत है कि हम अपने मूल ज्ञान की ओर अब लौट आएं। दुर्भाग्य है कि भारत की आजादी के बाद आज भी भारत आध्यात्मिक रूप से एक नहीं है। ऐसा कोई हिन्दु नहीं है तो वेद के मार्ग पर चलता हो। ब्रह्म को जाने बगैर उपनिषदों को पढ़े बगैर यह संभव नहीं हो सकता है कि भारत वैचारिक रूप से एक हो। इस अरवंडित विचारधारा के कारण ही भारत में ढेर सारी जातिवादी, वामपंथी तथाकथित धर्मनिरपेक्षतावादी, प्रांतवादी देशद्रोही समस्याएँ खड़ी हुई है।

भारत का राष्ट्रवाद 'आध्यात्मिकता और सनातन धर्म ही है। वामपंथ और तथाकथित धर्मनिरपेक्ष विचारधारा के चलते भारत दीनहीन होकर पुनः गढ़े में गिरने लगा है। सर्वधर्म समभाव और वसुवैध कुटूम्बकम् की विचारधारा जरूरी है। हिन्दुओं के विभिन्न सम्प्रदायों में भेदभाव निराशाजनक रूप से परस्पर विरोधी प्रतीत होते थे। जातिवादी व्यवस्था ने देश को लगभग पुनः तोड़ दिया है।

भारत में हिन्दुत्व के पुनरूद्धार के बिना कोई राष्ट्रीय आन्दोलन संभव नहीं था। स्वामी विवेकानन्द ने ठीक यही किया उन्होने कहा 'प्रत्येक राष्ट्र के जीवन की एक मुख्य धारा होती है भारत में धर्म ही वह धारा है। इसे शक्तिशाली बनाइए और दोनों ओर का जल स्वतः ही इसके साथ प्रवाहित होने लगेगा। सच्चा धर्म मनुष्यों की शिक्षाओं से या पुस्तकों के अध्ययन से नहीं आता, यह तो हमारे भीतर स्थित आत्मा को जागृत करने से आता है जिसके परिणामस्वरूप शुद्ध और वीरतापूर्ण कार्य किये जा सकते हैं।

इस विश्व में जन्म लेने वाले प्रत्येक मनुष्य अपने साथ पूर्व जन्मों के संचित अनुभव भी लेकर आता है और इन अनुभवों की झलक उसके मन औश्र शरीर के संरचना में दिखाई देती है। किन्तु हम सभी में मौजूद स्वंतत्रता की भावना यह दर्शाती है कि मन व शरीर से परे भी कुछ है। हम पर शासनन करने वाली आत्मा स्वंतत्र है और वही हमारे भक्ति स्वतंत्रता की इच्छा जगाती है। यदि हम स्वतंत्र न हो तो हम इस विश्व को बेहतर बनाने की आशा कैसे कर सकते है? हम यह मानते हैं कि मनुष्य की प्रगति उसकी आत्मा के कार्यों का परिणाम है। विश्व जैसा भी है और हम आज जो भी हैं, वह आत्मा की स्वंतत्रता के कारण है।[5]

स्वामी विवेकानन्द ने देश के नागरिकों को सभी स्तरों पर स्वंतत्रता प्राप्त करने हेतु प्रोत्साहित किया। उन्होने वह सब कुछ त्यागने का उपदेश दिया जो उन्हें कमजोर बनाता हो, जैसे जातिवाद, प्रांतवाद, भाषावाद, दलगत राजनीति आदि। सभी को वक्त रहते वेदों की ओर लोट आना चाहिए अन्यथा देश को खंड खंड होने में समय नहीं लगेगा।

**(4) महर्षि अरविंद घोष :**

बंगाल के महान क्रांतिकारियों में से एक महर्षि अरविंद देश की आध्यात्मिक क्रांति की पहली चिंगारी थे। उन्ही के आहवान पर हजारों बंगाली युवकों ने देश की स्वतंत्रता के लिए हंसते हंसते फांसी के फंदों को चुम लिया था। सशस्त्र क्रांति के पीछे उनकी ही प्रेरणा थी। अरविंद ने कहा था कि चाहे सरकार क्रांतिकारियों को जेल में बन्द करें, फांसी दें या यातनाएं दें पर हम यह सब सहन करेंगे और यह स्वतंत्रता का आन्दोलन कभी नहीं रूकेगा। एक

दिन अवश्य आएगा जब अंग्रेजों को हिन्दुस्तान छोड़कर जाना होगा। यह इत्तेफाक नहीं है कि 15 अगस्त को भारत की आजादी मिली और इसी दिन उनका जन्मदिन मनाया जाता है।

महर्षि अरविंद घोष पहले एक क्रांतिकारी नेता थे लेकिन बाद में वे अध्यात्म की ओर मुड़ गए, क्योंकि उन्होंने यह जाना कि आयात्मिक अत्थान के बगैर भारत की स्वतंत्रता के कोई मायने नहीं इसलिए उन्होंने भारत को आध्यात्मिक रूप से एक करने के लिए भारतीय ज्ञान की पताका विश्वभर में फैलाई ताकि भारतीयों में अपने ज्ञान के प्रति गौरव बोध जागृत हो। गौरव बोध के बगैर आजादी या स्वतंत्रता की अलख जगाना मुश्किल था। यह गौरव बोध तब आता है जब हम वेद उपनिषद और गीता को पढ़ें।

महर्षि अरविंद घोष का जन्म 15 अगस्त 1872 को कोलकाता में हुआ था। अरविंद घोष का नाम 1905 के बंगाल विभाजन के बाद हुए क्रांतिकारी आन्दोलन से जुड़ा और 1908–09 में उन पर अलीपुर बमकांड मामले में राजद्रोह का मुकदमा चला जिसके फलस्वरूप अंग्रेज सरकार ने उन्हें जेल की सजा सुना दी। अरविंद घोष एक महान योगी और दार्शनिक भी थे। उनका पूरा विश्व में दर्शनशास्त्र पर बहुत प्रभाव रहा हैं।

05 सितम्बर 1950 को महर्षि अरविंद घोष का देहांत हुआ बताया जाता है कि निधन के बाद 04 दिन तक उनके पार्थिव शरीर में दिव्य आभा बने रहने के कारण उनका अन्तिम संस्कार नहीं किया गया और अन्ततः 9 दिसम्बर को उन्हें आश्रम में समाधि दी गई।[6]

**(5) स्वामी सहजानन्द सरस्वती :**

स्वामी सहजानन्द सरस्वती का जन्म 22 फरवरी 1889 को उत्तर प्रदेश के गाजीपुर में महाशिवरात्रि के दिन हुआ और उनका निर्वाण 25 जून 1950 को पटना में हुआ। 'किसान आन्दोलन' के जनक स्वामीजी आदिशंकराचार्य सम्प्रदाय के 'दसनामी सन्यासी' थे।

1909 में उन्होने काशी में दंडी स्वामी अद्धैतानन्द से दीक्षा ग्रहण कर दण्ड प्राप्त किया और दंडी स्वामी सहजानन्द सरस्वती बने काशी में रहते हुए धार्मिक कुरीतियों के खिलाफ मोर्चा खोला।

स्वामीजी को मूल रूप से किसान आन्दोलन और जमींदारी प्रथा के खिलाफ किए गए उनके कार्यो के लिए जाना जाता है। महात्मा गांधी ने चम्पारण के किसानों को अंग्रेजी शोषण से बचाने के लिए आन्दोलन छेड़ा था, लेकिन किसानों को अखिल भारतीय स्तर पर संगठित कर प्रभावी आन्दोलन खड़ा करने का काम स्वामी सहजानन्द ने ही किया। इस आन्दोलन के माध्यम से वे भी भारत माता को गुलामी से मुक्त कराने के संघर्ष में कुद पड़े।[7]

महात्मा गांधी के नेतृत्व में शुरू हुए असहयोग आन्दोलन के दौरान बिहार में स्वामी जी ने घूम–घूम कर उन्होंने अंग्रेजी राज के खिलाफ लोगों को खड़ा किया।

17 नबम्बर 1928 को सोनपुर में उन्हें बिहार प्रांतीय किसान सभा का अध्यक्ष चुना गया। उन्होने जमींदारों के शोषण से किसानों को मुक्ति दिलाने और जमीन पर रैयतों का मालिकाना हक दिलाने की मुहिम शुरू की। अप्रैल 1936 को कांग्रेस के लखनऊ सम्मेलन में 'अखिल भारतीय किसान सभा' की स्थापना हुई और स्वामी सहजानन्द सरस्वती को उसका पहला अध्यक्ष चुना गया।

स्वामी सहजानन्द नेताजी सुभाष चन्द्र बोस के साथ भी वे अनेक रेलियों में शामिल हुए। आजादी की लड़ाई के दौरान जब उन्हें गिरफ्तार किया गया तो नेताजी ने पूरे देश में ' फॉरवार्ड ब्लॉक' के जरिए हड़ताल करवाई थी।[8]

स्वामी सहजानन्द ने पटना के समीप बिहटा में सीताराम आश्रम स्थापित किया, जो किसान आन्दोलन का केन्द्र बना तथा वहीं से वे पूरे आन्दोलन को संचालित करते रहे। जमींदारी प्रथा के खिलाफ लड़ते हुए स्वामीजी 26 जून 1950 को मुजफ्फरपुर में उनकी मृत्यु हो गई।

**संदर्भ सूची**

1. jagran.com
2. webdunia.com
3. webdunia.com cdn.ampproject.org wikipedia.org
4. विपिन चन्द्र, आधुनिक भारत का इतिहास प्रकाशन ओरियंट ब्लैकस्वॉन प्राइवेट लिमिटेड दिल्ली, 2008, पृष्ठ – 218, 219
5. motherandsriourbindo.in
6. कौशल किशोर शर्मा, स्वामी सहजानन्द सरस्वती अमृत कलश, प्रभात प्रकाशन पी0 वी0 टी0 लिमिटेड 2015, पृष्ठ–287, 288।
7. वही, 292

'Journal of Research & Development'
A Multidisciplinary International Level Referred and Peer Reviewed Journal,
Impact Factor-7.265, ISSN: 2230-9578, April-2024, Volume-16 Issue-6

# बौद्ध धर्म में भिक्षुणियों के लेखन/साहित्य/गीत में प्रतिबिम्बित समाज

**Amrendra Kumar Azad**
Ph.D. Research Scholar, Vinoba Bhave University, Hazaribag
**Corresponding Author- Amrendra Kumar Azad**
**DOI- 10.5281/zenodo.12288844**

**सारांश :**

बौद्ध संघ में महिलाओं के लिए प्रवेश निषेध था। लेकिन बुद्ध के मौसी गौतमी प्रजापति के हठ के कारण आनंद के विशेष अनुरोध पर बुद्ध को संघ में महिलाओं के प्रवेश की अनुमति दी। साथ ही 8 बड़े कड़े नियम का पालन करने को कहा था। जो संघ में शामिल महिलाओं ने बड़े धैर्य के साथ इन 8 नियमों का पालन करती थी। लेकिन हम पाते हैं चारदिवारों में कैद जो महिलाएं थी वो संघ में आने के बाद बुद्ध के उपदेश से बहुत प्रभावित हुई। जिसमें से कुछ महिलाएं विदुषी भी हुई थी। उनका सामाजिक स्तर में बदलाव देखने को मिलता है। महत्वपूर्ण शब्दकोश : बौद्धसंघ में महिला, भिक्क्षुणी, नियम कानुन, बौद्धिक गीत, बौद्धिक सिद्धांत।

## परिचय

छठी शताब्दी ईसा पूर्व में धर्म के क्षेत्र में एक बहुत बड़ी क्रांति हुई जिसके फलस्वरूप दो नए धर्म का जन्म हुआ। जिसमें से एक नए धर्म का नाम था बौध धर्म।[1] दोनों धर्म समकालीन थी। लेकिन दोनों धर्म में बौध धर्म दूसरे धर्म के तुलना में अधिक प्रसिद्ध हुआ।[2] क्योंकि इस नवीन धर्म में सारे संप्रदायों के तत्व के नए भौतिक, सामाजिक एवं राजनीतिक तत्व में बौद्धिक एवं दार्शनिक क्षमता विद्यमान थे। इस धर्म के संस्थापक व प्रवर्तक गौतम बुद्ध जी थे।[3] जो समकालीन धर्म की तुलना में अधिक प्रसिद्ध हुए। उन्होंने एक ऐसे धर्म का प्रवर्तन किया जो भारत में उत्पन्न हुआ लेकिन एशिया भर में प्रसार हुआ।

1. मिश्र, विमल किशोर (2015) *प्राचीन भारत का राजनीतिक और सांस्कृतिक इतिहास*, बिहार हिंदी ग्रंथ अकादमी. पटना, पृण 136।
2. थापर, रोमिला (2006) *भारत का इतिहास*, नई दिल्ली, राजकमल प्रकाशन, पृ. 58।
3. मिश्र, विमल किशोर (2015) पुर्वोक्त, पृ. 136।
4. मिश्र, विमल किशोर (2015) *प्राचीन भारत का राजनीतिक और सांस्कृतिक इतिहास*, बिहार हिंदी ग्रंथ अकादमी, पटना, 136।
5. थापर, रोमिला (2006) *भारत का इतिहास,* राजकमल प्रकाशन, नई दिल्ली, पृ. 58।
6. मिश्र, विमल किशोर (2015) पुर्वोक्त, पृ. 136।
7. थापर, रोमिला (2006) पुर्वोक्त, पृ. 58।
8. मिश्र, विमल किशोर (2015) पुर्वोक्त, पृ. 137।

इनका जन्म 563 ईसा पूर्व एक प्रजातांत्रिक शाक्य परिवार में हुआ। इनके पिता क्षत्रिय थे एवं वे इस जन के मुखिया थे। इनका बचपन तो राजकुमार की तरह व्यतीत हुआ[4] लेकिन 29 वर्ष की अवस्था में इन्होंने अपना गृह त्याग दिया।

ज्ञान की प्राप्ति हेतु इन्होंने काषाय (गेरुए) वस्त्र धारण कर माथे का बाल और दाढ़ी मूंछ कटवा कर प्रवज्या ग्रहण कर ली।[5] सन्यासी बनकर 6 वर्ष की कठोर तपस्या के बाद भी इन्हें संतोषजनक ज्ञान की प्राप्ति नहीं हुई, तो इस मार्ग का परित्याग कर इन्होंने फिर से समाधि का मार्ग को अपनाया। इस मार्ग के अपनाने के 49वें में दिन इन्हें ज्ञान की प्राप्ति हुई।[6] जिस समय इन्हें ज्ञान प्राप्त हुआ। वह वैशाख की बुद्ध पूर्णिमा थी। इस ज्ञान प्राप्ति की घटना को बौद्ध साहित्य में संबोधी कहा गया। जिसके बाद सिद्धार्थ बुद्ध तथा तथागत कहलाने लगे। जिस स्थान इन्हें ज्ञान प्राप्त हुआ वह बोधगया और पीपल वृक्ष के नीचे का ध्यान स्थान था। जो ज्ञान प्राप्ति के बाद बोधि वृक्ष के नाम से प्रसिद्ध हुआ। जो आज भी बोध गया में फल्गु नदी के किनारे हैं। जो महाबोधि मंदिर तथा उस मंदिर के प्रांगण में पीपल का पेड़ आज भी मौजूद है। जो एक पावन स्मृति के रूप में देखा जाता है।

जब बुद्ध को ज्ञान प्राप्ति हुई तो इन्होंने अपने ज्ञान को प्रचार–प्रसार करने का विचार किया तथा दो बंजारों को पपस्सु एवं मल्लिक को अपना ज्ञान अर्जित किया। इसके बाद बुद्ध ऋषियों के नगर सारनाथ गए (जो वाराणसी से 4 मील दूर है) वहाँ उन्होंने अपना पहला उपदेश अपने पाँच पुराने साथी जो कौण्डिय, वाप्य, मंडिक, महानाम और अश्वजीत मिले जिन्होंने इनको तपो भ्रष्ट मानकर छोड़ दिया था। को दिया! जिस 5 शिष्य को अपने धर्म में दीक्षित किया था वो आषाढ़ का पूर्णिमा के दिन था। इस दिन को इतिहास में धर्म चक्र के नाम से जाना जाता है।[7] यही धर्म चक्र परिवर्तन बौध धर्म का मूल बिंदु था। यहीं से बौध धर्म में एक सामूहिक धर्म तथा भिक्षु प्रणाली का सूत्रपात किया गया।[8]

**संघ में भिक्क्षुणीयों के प्रवेश –**

भगवान बुद्ध कपिलवस्तु में नीग्रोधाराम में रहते थे। तब उस समय महाप्रजापति गौतमी जो गौतम बुद्ध की मौसी थी; उन्होंने भगवान बुद्ध के पास जाकर बोली माननीय (भदन्त) आप अपने संप्रदाय (बौद्ध संघ) में स्त्रियों के प्रवेश (प्रव्रज्या) की आज्ञा दीजिए। तब भगवान बुद्ध ने उनकी यह प्रार्थना तीन बार अस्वीकार कर दी और वे वहाँ से वैशाली चले गए। तब महा प्रजापति गौतमी ने अपना सिर मुंडन करवाकर तथा अपने साथ बहुत शाक्य की स्त्रियों को जो ये संघ में शामिल होना चाहती थी को साथ लेकर भगवान बुध के पीछे–पीछे वैशाली चली गई। उस यात्रा के दौरान उनके पैर में सूजन आ गए शरीर धुलों से भरा पड़ा था और उनके चेहरे पर उदासी साफ दिखाई दे रही थी। ये उदासी देखकर गौतम बुद्ध के प्रिय शिष्य आनंद ने उन महिलाओं के उदासी का कारण पूछा तो उन्होंने कहा महिलाओं को बौद्ध धर्म में प्रवेश लेने के लिए भगवान बुद्ध की आज्ञा नहीं मिल पा रहा है। जिससे हम लोग उदास हैं। तब आनंद ने कहा आप लोग यहीं रहिए कहकर भगवान बुद्ध के पास मिलने चले गए और भगवान बुद्ध से आग्रह किया कि वे महिलाओं को अपने संघ में प्रवेश करने की आज्ञा दें। तब भगवान बुद्ध ने आनंद की भी प्रार्थना अस्वीकार कर दी। तब आनंद बोले माननीय बुद्ध के बताए हुए धर्म संप्रदाय में किसी स्त्री के लिए क्या भिक्षुणी बनकर रहने में आपके स्रोत आपत्ति फल सकृदागामि फल अनागामी फल और अरहर फल प्राप्त कर सकना क्या संभव नहीं है। तब तथागत ने कहा "हाँ संभव है।" तब इस पर आनंद ने कहा अगर संभव है तो फिर जिस मौसी ने तथागत की उनके माँ के नहीं होने पर अपने

दूध को पिलाकर बड़ा किया कम से कम उनकी विशेष अनुरोध पर तो महिलाओं को संघ में शामिल होने की आज्ञा दे दे।

**भिक्षुणी के लिए नियम कानून**

भगवान बुद्ध बोले अगर महा प्रजापति गौतमी मेरे आठ पूर्ण नियमों के उत्तरदायित्व को स्वीकार करती है तो मैं नारियों को संघ में प्रवेश की अनुमति दे दूंगा।

**अट्ठ गुरु धम्मा**

1. भिक्षुणी संघ में चाहे जितने वर्षों तक रही हो, तो भी उसे चाहिए कि वह छोटे–बड़े सभी भिक्षुओं को प्रणाम करें।
2. जिस गांव में भिक्षु न हो वहां भिक्षुणी ना रहे।
3. हर पखवाड़े में उपोसथ किस दिन है और धर्मोपदेश सुनने के लिए कब आना है ये दो बातें भिक्षुणी भिक्षु संघ से पूछ ले।
4. चातुर्मास्य के बाद भिक्षुणी को भिक्षु संघ और भिक्षुणी संघ की प्रवारणा करनी चाहिए।
5. जिस भिक्षुणी से संघादिशेष आपत्ति हुई हो उस दोनों संघों में 15 दिनों का मानत लेना चाहिए।
6. जिसने 2 वर्ष तक अध्ययन किया हो ऐसी श्रामणेरी को दोनों संघ उपसंपदा दे दे।
7. किसी भी परिस्थिति में कोई भिक्षुणी किसी भिक्षु की निंदा नहीं कर सकती थी।

ये सभी 8 नियम आनंद ने महा प्रजापति गौतमी को बताये और उन्हें ये आठों नियम पसंद आया। यहाँ तक यह कथा 'अंगुतर निकाय' के अट्ठक निपात में भी मिलती है और तत्पश्चात् भगवानपुर आनंद से कहते हैं, हे आनंद यदि महिला को इस धर्म विनय से प्रवज्या न मिलती तो यह धर्म (ब्राहमचर्य) 1000 वर्ष तक कायम रहता परंतु अब जबकि महिलाओं को सन्यास का अधिकार दिया गया है, यह सिद्धांत 500 बरस तक ही केवल कायम रहेगा।

इस प्रकार विनय और अंगुतरनिकाय मे मेल बैठता है फिर भी कहना पड़ता है कि ये सभी 8 गुरु धर्म पीछे से बनाए गए थे, क्योंकि विनय के नियम बनाने की भगवान तथागत की जो नियम भी उसका इन नियमों के साथ स्पष्ट विरोध है।

भगवान तथागत जिस वरेंजा गाँव के पास रहते थे उन दिनों उस वरेंजा गांव के आस–पास अकाल पड़ने से वहाँ के भिक्षुओं को अत्यधिक तकलीफ होने लगा तब सारिपुत ने भगवान बुद्ध से अर्चना की कि वे भिक्षुओं के लिए आचार–विचार के नियम बना दें। तब तथागत बोले सारिपुत तुम धीरज रखो। बुद्ध ही जानता है कि नियम बनाने का प्रसंग कौन सा है। पापाचारों का प्रवेश जब तक संघ में नहीं हुआ है। तब तक तथागत उनके निवारण के नियमों को नहीं बनाता।

तथागत के इस वचन के अनुसार ही इन सब नियमों की रचना की गई है। पहला कोई भी भिक्षु कुछ गलती या अपराध करता है। और जब तथागत के कानों तक वह बात पहुँच जाती है। तब वे भिक्षु को संघ में बुलाकर कोई नियम बना देते हैं। तत्पश्चात् ऐसा यदि कोई अनुभव हो जाए कि उस नियम का ठीक ढंग से अर्थ नहीं लगाया जा रहा है तो कुछ सुधार बाद में कर देते हैं। परंतु महा प्रजापति गौतमी के संबंध में इस पद्धति को नहीं अपनाया गया। पर कुछ अजीब सा यह लगता है कि भिक्षुणी संघ में भी कोई दोष पैदा होने से पहले ही ये सभी 8 नियम भिक्षुणीयों पर लाद किये गए हो। इससे यह अनुमान लगाया जा सकता है कि सभी सत्ता को अपने पास रखने के लिए भिक्षु संघों ने बाद में यह नियम को बनाकर उन्हे विनय और अंगुतर निकाय में शामिल कर दिया गया। सूतकार का भविष्यवाद कदाचित यह हो कि भिक्षुणी संघ की प्रस्थापना के कारण वह 500 वर्ष जीवित रहेगा और उसके पश्चात् सर्वत्र महायान–संप्रदाय के 500 वर्ष बाद लिखा गया था।

भारतवर्ष के पहले भिक्षुणी संघ की स्थापना यदि बुद्ध ने की होती तो कदाचित ये 8 गुरु धर्मों की गिनती चाहे अल्पमात्रा में ही क्यों ना हो, इतिहास में की जा सकती थी लेकिन वास्तविक स्थिति वैसी नहीं थी।[9]

वैसे भिक्षुणीयों के लिए संघ में पूरी तरह से मनाही था जो संघ में गर्भधारण करने वाली विद्रोही हो और साथ ही भिक्षुणीयों के संग में आने के लिए मनाही था जो अपने माता–पिता तथा पति के अनुमति के बगैर आना चाहती थी।[10]

**भिक्षुणीयों के बारे में साहित्यिक स्रोत**

वैसे तो बौद्ध ग्रंथों में अनेक विदुषी भिक्षुणीयों का उल्लेखनीय है। संयुक्त निकाय में खेमा नाम की एक बौद्ध भिक्षुणी का प्रसांगिक है। इसके प्रवचन से प्रसेनजीत इतना प्रभावित हुआ कि इसकी प्रवचन की समाप्ति पर राजा ने अपने सिहासन से उठकर भिक्षुणी को सम्मान दिया। इतना ही नहीं अंगुतर निकाय में एक दूसरा प्रसंग है कि विशाला नाम की एक उपासिका द्वारा पूछे गए प्रश्न के धम्मदीना थेरी नामक भिक्षुणी के द्वारा दिए गए उत्तर को सुनकर बुद्ध ने यही कहा कि विशाखा भिक्षुणी धम्मदीना वास्तव में विदुषी है। बुद्ध ने कहा अगर यही प्रश्न तुमने स्वयं मुझसे पूछी होती तो मैं भी तुम्हें यही उत्तर दिया होता।

थेरी गाथा (ज्येष्ठ भिक्षुणीयों के गीत) 73 गीतों को संग्रह है। जिसमें 522 कवित हैं। इनकी रचना आध्यात्मिक रूप से विकसित भिक्षुणीयों ने की थी। इनमें से कई भिक्षुणीयों के विषय में यह प्रचलित था कि वे तेविज्जा (तिविज्य) की ज्ञाता है। जो केवल अरहतो की विशेषता होती है। कुछ गीतों के भाव से तो ऐसा ज्ञात होता है कि कुछ भिक्षुणीयों को भी निब्बान की स्थिति की अनुभूति हुई थी। उन्होंने अपने अनुभवों को संघ से जुड़ने के पहले ही अभिव्यक्त किया है। इसमें से असफल विवाहों से लेकर संतान की मृत्यु तक के संताप की बातें लिखी हुई है। इनमें से एक कथा चंदा नामक एक ब्राह्मण युवती की है जो महामारी में अपने माता–पिता की मृत्यु के बाद बिल्कुल असहाय हो गई थी। जिसे पटचारा नाम की एक भिक्षुणी ने उसको सहारा दिया तथा उसे बौद्ध के सिद्धांतों में दीक्षित करके उसे संघ में प्रवेश दिलाया।[11]

9. कोसाम्बी, धर्मानंद (1996) *भगवान बुद्ध : जीवन और दर्शन,* लोक भारती प्रकाशन, इलाहाबाद, पृ. 121–22।
10. सिंह, उपेन्द्र (2019) *प्राचीन एवं पूर्व मध्यकालीन भारत का इतिहास* (हिंदी अनुवादक हितेंद्र अनुपम), पीयरसन इंडिया एजुकेशन सर्विसेज प्रा. लि., नोएडा, पृ. 330।
11. वही।

**पटाचारा का गीत**

पटचारा का जन्म श्रावस्ती के एक पूंजीपति परिवार में हुआ। विवाह के बाद उसके दो बच्चे हुए, किंतु दुर्भाग्यवश दोनों की मृत्यु हो गई। वह इधर–उधर भटकने लगी और अंत में जाकर उसने संघ में शरण ली। उसके द्वारा रचित गीत के कुछ अंश निम्नलिखित है जो उसके

निर्वाण की चाहत तथा उसकी अनुभूतियों को प्रतिबिंबित करते हैं –

जब वह हलो से अपने खेतों को जोतते हैं, और धरती के गर्भ में बीजों को रोपते हैं,.............................................................
............. मेरा चित्त भी हो चुका था किंतु मुक्त, तब तक स्रोत–उपेन्द्र सिंह,(2019)प्राचीन एवं पूर्व मध्यकालीन भारत का इतिहास (हिंदी अनुवादक हितेंद्र अनुपम), 21

इन कविताओं के माध्यम से उस समय और परिस्थितियों का स्पष्ट उल्लेख करते हुए एक वर्ग विशेष के प्रति खेद तथा अपने दीन–हीन दशा विलाप करते हुए शांतिपूर्ण जीवन ना जी पाने को व्यथा के साथ ही उपमाओं (उदाहरण) का सहारा लेते हुए अपनी बातों को स्पष्ट करने का प्रयत्न किया गया है।[12]

**उब्बिरी के गीत**

उब्बिरी श्रावस्ती की एक उपासिका थी जो बौद्ध धर्म को स्वीकार करने वाली एक गैर भिक्षुणी महिला थी, जिसने निर्वाण को प्राप्त किया। इसके जीवन में एक महान क्रांति तब आया जब इसके अपनी बेटी जिसका नाम जीवा था, की मृत्यु पर विलाप करने के दौरान उसे बुद्ध के दर्शन हुए। यह गीत उब्बिरी एवं बुद्ध के बीच संवाद के रूप में है : हे माते यह गाया रूबी जंगल है और आप जिस जीवा के लिए हे जीवा संबोधन करके विलाप कर रही है। आप अपने आप में लौट जाइए। आपके बेटी जीवा के नाम के 84000 बेटियाँ अग्नि की चिता में समाहित हो चुकी है। क्या आप उनके लिए विलाप कर रही हो? स्रोत–उपेन्द्र सिंह,(2019) प्राचीन एवं पूर्व मध्यकालीन भारत का इतिहास (हिंदी अनुवादक हितेंद्र अनुपम), 21

**उब्बिरी –**

मेरे कोमल ह्रदय को बेधते हुए जो एक तीर अंतः स्थल में गया था मैंने उसे उस जगह से बाहर निकाल दिया है जो दुःख मेरी जीवा से जुड़ा था। लेकिन अब जब तीर बाहर आ चुका है तो मेरे ह्रदय की क्षुधा भी बुझ चुकी है। अब मैं बुद्ध की शरण में धम्म की शरण में संघ की शरण में जाती हूँ।

12. वही, पृ. 331।

**मीत के गीत**

मीत एक शाक्य के महिला है जो कपिलवस्तु की रहने वाली थी। इन्होंने अपने गीत के माध्यम से गीत के पहले पथ में एक उपाषिका के रूप में अपने अनुभूतियों को प्रकट किया है। तथा दूसरे पदों में उस पद का वर्णन किया है जब वह अपने जीवन में भिक्षुणी बन चुकी थी। मैंने देवों के बीच पुनर्जन्म लेने के लिए अनगिनत उपवास रखा। दो हफ्तों, आठवें दिन, 14वें और 15 वें दिन और प्रत्येक विशेष दिन सभी दिन मैने उपवास रखा। अब तो मैं अपने बालों का भी त्याग कर दिया है। तथा बुद्ध के वस्त्रों को अपना लिया है। मैं दिन में केवल एक बार भोजन करती हूँ। अब मैं भगवान बनने की इच्छा भी नहीं रखती हूँ। अब मेरा ह्रदय सभी चिंता से मुक्त हो चुका है।[13] स्रोत–उपेन्द्र सिंह, (2019) प्राचीन एवं पूर्व मध्यकालीन भारत का इतिहास (हिंदी अनुवादक हितेंद्र अनुपम), 21

**सामाजिक स्थिति**

भगवान बुद्ध ने भले ही महिलाओं को संघ में प्रवेश की अनुमति दे दी लेकिन उनके मन से ऐसा आभास होता है कि वह इस निर्णय से खुश नहीं थे। उन्होंने अपने प्रिय शिष्य आनंद से कहा कि ''पर अब जब स्त्रियों का प्रवेश हो गया है आनंद! इसका मतलब कि धर्म चिरस्थाई नहीं रह सकेगा। ऐसे घर जिसमें पुरुषों की तुलना में स्त्रियों की संख्या अधिक होती है तो ऐसे घरों में चोरी की संभावना अधिक होती है। कुछ इसी प्रकार की अवस्था को उस सूत्र और विनय की समझनी चाहिए जिसमें कि घर की स्त्रियाँ घर को छोड़कर घर विहीन जीवन यापन करने लग जाती है। वो धर्म चिरस्थाई नहीं रह सकेगा! जिस प्रकार किसी वृक्ष में दीमक लग जाते हैं तो पेड़ अधिक दिन नहीं जीवित रह सकता। ठीक उसी प्रकार आनंद भावी के लिए मैंने ये 8 कठोर नियम बना दिए हैं। जिनका कर्तव्य निभाना भिक्षुणीयों के लिए अनिवार्य है। तथा जब तक यह धर्म बना रहेगा तब तक यह नियम का भी पालन में प्रमाद न होना चाहिए।[14] बौद्ध संघ में प्रवेश के बाद लगभग सौ भिक्षुणीयों ने मिलकर थेरीगाथा नामक बौद्ध गीत संग्रह की रचना की थी जिससे संघ में प्रवेश उनके बौद्धिक विकास की परिचय मिलता है।[15]

13. वही, पृ. 24।
14. नाहर, रतिभानु सिंह (1999) *प्राचीन भारत का राजनीतिक एवं सांस्कृतिक इतिहास,* किताब महल, इलाहाबाद, पृ. 161।
15. वही।

उस समय नारियों को संभवतः घर के अंदर ही रहना पड़ता था। गृह चातुर्थ या संगीत उनके मुख्य गुण माने जाते थे। लड़कियों के शादी संभवतः उनके माता–पिता या अभिभावक ही तय करते थेः किंतु किसी विशेष अवस्था के बाद में उन्हें अपना स्वयं विवाह के लिए वर चुनने का अधिकार प्राप्त होता था।[16]

बुद्ध ने भिक्षुणी संघ को भिक्षुओं के अधीन संघ के रूप में ढालने के लिए आठ विशेष नियमों का प्रतिपादन किया था। लेकिन कुछ विद्वानों का मानना है कि ये आठ विशेष नियम बुद्ध के जीवन के बाद जोड़े गए थे। एक स्त्री में भी निर्वाण प्राप्त करने की क्षमता होती थी लेकिन बुद्धत्व की प्राप्ति के लिए उसे पहले पुरुष के रूप में जन्म लेना जरूरी समझा गया।[17]

**उपसंहार**

बौद्ध धर्म में महिलाओं का संघ में प्रवेश पाना एक ऐतिहासिक घटना थी। उस समय महिलाओं की समाज में सम्मानजनक सम्मान नहीं होता था। उनको शिक्षा, या सामाजिक कार्यों से वंचित किया जाता था।

बौध धर्म में महिलाओं का संघ में प्रवेश करना एक ऐतिहासिक घटना थी। उस समय महिलाओं कि समाज में सम्मानजनक सम्मान नहीं होता था। उनको शिक्षा या सामाजिक कार्यों से वंचित किया जाता था।बौध संघ में भिक्षुणी के अडिंग्ता के कारण उन्हें संघ में प्रवेश मिला। लेकिन संघ में उनके लिए रहना इतना आसान नहीं था। नियमों एवं नैतिकता जहाँ आठ सूत्रों द्वारा भिक्षुणीयों को संयमित करने का प्रयास किया गया ताकि संघ में आपसी सामंजस्य जैसा माहौल बना रहे। जिसका उल्लेख अंगुतर निकाय में किया गया। यही नहीं नियम के साथ ही उसके पालन हेतु प्रावधानों का भी उल्लेख देखने को मिलता है इतना ही नहीं कुछ ऐसी महिलायें जिनको संघ में प्रवेश को रोक था जैसे – विद्रोही, माता–पिता या पति के बिना अनुमति।

साहित्यिक स्रोत के माध्यम से भिक्षुणीयों को अति महत्वपूर्ण स्थान देखने को मिलता है जो उनके विद्वता का परिचायक है। जैसे प्रसेन्नजित को खेमा नामक विदुषी से प्रभावित होना तथा थेरीगाथा जैसी गीतों के माध्यम से

समाज को एक दिशा देने का कार्य किया। पटचारा के गीतों के माध्यम से हम पाते हैं कि कृषक, ब्राह्मण आदि के नैतिकता के साथ ही अनुभव को बताया है।

धर्म के स्थायित्व पर प्रश्नचिन्ह को महिलाओं के प्रवेश को लेकर बुद्ध ने व्यक्त किया और वृक्ष में दीपक लगने जैसे उदाहरण के माध्यम से संघ में महिलाओं को समझाने का कार्य किया।

**16.** वही.

**17.** सिंह, उपेन्द्र (2019) पुर्वोक्त, पृ. 330।

**संदर्भ ग्रंथ सूची**

1. कोसाम्बी, धर्मानंद (1996) *भगवान बुद्धः जीवन और दर्शन,* लोक भारती प्रकाशन, इलाहाबाद।
2. थापर, रोमिला (2006) *भारत का इतिहास,* राजकमल प्रकाशन, नई दिल्ली।
3. नाहर, रतिभानु सिंह (1999) *प्राचीन भारत का राजनीतिक एवं सांस्कृतिक इतिहास,* किताब महल, इलाहाबाद।
4. मिश्र, विमल किशोर (2015) *प्राचीन भारत का राजनीतिक और सांस्कृतिक इतिहास,* बिहार हिंदी ग्रंथ अकादमी, पटना।
5. सिंह, उपेन्द्र (2019) *प्राचीन एवं पूर्व मध्यकालीन भारत का इतिहास* (हिंदी अनुवादक हितेंद्र अनुपम).पीयरसन इंडिया एजुकेशन सर्विसेज प्रा. लि. नोएडा।

'Journal of Research & Development'
A Multidisciplinary International Level Referred and Peer Reviewed Journal,
Impact Factor-7.265, ISSN: 2230-9578, April-2024, Volume-16 Issue-6

# भारतीय ऋषि–साधु–संत परम्परा के अराध्यः महर्षि वेदव्यास

**प्रियंका साहनी**

शोधार्थी, विश्वविद्यालय इतिहास विभाग, राँची विश्वविद्यालय, राँची।

**Corresponding Author- प्रियंका साहनी**

**DOI- 10.5281/zenodo.12770629**

**सारांश :**

वाल्मीकि और व्यास इस देष के ऐसे दो ऋषि–सत्तम हैं, जिनके सारस्वत अवदानों ने भारतीय संस्कृति के निर्माण और विकास में सर्वाधिक भूमिका निभायी। महर्षि वेदव्यास महाभारत एवं भागवत सहित अष्टादष पुराणों के रचयिता माने जाते हैं और चारों वेदों के संकलन, विभाजन एवं सम्पादन का श्रेय भी उन्हें जाता है। संस्कृत–साहित्य के गद्य–सम्राट् बाणभट्ट ने 'हर्षचरित' के मंगलाचरण में महाकवि वेदव्यास जी के प्रति निम्नलिखित प्रणति व्यक्त की है–

**परिचय**

नमः सर्वविदे तस्मै व्यासाय कविवेधसे ।
चक्रे सृष्टि सरस्वत्या यो वर्षमिव भारतम् ।।[1]

अर्थात् सभी विद्याओं के जानकार और कवियों के प्रजापति महर्षि व्यास को नमस्कार है, जिन्होंने सरस्वती नदी से पवित्र भारतवर्ष की भाँति अपनी सरस्वती (विद्या,वाणी) से भारत (महाभारत) ग्रंथ का निर्माण किया।

व्यास की महिमा इस देष में इतनी अधिक है कि उनके बारे में यह श्लोक प्रसिद्ध हैं–
अचतुर्वदनों ब्रह्मा द्विबाहुरपरो हरिः।
अभाललोचनः शम्भुर्भगवान् बादरायणः।।[2]

अर्थात् भगवान् व्यास चार मुखों के बिना ब्रह्मा, दो बाँहोंवाले विष्णु और भाल पर लोचन के बिना भी शम्भु हैं।

यानि जैसे गुरू को ब्रह्मा, विष्णु और महेष मानकर वन्दना की जाती है, वैसे व्यास जी को भी ब्रह्मा, विष्णु एवं षिव के समकक्ष समझा जाता है। वस्तुतः व्यास जी इस देष की गुरू–षिष्य परम्परा के सिरमौर हैं, वे गुरूवर हैं। इनकी स्मृति में आषाढ़ मास की व्यास–पूर्णिमा गुरू–पूर्णिमा के रूप में मनायी जाती है और सभी षिष्य गुरू का सादर स्मरण इस श्लोक से करते हैं–
गुरूर्ब्रह्मा गुरूर्विष्णुः गुरूर्देवो महेष्वरः।
गुरूः साक्षात् परं ब्रह्म तस्मै श्रीगुरूवे नमः।।[3]

भागवत में यह उल्लेख है कि महर्षि व्यास ने दीन, हीन, दलितों 'दुर्भगान् जनान्' को देखकर अपनी दिव्य दृष्टि से सभी वर्णो एवं आश्रमों के हित की चिन्ता की।
दुर्भगांष्च जनान् वीक्ष्य मुनिर्दिव्येन चक्षुषा।
सर्ववर्णाश्रमणं यद् दध्यौ हिममोघदृक्।।[4]

स्त्री, शूद्र और वेद–विहीन द्विजों को अधिकार श्रुति में न होने के कारण कर्म के विषय में मूढ़ों के कल्याण के लिए व्यास मुनि ने महाभारत की रचना की–
स्त्रीषूद्रद्विजबन्धूनां त्रयी न श्रुतिगोचरा।
कर्मश्रेयसि मूढानां श्रेय एवं भवेदिह।।
इति भारतमाख्यानं कृप्या मुनिना कृतम्।।[5]

और इसी महाभारत के बहाने उन्होंने स्त्री, शूद्रादि को धर्म आदि विषयों में वेद का अर्थ बतलाया–
भारतव्यपदेषेन ह्याम्नायार्थष्च दर्षितः।
दृष्यते यत्र धर्मादि स्त्रीषूद्रादिभिरप्युत।।[6]

उन्होने संस्कृत एवं विष्व वांड्गमय के सबसें विषाल ग्रंथ 'महाभारत' की रचना की। महाभारत के विषय इतने व्यापक हैं कि ग्रंथकार को स्वयं लिखना पड़ा–
धर्मे चार्थे च कामे च मोक्षे च भरतर्षभ।
यदिहास्ति तदन्यत्र यन्नेहास्ति न तत् क्वचित्।।[7]

अर्थात्, हे भरत–श्रेष्ठ (जनमेजय) धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष में जो यहाँ (महाभारत में) है, वह अन्यत्र भी मिलेगा, किन्तु जो यहाँ नहीं है, वह कहीं भी नहीं है।

अमित–बुद्धि व्यास–विरचित इस ग्रंथ को अर्थषास्त्र, धर्मषास्त्र और कामषास्त्र भी माना गया है–
अर्थषास्त्रमिदं प्रोक्तं धर्मषास्त्रमिदं महत्।
कामषास्त्रमिदं प्रोक्त व्यासेनामितबुद्धिना।।[8]

महाभारत को इतिहास का प्रदीप, मोहान्धकार को मिटाकर अन्तःकरण को प्रकाषित करनेवाला ग्रंथ बतलाया गया है–
इतिहास–प्रदीपेन महावरणघातिन।
लोकगर्भगृहं कृत्स्नं यथावत् सम्प्रकाषितम्।।[9]

महाभारत को भावी कवियों के लिए उपजीव्य काव्य माना गया है। यह अक्षय भारत–द्रुम (महाभारत) मेघ की भाँति प्राणियों के लिए जीवनदाता है।
सर्वेषां कविमुख्यानामुपजीव्यो भविष्यति।
पर्जन्य इव भूतानामक्षयो भारत–द्रुमः।।[10]

यह भविष्यवाणी सचमुच सच सिद्ध हुई और परवर्ती कवियों के लिए महाभारत उपजीव्य काव्य बना। महाभारत में ही गीता, विष्णु–सहस्त्रनाम, हरिवंष जैसे उत्क्रष्ट ग्रंथों का समावेष है।

महर्षि व्यास जी अष्टादष पुराणों के रचयित माने जाते है। भारतीय संस्कृति के निर्माण और विकास में पुराणों का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। महर्षि व्यास जी की कीर्ति उनके 'भागवत' के कारण भी सदियों से दिग्–दिगन्त में व्याप्त है। गोवद्धनाचार्य ने इनकी स्तुति में लिखा है–
व्यासगिरां नियासं सारं विष्वस्य भारतं बन्दे।
भूषणतयैव संज्ञां यदड़िता भारती भातिं।।[11]

महर्षि वेदव्यास की वाणी की सारभूत तत्त्जो समस्त वस्तुओं का भी सार है, ऐसे महाभारत की मैं वंदना करता हूँ। वाग्देवी के भूषण के समान इसके सम्यक् वचनों की वंदना करता हूँ, जिनसे युक्त होकर भारती वाग्देवी एवं महाभारत की वाणी प्रवाहित होती है।

महर्षि व्यास जी का जन्म एक मल्लाह कन्या से हुआ था। वे सत्यवती से उत्पन्न पराषर के पुत्र थे। महर्षि व्यास के जन्म की कथा महाभारत के आदिपर्व की अध्याय–संख्या 63, 100 और 104 में वर्णित है।[12] इसके अतिरिक्त, देवीभागवत–पुराण एवं अन्य ग्रंथों में भी व्यास जी के जन्म का प्रसंग मिलता है।

महर्षि वेदव्यास जी की माता सत्यवती महाभारत की कथा के विकास में एक ऐसा केन्द्र है, जिसके इर्द–गिर्द महाभारत की मुख्य घटनाएँ घूमती रही हैं। एक ओर जहाँ सत्यवती के रूपपाष में पराषर व्रतच्युत होकर भी अनमोल रत्न दे गये, वहीं दूसारी ओर सत्यवती की सुगन्ध के

अवर्णनीय, आकर्षण से आकृष्ट होकर धर्मषील राजा शान्तनु ने कुरूवंष के शासन को एक नया आयाम दिया।

शांतनु से विवाह उपरान्त मल्लाह कन्या हस्तिनापुर की सम्राज्ञी बनी। इसके दो पुत्र चित्रांगद और विचित्रवीर्य हुए। चित्रांगद सबसे कलह किया गरता था, गन्धर्वराज के साथ युद्ध में उसकी मृत्यु हो गयी। भीष्म द्वारा हरण कर लायी गयी काषीराज की कन्याओं के साथ विचित्रवीर्य दिन–रात कामक्रीड़ा में इस तरह डूबा रहा कि यक्ष्मा का रोगी बनकर अकाल–काल–कवलित हो गया और कुरूवंष निर्वंष होने की कगार पर पहुँच गया। तब मल्लाह कन्या सत्यवती ने भीष्म से राजा बनने एवं विवाह करके वंष बढ़ाने का अनुरोध किया। परन्तु, भीष्म ने अपनी प्रतिज्ञा की दुहाई दे कर सत्यवही का आदेष धर्मविरूद्ध होने के कारण नहीं माना। तब सत्यवती ने भीष्म को अपने कौमार्य–जीवन में ही व्यासोत्पत्ति की कथा बतलायी और इस साहसी सत्यवती ने अपने पुत्र व्यास जी का स्मरण कर इन्हें बुलाया और अपनी विधवा पुत्रवधुओं– अम्बिका और अम्बालिका के साथ नियोग–विधि से पुत्र उत्पन्न करने का आदेष दिया। व्यास जी के चेहरे पर ज्ञान की अप्रीतम तेज था। वेदव्यास जी के तेजोमय चेहरे को देखने का साहस न जुटा सकने के कारण अम्बिका का पुत्र धृतराष्ट्र अन्धा उत्पन्न हुआ और अम्बालिका का चेहरा पीला पड़ जाने के कारण इसका पुत्र क्षयरोग से ग्रस्त जन्मा। जब सत्यवती ने पुनः नियोग कराना चाहा, तो बदले में दासी भेजी गयी, जिससे धर्मावतार विदुर का प्रादुर्भाव हुआ।

पाण्डु के श्राद्ध के बाद व्यास जी ने शोकातुर सत्यवती को बतलाया कि अब सुख के दिन व्यतीत हो गये और अब अत्यंत भयंकर समय समुपस्थित होनेवाला है, जिसमें कुरूवंष का संहार होगा। अतः उन्होने सत्यवती को वन में जाकर तपस्या का आश्रय लेने का परामर्ष दिया। तदनुसार सत्यवती अपनी दोनों विधवा पुत्रवधुओं को साथ लेकर वन चली गयी और वहीं तपस्या करती हुई पंचतत्त्व में विलीन हुई।

महर्षि व्यास धर्म को प्रतिष्ठित करने के लिए सदैव सिद्धांत एवं कर्म में तत्पर रहे। अपनी बाहुओं को ऊपर उठाकर उन्होने बार–बार उद्धोष किया कि धर्म से ही अर्थ, काम और मोक्ष मिलते हैं, फिर धर्म का अनुषीलन क्यों नहीं किया जाता?

ऊर्ध्वबाहुर्विरौर्म्यष नैव कष्चिच्छृणोति माम्।
धर्मादर्थष्च कामष्च स धर्मः किं न सेव्यते।।[13]

धर्म के बारे में व्यास जी का दृष्टिकोण पूर्ण उदार था, उन्होने धर्म–तत्त्व की समीक्षा कर निम्नलिखित मंतव्य दिया–

तर्कोप्रतिष्ठः श्रुतयो विभिन्नाः नैको मुनिर्यस्य वचः प्रमाणम्।
धर्मस्य तत्त्वं निहितं गुहायं महाजनो येन गतः स पन्थाः।।[14]

तर्क अप्रतिष्ठित है और वेद भी विभिन्न विचारों का प्रतिपादन करते हैं, हमारे यहाँ कोई ऐसा मुनि भी नहीं है, जिनके वचन अंतिम प्रमाण माने जायें। धर्म का तत्त्व सहस्य में छिपा हुआ हैं, अतः महापुरूष जिस पथ पर गये हों, वही समीचीन पथ है।

व्यास जी का दृष्टिकोण इतना उदार था कि धर्म की एक अन्य सुष्ठु व्याख्या उन्होने ऐसी की है कि आज का भी उदारवादी चमत्कृत जो जायेगा। उन्होने स्पष्ट कहा कि जो धर्म दूसरे धर्म का बाधक है, वह धर्म सच्चा नहीं हो सकता।– 'धर्म या बाधते धर्मो न स धर्मो ह्यधर्म तत्। सार में पापियों के उत्कर्ष एवं पुण्यात्माओं की दुर्गति देखकर धर्म के प्रति बहुतों का विष्वास विचलित होने लगता है। वनवास में लोमष ऋषि से युधिष्ठिर ने यह प्रष्न किया था कि दुर्योधन दुरात्मा, पाप–पथ पर प्रवृत होने पर भी सुखी है और हम सब धर्म का अनुसरण करते हुए भी दुःखी क्यों है? लोमष ऋषि ने निम्नलिखित उत्तर दिया था जो शाष्वत सत्य हैं–

वर्धत्यधर्मेण नरस्ततो भद्राणि पष्यति।
ततः सपत्नाजयति समूलस्तु विनष्यति।।[15]

अर्थात् व्यक्ति प्रारंभ में अधर्म से भले ही वृद्धि पा लें, वह सर्वत्र भला ही देखे, शत्रुओं पर विजय प्राप्त कर ले, किन्तु अन्त में मूल–सहित नष्ट हो जाता है।

जो व्यक्ति अधर्म का प्रतिकार नहीं करता, उसे धर्म उसी प्रकार तोड़ देता है, जिस प्रकार नदी अपने तट पर स्थित पेड़ों को तोड़ देती है–

धर्म एतानारूजति यथा नद्यनुकूलजान्।
येधर्ममनुपष्यन्तस्तूष्णी ध्यायन्त आसते।।[16]

धर्म की प्रतिष्ठा एवं जय तथा अधर्म के क्षय के लिए व्यास जी सदैव प्रयत्नरत रहे और उनके जैसा धर्म–योद्धा बिरला ही मिलेगा। यह अषेष देष व्यास जी के इस प्रयास के प्रति सदैव ऋणी रहा है और भविष्य में भी रहेगा।

व्यास जी इतने उदार थे कि उनकी दृष्टि में देष और काल के कारण आज जो अधर्म है, वह कल धर्म हो सकता है और जो धर्म है, वह अधर्म हो सकता है।

भवत्यधर्मो धर्मो हि धर्माधर्माबुभवपि।
कारणाद् देषकालस्य देषकालः स तादृषः।।[17]

अपने को 'व्यास–दास' उद्घोषित करनेवाले महाकवि क्षेमेन्द्र ने भारत–मंजरी के समापन में 'व्यासाष्ट' स्तोत्र लिखकर व्यास जी की वन्दना की है जिसका अंतिम श्लोक है–

नमः सत्यनिवासय स्वविकासविलासिने।
व्यासाय धाम्ने तपसां संसारायासहारिणे।।[18]

सत्य के निवास एवं अभ्युदय के विलास, तपस्या के धाम एवं संसार के श्रम का हरण करनेवाले व्यास जी को नमस्कार है।

**संदर्भ–सूची**

1. बाण भट्ट, हर्षचरित, 1.3
2. सुभाषितरत्नभाण्डागारः 2.1
3. स्कन्द पुराण
4. भागवत पुराणः 1.4.18
5. भागवत पुराणः 1.4.25
6. भागवत पुराणः1.4.29
7. महाभारत आदिपर्व : 62.53
8. महाभारत आदिपर्व :2.383
9. महाभारत, आदिपर्व :1.87
10. महाभारत, आदिपर्व : 1.92
11. गोवर्द्धनाचार्य, आर्यासप्तषती
12. महाभारत, आदिपर्व, अध्याय–संख्या 63, 100 और 104
13. महाभारत, स्वर्गारोहण : 5.62
14. महाभारत, वनपर्व : 313.117
15. महाभारतः वनपर्व : 94.2
16. महाभारत, सभापर्व : 95.91
17. महाभारत, शांति पर्वः 78.31
18. क्षेमेन्द्र, भारत–मंजरी, व्यासाष्टक स्तोत्र

'Journal of Research & Development'
A Multidisciplinary International Level Referred and Peer Reviewed Journal,
Impact Factor-7.265, ISSN: 2230-9578, April-2024, Volume-16 Issue-6

# भारतीय स्वतंत्रता आन्दोलन में बिरसाईत धर्म का प्रभाव

**विनोद कुमार लोहरा**
शोधार्थी, यू0जी0सी0 नेट, विश्वविद्यालय इतिहास विभाग, राँची विश्वविद्यालय, राँची।
E- Mail ID: vinodlohra89@gmail.com
**Corresponding Author- विनोद कुमार लोहरा**
**DOI- 10.5281/zenodo.12290677**

**सारांश :**

भारतवर्ष के स्वतंत्रता संघर्ष में धर्म–गुरूओं का बड़ा योगदान रहा है, जब छोटानागपुर की धरती पर ब्रिटिश हुकूमत की पाँव जमने लगा तो आदिवासी धर्म–गुरूओं ने भी विदेशी षड़यंत्र के खिलाफ आदिवासी समुदाय के बीच जागरूकता एवं एकता लाने के लिए कार्य करना शुरू किये, चाहे वो वीर बुधु भगत हो या भगीरथ मांझी। ठीक इसी तरह 19वीं सदी के अंतिम दशक में छोटानागपुर के मुण्डा बहुल क्षेत्र में बिरसा मुण्डा ने उलगुलान के माध्यम से मुण्डा आदिवासियों को धार्मिक एवं राजनीतिक रूप से एक धागे में बांधने का प्रयास किया था।

## परिचय

इतिहासकारों के अनुसार बिरसा मुण्डा का जन्म 15 नवम्बर 1875 ई0 को हुआ था और मौखिक स्रोत के अनुसार बिरसा का जन्म स्थान 'उलीहातू' एवं 'चलकद' दोनों ही स्थानों का उल्लेख किया गया है।[1] जो आगे चलकर ये ही दोनों स्थान उलगुलान का मुख्य केन्द्र भी बना था, बिरसा मुण्डा का आन्दोलन मुख्य रूप से ब्रिटिश हुकुमत के साथ–साथ ईसाई धर्म के खिलाफ भी रहा था, क्योंकि बिरसा का प्रारंभिक शिक्षा जर्मन ईसाई मिशन में हुआ था, तो कुछ वर्षों तक बिरसा ईसाई धर्म का अनुयायी भी रहा था[2], लेकिन जब मुण्डा आदिवासियों पर विदेशी हुकूमत का आत्याचार बढ़ने लगा तो बिरसा ने ईसाई धर्म त्यागकर हिन्दू धर्म अर्थात् वैष्णव धर्म को स्वीकार कर लिया था, अब बिरसा का जीवन एक धर्म–गुरू की तरह व्यतीत हो रहा था, अंतर इतना था कि वह धार्मिक प्रभाव में रहता था उसके जीवन में कई तरह की विलक्षण घटनाएँ घटती रहती थी और आगे चलकर वर्ष 1895 के लगभग वह मुण्डा समुदाय के बीच धर्म गुरू के रूप में विख्यात हो गया, उसके बाद वह मुण्डाओं के बीच प्रचलित बोंगा एवं पूजा प्रथा को नफरत करने लगा, साथ ही बलि प्रथा का विरोध किया और एक नये धर्म का सृजन किया जिसे 'बिरसाईत धर्म' कहा जाता है। इतिहसकार एस0सी0 रॉय ने भी इस धर्म का उल्लेख करते हुए लिखा है कि बिरसा ने जिस नये धर्म का सृजन किया था, उसका प्रभाव पूरे मुण्डा समुदाय पर पड़ा था। बिरसा की अवलौकिक शक्तियों पर पूरा मुण्डा समाज को विश्वास हो गया था तथा बिरसा की ख्याति मुण्डाओं के बीच फैल गई थी, इसके उपरान्त बिरसा पवित्र धागा पहनने लगे और गाँवो में घूम–घूम कर अस्वस्थ लोगों को स्वस्थ्य बनाने लगा, सम्पूर्ण मुण्डा समाज बिरसा के भीतर स्थित असाधारण शक्ति का विश्वास करने लगे। इसी दौरान कई क्षेत्रों में चेचक एक महामारी के रूप में फैल गया था और बिरसा ने लोगों का निःस्वार्थ सेवा किया था, जिससे सभी क्षेत्रों से श्रद्धा पूर्वक लोग बिरसा के दर्शन करने आने लगे तथा उसके अनुयायी बनने लगे थे। फादर हॉफमैन ने भी इस घटना का जिक्र किया है कि बिरसाा से मिलने एवं उसके उपदेश सुनने तथा उसकी अवलौकिक शक्ति से स्वस्थ लाभ प्राप्त करने के लिए बड़ी संख्या में लोग आते थे। वास्तव में आनन्द पांड़ नामक व्यक्ति के सम्पर्क में आने से बिरसा का झुकाव वैष्णव धर्म की ओर हो गया था और नीम वृक्ष के नीचे अपने लोगों को उपदेश देना शुरू किया था।[3]

बिरसा का बिरसाईत धर्म मुण्डा समुदाय के बीच सुधारवादी सिद्धान्तों के आधार पर चल रहा था, किन्तु उसके अनुयायियों में भीतर ही भीतर ईसाई मिशनरियों के विरूद्व विरोध का भी स्वर था। क्योंकि ईसाई धर्म को संरक्षण देने वाली विदेशी हुकूमत का आत्याचार छोटानागपुर में बढ़ता जा रहा था, इसी लिए बिरसा ने अपनी बुद्विमत्ता का उपयोग करते हुए मुण्डा आदिवासियों को एक धर्म में लाने का प्रयास किया और बिरसाईत धर्म का अनुयायी बना कर ब्रिटिश सरकार के खिलाफ संघर्ष करने के लिए उचित अवसर तलाश करने लगा अर्थात् बिरसा के नए धर्म का उद्देश्य ही था– मुण्डा आदिवासियों के मन में आत्मविश्वास पैदा कर ब्रिटिश शासन के विरूद्व विद्रोह खड़ा करना, इस कार्य को पूरा करने के लिए बिरसा स्वयं धर्म–गुरू के रूप में अपने आप को स्थापित किया और बिरसाइत धर्म के प्रचार के लिए 12 अनुयायियों को नियुक्त किया जो सोमा मुण्डा नामक व्यक्ति को धर्म प्रचार का भार सौंपा था। वर्त्तमान में सिंहभूम क्षेत्र के आदिवासी समुदाय में इस धर्म के कुछ अंश दिखाई देता है। ये ही कारण है कि आज भी बिरसा मुण्डा को 'धरती आबा' के रूप में जाना जाता है।[4]

बिरसा मुण्डा ब्रिटिश हुकूमत के आत्याचारों से सबसे पहले 1893–94 ई0 में ही परिचित हुआ था। जब ब्रिटिश सरकार ने 'भारतीय वन अधिनियम 1878 के तहत् आदिवासियों को उनके मूल अधिकारों से वंचित करना शुरू किया था।[5] लेकिन धीरे–धीरे जब ब्रिटिश सरकार ने आदिवासियों को परती भूमि से भी बेदखल करने लगा तो बिरसा ने अपने वर्त्तमान समय में मुण्डा आदिवासियों को धार्मिक रूप से एक सूत्र में बांध कर राजनीतिक विरोध करना शुरू किया था और 'मुण्डा राज' स्थापित करने का आह्वान किया था, इस घटना से ब्रिटिश सरकार आश्चर्य चकित हो गया था। क्योंकि बिरसाईत धर्म के अनुयायी मुण्डा राज स्थापित करने के उद्देश्य को पूरा करने के लिए घूम–घूम कर विभिन्न क्षेत्रों में प्रचार करने लगे थे। अतः ऐसी पृष्ठभूमि में ब्रिटिश सरकार ने अगस्त 1895 ई0 में बिरसा मुण्डा को गिरफ्तार कर लिया और भारतीय दण्ड संहिता की धारा–505 के अधीन 19 नवम्बर 1895 को दोषी ठहराया गया तथा 50 रूपया का जुर्माना लगाकर 2 वर्ष की कारावास की सजा दी गई।[6] बिरसा के आन्दोलन के दमन और उस बारे में की गई सरकारी कार्रवाई से एक परिणाम यह हुआ कि घटनाओं ने अत्यधिक सरलता के साथ विपरीत दिशा में बदल दिया, नये लोगों ने ब्रिटिश सरकार के भय से ईसाई धर्म स्वीकार करने लगे और जो ईसाई धर्म छोड़कर चले गये थे, वे पुनः ईसाई धर्म की छत्रछाया में आ गये, आदिवासियों ने ब्रिटिश सरकार द्वारा प्रतिशोध के कदम की आशंका से बहुत ही ज्यादा भयभीत होकर पादरियों की आड़ में शरण लेना उचित समझा।

जब बिरसा को 'हिरक जयंती' के अवसर पर 30 नवम्बर 1897 ई0 को जेल से रिहा कर दिया, तो कुछ दिनों के बाद उसके बिरसाईत अनुयायी बिरसा से मिलने आये और पुनः अपने खोये अधिकारों को फिर से हासिल करने की योजना बनाने लगे, इस उद्देश्य को सफल बनाने के लिए बिरसा ने बिरसाईत अनुयायी एवं शिष्यगण को दो टुकड़ियों में बांट दिये और एक टुकड़ी पर धार्मिक प्रचार का भार सौंपा गया अर्थात् पुनः बिरसाइत धर्म का पुर्नरूत्थान किया गया, जो धार्मिक आन्दोलन के तैयारी के सिलसिले में आन्दोलन का रूपरूप ही बदल गया और धार्मिक संगठन के इस स्वरूप से राजनैतिक आन्दोलन की तैयारी शुरू हुई, जो आगे चलकर 1897 ई0 से 1900 ई0 तक बिरसा के नेतृत्व में उलगुलान का सुत्रधार पारित हुआ, इस उलगुलान में बिरसाईत अनुयायी चाहे पुरूष हो या स्त्री एवं बच्चे, सभी ने बढ़–चढ़ कर बिरसा को अपना सहयोग दिया था तथा बिरसा ने भी मुण्डा समाज में एकता स्थापित करने के लिए चुटिया का राम मंदिर और जगन्नाथ मंदिर जाकर उलगुलान को धार्मिक रंग चढ़ाने का कार्य किया था, साथ ही साथ वह डोइसा स्थित नवरत्नगढ़ का भी यात्रा किया, हालांकि इन सभी स्थलों का निर्माण नागवंशी राजाओं ने किया था, किन्तु बिरसा ने ऐसा संदेश देने का प्रयास किया कि इन सभी स्थलों पर कोम्पट मुण्डाओं का अधिकार है, वास्तव में ऐसा करने के पीछे बिरसा का उद्देश्य निहित था कि वह ऐसा कर मुण्डाओं को उनके प्राचीन गौरवगाथा की याद दिलाना चाहता था, उसका ऐसा विश्वास था कि ऐसा होने पर मुण्डा लोगों में आत्म विश्वास आ जायेगा और सभी एक सूत्र में बंध जायेंगे। बिरसा अपने उद्देश्यों को पूरा करने के लिए चुटिया के राम मंदिर से तुलसी का पौधा, डोईसा के नवरत्नगढ़ से मिट्टी और जगन्नाथ मंदिर से चंदन एकत्रित करने का योजना बनाया था, इस घटना को अंजाम देने के लिए बिरसा एवं उसके सैकड़ों अनुयायी इन क्षेत्रों में पहुँचकर अपने कार्यक्रम को सफल बनाया और इसी दौरान इन क्षेत्रों के स्थानीय आदिवासियों पर होने वाले अत्याचार के खिलाफ सशस्त्र संषर्घ करने का आवह्न किया और अपने बिरसाईत अनुयायियों पर 'पवित्र जल' छिड़काव करके उन्हें विश्वास दिलाया कि वे सभी अप्रजय हो गये है।[7]

बिरसा ने उलगुलान की शुरूवात 1899 ई0 के क्रिसमस की पूर्व संध्या के दिन को निर्धारित किया था अर्थात् योजना के अनुसार बिरसाईत धर्म का ईसाई धर्म के ऊपर प्रहार रहा था, इस दिन बिरसाईत अनुयायियों ने विशेषकर ईसाई पादरी एवं गिरजाघरों को निशाना बनाया, जिससे इस उलगुलान की लहर तुरन्त मुण्डा प्रदेश अर्थात् सिंहभूम, खूँटी, कर्रा, तोरपा, तमाड़ तथा बसिया तक फैल गया, इस उलगुलान में बिरसाईत अनुयायियों का मुख्य नारा था– हेन्दे राम्बड़ा रे केच्चे, पुण्डी राम्बड़ा रे केच्चे–केच्चे, इसका मतलब है कि काले ईसाईयों और गोरे ईसाईयों का सर काट दो। इन घटनाओं को देखकर ब्रिटिश सरकार द्वारा पुनः बिरसा की गिरफ्तारी के लिए डोरण्डा सैन्य मुख्यालय से पुलिस भेजे गये, दूसरी तरफ बिरसाईत अनुयायी भी बगावत की तैयारियाँ शुरू कर दी और सईलरकब पहाड़ी पर बिरसा के धार्मिक एवं राजनैतिक अनुयायी उलगुलान की तैयारी करने लगे, बिरसा स्वयं अपने अनुयायियों पर बीर दा (वीर–जल) छिड़क कर यह सिद्ध करने का प्रयास किया कि उसके अनुयायी अजेय हैं अर्थात् बिरसा ने अपने सैन्य संगठन में भी धार्मिक रंग चढ़ा दिया था।[8] जब 5 जनवरी 1900 ई0 में बिरसा का सहयोगी गया मुण्डा को पुलिसों ने गिरफ्तार कर लिया तो बिरसा ने अपने अनुयायियों के साथ उलगुलान का केन्द्र डोम्बारी को बनाया और ब्रिटिश सरकार के सिपाहियों के साथ लम्बे समय तक संघर्ष के बाद बिरसा के अनुयायियों को ब्रिटिश सरकार के समक्ष आत्म सर्मपण करना पड़ा तथा कुछ दिनों के बाद धोखे से बिरसा को 03 मार्च, 1900 ई0 में पकड़ लिया गया। अतः मुकदमा चलने के दौरान ही 9 जून 1900 ई0 में बिरसा मुण्डा का देहान्त जेल में हो गया था।[9]

**निष्कर्ष :–**

बिरसा मुण्डा का उलगुलान दो चरणों में हुआ था, जो धार्मिक एवं राजनीतिक मुख्य रूप से शामिल रहा था, इसने ब्रिटिश सरकार से संघर्ष करने के लिए अपने समाज के लोगों को धार्मिक अंध विश्वास से निकालने का प्रयास किया और स्वयं एक नये धर्म को स्थापित करके समाज के लोगों को एकसूत्र में बांधने का प्रयास किया, वह अपने धार्मिक उद्देश्यों में इतना सफल हो गया कि उसके समाज के लोग उन्हें 'धरती आबा' का संज्ञा दिये और इस अवसर का लाभ बिरसा ने राजनीतिक उद्देश्यों को पूरा करने के लिए किया और विदेशी हुकूमत के खिलाफ संघर्ष करने के लिए सभी अनुयायियों को एक संगठन के रूप में खड़ किया, यही कारण है कि वर्त्तमान समय में भी बिरसा के सिद्धान्तों का अनुपालन किया जाता है तथा बिरसाईत धर्म को मानने वाले अनुयायी आज भी आदिवासी बहुल क्षेत्र के गाँव में पाये जाते हैं।

**संदर्भ सूची :–**

1. कुमार सुरेश सिंह, *बिरसा मुण्डा और उनका आन्दोलन (1872–1901),* वाणी प्रकाशन, नयी दिल्ली, 2009, पृष्ठ 56–58य प्रकाश चन्द्र उराँव, *'धरती आबा भगवान बिरसा मुण्डा',* झारखण्ड जनजातीय कल्याण शोध संस्थान, राँची, पृष्ठ 8–9
2. बंगाल जुडिशियल प्रोसिडिंग्स, नवम्बर, 1895, *छोटानागपुर डिविजन कमिश्नर डब्ल्यू0के0 ग्रिमली का बंगाल सचिव को पत्र,* 28 अगस्त, 1895
3. प्रकाश चन्द्र उराँव, *पूर्वोद्धृत*
4. महाश्वेता देवी, (अनुवादक–रामदयाल मुण्डा), *बिरसा मुण्डा,* साईल रकब पुथी सेंटर, कलकत्ता, 2000, पृष्ठ 37–38
5. कुमार, सुरेश सिंह, *पूर्वोद्धृत,* पृष्ठ 61
6. बंगाल जुडिशियल प्रोसिडिंग्स, नवम्बर 1895, *डिप्टी कमिश्नर लोहदरगा ले0 कर्नल इवांस–गॉर्डन का डिप्टी सुपरिटेंडेंट ऑफ पुलिस लोहरदगा को पत्र,* 22 अगस्त 1895य बी0 वीरोत्तम, *झारखण्ड : इतिहास एवं संस्कृति,* बिहार हिन्दी ग्रंथ अकादमी, पटना, 2001, पृष्ठ 334
7. श्याम सिंह 'शशि', *देशभक्त बिरसा,* नेशनल बुक ट्रस्ट, इंडिया, नई दिल्ली, 1989, पृष्ठ 36–37
8. वही, पृष्ठ 41–48
9. वी वीरोत्तम, *पूर्वोद्धृत,* पृष्ठ 335

'Journal of Research & Development'
A Multidisciplinary International Level Referred and Peer Reviewed Journal,
Impact Factor-7.265, ISSN: 2230-9578, April-2024, Volume-16 Issue-6

# आधुनिक भारतीय सामाजिक–राजनीतिक परिवर्तन में सर्वेट्स ऑफ इंडिया सोसायटी की भूमिका

**हितेन्द्र अनुपम[1], राजीव कुमार[2]**
[1]सहायक प्राध्यापक, स्नातकोत्तर इतिहास विभाग, वि. भा. वि., हजारीबाग
Email- bhaai.hitendra@gmail.com
[2]शोधार्थी, स्नातकोत्तर इतिहास विभाग, वि. भा. वि., हजारीबाग।
**Corresponding Author- हितेन्द्र अनुपम**
**DOI-10.5281/zenodo.12291337**

**सारांश:**
''भारत सेवक समिति'' की नींव 12 जून 1905 को श्री शिवराय हरि साठे जैसे मित्रों के सहयोग से डाली गई थी। उन्होने गोखले का परिचय राणाडे से कराया था। गोखले ऐसी समाज सेवी संस्था की आवश्यकता बहुत पहले से अनुभव कर रहे। उन्हें ऐसे कार्यकर्ताओं की आवश्यकता थी जो निःस्वार्थ देश की सेवा कर सके। गोखले ने यह निर्णय कदाचित महादेव राणाडे के इन विचारों से प्रभावित होकर लिया था जिसमें उन्होंने कहा था –ॅीमतम ंतम जीम ूवतामते जव बसमंत जीम तनइइपेी ंदक संल जीम विनदकंजपवद वित डवकमतद प्दकपं (ऐसे कार्यकर्ता कहां है जो इस कुड़े की सफाई कर सकें तथा नए भारत की नींव डालें।) गोखले ने इस प्रकार के युवकों का एक संगठन बनाने की ठान ली।[1]

वर्ष 1905 में ही गोखले ने राणाडे का मेमोरियल बनाने के लिए धन इकट्ठा करने में लगभग एक लाख रूपया इकट्ठा किया था। गोखले का हार्दिक इच्छा थी कि राणाडे के नाम पर एक आर्थिक संस्थान की स्थापना की जाए। जिसमें आर्थिक विषयों के साथ–साथ औद्योगिक शोध भी किये जाएं। गोखले का यह सपना साकार हो गया और संस्थान का उद्घाटन वर्ष 1910 में किया गया। बाद में इस संस्थान को पूना विश्वविद्यालय ने लिया।[2] इस प्रकार गोखले अपनी पूर्ण शक्ति से समाज और मातृभूमि के लिए समर्पित हो गये। सोसायटी के अस्तित्व के 50 वर्षों बाद विभिन्न सामाजिक क्षेत्रों में देश में तथा देश से बाहर जो कुछ किये गये, उनका लेखा–जोखा इनके वार्षिक रिर्पोटों में है। जिसे कोई भी व्यक्ति देख सकता है, अपना मत दे सकता है।

**परिचय**

सोसायटी के संविधान के उद्देश्यों में ब्रिटिश राज्य से संबंध बनाये रखना भारत की प्रगति के लिए आवश्यक स्वीकार किया गया। इसमें स्पष्ट लिखा गया कि सामाजिक जीवन में आध्यात्मिकता एवं देश प्रेम, युवक के हृदय में भरा होना चाहिए। अन्य बातों का महत्व इसके सम्मुख गौण रहना चाहिए। उनके अन्दर देशभक्ति की चिंगारी का प्रवेश होना चाहिए, जिससे वे अपने मातृभूमि के लिए बड़े से बड़े बलिदान के लिए तैयार रहें और किसी भी खतरे और कठिनाई का मुकाबला करते हुए अपने कर्तव्यों का पालन करें और देश की सेवा करके हार्दिक आनंद का अनुभव करें।[3]

गोखले आध्यात्मिक विचारों के व्यक्ति थे और अपनी सोसायटी को भी इसी पथ पर चलाना चाहते थे। स्वयं महात्मा गाँधी ने कई आश्रमों की स्थापना की थी, जिनमें सोसायटी के जैसे उद्देश्य को ही आधार बनाया गया था। गाँधी जी गोखले के विचारों से अपने राजनैतिक जीवन में सदैव प्रेरणा प्राप्त करते थे और गोखले के आध्यात्मिक विचारों से पूर्णतः प्रभावित थे और अपने दैनिक जीवन में भी पथ प्रदर्शन प्राप्त करते थे।[4] ईसाई मिशनरियों ने शिक्षा और चिकित्सा के क्षेत्र में बहुत कार्य किये। नये–नये स्कूलों और अस्पतालों की, उनके इन कार्यों से हर क्षेत्र में प्रगति का वातावरण बना। गोखले धर्म के बारे में बहुत कम चर्चा करते थे परन्तु अपनी सोसायटी को धर्मनिरपेक्ष कहना पसंद नहीं करते थे। वह इसको मध्ययुगीनी इसाईयत से जोड़ते थे। गोखले का धर्म नैतिक एवं व्यक्तिगत था एवं सोसायटी का उद्देश्य राष्ट्र सेवा के लिए राष्ट्रीय मिशनरियों को प्रशिक्षण देना तथा वैधानिक उपायों से भारतीय हितों का संरक्षण करना था। भारतीय सेवक समिति का प्रारंभ ही इस उद्देश्य से किया गया था कि इसे ऐसे संस्थान का रूप दिया जाए और लंबा वेतन प्राप्त करें तो उन्हें सारी राशि सोसायटी को अर्पित करनी होगी। वे केवल निजी जीवन व्यय के लिए सोसायटी के नियमानुसार न्युनतम राशि अपने पास रख सकते हैं।[5]

सोसायटी का विधान जिसकी रूपरेखा गोखले ने तैयार की थी। उनकी राजनीतिक आस्था की स्वीकृति का दस्तावेज है।[6] गोखले की पिछले पचास वर्षों की आम भारतीय राष्ट्रीयता की भावना, जिसका आधार एक सी परम्पराऐं, आशाऐं, निराशाऐं तथा प्रेरणाऐं पर ही स्थित हैं। जिससे जनता में ये भावनाऐं बनी हैं कि वे पहले भारतीय हैं बाद में हिन्दू, मुसलमान, पीरसी व ईसाई हैं और संसार के सारे राष्ट्रों के साथ कदम से कदम मिलाकर चलते हैं। अपने शानदार प्राचीन अतीत को एक स्वप्न के रूप में नहीं देखा जाता बल्कि देश के बड़े से बड़े मस्तिष्क तथा उच्च शिक्षित वर्ग में एक गर्व का भावना का प्रसार करता है।[7]

सर्वेन्ट्स ऑफ इंडिया सोसायटी के प्रारंभिक सदस्य अप्पा जी द्रविड़, अनन्त विनायक पटवर्द्धन तथा जी. के. देवधर थे।[8] सोसायटी के जन्म से ही इसके सदस्य आदिवासियों की सेवा में अग्रगामी रहे तथा मजदूर आंदोलनों में भी उनकी विशेष भूमिका रही है। उन्होंने स्त्री–शिक्षा के प्रसार में विशेष योगदान दिया है। दलित वर्गों के उत्थान के लिए उनकी सेवाऐं सराहनीय है। उन्होंने सहकारी संघों की भी स्थापना की। इनमें विशेषकर श्री निवास शास्त्री, ठक्कर बापा, एन. एम. जोशी, जी. के. देवधर, एस. जी. वसे, एच. एन. कुंजरू, के. राव, के. जी. लिमजे तथा ए. डी. मणि जैसे महान विभूतियां विशेष उल्लेखनीय है। इन महापुरूषों पर देश गर्व कर सकता है।[9] सोसायटी की शाखाऐं बम्बई, नागपुर, मद्रास तथा इलाहाबाद में थी और इसका मुख्यालय पूना में स्थापित था।[10] वृहत मुख्यालय के उस भवन में अब ''गोखले स्कूल ऑफ पॉलिटिक्स एवं अर्थशास्त्र'' संचालित है जो देश की महान उच्च शिक्षा संस्थाओं में गिना जाता है।

इनकी व अन्य सभी मित्रों के परामर्श के फलस्वरूप गोखले ने अपनी योजना बम्बई के गवर्नर सर लेमिंगटन तथा कुछ अन्यों के सम्मुख प्रस्तुत की। कहीं से भी किसी प्रकार का एतराज नहीं उठाया गया और सोसाइटी के विधान पर भी कहीं से भी कोई टीका–टिप्पणी नहीं की गई। इस प्रकार गोखले का मुख्य उद्देश्य सामाजिक जीवन को शुद्ध व आध्यात्मिक रूप प्रदान करने

का था। सोसाइटी सामाजिक, आर्थिक व राजनीतिक क्षेत्र में गोखले के आदर्शों व उद्देश्यों को स्थापित करना व उन्हें मूर्त रूप प्रदान करना चाहती थी। सोसाइटी मातृभूमि के प्रति प्रेम, राजनीतिक शिक्षा तथा जनमत निर्माण करने के कार्य संगठित करना चाहती थी। सभी धर्मों व जातियों, शैक्षिक आंदोलनों की सहायता, पिछड़े वर्ग के उत्थान के प्रयास तथा औद्योगिक विकास व वैज्ञानिक शिक्षा का प्रसार सोसाइटी के विशेष कार्य क्षेत्र थे। हर सदस्य को यह प्रतिज्ञा लेना आवश्यक था कि उसके विचारों में सदैव ही देशहित सर्वोच्च स्थान पर रहेगा।

जैसा कि ज्ञात है कि गोपाल कृष्ण गोखले ने सर्वेन्ट्स ऑफ इंडिया सोसाइटी द्वारा अत्यंत संयमित उपायों से विभिन्न क्षेत्रों में राष्ट्र व समाज की सेवा की थी। गोखले ने अपनी लेखनी व अपनी वाणी से पूर्ण उदारवादी दृष्टिकोण अपनाकर राष्ट्र का पथ प्रदर्शन करने का प्रयास किया था। सर्वेन्ट्स ऑफ इंडिया सोसाइटी ने एक अत्यंत प्रशंसनीय समाज सेवा का कार्य उस समय किया जब होली जैसे पवित्र त्योहार पर अश्लील भाषा व गालियों के प्रयोग को समाप्त करने पर लगभग सफलता प्राप्त की। यह कुप्रथा जनता के उस खेमें में अधिक फैली हुई थी जो गरीबी व ऋणों से भी दुनियाँ में जीवन यापन कर रहे थे। सोसाइटी ने सोसल सर्विस लीग जिसकी शाखा मद्रास व बम्बई में थी, की कार्यवाहियों में खुलकर भाग लिया। इस संस्था ने अपनी एक त्रैमासिक पात्रिका का प्रकाशन भी किया, जिससे सामाजिक समस्याओं पर आम जनता का ध्यान आकर्षित किया जा सके। इस लीग ने एक पुस्तकालय का भी प्रारंभ किया जहाँ विभिन्न सामाजिक विषयों पर पुस्तकें प्राप्त की जा सके।[11]

सर आगा खाँ ने सोसाइटी के जन्म के समय गोखले के प्रयासों की प्रशंसा की थी तथा पांच हजार रूपया भी कोष में देने का प्रस्ताव किया था।[12] उन्होंने स्विटजरलैंड में गोखले को अपने पास ठहरने का निमंत्रण कोई कृपा या मेहरबानी नहीं था वरन् यह गोखले की इंगलैंड यात्रा का शोषण करने की योजना का ही भाग था।[13] उस समय यह भी प्रचार हवा में था कि गोखले राजनीतिक मंच छोड़कर समाज सेवा के क्षेत्र में जोर–शोर से प्रवेश करने वाले हैं।[14]

आगा खाँ जिन्होंने गोखले के साथ अपैल 1906 में जहाज में यात्रा की थी, उनसे वार्ता के पश्चात् यह अनुभव कर रहे थे कि गोखले समाज सेवा की ओर झुक रहे थे। लगता था, आगा खाँ भी उनके प्रभाव क्षेत्र में आ गये हैं। सोसाइटी के सदस्यों को सादा जीवन उच्च विचार के सिद्धांतों पर जीना पड़ता था। उन्हीं दिनों गोखले को ब्रिटिश सरकार ने नाइट उपाधि प्रदान करना प्रस्तावित किया। सभी जानते हैं नाइट उपाधि के साथ विशेष ऐशो–आराम का जीवन भी निहित होता था। सोसाइटी के सिद्धांतों से यह स्थिति मेल नहीं खाती थी। अतः गोखले ने बड़ी नम्रता से इस उपाधि को अस्वीकार कर दिया।

उस समय दक्षिणी अफ्रीका में महात्मा गांधी अपना चमत्कार दिखा रहे थे। उन्हें एच. एस. एल. पोलक, हरमैन कालिनवैच ;भ्ण्ैण्स्ण् च्वसां – भ्मतउंदद झंससमदइंबीद्ध तथा कुछ अन्य यूरोपियन लोगों का समर्थन भी मिल रहा था। गोखले व उनके साथी आशान्वित थे कि यदि महात्मा गांधी भारत आकर सोसाइटी की सदस्यता ग्रहण कर लें तो युवकों में जोश भर जाएगा और सोसाइटी देश को प्रगति देने में सफल होगा।[15]

परन्तु जब तक दक्षिण अफ्रीका की समस्या का निदान नहीं हो जाता, गांधी जी का भारत लौटना संभव नहीं था; गोखले इस बात से परिचित थे। गोखले ने जंजीवार जाते समय गांधी जी से राष्ट्रीय समस्याओं पर खुलकर विचार विमर्श किया। गोखले ने विस्तृत रूप में भारतीय समस्याओं पर इस संबंध में अपने विचार प्रकट करते हुए बताया कि गोखले ने इन समस्याओं के विषय में जो बातें कही थी और जो अनुमान लगाए थे, वह तेरह वर्ष बाद ठीक ही प्रमाणिक हुए हैं। इससे गोखले की राष्ट्रीय समस्याओं पर पकड़ एवं अद्‌भुत प्रतिभा के आधार पर भविष्य का आंकलन पूर्णतः सही प्रमाणित हुआ।[16]

सर्वेन्ट्स ऑफ इंडिया सोसाइटी ने अपने सदस्यों के प्रयास से महिला उत्थान में विशेष कार्य किया तथा सफलता भी पाई। के. जी. लिमये ने 1927 में विधवा पुनर्विवाह समिति ; ॅपकवू त्मउंततपहम ेवबपंजपवदद्धए बम्बई समाज सूधार समिति के सचिव के रूप में क्रियाशील थे। सोसाइटी की मद्रास शाखा ने श्री हरदत्त शर्मा द्वारा दो पैम्पलेट छपवाये जिनमें एक दलित वर्ग की समस्या पर था तथा दुसरा विशेष विवाह कानून से संबंधित था। उधर वैंकट सुबैया ने पतित बहनों (वैश्याओं) की समस्या पर आवाज उठायी। ठक्कर, भीलों की सेवा में गुजरात में बराबर लगे हुए थे। सोसाइटी ने पिछड़े, गिरे–पड़े, दलितों, गरीबों व भुखों की समस्या को उठाया और उनकी सहायता करने के प्रयत्न किये।[17] उन्होंने भीलों के लिए प्राइमरी स्कुल तथा इंगलिस हाई स्कुल की स्थापना की जिससे भीलों के बच्चे शिक्षा प्राप्त कर सकें। श्री जी. के. बिरला ने इसमें आर्थिक सहायता प्रदान की थी। सोसाइटी के पिछड़ों की समस्याओं के लिए पिछड़ा जन मिशन ;क्मचतमेमक ब्सेंमे डपेपवदद्ध का कार्यभार सूर्यनारायण राव को सौंपा, जिसे उन्होंने सफलता पूर्वक निभाया।[18]

गोखले ने 18 मार्च 1910 को इम्पीरियल लेजीस्लेटिव काउन्सिल के सदस्य के रूप में प्रारंभिक शिक्षा से संबंधिक अपने भाषण में स्पष्ट कहा था कि –जींज जीम बवनदबपस तमबवउउमदके जींज ं इमहपददपदह ेीवनसक इम उंकम पद जीम कपतमबजपवद वि उंपदह मसमउमदजंतल मकनबंजपवद तिमम ंदक बवउचनसेवतल जीतवनही वनज जीम बवनदजतल ंदक जींज ं उपगमक बवउउपेपवद वि वपिबपंसे ंदक दवद.वपिबपंसे इम ंचचवपदजमक ंज ंद मंतसल कंजम जव तिंउम कमपिदपजम चतवचवेंसेण[19]

गोखले ने इस संबंध में अन्य सदस्यों से भी विचार–विमर्श किया, जिससे काउंसिल में उनके इस प्रस्ताव को अधिक से अधिक समर्थन प्राप्त हो सके। शिक्षा के प्रचार–प्रसार में सर्वेन्ट्स ऑफ इंडिया के सदस्यों ने भी खूब बड़–चढ़ कर भाग लिया, इस बिल के संबंध में अधिक से अधिक जनता तक जानकारी पहुँचाने का प्रयास किया। 1911 में मद्रास में एलीमैन्ट्री एजुकेशन लीग की स्थापना की गई। सोसाइटी के सदस्यों ने बिल के संबंध में जगह–जगह विशेषकर बड़े नगरों में पोस्टर व पर्चे वितरित किए। जनता को बिल की आवश्यकता, उद्देश्यों व इसमें छिपे भारत के भविष्य के उच्च सिद्धांतो की जानकारी देने के लिए सम्पर्क किया गया। बम्बई की शाखा ने श्रीमति रमाबाई राणाडे के नेतृत्व में इस ओर सत्पर्क किया। बालिकाओं की शिक्षा के लिए बहुत सी संस्थाओं की स्थापना की गई जिसमें श्रीमति राणाडे के साथ अन्य क्रियाशील महिलाओं ने भी अपने कर्तव्य का पालन किया।

इनमें सबसे प्रभावी संस्था सेवा सदन थी जहाँ बिना किसी धर्म, जाति, भाषा के भेद के शिक्षा का प्रबंध किया गया साथ ही रात्रि स्कुलों की भी स्थापना की गई। विशेष तौर से यह व्यवस्था बम्बई में व पूना में की गई जहाँ फैक्ट्री मजदूरों का बाहुल्य था। सर्वेन्ट्स ऑफ इंडिया सोसाइटी के मजदूर नेता श्री एन. एम. जोशी के संरक्षण में विशेष सफलता प्राप्त की गई।[20]

29 अपैल 1910 को गोखले ने वैडरबर्न ॅमककमतइनतदद्ध को लिखा कि – सोसाइटी के सभी सदसय अपनी पूर्ण शक्ति 'सार्वजनिक प्राइमरी शिक्षा' के प्रचार–प्रसार में लगाना चाहते हैं। इसके लिए जनमत तैयार न केवल प्राइमरी शिक्षा बल्कि तकनीकी, औद्योगिक एवं कृषि शिक्षा, सफाई, सुधार एवं सहकारिता शिक्षा पर भी जन–जन को आंदोलित करना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि सभी सदस्य इस बात पर एक मत है कि राष्ट्र निर्माण के लिए यह कार्य आवश्यक है।[21]

गोखले ने कहा कि यह वृहत कार्यक्रम बहुत श्रम व प्रयास चाहता है। उन्होंने यह भी कहा कि कुछ सदस्य, महिलाओं में उच्च शिक्षा का प्रसार करने के कार्य में जुट जाना चाहते हैं और उनकी इच्छा यह है कि सभी वर्गों की महिलाओं, चाहे वह हिन्दू हो, मुसलमान हो या पिछड़ी गरीब जाति की हो, में उच्च शिक्षा का प्रसार किया जाय। इसलिए यह आवश्यक है कि राष्ट्र के भविष्य के लिए जो योजनाऐं हम लेकर चल रहे हैं उन्हें पूरे जोश व शक्ति से कार्यान्वित किया जाए तथा भारत की आम जनता का इन सभी प्रयासों में पूर्ण सहयोग भी प्राप्त किया जाऐ।[22]

उन्होंने विश्वास प्रकट किया कि जिस कार्य को हाथ में लिया गया है वह प्रगति की दिशा में मील का पत्थर प्रमाणित होगा। गोखले ने 'ऐलीमेन्ट्री एजुकेशन' बिल प्रस्तुत करते समय कहा था कि निःशुल्क व सार्वजनिक प्राइमरी शिक्षा का प्रारंभ करना हमारे ही देश के लिए कोई नई बात नहीं है। दूसरे देशों ने इसी प्रकार प्राइमरी शिक्षा को निःशुल्क व सार्वजनिक घोषित करके प्रगति की ओर कदम बढ़ाया है।[23]

वास्तव में गोपाल कृष्ण गोखले ने सोसाइटी के रूप में जिस समाजसेवी संस्था को जन्म दिया था। वह हर क्षेत्र में अग्रणी रहकर समाज सेवा व राष्ट्र सेवा में लगी हुई थी। इसके सदस्यों ने अपनी प्रवृति, संयम, सेवा, धैर्य व निःस्वार्थ दृष्टिकोण व नैतिक आचरण की बेमिसाल तस्वीर जनता के सम्मुख प्रस्तुत करके संस्था को सभी की दृष्टि में चाहे वह प्राइमरी शिक्षा हो, माध्यमिक शिक्षा हो या विश्वविद्यालय का क्षेत्र (विशेषकर महिला शिक्षा) सभी में सोसाइटी के सदस्यों ने जनता के सम्मुख आदर्श उपस्थिति किया था।

सर्वेन्ट्स ऑफ इंडिया सोसाइटी के सदस्यों का पत्रकारिता के क्षेत्र में भी बड़ा ठोस कार्य रहा है। आदर्श पत्रकारिता के क्षेत्र में सोसाइटी के सदस्य सदैव अग्रणी रहे हैं। सोसाइटी ने अपने विचारों व सिद्धांतों के प्रचार–प्रसार के लिए अपनी तीन पत्रिकाऐं भी चला रखी थी। अंग्रेजी साप्ताहिक श्जीम ैमतअंदजे वि प्दकपंश ध्यान प्रकाश जो कि मराठी भाषा में दैनिक पत्र था, जो पूना और बम्बई से प्रकाशित होता था तथा नागपुर से प्रकाशित होने वाला अर्द्धसाप्ताहिक हितावदा जो अंग्रेजी में प्रकाशित होता था। सर्वेन्ट्स ऑफ इंडिया अंग्रेजी साप्ताहिक के संपादक श्री काडाना राव थे।

सर्वेन्ट्स ऑफ सोसाइटी की अपनी कई प्रेस थी। पूना में दो प्रेस थी। जिनका नाम था आर्य भूषण प्रेस तथा ध्यान प्रकाश प्रेस। बम्बई में वैभव प्रेस थी तथा नागपुर में हितवर्द्धक प्रेस। पूना का प्रेस श्री ए. वी. पटवर्द्धन की देखरेख में संचालित थी। बम्बई की प्रेस भी श्री पटवर्द्धन की देखरेख में चल रही थी, परन्तु कुछ समय पश्चात् यह श्री एन. एम. जोशी की देखरेख में चली गई। उधर नागपुर की प्रेस का संचालन श्री एन. ए. द्रविड़ के सुपुर्द था। सभी प्रेसों का संचालन बड़ी लगन व मेहनत से चल रहा था। सभी सदस्य या संचालकगण पूरी ईमानदारी व निष्ठा से अपने कर्तव्यों का पालन कर रहे थे।[24]

सर्वेन्ट्स ऑफ इंडिया सोसायटी की स्थापना उस स्थिति में उपरोक्त सभी आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए हुई थी। इसके सदस्य स्पष्ट रूप से ब्रिटिश साम्राज्य की देख रेख में स्वशासन तथा उच्च जीवन उनका वास्तविक उद्देश्य है। यह उद्देश्य निरंतर वर्षों की सेवा, प्रयास एवं बलिदान के बिना संभव नहीं है। भारत में एक उच्च चरित्र के निर्माण की आवश्यकता है परन्तु यह एक दुर्लभ पथ है। जिसमें अनेक कठिनाईयों तथा गहन निराशाऐं बाधाऐं बनकर रास्ता रोक रही है। इसका एक ही रास्ता है कि हमारे देश की जनता को बड़ी संख्या में समर्पित भावनाओं से ओत–प्रोत होकर और धार्मिक रूप में इसमें भाग लेकर इसकी सफलता निश्चित बनाऐं। सबके ह्रदय में समाज सेवा के प्रति समर्पण, कुट–कुट कर देश प्रेम की भावनाऐं अच्छादित हो, जिससे सफलता मिले। एक ऐसी देश भक्ति जिसमें मातृभूमि के लिए बलिदान की भावना प्रज्जवलित हो तथा अपने उद्देश्य के प्रति गहन आस्था भी हो तब ही एक मिशनरी कार्यकर्ता आनन्द उठा सकता है और राष्ट्र सेवा में अपना जीवन व्यतीत कर सकता है।[25]

**संदर्भ ग्रंथ सूचीः–**

1. टी. भी. परभटे, 1959, गोपाल कृष्ण गोखले : ए नैरेटिव एण्ड इन्टरप्रेटिव रिव्यू ऑफ हिज लाइफ, कैरियर एण्ड कांटेम्पोरेरी इभेन्ट्स, नवजीवन पब्लिशिंग हाउस, अहमदाबाद , पृ0– 184–186
2. टी. आर. देवगीरीकर, 1969, बिल्डिंग ऑफ मॉडर्न इंडिया : गोपाल कृष्ण गोखले, पब्लिकेशन डिविजन, नई दिल्ली, पृ0 46।
3. उपरोक्त, पृ0 57–58
4. आर. पी. परान्जपे, 1915, गोपाल कृष्ण गोखले, पूना आर्य भूषण प्रेस, पूना, पृ0 75–76।
5. डी. जी. कार्वे एवं डी. वी. अम्बेडकर, 1966, स्पीचेज एण्ड राइटिंग्स ऑफ गोपाल कृष्ण गोखले, भाग –प्प , एशिया पब्लिशिंग हाउस, लंदन, पृ0 187
6. बी. आर. नन्दा, 1977, गोखले दि इंडियन मोडेरेट्स एण्ड ब्रिटिश राज, ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी कलकता, पृ0 192
7. डी. जी. कार्वे एवं डी. वी. अम्बेडकर, 1966, पूर्वोक्त, पृ0 190
8. टी. आर. देवगीरीकर, 1969, पूर्वोक्त, पृ0 56 ।
9. डी. जी. कार्वे एवं डी. वी. अम्बेडकर, 1966, पूर्वोक्त, पृ0 194।
10. टी. भी. परभटे, 1959, पूर्वोक्त, पृ0 189।
11. प्रोसिडिंग्स ऑफ द सर्वेन्ट्स ऑफ इंडिया सोसाइटी, 12 जुन 1905 से 31 दिसम्बर 1916, नेहरू मेमोरियल म्युजियम, नई दिल्ली, पृ0 22–27
12. टी. भी. परभटे, 1959, पूर्वोक्त, पृ0 375

13. टी. भी. परभटे, 1959, पूर्वोक्त, पृ0 375
14. डायरी ऑफ एफ. ए. हार्टजेल, 14 जुन 1906, इंडियन ऑफिस लाईब्रेरी, लंदन
15. एम. के. गांधी, 1927, सत्याग्रह इन साउथ अफ्रिका, नवजीवन अहमदाबाद, पृ0 409
16. आर. पी. पटवर्धन एण्ड डी. भी. अम्बेडकर, 1962, स्पीचेस एण्ड राइटिंग ऑफ गोपाल कृष्ण गोखले, एशिया पब्लिशिंग हाउस, मुंबई, पृ0 307
17. प्रोसिडिंग्स ए ब्रिफ एकाउंट ऑफ दि वर्क ऑफसर्वेट्स ऑफ इंडिया सोसाइटी, पूना, जुन 1927 टू मार्च 1928 पृ0 19–20
18. प्रोसिडिंग्स : दि सर्वेट्स ऑफ इंडिया सोसाइटी, पूना, 12 जुन 1930 टू 12 जुन 1931, पृ0 11–12
19. प्रोसिडिंग्स : दि सर्वेट्स ऑफ इंडिया सोसाइटी, पूना, 12 जुन 1905 टू 31 दिसम्बर 1946, पृ0 22–23
20. डायरी ऑफ एफ. ए. हार्टजेल, 1 जुन 1906, इंडियन ऑफिस लाईब्रेरी, लंदन
21. गोखले टू वेडरबर्न, 29 अप्रैल 1910, गोखले पेपर
22. आर. पी. पटवर्धन एण्ड डी. भी. अम्बेडकर, 1962, पूर्वोक्त, पृ0 700
23. आर. पी. पटवर्धन एण्ड डी. भी. अम्बेडकर, 1962, पूर्वोक्त, पृ0 701
24. बी. चक्रवर्ती एवं आर. के. पाण्डेय, 2009, मॉडर्न इंडियन पॉलिटिकल थॉट, सेज पब्लिकेशन, नई दिल्ली, पृ0 26
25. टी. भी. परभटे, 1959, पूर्वोक्त, पृ0 191–193

*'Journal of Research & Development'*
*A Multidisciplinary International Level Referred and Peer Reviewed Journal,*
*Impact Factor-7.265, ISSN: 2230-9578, April-2024, Volume-16 Issue-6*

# भारत के आधुनिक राष्ट्रवाद में स्वामी विवेकानन्द की भूमिका।

**पंकज कुमार**
शोधार्थी, इतिहास विभाग, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय, रांची।
यू. जी. सी.–नेट, रांची विश्वविद्यालय फैलो
**ई.–मेल** : pankajku2458@gmail.com
**Corresponding Author- पंकज कुमार**
**DOI-10.5281/zenodo.12292181**

**सारांश :**

भारत में बौद्धिक पुनर्जागरण आधुनिक भारतीय राष्ट्रवाद के उदय का एक महत्वपूर्ण कारक था। भारतीय आत्मा के जागरण की सृजनात्मक अभिव्यक्ति सर्वप्रथम दर्शन, धर्म एवं संस्कृति के क्षेत्रों में हुई। देश के अतीत को पुनर्जीवित करने की यह भावना आक्रामक तथा अहंकारपूर्ण विदेशी सभ्यता की महान चुनौती के विरूद्ध प्रक्रिया के रूप में उत्पन्न हुई। चूँकि यह सभ्यता राजनीतिक दृष्टि से अत्यन्त प्रभावी और आर्थिक दृष्टि से सबल थी, इसीलिए उसके प्रति प्रतिक्रिया होना स्वाभाविक था। पश्चिमी यांत्रिक सभ्यता तथा भारतीय धार्मिक पुन्योमुखी  संस्कृतियों के बीच संघर्ष से नये भारत का उदय हुआ।
**शब्द कूंजी :** पुनर्जागरण, समन्वयक, सृजनात्मक, सभ्यता, पश्चिमी यांत्रिक, बौधिक।

**प्रस्तावना :**

स्वामी विवेकानन्द (1863–1902) का जन्म ऐसे समय में हुआ था, जब भारत ब्रिटिश साम्राज्यवाद के अधीन गुलामी के बेड़ियों में जकड़ा हुआ था। उस समय देश राजनैतिक, आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक सभी क्षेत्रों में संकटकाल से गुजर रहा था, क्योंकि साम्राज्यवादी ताकतें हर तरीके से भारतीयों को कुचल रही थी। अंग्रेजों का मुख्य उद्देश्य देश के संसाधनों पर अपना अधिकार स्थापित करना तथा उनका अधिकाधिक दोहन करना बन गया था। इससे भारत का भारी नुकसान हो रहा था। अंग्रेजों की ऐसी नीतियों का नतीजा यह निकला कि भारत में आर्थिक, सामाजिक एवं सांस्कृतिक विकास के सभी रास्ते अवरुद्ध हो गए।

स्वामी विवेकानन्द का प्रादुर्भाव बंगाल में ऐसे समय में हुआ था, जब भारत में औपनिवेशिक राज के विरुद्ध परम्परागत तरीकों के साथ की गई एक विफल क्रान्ति (1857 का विद्रोह) के बाद साम्राज्यवाद विरोधी विचार नए रूपों में जन्म ले रहे थें। यह भारतीय इतिहास का वह समय था जब देश में सांस्कृतिक पुनर्जागरण हो रहा था। इस दौरान देश में कई सामाजिक सुधार संस्थाओं का उदय हुआ जैसे ब्रह्म समाज, प्रार्थना समाज, सत्यशोधक समाज, आर्य समाज आदि। इन संस्थाओं ने भारतीय समाज, धर्म और संस्कृति में नवजीवन का संचार करने हेतु कई आन्दोलन चलाए, जिनके चलते भारतीयों में जागरण एवं जुझारूपन बढ़ा। जिसका काफी प्रभाव विवेकानन्द के व्यक्तित्व पर पड़ा। बंगाल में उस समय राष्ट्रवादी विचारधारा भी जन्म ले रही थी। इस वजह से जिस वातावरण में विवेकानन्द ने अपने जीवन के आरम्भिक दिन गुजारे, उसके चलते उनमें क्रान्तिकारी वैचारिक जज्बा उत्पन्न हुआ।

वस्तुतः 19वीं शताब्दी में उभरे पुनर्जागरण एवं सुधार आन्दोलनों ने भारत में धार्मिक व सामाजिक सुधार के साथ–साथ राष्ट्रीय चेतना जागृत करने में महत्त्वपूर्ण भूमिका अदा की थी। इन आन्दोलनों ने ही देश में सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के उभार का मार्ग प्रशस्त किया। ऐसे में स्वामी विवेकानन्द द्वारा रामकृष्ण मिशन की स्थापना (1897) तथा उनके सुधार आन्दोलन की पृष्ठभूमि को तैयार करने में उस समय चल रहा भारतीय पुनर्जागरण आन्दोलन एक बड़ा महत्त्वपूर्ण उत्प्रेरक था।

विवेकानंद जी का राष्ट्रवाद सार्वभौमिकता और मानवता पर आधारित है। उनका मानना था कि, हर देश में एक ऐसा प्रभावी सिद्धांत होना चाहिए जो उस देश के जीवन में सम्पूर्ण रूप से परिलक्षित होता है जो भारत के लिए यह धर्म था। धर्मनिरपेक्षता पर आधारित पश्चिमीराष्ट्रवाद के विपरीत स्वामी विवेकानंद का राष्ट्रवाद धर्म, भारतीय आध्यात्मिकता और नैतिकता पर स्थित था। भारत में सभी धार्मिक शक्तियों का संगम आध्यात्मिकता है। यह माना जाता है कि यह इन सभी शक्तिओं को राष्ट्रीय धारा में समाहित करने में सक्षम है। उन्होंने मानवतावाद और सार्वभौमिकता के आदर्शों को भी राष्ट्रवाद के आधार के रूप में स्वीकार किया। इन आदर्शों ने जनता का स्वयं के बंधनों और उनके परिणामों के दुखों से मुक्त होने के लिए मार्गदर्शन किया है। 12 जनवरी, 1863 को कलकत्ता में नरेन्द्रनाथ का जन्म हुआ तथा स्वामी रामकृष्ण परमहंस के संपर्क में आकर बालक नरेन्द्रनाथ से स्वामी विवेकानंद बन गये। सबसे महत्वपूर्ण धटना 11 सितंबर, 1893 के शिकागो विश्व धर्मसंसद में धर्म और राष्ट्रवाद पर दिया गया स्वामी जी का भाषण हैं।

1893 ई. में अमेरिका के शिकागो नामक शहर में हो रहे विश्व धर्म सम्मेलन में विवेकानन्द हिन्दू धर्म के प्रतिनिधि के रूप में गए। उस समय पश्चिमी देशों में भारतीयों को प्रायः हेय दृष्टि से देखा जाता था। एक अमेरिकी प्रोफेसर जार्ज व्हेल के प्रयासों से उन्हें उस सम्मेलन में बोलने का मौका प्राप्त हुआ। विवेकानन्द जी ने अपने भाषण में श्रोताओं को 'भाईयों एवं बहनों' कहकर संबोधित किया। उनके आत्मीयता भरे इन आरम्भिक शब्दों ने ही अमेरिकी श्रोताओं का दिल जीत लिया। इसके बाद उन्होंने अपने भाषण में सहिष्णुतावाद एवं सार्वभौमवाद पर आधारित हिन्दू धार्मिक दर्शन को स्पष्ट किया। उन्होंने ऋग्वेद को उद्धृत करते हुए कहा कि (''जिस प्रकार विभिन्न नदियां यहां–वहां से निकल कर अन्ततः समुद्र में जा मिलती हैं, उसी प्रकार सभी धर्म एवं मत भी अन्ततः एक ही सत्य तक पहुंच जाते हैं। अर्थात् सभी धर्म अपने आप में श्रेष्ठ हैं और ये हमें अलग–अलग तरीकों से सत्य तक पहुंचने का मार्ग बतलाते हैं'')। जहां सम्मलेन में आये अन्य प्रतिनिधि अपने–अपने धर्मों का गुणगान कर रहे थें, वहीं विवेकानन्द जी ने हिन्दू दर्शन के मतानुसार सभी धर्मों को सही बता कर अमेरिकी लोगों का आश्चर्यचकित कर दिया। वस्तुतः उनका सार्वभौम धर्म का विचार धर्मनिरपेक्षता की ओर बढ़ रहे अमेरिकी लोगों की सोच के काफी करीब था। इसलिए वे उनके कायल हो गए।

विवेकानन्द जी ने अपने इस चर्चित भाषण से सिद्ध कर दिया कि हिन्दू धर्म एक महान धर्म है क्योंकि इसमें सभी धर्मों व मतों के विचारों को समान आदर देने व

उन्हें अपने अन्दर समाहित करने की क्षमता रखता है। इस प्रकार स्वामी जी ने सात समुद्र–पार भारतीय संस्कृति का ध्वज लहराया।

राष्ट्रवाद के सम्बन्ध में विवेकानन्द की समझ एवं विचारों को सुबोध चन्द्र सेनगुप्ता नामक एक विद्वान ने भी समझने का प्रयास किया है। सेनगुप्ता (1984) अपनी पुस्तक *विवेकानन्द एण्ड नेशनलीज्म* में लिखते हैं कि (''विवेकानन्द का राष्ट्रवाद ऐसा नहीं था जैसे रूसो, कार्ल मार्क्स या लेनिन का था। उनका राष्ट्रवाद तो ऐसा था जहां सभी लोगों की राष्ट्रीय जीवन में सक्रिय भागीदारी हो, जहां सभी को समान समझा जाए, सभी में भाईचारा हो तथा सभी में आत्मीयता व प्रेम हो'')। वस्तुतः विवेकानन्द अपने देश एवं उसके सभी लोगों से बहुत प्यार करते थें। इस तथ्य से जाहिर होता है कि वर्ण व्यवस्था को सही मानते हुए भी उन्होंने जातिवाद व छुआछूत का खण्डन किया क्योंकि वे सभी व्यक्तियों को समान दृष्टि से देखते थे।

इस प्रकार हम पाते हैं कि सांस्कृतिक राष्ट्रवाद सम्बन्धी विवेकानन्द के दृष्टिकोण को कुछ विद्वानों ने समझा है। लेकिन आधुनिक भारत में सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के उदय में विवेकानन्द के योगदान को वे व्यापक ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य में तथा समग्र रूप से समझने में अधिक कामयाब नहीं हुए हैं। प्रस्तुत शोध में इस विषय को ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य में एवं गहराई से समझने के लिए एक विनम्र प्रयास किया गया है।

**शोध विधि एव आंकड़ों का संग्रहण :**

प्रस्तुत शोध–पत्र में वर्णनात्मक एवं विश्लेषणात्मक तथा ऐतिहासिक पद्धति का प्रयोग किया गया है। यह शोध कार्य पूर्णतयः द्वितीयक आकड़ो पर आधारित है। इस अध्ययन के लिए यथासंभव प्रकाशित पत्र–पत्रिकाओं, पुस्तकों, दस्तावेजों एवं लेखों का उपयोग किया गया है।

**शोध अध्ययन के उद्देष्य :**

प्रस्तुत अध्ययन के निम्नांकित उद्देश्य हैं–

1. स्वामी विवेकानन्द जी के जीवन परिचय और बहुमुखी व्यक्तित्व के विषय में जानकारी प्राप्त करना।
2. स्वामी विवेकानन्द जी के राष्ट्रवाद सम्बन्धि विचारों का अध्ययन करना।
3. वर्तमान युग में स्वामी विवेकानन्द जी के राष्ट्रवाद सम्बन्धि विचारों की उपादेयता एवं प्रासंगिकता का अध्ययन करना।

**साहित्य समीक्षा :**

शोधकर्ता ने अपनी समस्या से संबंधित सामग्री हेतु विभिन्न पत्र–पत्रिकाओं पुस्तकों, ज्ञानकोषों आदि का अध्ययन किया है। शोधकर्ता ने इसी उद्देश्य से समस्या का चयन करने के पश्चात् संबंधित शोध के बारे में विभिन्न विद्वानों द्वारा किये गये शोध कार्यों का अध्ययन व संकलन किया है। अतः प्रस्तुत शोध कार्य के लिए शोधकर्ता द्वारा समस्या से संबंधित किये गये अध्ययन का संक्षिप्त वर्णन इस प्रकार है–

दिनकर, रामधारी सिंह (1956) ने अपनी पुस्तक *संस्कृति के चार अध्याय* में लिखा है कि (''अभिनव भारत को जो कुछ कहना था वह विवेकानन्द के मुख से उद्‌गीर्ण हुआ। अभिनव भारत को जिस दिशा की ओर जाना था, उसका स्पष्ट संकेत विवेकानन्द ने दिया। विवेकानन्द वह सेतु हैं, जिस पर प्राचीन और नवीन भारत परस्पर आलिंगन करते हैं। विवेकानन्द वह समुद्र हैं, जिसमें धर्म और राजनीति, राष्ट्रीयता और अंतर्राष्ट्रीयता तथा उपनिषद् और विज्ञान, सबके सब समाहित होते हैं।'')। रवीन्द्रनाथ टैगोर ने कहा है, (''यदि कोई भारत को समझना चाहता है, तो उसे विवेकानन्द को पढ़ना चाहिए'')। महर्षि अरविंद का वचन है कि (''पश्चिमी जगत में विवेकानन्द को जो सफलता मिली, वही इस बात का प्रमाण है कि भारत केवल मृत्यु से बचने को नहीं जगा है, वरन वह विश्व विजय करके दम लेगा'') वही बख्शी, एस. आर. एवं शर्मा, के. सी. द्वारा अनुवादित पुस्तक *'इन साइक्लोपिडिया ऑफ इण्डियन नेशनलिज्म'* में लिखा है कि (''स्वामी विवेकानंद भारतीय राष्ट्रवाद के अग्रणी चिंतक थे। उनका राष्ट्रवाद भारतीय संस्कृति की मूल अवधारणाओं से संबंधित है। उनका कहना था कि राष्ट्रप्रेम के बिना जीवन अधूरा है'')।

सिंह (2011) ने अपनी पुस्तक *'इनसाइक्लोपीडिया ऑफ इण्डियन फ्रीडम फाइटर्स'* में लिखा है कि (''स्वामी विवेकानंद के चिंतन का भारतीय राष्ट्रवाद अब पूर्ण रूप् से भारत में नहीं रह गया है। स्वामी जी के चिंतन का राष्ट्रवाद विश्व प्रेम पर आधारित है। आज क्षेत्रिय दल एवं क्षेत्रिय राजनीतिक के कारण राष्ट्रवाद की अवधारणा को आघात पहुँचा है'')। सरकार (1983) ने अपनी पुस्तक *'मॉडर्न इण्डिया 1885–1947'* में लिखा है कि (''भारतीय राष्ट्रवाद का जन्म स्वामीजी के शिकागों अभिव्यक्ति का एक स्पष्ट उदाहरण है। सभी धर्मों को साथ लेकर चलने की अवधारणा स्वामी विवेकानंद के राष्ट्रवाद में निहित है'')।

**निष्कर्ष :**

स्वामी विवेकानन्द के प्रादुर्भाव के समय अर्थात् 19वीं शताब्दी में भारत औपनिवेशिक पराधीनता का शिकार बन चुका था। साथ ही यह देश सामाजिक.आर्थिक दृष्टि से भी पतनोन्मुख हालात से जूझ रहा था। समूचा भारतीय समाज, विशेषकर हिन्दू समाज, पूरी तरह धार्मिक रूढ़िवाद एवं तरह–तरह के अन्धविश्वासों के जाल में जकड़ा हुआ था। तत्कालीन हिन्दू धर्म के सम्बन्ध में महान पाश्चात्य सामाजिक चिन्तक मैक्स वेबर ने लिखा है, (''हिन्दू धर्म दरअसल जादू–टोना, अन्धविश्वास और अध्यात्मवाद की खिचड़ी बनकर रह गया था। विवेकानन्द ने राष्ट्र निर्माण हेतु ज्ञानयोग, कर्मयोग, भक्तियोग का आदर्श प्रतिपादित किया और हिन्दू धर्म के मानवतावादी एवं सार्वभौमिक मूल्यों को रेखांकित किया। उन्होंने बताया कि धर्माचरण दरिद्रता में संभव नहीं है। वस्तुतः दरिद्रता निवारण ही सच्चा मानव धर्म है। वस्तुतः विवेकानन्द एक समन्वयवादी सुधारक थें। भारतीय अध्यात्म का पाश्चात्य भौतिकवाद के साथ तथा भारतीय वेदान्त का पाश्चात्य विज्ञान के साथ समन्वय करके वे एक ऐसे आदर्श मानव समाज की स्थापना पर जोर देते थे जिसमें असमानता, अन्याय, शोषण, निरंकुशता, गुलामी आदि का कोई स्थान न हो। कुल मिलाकर विवेकानन्द की शिक्षाओं ने भारतवासियों में सांस्कृतिक राष्ट्रवाद की चेतना को सींचा जिसके चलते वे राष्ट्रीय स्वतंत्रता के महत्त्व को समझने लगें'')। इस प्रकार भारतीय राष्ट्रवाद के उत्थान में स्वामी जी की भूमिका बहुत ही महत्वपूर्ण है।

**संदर्भ सूची**

1. अल्तेकर, ए. एस. (1951) *पोजिशन ऑफ वीमेन इन हिन्दू सिविलाईजेशन,* मोतीलाल बनारसी दास पब्लिशर, बनारस।
2. अशरफ, के. एम. (2001) *लाइफ एण्ड कन्डीशन्स ऑफ दी पीपुल ऑफ हिन्दुस्तान,* गयान पब्लिशिंग हाऊस, नई दिल्ली।

3. अरोड़ा, वी. के. (1968) *सोशल एण्ड पॉलिटिक्ल फिलॉसफी ऑफ स्वामी विवेकानन्दा,* पुन्थी पुस्तक पब्लिकेशन्स, कलकता।
4. आदिश्वरनन्द, (2006) *स्वामी विवेकानन्द : वर्ल्ड टीचर,* वरमेन्ट प्रकाशन, दिल्ली।
5. उपाध्याय, पूनम (1990) *सोशल, पॉलिटिक्ल इकॉनामिक एण्ड एजुकेशनल आईडियाज ऑफ राजाराम मोहन राय,* मितल पब्लिकेशन्स, दिल्ली।
6. कॉलेट, एस. डी. (1900) *लाइफ एण्ड लैटर्स ऑफ राजा राममोहन राय,* फॉरगोटेन बुक्स, कलकत्ता।
7. कश्यप, शैलेन्द्र (2012) *सेविगं हयुमेनटी : स्वामी विवेकानन्द प्रोस्पेक्टिव, विवेकानन्द,* स्वाध्याय मण्डल, दिल्ली।
8. क्रिश्चियन, वी. डी. (1999) *फिलोसफी ऑफ ए रिलिजियस लीडर,* ग्रीनबुड पब्लिकेशन, लन्दन।
9. किशोर, बी. आर. (1997) *स्वामी विवेकानन्दा,* रामकृष्ण मिशन, कलकत्ता।
10. गोखले, बी. जी. (1964) *स्वामी विवेकानन्द एण्ड इण्डिया,* ऑक्सफोर्ड युनिवर्सिटी, लंदन।
11. गुप्त, कांति प्रसन्न सेन (1971) *क्रिश्चियन मिशनरीज इन बंगाल* 1793–1833,फार्मा के. एल. मुखोपाध्याय, कलकता।
12. दिनकर, रामधारी सिंह (1956) *संस्कृति के चार अध्याय,* साहित्य अकादमी, नई दिल्ली।
13. सेनगुप्ता, सुबोध चन्द्र (1984) *विवेकानन्द एण्ड नेशनलीज्म,* साहित्य समसाद, कलकता।
14. Bakshi S.R & Sharma *Encyclopedia of Indian* Nationalism, Vista International K.C. (ed.) ¼2007½] *Publishing House, New Delhi.*
15. Sarkar, Sumit ¼1983½ *Modern India 1885-1947]* Mac MillanIndia Press, Madras.
16. Singh, Birendra Kumar ¼2011½ *Encyclopedia of Indian Freedom Fighters,* Centrum Press, New Delhi.
17. https:èèwwwf.acebook.comèshareèrèTA8fEzPeJiJVqF5Vè?mibextid=xCPwDs.

# संत महाप्रभु चैतन्य

**संजय कुमार**
शोधार्थी, सह–लेखक प्रमुख, इतिहास संकलन समिति झारखण्ड
विश्वविद्यालय इतिहास विभाग, राँची विश्वविद्यालय, राँची
**E-MailID : sanjaykumar012345@gmail.com**
**Corresponding Author- संजय कुमार**
**DOI-10.5281/zenodo.12292863**

**शोध सरांश :**

मध्यकालीन भारत में जिस समय 15वीं शताब्दी में महाप्रभु चैतन्य ने बंगाल और उड़ीसा में सुधारवादी नयी चेतना जागृत करने में महत्त्वपूर्ण योगदान दिया। उनके विद्यार्थी जीवन में ही उनके पिता का देहांत हो गया। चैतन्य महाप्रभु ने शादी के तुरंत बाद गया की यात्रा की थी। इसके साथ ही, उन्होंने झारखंड के जंगली रास्ते से बनारस, प्रयाग तथा मथुरा की यात्रा की, गुजरात की भी यात्रा की, दक्षिण भारत की यात्रा की थी। उन्होंने पुरी में माधवेंद्र से भेंट की तथा कृष्ण की उपासना से बड़े प्रभावित हो गए थे। नादिया लौटने के बाद उन्होंने कीर्तन जुलूस की यात्रा किया। इस प्रकार की यात्रा से चैतन्य की लोकप्रियता काफी बढ़ गई थी। ने रामायण और महाभारत का अनुवाद कराया था तथा हिंदुओं को दरबार में नियुक्त किया था। चैतन्य ने समन्वयवादी दृष्टिकोण अपनाकर सांप्रदायिक भेदभाव को बंगाल से समाप्त करने का प्रयत्न किया। कबीर और नानक की भाँति चैतन्य का मुख्य उद्देश्य सामाजिक असमानता को दूर करना था। वह शूद्रों को समानता का अधिकार दिलाना चाहते थे और धर्मांतरण को रोकना चाहते थे, वह सामाजिक कुरीतियों को दूर कर समाज में ब्राह्मणों के प्रभुत्त्व को समाप्त करना चाहते थे। इस प्रकार जिस सामाजिक सुधार की पृष्ठभूमि रामानंद, कबीर, और गुरुनानक ने रखी थी उसे आगे बढ़ाने का कार्य चैतन्य महाप्रभु द्वारा किया गया था। इन क्रांतिकारी सुधार से कहा जा सकता है कि रामानंद, कबीर व नानक आदि की श्रेणी में वे अंतिम संत थे।

**मुख्य शब्द** : मध्यकालीन, भक्ति आन्दोलन, चैतन्य महाप्रभु, समन्वयवादी, सांप्रदायिक।

**प्रस्तावना :**

मध्यकालीन भारत में मुस्लिम सत्ता की स्थापना का हिन्दू समाज का राजनीतिक अथवा सैनिक प्रतिरोध हुआ था, किन्तु पूर्ण सफलता नहीं मिली। इसके साथ ही हिन्दुओं ने आध्यात्मिक तथा सांस्कृतिक प्रतिरोध किया। यह संघर्ष भक्ति आंदोलन के रूप में हुआ था। जिसमें सूफी संतों एवं मुस्लिम कवियों ने भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। भक्ति आंदोलन के संतों के वाणी तथा व्याख्यानों से हिन्दू–मुस्लिम सम्बन्धों को अच्छा बनाने की कोशिश व प्रयत्न किया गया था। मुस्लिम आक्रमणकारियों तथा दिल्ली शासकों की नीति उनके व्यक्तिगत चरित्र उनकी महत्वकांक्षा तथा धर्मान्धता का परिणाम रही थी।

मध्यकालीन भारत में भक्ति आन्दोलन सर्वाधिक व्यापक आन्दोलन था। समाज, राजनीति तथा संस्कृति पर इसका व्यापक प्रभाव था। दक्षिण भारत और उत्तर भारत में भक्ति आन्दोलन कि उत्पति और विकास विशेष परिस्थितियों में हुआ था। भक्ति आन्दोलन का विकास ऐतिहासिक परिपेक्ष्य में दो चरणो में हुआ था। पहला भागवत गीता से लेकर 13वीं शताब्दी तक का समय था जब इस्लाम ने देश के अंदरूनी हिस्सो में प्रवेश किया और दूसरा, 13वीं से 16वीं शताब्दी का समय था। पहले विकास में भक्ति केवल एक व्यक्तिगत भावना थी। वासुदेव का धर्म उन लोगों की स्वाभाविक अभिव्यक्ति था जिन्होंने उपनिषदों की बौद्धिक और सत्ता प्रणाली में आध्यात्मिक और नैतिक संतुष्टि नहीं पाई थी। भक्ति आन्दोलन को प्राचीन काल में देखा जा सकता है। ऋग्वेदों में देवों की स्तुतियों का वर्णन है। उपनिषद काल में चिंतन की प्रधानता है। भगवत धर्म की तभी स्थापना हुई है।

**शोध प्रविधि :**

प्रस्तुत शोध ''संत महाप्रभु चैतन्य'' के अध्ययन हेतु विश्लेषनात्मक एवं वर्णनात्मक विधि के तहत ऐतिहासिक आयामों का गहन अध्ययन एवं विश्लेषण किया गया है।

**शोध उद्देश्य :**

प्रस्तुत शोध आलेख का उद्देश्य संत महाप्रभु चैतन्य का शोध अध्ययन करना और इस शोध द्वारा नए तथ्यों को सामने लाना मुख्य उद्देश्य है।

**परिकल्पना :**

भक्ति आन्दोलन में संत महाप्रभु चैतन्य के योगदानों पर प्रकाश डालना तथा इसकी सामाजिक, धार्मिक, महत्त्व किया था।

**मुख्य प्रतिपाद्य :**

मध्यकालीन भारत में जिस समय 15वीं शताब्दी में भक्ति आंदोलन उत्तर भारत में गुजरात, पंजाब तथा उत्तर भारत को प्रज्वलित कर रही थी उसी समय बंगाल में महाप्रभु चैतन्य का अवतरन हुआ। महाप्रभु चैतन्य ने बंगाल और उड़ीसा में सुधारवादी नयी चेतना जागृत करने में महत्त्वपूर्ण योगदान दिया।[1] चैतन्य का जन्म 14 फरवरी 1486 ई. को हुआ था और उस दिन चंद्रग्रहण देखा गया था। पुरुष और महिलाओं ने गंगा में डुबकी लगाई, हरि–हरि के जयकार से शहर गूंज उठा था और बच्चे का स्वागत भी हुआ था।[2] चैतन्य का बचपन का नाम निमाई था। पिता का नाम जगन्नाथ मिश्रा तथा माता का नाम साक्षी देवी था। माता–पिता स्वभाव से धार्मिक प्रवृत्ति के थे। महाप्रभु चैतन्य का जन्म स्थान नवदीप आधुनिक नरिया में हुआ था।[3] जब जगन्नाथ मिश्रा को उनके पड़ोसियों ने अपने आचरण में सुधार के लिए निमाई को किसी स्कूल में डालने के लिए राजी किया तो उनके लिए पहला शिक्षक विष्णु पंडित को नियुक्त किया गया था जिससे उन्होंने वर्णमाला सीखी थी। उन्होंने प्रारंभिक संस्कृति और सुदर्शन नाम के एक अन्य शिक्षक के साथ मौखिक रूप से अपनी शिक्षा पूरी की। पंडित गंगादास एक विद्वान प्रोफेसर थे। निमाई ने न केवल संस्कृत में निपुणता हासिल की बल्कि पाली का सम्मानजनक ज्ञान प्राप्त किया। पुस्तक के प्रति उनकी श्रद्धा महान् थी। वृंदावन दास कहते हैं कि वह हमेशा पढ़ता है, यहाँ तक कि जब वह नहाता है या सोता था, भोजन करता है तो उसके हाथों में एक किताब दिखाई देती है। वह खुद व्याकरण पर टिप्पणी लिखता था।[4]

निमाई को व्याकरण और दर्शन का अच्छा ज्ञान प्राप्त था। उनके विद्यार्थी जीवन में ही उनके पिता का देहांत हो गया।

निमाई जीविका हेतु उन्होंने एक संस्कृत विद्यालय खोला था। उन्होंने लक्ष्मी नामक कन्या से विवाह किया था। लक्ष्मी की मृत्यु सर्पदंश से हुई थी जिसके पश्चात् उन्होंने दूसरा विवाह किया था।[5] उनकी यह पत्नी ने उनके संन्यासी जीवन में उनका बखूबी साथ दिया और उनकी मृत्यु पश्चात् अकेले हो गई थीं। चैतन्य महाप्रभु ने शादी के तुरंत बाद गया की यात्रा की थी।[6] इसके साथ ही, उन्होंने झारखंड के जंगली रास्ते से बनारस, प्रयाग तथा मथुरा की यात्रा की, गुजरात की भी यात्रा की, दक्षिण भारत की यात्रा की थी। उन्होंने पुरी में माधवेंद्र से भेंट की तथा कृष्ण की उपासना से बड़े प्रभावित हो गए थे।[7] नादिया लौटने के बाद उन्होंने कीर्तन जुलूस की यात्रा किया। इस प्रकार की यात्रा से चैतन्य की लोकप्रियता काफी बढ़ गई थी।

बंगाल में उस समय मुस्लिमों के आगमन के समय बुद्ध धर्मवाद पूर्ण परिवर्त्तन के दौर से गुजर रहा था।[8] हिंदू धर्म का पुनर्द्वार जो पाल और सेन राजाओं के अधीन हुआ था और जो उत्पीड़न से अछूत नहीं था। बंगाल में उसने ऐसे ही शासकों द्वारा हिंदू–मुस्लिम समन्वयवाद की पृष्ठभूमि रखी थी। उन लोगों ने रामायण और महाभारत का अनुवाद कराया था तथा हिंदुओं को दरबार में नियुक्त किया था। चैतन्य ने समन्वयवादी दृष्टिकोण अपनाकर सांप्रदायिक भेदभाव को बंगाल से समाप्त करने का प्रयत्न किया।[9] कबीर और नानक की भाँति चैतन्य का मुख्य उद्देश्य सामाजिक असमानता को दूर करना था। वह शूद्रों को समानता का अधिकार दिलाना चाहते थे और धर्मांतरण को रोकना चाहते थे, वह सामाजिक कुरीतियों को दूर कर समाज में ब्राह्मणों के प्रभुत्त्व को समाप्त करना चाहते थे। इस प्रकार जिस सामाजिक सुधार की पृष्ठभूमि रामानंद, कबीर, और गुरुनानक ने रखी थी उसे आगे बढ़ाने का कार्य चैतन्य महाप्रभु द्वारा किया गया था।[10] चैतन्य की कृष्ण भक्ति आध्यात्मिक थी। उनके अनुसार जीवात्मा तथा परमात्मा भिन्न तथा अभी दोनों हैं। मानवता के आत्मा भक्ति के बल पर ही कृष्ण भक्ति को प्राप्त कर सकती है। भगवान कृष्ण की लीलाओं का स्मरण और चिंतन मनुष्य को मोक्ष की ओर ले जाता है। इस प्रकार चैतन्य की भक्ति में स्मरण और ध्यान की एकग्रता पर विशेष बल दिया गया है। चैतन्य कहते हैं चित एकांग्र होने पर ही भगवान कृष्ण की लीलाओं का चिंतन एवं स्मरण चैतन्य के प्रमुख देन हैं जिसमें भाग्य होने पर भक्ति, जाति, धर्म, कुल, गोत्र तथा सांप्रदायिकता की संकुचित भावनाओं से मुक्त हो जाता है।

चैतन्य के 6 प्रमुख शिष्य थे जो गोस्वामी कहलाते थे। इनमें नित्यानंद गोस्वामी ने चैतन्य के उपदेशों का प्रचार बड़े भक्ति भाव से किया था।[11] चैतन्य बहुत बड़े समाज–सुधारक थे। उन्होंने जाति–पाति का घोर विरोध किया था और अपने संप्रदाय में सभी जाति के लोगों को स्थान दिया था। इसमें मुसलमान भी शामिल थे। देखा जाए तो उन्होंने इस्लाम की बाढ़ से हिंदुत्व की रक्षा की थी और हिंदुओं की जागृत किया। उन्होंने जगन्नाथपुरी का द्वार सबके लिए खुलवा दिया था।[12] इन क्रांतिकारी सुधार से कहा जा सकता है कि रामानंद, कबीर व नानक आदि की श्रेणी में वे अंतिम संत थे। चूँकि चैतन्य मठ के संचार सरल और स्पष्ट ही नहीं अपितु विचारों से सादगी व प्रेम की भावना ने जन समाज को अपनी ओर आकर्षित किया। चैतन्य के उपदेशों और उनकी विचारधारा केवल बंगाल या उड़ीसा में ही नहीं अपितु देश के अन्य भागों में भी जनप्रिय हो उठी थी। उन्होंने जो आदेश दिए वह सीधे जनता के ह्रदय में उतर गया। पीड़ित मानवता को उनका परमात्मा के प्रति प्रेम का संदेश मरहम–सा लगा और इसने सिद्ध कर दिया कि मानव ह्रदय राजनीतिक और सामाजिक विषमताओं के बीच भी ऊँचा उठ सकता है। उसने जीवन को स्फूर्ति साहित्य को रचनात्मक शक्ति और मानव संबंधों को पवित्रता प्रदान की।[13] चैतन्य ने मार्टिन लूथर की भाँति धर्म में मूल परिवर्त्तन नहीं किया बल्कि जॉर्ज नाक्श की तरह धार्मिक तथा सामाजिक कुरीतियों को समाप्त कर सुधार करना चाहते थे।[14]

इस प्रकार चैतन्य महाप्रभु एक महान् सामाजिक सुधारक थे। बंगाल में इतने प्रसिद्ध और विख्यात हुए कि उन्हें श्रद्धालुओं ने भगवान विष्णु और कृष्ण की अवतार माना। मध्यकालीन भारत में भक्ति आंदोलन जन आंदोलन के रूप में समाज के प्रत्येक क्षेत्र को प्रभावित किया। मध्यकालीन भारत में भक्ति आंदोलन विशुद्ध रुप से एक महान राष्ट्रीय आंदोलन था। जन आन्दोलन के रूप में समाज के प्रत्येक क्षेत्र को प्रभावित किया था। जब भारतीय हिन्दू समाज का राजनीतिक व सैनिक प्रतिरोध सफल नहीं हुआ, तो भक्ति आंदोलन के रूप में हिन्दुओं का आध्यात्मिक तथा सांस्कृतिक प्रतिरोध हुआ था तथा निराश हिन्दू समाज में आशा का संचार तथा जागरण हुआ था। धर्म तथा आध्यात्मिकता के भावों में प्रकटीकरण हुआ था। भक्ति आंदोलन के द्वारा प्राचीन धर्म का पुनःस्थापन्न हुआ। कर्मकांड, जाति भेद का जमकर विरोध हुआ था। धर्म परिवर्तन को रोका गया और मनुष्य के समानता का प्रतिपादन किया था। हिन्दुओं और मुसलमानों के समन्वय का कार्य किया था, जो आज भी एक मुद्दा बना हुआ है।

**<u>संदर्भ सूची</u> :–**

1. झारखण्डे चौबे, कन्हैयालाल श्रीवास्तव, मध्यकालीन भारतीय समाज और संस्कृति, हिन्दी ग्रंथ अकादमी, लखनऊ, 2005,पृ. सं. 357; जे. डी. कनिंघम, *हिस्ट्री ऑफ सिख, एक्सपोर्ट हिस्ट्री*, लंदन, 1918, पूर्वोद्धृत, पृ0–381
2. ए. के. मजूमदार, *चैतन्य हिज लाइफ एंड डॉक्टरइन*, विधा भवन, मुंबई, 1969, पृ0–108
3. आशीर्वादीलाल श्रीवास्तव, *मध्यकालीन भारतीय संस्कृति*, पूर्वोद्धृत, पृ0–54; के. एल. खुराना, पूर्वोद्धृत, पृ0–104
